आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 20 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 116, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान 18
स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी 17

# माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप, हजारों फ्लाइट रद

## क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से उपजी समस्या, बैंक-अस्पताल व कॉर्पोरेट सेक्टर भी प्रभावित, लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दी

लंदन/वाशिंगटन/नई दिल्ली

एंटीवायरस से जुड़ी कंपनी क्राउडस्ट्राइक के एक अपडेट के कारण माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप पड़ गया। इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में हजारों उड़ानें रद करनी पड़ीं, बैंकों, अस्पतालों और मीडिया संस्थानों में सेवाएं प्रभावित हुईं और काफी संख्या में व्यवसायों को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से संबंधित मुद्दों से जूझना पड़ा। भारत, हांगकांग, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका सहित कई देशों में इस गड़बड़ी ने प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन को पंगु बना दिया। इसका सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ा है।


विमानन विश्लेषण कंपनी सिरियम ने कहा कि दुनिया भर में निर्धारित लगभग 1,10,000 वाणिज्यिक उड़ानों में से 1390 को रद कर दिया गया है। साइबर संस्थान ट्रैकिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एएनजेड, वेस्टपैक, वीजा और ऑप्टस जैसे ऑस्ट्रेलियाई बैंकिंग और दूरसंचार संस्थान भी प्रभावित हुए हैं। दुनिया भर में माइक्रोसॉफ्ट विंडो उपयोगकर्ताओं को लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दे रही थी। इसके कारण उनके सिस्टम पुनः आरंभ हो रहे थे या स्वचालित रूप से बंद हो रहे थे। माइक्रोसॉफ्ट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा मूल कारण को ठीक कर दिया गया है, हालांकि, कुछ माइक्रोसॉफ्ट 365 ऐप और सेवाओं पर अभी भी समस्या है।




नई दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट ठप होने के कारण परेशान होते यात्री। ● एजेंसी

### लखनऊ एयरपोर्ट पर दो घंटे तक फंसे रहे कृषि मंत्री

**लखनऊ।** माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई तकनीकी खराबी की वजह से लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शुक्रवार दोपहर एक बजे उड़ानों का संचालन बाधित हो गया। दो घंटे बाद तकनीकी समस्या दूर होने पर विमानों का संचालन शुरू किया गया लेकिन 12 उड़ानें एक से दो घंटे तक विलंबित हुईं। इंडिगो की पांच उड़ानें टैक्सी वे पर खड़ी रहीं। इनके यात्रियों ने विमान में हंगामा किया।वहीं एयरपोर्ट पर भी यात्रियों ने भी हंगामा किया। इस दौरान दिल्ली जा रहे केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह भी दो घंटे तक फंसे रहे। उनकी फ्लाइट एक घंटे तक रनवे पर अटकी रही। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज एक कार्यक्रम में शामिल होने लखनऊ आए थे।






### व्यवधान की पहचान कर ली गई : सीईओ

क्राउडस्ट्राइक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जॉर्ज कर्ट्ज ने कहा कि वैश्विक स्तर पर आईटी व्यवधान पैदा करने वाले दोष की पहचान कर ली गई है और उसे ठीक कर दिया गया है। यह न तो कोई सुरक्षा से संबंधित घटना है और न ही साइबर हमला। उन्होंने कहा कि क्राउडस्ट्राइक उन ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जो विंडोज होस्ट के लिए एक एकल सामग्री अपडेट में पाई गई खराबी से प्रभावित हैं। मैक और लिनक्स होस्ट प्रभावित नहीं हैं।

### इंडिगो आउटेज प्रभाव को कम करने में जुटा

**चेन्नई।** भारत की अग्रणी एयरलाइन इंडिगो उड़ान संचालन पर एमएस सॉफ्टवेयर आउटेज के प्रभाव को कम करने की दिशा में काम कर रही है और हवाई अड्डों पर इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता तथा तत्परता के साथ हल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही एवं चार मेट्रो हवाई अड्डे में वॉर रूम सक्रिय कर दिया है। एयरलाइन ने शुक्रवार शाम को एक बयान में कहा कि इंडिगो को अपने क्लाउड सर्वर सॉफ्टवेयर और सॉफ्टवेयर प्रदाता द्वारा वैश्विक आउटेज का सामना करने के कारण वर्तमान में देरी और रद्दीकरण का सामना करना पड़ रहा है। इस आउटेज ने उड़ान संचालन, यात्री चेक-इन और बैगेज हैंडलिंग के लिए उपयोग की जाने वाली महत्वपूर्ण प्रणालियों को प्रभावित करके एयरलाइन संचालन को गंभीर रूप से बाधित किया है।

### 10 बैंक, एनबीएफसी पर पड़ा मामूली असर : आरबीआई

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में व्यवधान के कारण देश के 10 बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के कामकाज में मामूली व्यवधान पैदा हुआ, जिसे या तो हल कर लिया गया या समाधान किया जा रहा है। अधिकांश बैंकों के महत्वपूर्ण सिस्टम क्लाउड में नहीं हैं इसके अलावा कुछ चुनिंदा बैंक ही क्राउडस्ट्राइक साधन का उपयोग कर रहे हैं।

### उड़ान संचालन के लिए उठाये जा रहे हैं कदम : नायडू

**विशाखापत्तनम।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सर्वर में गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में उड़ान सेवाओं में व्यवधान उत्पन्न होने के बाद भारत में सुचारू ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने अभी-अभी हमारे सचिव (नागरिक उड्डयन) से बात की है। भारत में यात्रियों को परेशानियों से बचाने और सुचारू ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सॉफ्टवेयर से मैनुअल सिस्टम में बदलाव किया जा रहा है। यदि कोई समस्या आती भी है तो उसे तुरंत दूर किया जायेगा और यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

## बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार, 666.9 अरब डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 9.70 अरब डॉलर उछलकर अब तक के उच्चतम स्तर 666.85 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.15 अरब डॉलर हो गया था। यह इससे पहले के उच्चतम स्तर 655.82 अरब डॉलर को पार कर गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.36 अरब डॉलर बढ़कर 585.47 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.23 अरब डॉलर बढ़कर 58.66 अरब डॉलर रहा।

## एक नजर

### 50 हजार की रिश्वत लेते चौकी इंचार्ज गिरफ्तार

**बरेली।** थाना सुभाषनगर की करगैना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज ने कार से टक्कर मारकर हत्या की कोशिश के एक मुकदमे में शिकायतकर्ता के मामा का नाम निकालने के लिए एक लाख रुपये मांगे थे। शामली के थाना आदर्श मंडली के गांव टिटोली निवासी धर्मेंद्र देशवाल के खिलाफ कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### हरिद्वार में भी पहचान करनी होगी उजागर

**हरिद्वार।** उप्र की तर्ज पर कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में भी ठेली-रेहड़ी व्यवसायियों को अपनी पहचान उजागर करनी होगी। कांवड़ मेले में कोई भी व्यक्ति अपनी पहचान छिपाकर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे या रेहड़ी, ठेली का संचालन नहीं कर सकेगा। ऐसे व्यवसायियों को अपने प्रतिष्ठान पर प्रोपराइटर का नाम, क्यूआर कोड व मोबाइल नंबर अंकित करना होगा। मेले को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। कांवड़ मार्ग व कांवड़ पटरी पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौकस रहेगी।

### 13 अधिकारियों के 54 ठिकानों पर छापे मारे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक लोकायुक्त ने 13 सरकारी अधिकारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में शुक्रवार को पांच जिलों में उनसे जुड़े 54 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की। छापेमारी के दौर 50 करोड़ रुपये की कथित अवैध संपत्ति का पता लगाया। लोकायुक्त द्वारा जिन 13 अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई उनमें वैध माप पद्धति के उप नियंत्रक अतहर अली भी शामिल हैं।

## अत्याधिक फर्टिलाइजर का परिणाम है कैंसर ट्रेन : योगी



प्राकृतिक खेती पर आधारित 'भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति' कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को राम मंदिर का प्रतीक चिह्न देते प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री बोले, हरित क्रांति से कृषि उत्पादन बढ़ना आधा सच
- फर्टिलाइजर का जहर घुस रहा हमारी धमनियों में

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश के एक राज्य में कृषि कार्य में अत्यधिक फर्टिलाइजर के उपयोग का हश्र यह हुआ कि आज वहां से कैंसर ट्रेन चलानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति से कृषि उत्पादन जरूर बढ़ा, मगर यह अधूरा सच है।

आज फर्टिलाइजर की अधिकता के कारण एक धीमा जहर हमारी धमनियों में घुस रहा है। यह दुष्प्रभाव केवल मनुष्यों पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि पशु-पक्षी भी इससे बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को एक होटल में आयोजित प्राकृतिक खेती पर आधारित भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमें बीज से लेकर बाजार तक कृषि उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना होगा। हमें 17वीं व 18वीं सदी के देश के उन प्रांतों में प्राकृतिक खेती से होने वाली उत्पादन दर को भी देखना होगा, जब धरती अपने प्राकृतिक स्वरूप में थी और अन्न उत्पादन भी ज्यादा था। उन्होंने कहा कि अमरोहा में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल में 12 से 14 गोवंश अचानक मर गए, जब वहां विशेषज्ञ भेजे गए तो पता लगा कि चारे में बड़े पैमाने पर फर्टिलाइजर मिला हुआ था, इस कारण उनकी मौत हुई। हमें समझना होगा कि जब गोवंश अत्याधिक फर्टिलाइजर को बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है तो मनुष्य की स्थिति क्या होगी।

### प्राकृतिक खेती करने वालों को देंगे सब्सिडी : शिवराज

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। केंद्र सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी देने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए केमिकल और फर्टिलाइजर के प्रयोग का परिणाम हम सबके सामने है।

## असम 2041 तक मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा

गुवाहाटी, एजेंसी



- मुख्यमंत्री हिमंत का दावा- राज्य में तेजी से बढ़ रही आबादी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को दावा किया कि उनके राज्य में मुस्लिम आबादी हर 10 साल में लगभग 30 प्रतिशत बढ़ रही है और 2041 तक वे बहुसंख्यक हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांख्यिकीय नमूने के अनुसार असम में मुस्लिम आबादी 40 प्रतिशत है।

2011 में असम में 1.4 करोड़ मुसलमान थे। 2041 तक असम मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, असम में कुल मुस्लिम आबादी 1.07 करोड़ थी जो कुल 3.12 करोड़ निवासियों का 34.22 प्रतिशत थी। राज्य में 1.92 करोड़ हिंदू थे जो कुल आबादी का लगभग 61.47 प्रतिशत था। मुख्यमंत्री ने कहा हर 10 साल में असम में मुस्लिम आबादी 11 लाख बढ़ जाती है... यह हिमंत विश्व शर्मा का डेटा नहीं है, बल्कि भारतीय जनगणना का डेटा है। ये सभी प्रकाशित डेटा हैं। हिंदू समुदाय की आबादी हर 10 साल में लगभग 16 प्रतिशत बढ़ रही है।

## सपा विधायक समेत 22 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का कोर्ट ने दिया आदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जबरन प्लॉट पर कब्जा करने का मामला, विधायक ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

**अमृत विचार :** सपा विधायक नासिर कुरैशी समेत 22 के खिलाफ प्लॉट पर जबरन कब्जा करने आरोप में रिपोर्ट दर्ज करने का एमपी-एमएलए कोर्ट ने आदेश दिया है। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता ने गुरुवार को कोर्ट में आवेदन दाखिल किया था। कोर्ट ने संबंधित थाने को 24 घंटे में रिपोर्ट दर्ज कर प्रस्तुत करने को कहा है।

अधिवक्ता फसीह उल्ला खान ने बताया है कि गलशहीद थाना क्षेत्र के गुलशन नगर में वादी का प्लॉट है। भूमि स्वामी जिसको वक्फ की जगह बता रहा है। 27 मई 2024 को सपा विधायक नासिर कुरैशी के बेटे ने हथियार बंद साथियों के साथ खाली प्लॉट पर कब्जा जमाने के लिए टिन शेड डाल दिया था। भूमि स्वामी ने इसका विरोध किया तो नासिर कुरैशी के बेटे आमिर कुरैशी व समधी भौंदा पहलवान समेत अन्य लोग एकजुट होकर मारपीट करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर फायरिंग भी की। गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कर दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामले में अधिवक्ता ने गुरुवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया था।

> यह 40 साल पुराना विवाद है। इसमें उनके समधी के परिवार से दूसरे पक्ष का मामला चल रहा है। उनका और बेटे का नाम बेवजह घसीटा जा रहा है। जिस दिन के झगड़े में शामिल होने का आरोप लगाया गया है उस समय वह और उनका परिवार पोती के इलाज के लिए दिल्ली के बीएल कपूर हास्पिटल में मौजूद था। जिसका साक्ष्य और कागजात मौजूद है। - **नासिर कुरैशी**, सपा विधायक, मुरादाबाद ग्रामीण।

## डंपर ने दो बाइक पर सवार चार लोगों को रौंदा, महिला की मौत


**स्वार (रामपुर)।** तेज रफ्तार डंपर ने दो बाइक को रौंद दिया। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति और छोटी बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार युवक की हालत भी नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद चालक डंपर समेत फरार हो गया। सड़क हादसा स्वार कोतवाली क्षेत्र में ग्राम खेमपुर-रसूलपुर के पास हुआ।

- हादसे में तीन घायल, हवाई अड्डा रेस्टोरेंट आए थे एक बाइक पर तीन लोग

मुरादाबाद के नवाबपुरा निवासी इमरान अपनी पत्नी 22 वर्षीया जैनब और साली जीनत के साथ स्वार के हवाई अड्डा रेस्टोरेंट आए थे। गुरुवार रात नौ बजे लौटते समय ग्राम खेमपुर-रसूलपुर के पास तेज गति से आ रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। डंपर ने एक अन्य बाइक को भी रौंद दिया। हादसे में जैनब की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति इमरान व छोटी बहन जीनत तथा दूसरी बाइक पर सवार नगर के मोहल्ला काशीपुर निवासी उस्मान गंभीर रूप से घायल हो गए।

## स्वामी प्रसाद और संघमित्रा को कोर्ट ने माना फरार

लखनऊ, विधि संवाददाता



- संघमित्रा द्वारा कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने का मामला

कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने, मारपीट, गालीगलौज, जानमाल की धमकी व साज़िश रचने के आरोप के मामले में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या व उनकी पुत्री पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्या को स्थानीय अदालत ने फरार माना है। कोर्ट ने दोनों को 27 अगस्त को हाजिर होने का आदेश दिया है।

यह आदेश एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने पारित किया है। इसके पूर्व कोर्ट दोनों के खिलाफ अप्रैल 2024 में ही गैर जमानतीय वारंट भी जारी कर चुकी है। वहीं उक्त मुकदमे के खिलाफ स्वामी प्रसाद और संघमित्रा हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में भी याचिका दाखिल कर चुकी हैं, हालांकि हाईकोर्ट ने भी उन्हें कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया था। पत्रावली के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्या समेत अन्य के ख़िलाफ़ मुकदमा दाखिल किया है। वादी का आरोप है कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे।

## रजिस्ट्रेशन में वाहन स्वामी अपडेट करा सकेंगे मोबाइल नंबर

**लखनऊ।** वाहन स्वामियों की वाहन संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है, अगर किसी का मोबाइल नंबर वाहन रजिस्ट्रेशन में अपडेट नहीं है या गलत अंकित है तो वह विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपना मोबाइल नंबर सही करा सकता है। यह जानकारी शुक्रवार को अपर परिवहन आयुक्त (आईटी-प्रवर्तन) एके सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से वाहन स्वामियों को घर बैठे सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। अपना मोबाइल नंबर अपडेट करा कर चालान या अन्य किसी प्रकार की कार्रवाई से वाहन स्वामी खुद को अपडेट रख सकते हैं।

## यूपीएससी ने ट्रेनी आईएएस पूजा के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी

नई दिल्ली (एजेंसी)



- उम्मीदवारी रद करने के लिए यूपीएससी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने महाराष्ट्र कैडर की प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उनका चयन रद करने तथा भविष्य की परीक्षाओं से वंचित करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

यूपीएससी ने शुक्रवार को बताया कि जांच में पाया गया है कि पूजा ने नियमों का उल्लंघन किया है। धोखाधड़ी से सिविल सेवा परीक्षा की उच्चतम आयु सीमा को बढ़ाया है। इसके लिए उसने अपना नाम, पिता- माता का नाम, अपनी तस्वीर/हस्ताक्षर, अपना ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और पता बदलकर, फर्जी पहचान बनाकर परीक्षा नियमों के तहत स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयास का लाभ उठाया।

### खेडकर की मां से संबद्ध इंजीनियरिंग कंपनी सील

**पुणे।** पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निकाय के अधिकारियों ने बताया कि पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर पुणे पुलिस की हिरासत में हैं। पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम (पीसीएमसी) ने संपत्ति का बकाया नहीं चुकाने पर तलावडे क्षेत्र में स्थित बंद पड़ी कंपनी थर्मोवेरिटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को सील कर दिया है। पूजा ने आरक्षण के तहत सिविल सेवाओं में चयन के लिए पिंपरी-चिंचवाड़ स्थित यशवंतराव चव्हाण मेमोरियल अस्पताल (वाईसीएम) में दिव्यांगता प्रमाण पत्र की खातिर आवेदन करते समय अपने आवासीय पते के रूप में इंजीनियरिंग कंपनी का पता दिया था।

## राज्यपाल को छूट देने वाले प्रावधान की होगी समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

**पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया आदेश**

उच्चतम न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 361 के उन प्रावधानों की समीक्षा करने पर शुक्रवार को सहमत हो गया जो राज्यपालों को किसी भी तरह के आपराधिक मुकदमे से पूर्ण छूट प्रदान करते हैं। शीर्ष अदालत ने यह आदेश पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत एक महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया है। राजभवन की महिला कर्मचारी ने कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 अप्रैल और दो मई को राज्यपाल के आवास में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उसके साथ छेड़छाड़ की। साथ ही अधिकारियों पर गलत तरीके से बंधक बनाए रखने का आरोप लगाया है।



### राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी

पीठ ने राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी करते हुए आदेश में कहा है कि याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के खंड (2) के तहत राज्यपाल को दिए गए संरक्षण के दायरे से संबंधित मुद्दा उठाया गया है। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति और राज्यपालों के संरक्षण से संबंधित है। इसका खंड दो कहता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान किसी भी न्यायालय में उनके विरुद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जाएगी या जारी नहीं रखी जाएगी। महिला याचिकाकर्ता ने राज्यपालों को आपराधिक अभियोजन से छूट देने के संबंध में विशिष्ट दिशा-निर्देश तैयार करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। अदालत को तय करना है कि क्या पीड़िता के पास राहत पाने का कोई उपाय नहीं है, जबकि एकमात्र विकल्प आरोपी के पद छोड़ने तक इंतजार करना है। सुनवाई के दौरान यह देरी अतार्किक होगी और पूरी प्रक्रिया दिखावा बनकर रह जाएगी। इससे पीड़िता को कोई न्याय नहीं मिलेगा।

- राज्यपाल पर छेड़छाड़ करने तथा अधिकारियों पर गलत तरीके से बंधक बनाए रखने का आरोप

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अगुवाई वाली पीठ ने पश्चिम बंगाल राजभवन की महिला की याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार को भी नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता को केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाने की अनुमति दी है। साथ ही अटॉर्नी जनरल आर. वेंकट रमणी से सहायता करने को कहा है। महिला का नाम न्यायिक रिकॉर्ड से हटा दिया गया है। उसकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि कोई जांच ही न हो। सबूत एकत्र किए जाने चाहिए। राज्यपाल के पद छोड़ने तक इसे अनिश्चित काल के लिए टाला नहीं जा सकता। अनुच्छेद 361 के खंड दो के तहत राज्यपालों को दी गई छूट जांच पर रोक नहीं लगा सकती है। ऐसे मामलों की जांच में समय का बहुत महत्व है।

## एक नजर

### डूंगरपुर मामले में बचाव पक्ष की बहस पूरी

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में शुक्रवार को बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई। इसमें अभियोजन पक्ष को जवाब देना है। सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही हैं। इसमें बचाव पक्ष की बहस शुक्रवार को पूरी हो गई। अब इस मामले में 23 जुलाई को सुनवाई होगी। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि अभियोजन पक्ष को 23 जुलाई को जवाब देना है।

### मेहमान बनकर ठहरा व्यक्ति बाइक लेकर फरार

**संभल, अमृत विचार :** गांव मंसूरपुर माफी निवासी कलीम ने गुरुवार की देर शाम तहरीर देकर पुलिस में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। कहा कि बुधवार की शाम गांव के बस स्टैंड पर एक व्यक्ति खड़ा हुआ था। व्यक्ति ने घर जाने के लिए वाहन ना मिलने की बात कलीम से बताई। जिसके बाद कलीम व्यक्ति को अपने घर लेकर जाने के लिए उससे आधार कार्ड दिखाने को कहा। आधार कार्ड देखकर कलीम गौतम बुद्धनगर जिले के गांव खैरपुर गुर्जर निवासी इल्यास को अपने घर ले गया। आरोप है कि गुरुवार की सुबह छह बजे कलीम ने देखा तो घर से इल्यास व बाइक गायब थी।

### रिटर्न दाखिल करने का समय बढ़ाने की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आरके अग्रवाल ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स के चेयरमैन को एक पत्र भेजा है। इसमें आयकर रिटर्न भरने में आ रही दिक्कतों को देखते हुए रिटर्न दाखिल करने की तिथि 31 जुलाई को एक माह के लिये बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने सीबीडीटी के चेयरमैन के नाम भेजे पत्र में आयकर विभाग के पोर्टल पर आ रही दिक्कतों का हवाला देते हुए कहा कि आयकर विभाग की साइट अत्यंत धीमी गति से चल रही है। ए आयकरदाताओं को अपना रिटर्न समय पर दाखिल करना असंभव प्रतीत हो रहा है। तिथि को 30 दिन आगे बढ़या जाए।

## बसपा के पूर्व नगर अध्यक्ष के बंद मकान में हुई चोरी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** चोरों ने बंद पड़े बसपा के पूर्व नगर अध्यक्ष के मकान के ताले तोड़कर हजारों रुपये का सामान चुरा लिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

शांति कालोनी निवासी सचिन सक्सेना बसपा के पूर्व नगरध्यक्ष हैं। वह मकान में ताला लगाकर छह माह से परिवार सहित पंजाब में रह रहे हैं। गुरुवार की रात चोरों ने उनके मकान के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ लिया। इसके बाद घरेलू सामान, इलेक्ट्रिक उपकरण और अन्य सामान सहित हजारों रुपये का माल चुरा कर ले गए। सुबह पड़ोस में ही रहने वाले उनके बड़े भाई रुपेश सक्सेना ने मकान के ताले टूटे देख पुलिस को सूचना दी। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार और चौकी प्रभारी ललित कुमार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभी उन्हें तहरीर नहीं मिली है। पुलिस घटना की जांच में लगी है।

### कांवड़ यात्रा को लेकर प्रभारी निरीक्षक ने हाईवे का किया निरीक्षण, आज नेशनल हाईवे पर जीरो ट्रैफिक प्लॉन हो सकता है लागू

# कांवड़ियों की संख्या कम देख नहीं किया रूट डायवर्ट, अवैध कट बंद कराए

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिये पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्कता बरत रहा है। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने नेशनल हाइवे पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कई स्थानों पर बने अवैध कटों को बंद कराया। जिससे कांवड़ियों वाली लेन में कोई व्यक्ति अपना वाहन लेकर न जा सके। प्रशासन द्वारा प्रत्येक सोमवार से पहले गुरुवार या शुक्रवार से भारी वाहनों के रूट डायवर्जन की योजना है। शुक्रवार को भी डायवर्जन की बात कही गई थी, लेकिन चूंकि अभी कांवड़ियों की संख्या ज्यादा नहीं रही, इस कारण पुलिस प्रशासन ने डायवर्जन लागू नहीं किया। अब सावन के सोमवारों से पहले यदि कांवड़ियों की संख्या ज्यादा रहेगी तो शनिवार व रविवार को हाईवे पर जीरो ट्रैफिक प्लॉन भी लागू किया जाएगा। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने अवैध कटों पर पत्थर रखवाए। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। कांवड़ यात्रा के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में बनाया रूट डायवर्जन का प्लान भी लागू रहेगा। उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिसकर्मियों को मेहनत के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। कहा कि कोई भी पुलिसकर्मी लापरवाही न बरते और सतर्कता से ड्यूटी करे।



गजरौला में अवैध कट बंद कराता पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



रामपुर में स्टार चौराहे पर तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

### कांवड़ियों की सुरक्षा में तैनात रहेंगे 1000 पुलिसकर्मी

**रामपुर, अमृत विचार :** कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग सतर्क हो गया है। करीब एक हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। 22 जुलाई से सावन शुरू हो रहा है। इसी दिन सावन का पहला सोमवार होगा। हरिद्वार और बृजघाट से काफी संख्या में भक्त कांवड़ में गंगाजल लेकर मंदिरों में चढ़ाते हैं। यह माह काफी पवित्र माना जाता है। सावन के पहले सोमवार में मात्र तीन दिन शेष हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग सतर्क हो गया है। कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए लगातार बैठकों का दौर चल रहा था। अधिकारियों ने सभी को सख्ती के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए हैं। पिछले दिनों जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी प्राचीन मंदिरों का निरीक्षण किया था। सुरक्षा के लिहाज से 43 इंस्पेक्टर, 244 एसआई, 270 महिला सिपाही, 288 सिपाही व होमगार्ड समेत करीब एक हजार पुलिसकर्मी तैनात किया गए हैं। यह सोमवार को जलाभिषेक के दौरान तैनात रहेंगे।

> सोमवार को सावन का पहला सोमवार है। इसके देखते हुए उच्च अधिकारियों के आदेश का पालन कराया जाएगा। मंदिरों के अंदर से लेकर हाईवे तक पुलिस बल तैनात रहेगा। ताकि भक्तों को किसी प्रकार की समस्या न हो। – विजेंद्र सिंह टीआई

### रठौंडा में होगा भगवान शिव का जलाभिषेक

सोमवार को पहला सोमवार होने के कारण काफी संख्या में भक्त भमरौआ, पंजाबनगर और रठौंडा मंदिर में भगवान शंकर का जलाभिषेक करेंगे। तड़के ही मंदिरों में भीड़ लगनी शुरू हो जाएगी। इसे देखते हुए रविवार से ही मंदिरों के आसपास और मंदिरों के अंदर सुरक्षा के लिहाज से पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा हाईवे पर भी पुलिस बल तैनात रहेगा।

# लौहारपुरा में पुलिस टीम पर किया हमला, दरोगा समेत पांच घायल

### जमीन के विवाद में लोगों के बयान दर्ज करने गांव गई थी पुलिस

संवाददाता, संभल/जुनावई

**कार्रवाई**
- पुलिस टीम ने भागकर बचाई जान, महिलाओं समेत 13 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में एक मुकदमे की जांच को आगे बढ़ाने के लिए बयान दर्ज करने पहुंची पुलिस टीम को ग्रामीणों ने घेर लिया। आरोप है कि महिलाओं और पुरुषों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से हमला किया। जिसमें उपनिरीक्षक समेत पांच पुलिस कर्मी घायल हो गए। पुलिस टीम ने किसी तरह भागकर जान बचाई। मामले में उपनिरीक्षक ने पांच पुरुषों और आठ महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर लिया।

थाना क्षेत्र के गांव लौहारपुरा निवासी रामवीरेश और रामखिलाड़ी के बीच करीब 20 साल से जमीन को लेकर रंजिश चली आ रही है। जिसके चलते कई बार विवाद हो चुका है। 30 जून को भी दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था, तब दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था।

गुरुवार को देरशाम उपनिरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मुकदमे की जांच एवं बयान दर्ज करने के लिए रामखिलाड़ी के यहां पहुंची। आरोप है कि पुरुषों और महिलाओं ने पुलिस टीम को रोकते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं, लाठी डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। कांस्टेबिल दिनेश कुमार का मोबाइल छीनकर जमीन दे मारा तो उसकी डिस्प्ले टूट गई। पुलिस टीम ने किसी तरह भागकर जान बचाई और थाने आकर सूचना दी। हमले में उपनिरीक्षक सुनील कुमार के अलावा हेड कांस्टेबिल नईम अहमद, कांस्टेबिल सोनू कुमार, दिनेश कुमार, महिला कांस्टेबिल नीलू घायल हुए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुलिस कर्मियों का मेडिकल कराया गया। इस मामले में उपनिरीक्षक सुनील कुमार की तहरीर पर रामखिलाड़ी, बंटी, मुनेश, महावीर, प्रेमवती, उर्मिला, रोशनी, धनवती, रचना, रानी, रेनू, कांति और संजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने उर्मिला को गिरफ्तार कर लिया जबकि अन्य आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दी जा रही हैं। आरोपियों को जल्दी पकड़ा जाएगा।

## उद्यमियों को जीएसटी में सरलीकरण की आस

**रामपुर, अमृत विचार :** आईआईए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता का कहना है कि आगामी बजट में उद्यमियों को जीएसटी में सरलीकरण होने की उम्मीद है। जीएसटी की प्रकिया काफी जटिल है। इसे आम उद्योगपति को समझने में काफी मुश्किल होती है। अभी अधिकारियों में भी संशय की स्थिति है और जानकारी का अभाव है।

उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों से जानकारी के अभाव में गलती हो जाती है। परिणाम स्वरूप उसे भारी पेनाल्टी और ब्याज देना पड़ता है। जीएसटी रिफंड की प्रक्रिया आयकर की तरह पारदर्शी बनाने की आवश्यकता है। जिले में मेंथा एवं लकड़ी प्रमुख उद्योग हैं। दोनों इस समय अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे है। रामपुर से करीब 1800 करोड़ रुपये का मेंथा एक्सपोर्ट होता था। एमएसएमई में प्रोप्रिटेरशिप, पार्टनरशिप में भी आयकर की दरें कंपनी की तरह निर्धारित की जानी चाहिए। बजट में नए इंडस्ट्रियल एरिया डवलप किए जाने का प्रावधान किया जाना चाहिए।

# नाम छिपाकर महिला से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नाम छिपाकर दूसरे संप्रदाय की महिला से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल जेल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 21500 रुपये का जुर्माना भी लगाया। फिलहाल दोषी जमानत पर था। सजा सुनाने के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में बिजनौर जेल भेज दिया।

घटना थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव से जुड़ी है। मूलरूप से बिहार निवासी महिला की शादी क्षेत्र के ही गांव में रहने वाले युवक के साथ हुई थी। शादी के छह साल बाद महिला के पति की मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद महिला अपने बच्चों के साथ घर में अकेली रहती थी। मजदूरी कर वह परिवार का पालन-पोषण करती थी। इस दौरान शहर के मोहल्ला दानिशमंदान के रहने वाले अनिल कुमार ने अपना नाम मोहम्मद उमर बताकर महिला को प्रेम जाल में फंसा लिया था। शादी करने के बाद बच्चों की परवरिश का झांसा दिया। इस दौरान अनिल कुमार ने महिला से कई बार दुष्कर्म किया। महिला ने अनिल कुमार पर शादी का दबाव बनाया तो 30 जनवरी 2019 को उसने बंबूगढ़ स्थित घर में बुलाकर पीड़िता से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में कोर्ट के आदेश पर अमरोहा देहात थाना पुलिस ने अनिल कुमार के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। बाद में गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। इस मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित प्रथम नाजनीन बानो की कोर्ट में चल रही थी। शुक्रवार को अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सर्वेश कुमार शर्मा ने पैरवी की। जिसमें पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने अनिल कुमार को दोषी करार दिया। अदालत ने उसे 10 साल की जेल व 21500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

## महिला की मौत के बाद बैंक ने जारी कर दिया एटीएम कार्ड

**रामपुर, अमृत विचार :** धोखाधड़ी करके मृतका के खाते से किसी ने 26 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस को मामले की तहरीर दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने सिविल लाइन पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए।

सिविल लाइन निवासी मोहम्मद शहाब ने बताया कि उनकी मामी हसीन जहां का खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सिविल लाइन में 2019 से पहले था। उसकी मामी की मौत सात अप्रैल 2019 हो चुकी है। उन्होंने कभी एटीएम के लिए आवेदन नहीं किया था। उनके खाते में 26 हजार रुपये थे। उन्होंने मामी के खाते के बारे में जानकारी की तो बताया कि एटीएम कार्ड से पैसे निकाल लिए गए हैं। जबकि एटीएम 2023 में जारी हुआ था। शाखा प्रबंधक से जानकारी मांगने पर कोई सही जानकारी नहीं दी गई। तब उन्होंने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

# फोन पर ईओ से अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**दुस्साहस**
- 12 ठेका सफाई कर्मचारियों को हटाने के बाद हुई घटना, आरोपी के खिलाफ तहरीर दी

**अमृत विचार :** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार को फोन पर किसी ने अभद्र व्यवहार करने के साथ जान से मारने की धमकी दी है। इस संबंध में उन्होंने कार्रवाई को लेकर पुलिस को शिकायत्री पत्र दिया है।

शुक्रवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने पुलिस दिए शिकायती पत्र में बताया कि 18 जुलाई को उन्होंने नगर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए वार्ड संख्या 10 और गुलरिया में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेका सफाई कर्मचारियों को ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर हटा दिया था और वेतन रोकने के निर्देश जारी किए थे। शुक्रवार सुबह अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनको फोन कर गालियां देने के साथ जान से मारने की धमकी दी गई। ईओ डॉ. बृजेश सिंह ने तत्काल इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह को दी।

साथ ही नगर कोतवाली में भी एक शिकायती पत्र भी दिया। ईओ ने आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, अधिशासी अधिकारी को धमकी दिए जाने की खबर से नगर पालिका कर्मचारियों में खलबली मच गई है। ईओ की तहरीर के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## तांत्रिक ने महिला से की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** इलाज करने के बहाने महिला से छेड़खानी के मामले में तांत्रिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बताया गया कि मुरादाबाद कटघर निवासी महिला पति के साथ शुक्रवार दोपहर गांव सिढावली आई थी। यहां वे दोनों तांत्रिक दिलशाद से मिले। तांत्रिक ने उसके पति को कुछ सामान लेने के लिए बाहर भेज दिया। इस दौरान इलाज करने के बहाने तांत्रिक ने महिला से छेड़खानी की। महिला ने विरोध किया तो उसके कपड़े फाड़े दिए। पीड़िता का कहना है तांत्रिक ने पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी दिलशाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई के लिए कहा है।

# कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने युवती को प्रेमी को सौंपा

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** अजीमनगर पुलिस ने अदालत के आदेश पर युवती को उसके प्रेमी को सौंप दिया है। तीन दिन पहले युवती दूसरे समुदाय के युवक के साथ फरार हो गई थी। पुलिस ने युवती को बरामद कर कोर्ट में पेश किया था। युवती ने स्वयं को बालिग बताया था। शुक्रवार को कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने उसे प्रेमी के हवाले कर दिया। गांव में पुलिस बल बढ़ा दिया गया है।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के शादीनगर शाहदरा गांव का है। यहां रहने वाली युवती प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने 24 घंटे में ही युवती को बरामद कर लिया। बयान दर्ज कराने को पुलिस ने युवती को कोर्ट में पेश किया। मजिस्ट्रेट के सामने युवती ने खुद को बालिग होने के सबूत देर कर प्रेमी के साथ जाने को गुहार लगाई। पुलिस ने युवती उसके प्रेमी प्रदीप के हवाले कर दिया। तनाव को देखते हुए गांव में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### पुलिस ने बरामद किया बच्चा

**भोट, अमृत विचार :** नगला बेगराज गांव निवासी बुद्वसेन ने का आठ वर्षीय पुत्र विक्की घर के पास खेलते समय लापता हो गया। प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह ने अपराध निरीक्षक अजयवीर सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने बच्चे को पीलाखार नदी के तट के पास से बरामद कर लिया। पूछताछ में बच्चे ने अपना नाम विक्की बताया।




पुलिसकर्मियों को जानकारी देते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल। ● अमृत विचार

# सूचना तंत्र को मजबूत बनाएं पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शुक्रवार को पुलिस लाइन में एसएसपी ने सलामी परेड के साथ दंगा नियंत्रण उपकरणों को चेक किया। इस दौरान शहर के थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। एसएसपी ने क्राइम सीन प्रस्तुत कर पुलिस कर्मियों को जानकारी भी दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिसिंग को चुस्त करने, सूचना तंत्र को मजबूत बनाने और अफसरों को पूरी मुस्तैदी से काम करने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों और पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक किया। पुलिसकर्मियों का फिटनेस परीक्षण भी लिया गया। साथ ही किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए उन्होंने पीआरवी वाहनों, मोबाइल, जीप, लैपर्ड समेत आदि उपकरणों को चेक किया। सलामी परेड के बाद क्राइम सीन प्रस्तुत कर उसके बारे में जानकारी दी। एसएसपी ने शहर में भीड़ भरे इलाके और कांवड़ यात्रा के लिए वैकल्पिक मार्ग पर पर्याप्त यातायात बल तैनात करने के निर्देश दिए हैं ताकि जाम की स्थिति से निपटा जा सके।

### कार्यक्रम | रजा लाइब्रेरी के निदेशक बोले-भारत-ईरान के बीच रिश्ता वेद और अवेस्ता के समय से पनप रहा

# सांस्कृतिक विरासत का उत्कृष्ट नमूना है लाइब्रेरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि यह लाइब्रेरी धार्मिक सद्भाव एवं सांस्कृतिक विरासत का उत्कृष्ट उदाहरण है। भारत-ईरान के बारे में उन्होंने कहा कि यह कोई नया रिश्ता नहीं है, बल्कि वेद और अवेस्ता के समय से पनप रहा है।

ईरान कल्चर हाउस के उच्च पदाधिकारियों एवं दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ रजा लाइब्रेरी का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने लाइब्रेरी के दुर्लभ संग्रह का अवलोकन किया। लाइब्रेरी के सभागार में शुक्रवार को कार्यक्रम हुआ।




कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।



कार्यक्रम में मौजूद शोधकर्ता। ● अमृत विचार

- ईरान कल्चर हाउस के उच्च पदाधिकारियों व कई विवि के छात्र-छात्राओं को कराया भ्रमण

इसमें लगभग 30 शोधकर्ताओं के अलावा ईरान कल्चर हाउस के सांस्कृतिक परामर्शदाता डॉ. फरीदुद्दीन फरीद असर और फारसी रिसर्च सेंटर बुनियाद ए-सादी दिल्ली के निदेशक डॉ. कहरमन सुलेमानी भी शामिल हुए। मौलाना नदवी ने स्वागत संबोधन के साथ लाइब्रेरी का संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यक्रम में डॉ. अबुसाद इस्लाही, लाइब्रेरी एवं सूचना अधिकारी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दुर्लभ संग्रह के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. फरीदुद्दीन फरीद असर ने कहा कि रजा लाइब्रेरी फारसी किताबों का खजाना है। डॉ. कहरमन सुलेमानी ने फारसी शोध छात्रों को लाइब्रेरी का हर संभव उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. अबुसाद इस्लाही ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सनम अली खान ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## पौधरोपण आज, 25 लाख एक हजार पौधे लगाने का है लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता,संभल

- लक्ष्य को पूरा करने के लिए विभागों को बांटी जिम्मेदारी
- प्रदेश में वृहद स्तर पर पौधरोपण का अभियान चलेगा

**अमृत विचार :** जनपद में आज कई विभागों के अधिकारी पौधरोपण अभियान में जुटेंगे। जनपद को 25 लाख एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए विभागों को जिम्मेदारी बांटी गई है।

जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि जनपद को पौधरोपण का लक्ष्य 25 लाख एक हजार प्राप्त हुआ है। उत्तर प्रदेश में आज 20 जुलाई को वृहद स्तर पर पौधरोपण का अभियान चलाया जाएगा। जनपद में शासन द्वारा प्रभारी नोडल माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी रहेंगी जबकि नोडल अधिकारी मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह को नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जनपद को जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उसके सापेक्ष शत प्रतिशत पौधरोपण किया जाए। जनपद में किए जाने वाले वृहद पौधरोपण कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों, सरकारी एवं गैर सरकारी संगठन, सिविल सोसाइटी, को आमंत्रित किया जाए। दूसरी तरफ संभल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन नगर में मनोकामना पार्क, चौधरी चरण सिंह पार्क, सूरजकुंड के निकट पार्क, महाराणा प्रताप पार्क, डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क पक्का बाग सरायतरीन एवं हयातनगर आदि स्थलों पर किया जाएगा।

# प्रतापगढ़ के शिक्षक अनिल मिश्रा की हार्ट अटैक से मौत

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** रठौंडा गांव स्थित नेताजी सुभाष इंटर कालेज के शिक्षक प्रतापगढ़ निवासी अनिल मिश्रा की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।



परिजनों के अनुसार शुक्रवार को प्रातः 6:30 बजे 55 वर्षीय अनिल कुमार मिश्रा स्कूल जाने की तैयारी कर रहे थे। कपड़े पहनते समय अचानक उन्हें हार्ट अटैक आ गया। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह अंग्रेजी के अध्यापक थे। उनकी मौत की खबर से विद्यालय में शोक छा गया। साथी शिक्षक व परिजन उनका शव पैतृक गांव गए। उनके परिवार में दो बेटी और पत्नी है। वह अगस्त 2019 से नेताजी सुभाष इंटर कालेज में सेवारत थे।

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।
भागवत आचार्यः- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA TM©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• Ngo Registration
• Society Registration
• Trust Registration
• Section 8 Company Registration
• Project Report
• Audit Report
• Annual Report
ISO Registration
• 12A Registration
• 80G Registration
• Nielit Registration
• Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
• E-Anudan, FCRA & MHRD
• One Person Company Registration
• Labour Department Registration
• Private Limited Company Registration
• MSME Registration & CSR
• Service Tax & DSC
• 35AC Registration
• Pan Card for Ngo
• PAN Registration
• Trade Mark Registration
• Copy Right Registration
• Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आज का मौसम**

उमस भरी गर्मी रहेगी। छिटपुट बारिश हो सकती है

| 34.0⁰ अधिकतम तापमान | 28.0⁰ न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05:29 | सूर्यास्त 07:13 |

# ये तो हद हो गई... यूपी पुलिस की कार फंसी रह गई

## दुकानदारों और पुलिसकर्मियों का कार निकालने में छूटा पसीना, फोटो हुआ वायरल, लोगों ने किए कमेंट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मुरादाबाद पुलिस की गाड़ी को धक्का लगाने का फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोग कमेंट में तरह-तरह के तंज कस रहे हैं। कोई कह रहा है कि कब पहुंचेगी अपराधियों तक तो कोई धक्के से चल रही गाड़ी.. लिख रहा है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे फोटो में दिख रहा है कि डॉयल 112 की गाड़ी को कुछ लोग धक्का लगा रहे हैं। पुलिस की कार स्मार्ट सिटी के तहत बनी पुलिया में फंस गई। जिसे निकालने के लिए स्थानीय दुकानदारों को धक्का देना पड़ा। पुलिस की कार धक्का लगाने से पास हो गई। यह नजारा पंजाबी मार्केट के पास टाउन हॉल का है।

**पुलिया निर्माण के मानकों पर उठे सवाल :** पुलिस की कार फंसने के बाद पुलिया निर्माण के मानकों पर सवाल उठ रहे हैं। ऊंची पुलिया बनाने से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। सोशल मीडिया पर लोग तंज कस रहे हैं कि मानक के अनुसार पुलिया बनाई जाती तो शायद मुरादाबाद पुलिस का यह हाल नहीं होता।

वहीं, स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सड़क पर बनीं पुलिया का नगर निगम द्वारा निर्माण कराया गया है। ऊंची पुलिया का निर्माण होने से वाहन चालकों को दिक्कत होती है। कभी-कभी वाहन पलटने से भी बाल-बाल बच जाते हैं।


सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा डॉयल 112 की कार फंसने का फोटो।

## 11 हजार बच्चों को पढ़ाया यातायात का पाठ 230 वाहन स्वामियों पर चालान की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**यातायात अभियान**
- 15 दिन तक चले विशेष अभियान का आज आखिरी दिन
- अभिभावकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएंगे पुलसकर्मी

**अमृत विचारः** नाबालिगों के वाहन चलाने पर अंकुश के लिए यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान का आज आखिरी दिन है। दोपहिया वाहन चलाने पर 15 दिन तक पांच हजार रुपये के शमन शुल्क के साथ चालान काटे गए। ट्रैफिक पुलिस ने एक दिन शेष रहते लगभग 230 वाहन स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की है। यह अभियान पांच जुलाई से शुरू किया गया था। साथ ही लगभग 11 हजार से अधिक बच्चों को नियमों के प्रति जागरूक किया।

महानगर के स्कूलों-कॉलेजों में बच्चे वाहन लेकर आते हैं। कई स्कूलों में वाहनों को एंट्री नहीं है तो बच्चे वाहनों को निजी पार्किंग में खड़ा करते हैं। बता दें कि 18 साल से कम पर ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बनता है। टीआई अनुराधा सिंघल ने बताया कि 16 साल से 18 साल के बीच नाबालिगों के खिलाफ अभियान का आज आखिरी दिन है। विशेष अभियान पांच जुलाई से 20 जुलाई तक चलाया गया। बच्चों के वाहन चलाने पर अभिभावक और वाहन स्वामी पर कार्रवाई की गई। वाहन स्वामियों के खिलाफ हाथों-हाथ 5000 रुपये व लंबित में दस हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया है। ट्रैफिक पुलिस ने एक दिन शेष रहते 1900 से अधिक वाहनों की फिटनेस चेक की, 230 वाहनों के चालान काटे गए हैं। उन्होंने बताया है कि अभिभावकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए पुलिस ही तहरीर देगी। पुलिसकर्मी को वादी बनाया जाएगा। विवेचना कर चार्जशीट लगाई जाएगी।

**छात्रों को किया जागरूक**

विशेष अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने स्कूल-कॉलेजों में बच्चों को यातायात का पाठ पढ़ाया। 18 साल से कम उम्र वाले छात्रों को जागरूक किया है। साथ ही यातायात नियमों के बारे में भी जानकारी दी है। सभी छात्रों को वाहन न चलाने की सलाह दी है। 5 जुलाई से शुरू हुए अभियान में एक दिन शेष रहते 11 हजार से अधिक बच्चों को जागरूक किया गया।


शुक्रवार को दलपतपुर चौराहे पर वाहनों को चेक करतीं टीआई अनुराधा सिंघल।

### 31 लाख व आभूषण लेकर फरार हुई युवती

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मझोला थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के 31 लाख रुपये की नकदी व 5 लाख के आभूषण लेकर युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। सुबह परिजनों ने तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पिता ने सीसीटीवी कैमरे से पहचान कर प्रेमी समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया है कि उनकी बेटी पर पड़ोस का रहने वाला समीर गलत नजर रखता था। मंगलवार सुबह युवती के परिजन उठे और देखा कि युवती घर पर नहीं है। परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन सुराग नहीं लगा। पिता ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो युवती समीर और उसके दोस्त मुजम्मिल के साथ जाती दिखी। युवती की भाभी ने तिजोरी खंगाली तो ट्रक बेचकर रखी 31 लाख रुपये की रकम लगभग 5 लाख के आभूषण गायब थे। आरोप है युवती को बहुला-फुसलाकर पड़ोसी समीर भगा ले गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रेमी सीमर व मां-बाप और उसके दोस्त के खिलाफ धोखाधड़ी व अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है।

**एक नजर**

### शिविर में 50 कैंसर रोगियों का किया परीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार को महानगर में डॉ. सलीम अख्तर के अस्पताल में निशुल्क कैंसर परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट एवं मेडिकल साइंस बरेली द्वारा आयोजित किया गया था। इसमें वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन कुमार ने करीब 50 रोगियों का परीक्षण किया और उन्हें इलाज में संबंधित उचित परामर्श दिया। डॉ. सलीम अख्तर ने बताया कि श्री राम मूर्ति स्मारक अस्पताल द्वारा कैंसर जागरूकता को लेकर कैंप आयोजित किया जा रहे हैं। कैंप में असिस्टेंट मैनेजर डॉ. सोमदत्त, एहसान, नदीम एवं कैलाश कुमार भी मौजूद रहे।

### पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज नहीं करने का आरोप

**मैनाठेर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के महमूदपुर माफी में मंगलवार को मुरादाबाद के सिविल लाइन क्षेत्र के सुंदरलाल की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। मृतक के भाई ने बताया कि सुंदरलाल अपनी ससुराल नगलिया मश्कूला में अपनी पत्नी को बुलाने के लिए आया हुआ था। जिसे ससुराल के लोगों ने बंधक बनाकर मारा पीटा और उसे जहरीला पदार्थ देकर जंगल में फेंक दिया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उसे अस्पताल के लिए भेजा जहां उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था। मृतक के भाई का आरोप है कि परिजनों को जब इस बारे में मालूम चला कि उसके भाई की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हुई है तब उन्होंने थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की थी। मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि चार दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत नहीं किया है।

## भाभी की हरकतों से तंग आकर ननद ने की आत्महत्या, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती थी पत्नी
- मृतका के भाई ने पत्नी समेत पांच के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचारः** मझोला थाना क्षेत्र में महिला की हरकतों से तंग आकर ननद ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। शादी से नाखुश महिला अपने प्रेमी से मिलने जाती थी। विरोध करने पर दहेज उत्पीड़न में फंसाने की धमकी देती थी। मृतका के भाई शिकायत पर पुलिस ने उसकी पत्नी समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के भोगपुर मिठौनी सिरकोई निवासी सुनील सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन साल पहले उनकी शादी थाना क्षेत्र के एकता कॉलोनी निवासी पायल से हुई थी। शादी के बाद ही पत्नी सुसराल में लड़ाई-झगड़ा करती थी। विरोध करने पर दहेज उत्पीड़न के मामले में फंसाने की बात करती थी। ननद राखी से भी मारपीट करती थी। 16 जुलाई को पत्नी की हरकतों से तंग आकर बहन राखी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पत्नी पायल समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा के मुताबिक, मामले की जांच की जांच की जा रही है।

**मर्जी के खिलाफ हुई थी महिला की शादी**

पीड़ित सुनील सैनी ने बताया है कि पायल की शादी उसकी मर्जी के खिलाफ हुई थी। वह किसी दूसरे से शादी करना चाहती थी। उसने शादी के बाद भी प्रेमी से मिलना-नहीं छोड़ा। बिना बताए वह मायके चली जाती थी। मायके वाले उसकी मदद करते थे। उन्होंने बताया है परिजनों के समझने के बाद भी पत्नी नहीं मानी। पायल की हरकतों से तंग आकर बहन राखी ने जहर खाकर जान दे दी। अब पायल घर छोड़ कर चली गई।

### बहन की शादी का झांसा देकर 25 हजार रुपये ठगे

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बहन की शादी कराने का झांसा देकर 25 हजार रुपये ठग लिए। बरात से एक दिन पहले मंगेतर से पांच लाख रुपयों की मांग करने लगे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

संभल के गांव महमूदपुर निवासी विनय त्यागी ने दी तहरीर में बताया है कि सिविल लाइंस के आंबेडकर नगर निवासी अजय और अनिकेत दोनों बहन की शादी के लिए रिश्ते लेकर उनके घर पर गए थे। दोनों ने 17 जुलाई की शादी की तिथि बताई। 13 जुलाई को दोनों लगन लेकर युवक के घर पहुंचे। वहां पर दोनों लगन में हुए खर्चे का पैसा मांगने लगे। पीड़ित ने 5 हजार रुपये दे दिए। फिर गरीब परिवार का बताकर बारात की व्यवस्था के लिए आरोपियों ने 25 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। आरोप है बरात से एक दिन पहले अजय और अनिकेत दहेज में 5 लाख रुपये की मांग करने लगे। विरोध करने पर मंगेतर दुष्यंत को दुष्कर्म के झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देने लगे।

## चार साल में फिर खराब हुए रामगंगा पुल के बेयरिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**परेशानी**
- मुंबई से आई तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने किया निरीक्षण
- पुल के बंद होने से रामपुर रोड से कट जाएगा महानगर का संपर्क

**अमृत विचारः** रामगंगा पुल के बेयरिंग खराब होने से वहां रहने वाले आसपास के लोगों को पूर्व में हुई परेशानियों की याद आ गई है। पुल के बेयरिंग खराब होने से लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की नींद भी उड़ गई है। हालांकि विभाग के पास तकनीकी विशेषज्ञ न होने पर मुम्बई से तकनीकी विशेषज्ञों की टीम शुक्रवार को मुरादाबाद पहुंची। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता के अनुसार टीम के सदस्यों ने बेयरिंग खराब होने जानकारी के अलावा अभी किसी प्रकार की कोई रिपोर्ट नहीं दी है।

शनिवार को टीम के सदस्य दोबारा मौके का निरीक्षण कर मरम्मत की रूपरेखा तैयार करेंगे। हालांकि सबसे अधिक चलने वाला और मुरादाबाद से रामपुर और उत्तराखंड हाईवे को जोड़ने वाला यह एकमात्र पुल है। इसी पुल से कई जनपद के व उत्तराखंड राज्य के कांवड़ियों को भी भारी संख्या में गुजरना होता है। ऐसे में श्रावण मास से पहले पुल के बेयरिंग खराब होने से प्रशासन की भी चिंता बढ़ गई है। रामगंगा पुल का निरीक्षण करने मुम्बई से तकनीकी विशेषज्ञों की टीम मुरादाबाद पहुंची। उनके साथ विभाग के एई मोहम्मद हारुन भी मौजूद थे। यह पुल मुरादाबाद को रामपुर, बरेली, काशीपुर, रामनगर, नैनीताल से जोड़ने वाला इकलौता जरिया है। पुल के पास बसे कई गांव के लोगों की चिंता बढ़ गई हैं। तकनीकी विशेषज्ञों की टीम के दोनों सदस्यों ने रामगंगा पर बने पुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पता चला कि यह पुल अपनी मियाद कई साल पहले ही पूरी कर चुका है।

वहां रहने वाले कुछ पुराने लोगों के अनुसार भी पुल उम्र पूरी हो चुकी है। चार साल पहले इस पुल को मरम्मत के लिए लगभग 40 दिन के लिए बंद किया गया था। इसके बाद फिर आवागमन के लिए खोला गया। यदि यह बंद हो जाए तो महानगर का संपर्क रामपुर रोड से कट जाएगा। रामपुर, काशीपुर व उससे आगे जाने के लिए 10 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। वहीं श्रावण मास में आने वाले कांवड़ियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसकी महत्ता को देखते हुए तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने शुक्रवार को निरीक्षण कर अधिशासी अभियंता कुलदीप कुमार संत को बेयरिंग खराब होने की जानकारी दी है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि विशेषज्ञों की टीम ने पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से के फोटो किए हैं। उनके मुताबिक शनिवार को दोबारा विशेषज्ञ पुल का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मरम्मत करने के लिए निकाले गए निष्कर्ष पर रूपरेखा तैयार की जाएगी।


रामगंगा पुल के बेयरिंग खराब होने पर निरीक्षण करने पहुंचे तकनीकी विशेषज्ञ।

**स्वास्थ्य** सीएचसी पर होंगी कार्यशाला, खुले संवाद से संचालित होंगे कार्यक्रम

# मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालन को मिले 25 लाख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की सफलता के लिए जिले को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से 25 लाख रुपये भी मिल गए हैं। इसके अंतर्गत अब राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्तर पर आयोजन होंगे।

आजकल भागदौड़ की जिंदगी में अधिकांश लोग मानसिक रूप से परेशान ही नजर आते हैं। हालांकि ऐसे बहुत से कारक हैं, जो हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। मानसिक अस्वस्थता में मनोदशा, चिंता, व्यक्तित्व और मनोवैज्ञानिक विकार भी होते हैं। लेकिन, जागरूकता बढ़ने से मानसिक बीमारी और उपचार की मांग से जुड़े भेदभाव में कमी आती है। उपचार के बिना, मानसिक स्वास्थ्य विकार संकट के बिंदु तक पहुंच सकते हैं। नोडल अधिकारी डॉ. भारत भूषण बताते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित होने हैं और इन कार्यक्रमों की थीम टेक द मोमेंट रखी गई है। मानसिक बीमारी पर राष्ट्रीय गठबंधन टेक द मोमेंट अभियान खुले संवाद को बढ़ावा देगा। साथ ही सहानुभूति और समझ विकसित करेगा। मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में व्यक्तियों और परिवारों को समर्थन देने के लिए संसाधनों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित भी करेगा। वैसे मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि मानसिक स्वास्थ्य में हमारी भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक भलाई शामिल है। यह इस बात को प्रभावित करता है कि हम कैसे सोचते हैं, महसूस करते हैं और कार्य करते हैं। यह यह निर्धारित करने में भी मदद करता है कि हम तनाव को कैसे संभालते हैं, दूसरों से कैसे संबंध बनाते हैं और स्वस्थ विकल्प कैसे चुनते हैं। अक्सर, मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक फिटनेस के बारे में गलत धारणाओं के कारण, लोग अक्सर चुपचाप पीड़ित होते हैं और उनकी स्थिति का इलाज नहीं हो पाता है।

**मिशन निदेशक ने निर्धारित किए हैं खर्चे**

पीएचसी के चिकित्सा अधिकारियों, नर्स, पैरामेडिकल व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण और स्कूल, कॉलेज व अन्य कार्यस्थलों जैसे सामुदायिक स्तर पर गतिविधियों के लिए धनराशि प्राप्त हो गई है। इन कार्यक्रमों के लिए 17.10 लाख रुपये मिले हैं। इसी तरह सीएचसी पर वार्षिक वृहद शिविर, मानसिक स्वास्थ्य दिवस, विद्यालय कार्यक्रम व अन्य गतिविधियों के लिए अलग से कुल आठ लाख रुपये मिले हैं। खर्च भी निर्धारित किया गया है। मिशन निदेशक ने कहा है कि 4 लाख रुपये का खर्च सीएचसी पर वार्षिक वृहद शिविर में किया जा सकेगा। विद्यालयों के कार्यक्रमों के लिए अधिकतम 2.40 लाख रुपये का व्यय होगा। आवंटित धनराशि का खर्च जिला स्वास्थ्य समिति करेगी।

**बचपन से ही मानसिक बीमारी को रोकें**

साझेदारों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने, सहायता नेटवर्क बनाने, सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ाने और बच्चों में लचीलापन बढ़ाने में मदद करें। नशीली दवाओं और शराब से दूर रहने में सहायता करें।

> राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एनएचएम के तहत जिले को धनराशि प्राप्त हुई है। अब सीएचसी-पीएचसी स्तर तक कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा बनाने को बैठक की जाएगी। इसके बाद कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा।
>
> – डॉ. भारत भूषण, एसीएमओ/नोडल अधिकारी

### कार का शीशा तोड़ने में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**मैनाठेर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपने भाइयों और चाचा पर मारपीट कर कार का शीशा तोड़ने की शिकायत की थी। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मैनाठेर थाना क्षेत्र के ताहरपुर निवासी मशकूर रजा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा कि वह पिछले 18 साल से अपने परिवार से अलग रह रहा है। आरोप है कि 26 जून को अपने घर आया था। तभी इस दौरान दो भाइयों मन्नान, शौकीन व एक चाचा फिरोज ने पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए कार का शीशा तोड़ दिया और घर में घुसकर मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने कार और घरेलू सामान तोड़ दिया। पीड़ित ने घटना की शिकायत की थी। जिस पर मैनाठेर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


जीआरपी लाइन का निरीक्षण करते एसपी रेल आशुतोष, साथ में सीओ देवी दयाल।

## एसपी रेल ने जीआरपी लाइन का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रेल ने राजकीय रेल पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक रेल आशुतोष शुक्ला शुक्रवार को जीआरपी लाइन पहुंचे। जहां उन्होंने क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार में शस्त्रों का रखरखाव देखा और साफ-सफाई के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर शस्त्रों की साफ-सफाई होती रहनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीओ जीआरपी देवी दयाल भी मौजूद रहे।

## शहर में आज



☞शिशु वाटिका इंटर कॉलेज व एसवी पब्लिक स्कूल गोविंद नगर के स्थापना दिवस व गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन 10 :00 बजे।

☞रोटरी क्लब मुरादाबाद सेंट्रल का पौधरोपण कार्यक्रम आर्ट विजन मेटल कंपोनेंट एंड प्रोसेसिंग प्लांट में 11 :00 बजे।

☞लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे।

## एक नजर

### ट्रेनों के संचालन में नहीं हुआ सुधार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोंडा में चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के हादसे से बिगड़ी ट्रेनों की चाल में अभी पूरी तरह सुधार नहीं हो पाया है। जबकि हादसे के बाद रेलवे प्रशासन से कई ट्रेनों को बदले मार्ग से संचालित किया है, लेकिन मार्ग बदलने से भी रेल संचालन पूरी तरह से सामान्य नहीं हो सका। जिसके चलते लखनऊ की ओर से आने वाली ज्यादातर ट्रेनें लेट हैं।

### कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना की बहाली और आयकर स्लैब में छूट की उम्मीद

# वित्त मंत्री से आस: बढ़े इनकम टैक्स में छूट का दायरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट 23 जुलाई को प्रस्तुत करेंगी। इससे एक बार फिर सरकारी कर्मचारियों को वित्तमंत्री के पिटारे से राहत की उम्मीद जग गई है।

राज्य सरकार के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली की इस बार पूरी आस है तो वहीं वह चाहते हैं कि इनकम टैक्स के स्लैब में बदलाव हो। 10 लाख रुपये तक की आय छूट के दायरे में रहे। जिससे इस महंगाई के दौर में गुजारा आसान हो जाए। कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि यदि सरकार वाकई कर्मचारियों के हित की सोचती है तो हर हाल में पुरानी पेंशन योजना की बहाली कर नई पेंशन योजना को तत्काल बंद किया जाना चाहिए। महंगाई पर नियंत्रण के ठोस उपाय होने चाहिए।

- **हर वर्ग को महंगाई में राहत की है आस**



हमारी वित्तमंत्री से मांग है कि पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। यह कर्मचारियों, शिक्षकों-अधिकारियों सभी के हित में है। न्यू पेंशन स्कीम तो तत्काल वापस लिया जाए। टैक्स में छूट का दायरा बढ़ाकर 10 लाख रुपये तक की जाए। **-सर्वेश कुमार शर्मा,** जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ



आयकर स्लैब में बदलाव किया जाए। आयकर छूट की सीमा पांच लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये वित्तमंत्री करें। महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस उपाय सरकार को बजट में करना चाहिए। **-संजय कुमार सत्संगी,** अध्यक्ष, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संगठन



वित्तमंत्री इस बजट में पुरानी पेंशन योजना की बहाली करें। साथ ही कर्मचारियों के लिए पे-कमीशन गठित की जाए। तभी कर्मचारियों का हित संरक्षित रहेगा। बेलगाम महंगाई पर नियंत्रण करने के ठोस प्रयास होने चाहिए। **-श्रीकांत यादव,** जिलाध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद



पुरानी पेंशन बहाली के साथ ही वित्तमंत्री कोरोना संक्रमण काल के दौरान कर्मचारियों के जो भत्ते बंद किए गए थे उनके लिए अलग से बजट जारी कर दिलाया जाए। इनकम टैक्स का स्लैब बढ़ाकर 10 लाख रुपये की सीमा तक आय कर के दायरे से बाहर रहे। **-गोपीकृष्ण,** अध्यक्ष कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ



इनकम टैक्स स्लैब बढ़ाकर पांच लाख किया जाए। पुरानी पेंशन योजना को तत्काल लागू किया जाए। नई पेंशन योजना को वापस लिया जाए। कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रभावी रूप से दी जाए। **-हेमंत चौधरी,** जिला मंत्री डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन, जिला महामंत्री अटेवा

## रतनपुर कलां सीएचसी तक पहुंच मार्ग कच्चा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रतनपुर कलां में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। यहां हर रोज लगभग डेढ़ सौ से दो सौ तक वाह्य रोगी आते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच मार्ग कच्चा होने से रोगियों को आवागमन करने में काफी मुसीबत का सामना करना होता है। चिकित्सा स्टाफ भी काफी परेशानी उठाकर अस्पताल पहुंचता है। एक तो रास्ता कच्चा है दूसरे इन दिनों बारिश होने से मार्ग पर जल भराव भी है। गड्ढे भी हैं। ऐसे में चौपहिया वाहन से अस्पताल पहुंचना आसान नहीं है। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. वरुण भारती ने बताया कि मिट्टी वाला कच्चा मार्ग है और बारिश के बाद गड्ढों में पानी भर जाता है। ऐसे में अस्पताल तक आवागमन कठिन होता है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग के लिए क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों से भी अनुरोध किया गया है।

# अतिक्रमण हटाने के अभियान का रेहड़ी पटरी वालों ने किया विरोध

## कहीं जेसीबी से तोड़ा अतिक्रमण तो कहीं लगाया लाल निशान, भारी पुलिस बल की मौजूदगी में टीम ने चलाया अभियान

- **नोकझोंक व गहमागहमी के बीच जेल रोड के सभी खोखे हटाने पर अडिग रही टीम**
- **नगर विधायक भी व्यापारियों के समर्थन में उतरे, बोले- लोगों का उत्पीड़न बंद करे निगर निगम**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। साथ ही जेल रोड पर रेहड़ी पटरी वालों को हटवाने के लिए चिह्नित अतिक्रमण पर लाल निशान लगाया। जिसका व्यापारियों व रेहड़ी पटरी वालों ने जमकर विरोध जताया। नगर विधायक ने भी व्यापारियों का समर्थन किया। वहीं भारी पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम की टीम ने अभियान चलाया।

नगर आयुक्त के निर्देश पर निगम की टीम अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने के लिए सड़क पर उतरी। टीम ने सिविल लाइंस क्षेत्र में जिला अस्पताल के सामने और पुलिस लाइंस मंदिर के पास दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर किए अतिक्रमण को हटवाना शुरू किया। दो दुकानदारों पर 10 हजार रुपये का चालान कर जुर्माना वसूला। एक दुकान को बंद करा दिया। अभियान का दुकानदारों ने जमकर विरोध किया।भारी पुलिस बल की मौजूदगी में टीम ने अभियान जारी रखा। वहीं स्थानीय नागरिकों की सूचना पर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर एक भवन स्वामी द्वारा लोहे के फ्रेम व रेलिंग बनाकर किए अतिक्रमण को भी टीम ने चिह्नित कर दो दिन में हटाने की चेतावनी दी। अन्यथा कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा। वहीं सिविल लाइंस क्षेत्र में पीलीकोठी तक फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को टीम ने भगाया। चेतावनी दी कि दोबारा दिखने पर सामान जब्त कर लिया जाएगा।

जेल रोड पर फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले रेहड़ी पटरी वालों को वहां से भगाया। अतिक्रमण पर लाल निशान लगाया। गुरहट्टी चौराहे से लेकर जेल रोड होते हुए जैन मंदिर तक के लगभग 70 खोखों पर नगर निगम की टीम ने लाल निशान लगा दिए तो इसके विरोध में एकजुट होकर खोखे वाले और उनके परिवार वालों ने जमकर नारेबाजी शुरू कर विरोध जताया। इससे निगम की टीम सकते में आ गई। सूचना पर स्थानीय थाने की पुलिस भी पहुंची। वहीं दूसरी ओर रेहड़ी पटरी वालों ने जैन मंदिर से पहले बीच सड़क पर जाम लगा दिया। अतिक्रमण चिह्नित कर लाल निशान लगाने का व्यापारियों व रेहड़ी पटरी वालों ने जमकर विरोध जताया। कई व्यापारियों ने नगर आयुक्त, महापौर के खिलाफ नारेबाजी की। माहौल बिगड़ने की सूचना पर स्थानीय थाने से भारी पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। लोगों को समझा कर सरकारी कार्य में सहयोग करने की अपील पुलिस वालों ने की। वहीं दूसरी ओर नगर विधायक भी व्यापारियों के समर्थन में उतर गए। उन्होंने बेजा उत्पीड़न न करने की बात कही।



जेल रोड के पास खोखे पर लाल निशान लगाता कर्मचारी। ● अमृत विचार



खोखो पर लाल निशान लगाने के विरोध में सड़क जाम कर बैठे दुकानदार। ● अमृत विचार



जेल के पास जाम लगा रहे लोगों से वार्ता करते नगर विधायक रितेश गुप्ता।

बिना नोटिस दिए दो घंटे में दुकान खाली करने करने और बुलडोजर चलवाने की धमकी दुकानदारों को देकर अतिक्रमण हटाने के नाम पर उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। बुलडोजर अपराधियों के खिलाफ चलाने का मुख्यमंत्री का संदेश था न कि व्यापारियों व नागरिकों पर। नगर निगम के अधिकारियों से बातचीत कर अतिक्रमण हटाने का अभियान रुकवा दिया है। शनिवार को 12 बजे व्यापारियों के साथ नगर आयुक्त से वार्ता करेंगे। किसी का उत्पीड़न नहीं होने देंगे। **-रितेश कुमार गुप्ता,** नगर विधायक



चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में भूजल संरक्षण विषय पर आयोजित गोष्ठी में सम्मानित छात्र व शिक्षक। ● अमृत विचार

# जल संरक्षित करने को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर के कंपनी बाग स्थित चित्रगुप्त इंटर कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और पर्यावरण भारती के तत्वाधान में भूजल संरक्षण विषय पर गोष्ठी आयोजित। जिसमें जिसमें घटते भूजल पर चिन्ता व्यक्त की गई और व जल को संरक्षित करने का आह्वान कर छात्रों को जागरूक किया गया।

गोष्ठी में मुख्य अतिथि भू-जल विभाग के अधिशासी अभियंता गणेश नेगी ने कहा कि जल संकट न केवल देश अपितु विश्व की सबसे बड़ी समस्या बन गई है। बल्कि धरती के बहुत बड़े भूभाग पर जल है, लेकिन वह जल पीने योग्य नहीं है। मुख्य वक्ता डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि देश के अनेक भागों में स्वच्छ जल का संकट खड़ा हो गया है। बेंगलुरु, दिल्ली व चेन्नई जैसे महानगर इस संकट को प्रत्यक्ष रूप से झेल रहे है। सबमर्सिबल के माध्यम से अंधाधुंध पानी के दोहन से संकट खड़ा हो गया है। हमें अपने घरों में भी स्वच्छ जल का संरक्षण करना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य वीर सिंह ने कहा कि हमें सबको मिलकर जल संरक्षण के लिए आमजन को जागरूक करना है। इसलिए सभी छात्र अपने अपने क्षेत्रों में जाकर जल के महत्व को समझायें। इस दौरान आरुष भारद्वाज, कपिश कुमार, प्रत्यक्ष कुमार व जयप्रकाश सक्सेना शामिल रहे।

# पत्रावलियों को व्यवस्थित रखें कर्मचारी

- **जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में संयुक्त अभिलेखागार का किया निरीक्षण**
- **राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) भी पहुंचे, डायनिंग शेड निर्मित कराने को मांगा प्रस्ताव**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में संयुक्त अभिलेखागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संयुक्त अभिलेखागार के विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर पटल सहायकों को पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने न्याय सहायक को विभिन्न पत्रावलियों का एक पेन्डेंसी रजिस्टर बनाने और उसे जल्द निस्तारित करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, प्रशासनिक अधिकारी गोपीकृष्ण सहित अन्य पटल सहायक मौजूद रहे।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्प्रेक्षण भवन की रंगाई-पुताई और साफ-सफाई ठीक से कराने का निर्देश दिया। उन्होंने किशोरों को भोजन करने के लिए डायनिंग शेड निर्मित करने और भवन की मरम्मत के लिए प्रस्ताव बनाकर देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में नियमित डाक्टर की विजिट कराने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



राजकीय संप्रेक्षण गृह के निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते जिलाधिकारी अनुज सिंह।

**मनमानी** | सिविल लाइंस में नगर निगम की ओर से वेंडिंग जोन में बनाई गई हैं दुकानें

# वेंडिंग जोन तैयार, फिर भी फुटपाथ पर दुकान

- **दुकानों का नंबर भी पड़ा है फिर भी फुटपाथ घेरे हैं रेहड़ी पटरी वाले**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** स्मार्ट सिटी में नियोजित तरीके से दुकान लगाने के लिए सिविल लाइंस क्षेत्र में लोक निर्माण निरीक्षण गृह के बाहरी हिस्से में सड़क किनारे नगर निगम की ओर से वेंडिंग जोन तैयार कर दिया गया है। फिर भी फुटपॉथ पर अनधिकृत दुकानें लग रही हैं। वेंडिंग जोन में कहीं बाइक खड़ी है तो सामने चार पहिया वाहनों की कतार भी है। रेहड़ी पटरी वाले फुटपॉथ घेरकर महानगर की सौंदर्य को बिगाड़ने में लगे हैं।

महानगर को सुंदर बनाने के लिए बेतरतीब तरीके से फुटपॉथ पर दुकान लगाने वालों को बसाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने सिविल लाइंस में वेडिंग जोन स्थापित किया। यहां पर दुकानें बनवाई गईं जिसका आवंटन होना है। लेकिन, वेडिंग जोन में एक भी दुकान नहीं खुली और इसके सामने ही फुटपॉथ पर रेहड़ी पटरी और चलते फिरते ठेले वालों की दुकान पहले की तरह सज रही है। कहीं छोले चावल बिक रहा है तो कहीं अन्य कोई दुकान सड़क किनारे लगी है। इसके आसपास बाइक व चार पहिया वालों ने भी कब्जा जमा रखा है। इससे नगर निगम प्रशासन की महानगर को सुंदर बनाने का सपना साकार नहीं हो रहा है।

वहीं आए दिन नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटवाने का अभियान चलाती है जिसमें पटरी दुकानों को उजड़ना भी पड़ता है। एक रेहड़ी पटरी वाले ने बताया कि निगम के वेडिंग जोन की दुकानें महंगी होंगी इसलिए कभी उसके आवंटन के लिए सोच नहीं पाया। रोज की दुकानदारी से परिवार का पेट मुश्किल से पालना पड़ता है। बसना, उजड़ना यह तो हमारी नियति बन गई है।



सिविल लाइंस के वेंडिंग जोन में बनी दुकानें खाली पड़ी हैं जबकि इसके सामने ठेले लग रहे हैं।



सरस्वती विद्या मंदिर में मंगल पांडे के चित्र पर माल्यार्पण करते ब्राह्मण महासभा के सदस्य।

# महासभा ने मनाई मंगल पांडे की जयंती

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले देशभक्त मंगल पांडे की जयंती दिव्य सरस्वती बालिका इंटर कालेज में मनाई गई। वक्ताओं ने मंगल पांडे के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अंग्रेजों के खिलाफ उनकी बहादुरी के किस्से सुनाए। बच्चों व युवाओं से उनके महान व्यक्तित्व व उनके आचरण से सीख लेने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप शर्मा ने कहा कि मंगल पांडे पूरी तरह से भारत माता के प्रति समर्पित थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति को महत्व देते हुए उन कारतूसों को मुंह से खोलने से मना कर दिया। अब कुछ शक्तियां भारत की सभ्यता और संस्कृति को चोट पहुंचाने की कोशिश कर रही हैं। ऐसी शक्तियों से सचेत रहें और भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखें। इस अवसर पर अनिल कुमार शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सचिन शंखधार, सुनील कुमार शर्मा, नरेश शर्मा, विमलेंद्र शर्मा, शशि दत्त शर्मा,जी सी शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।



## एक नजर



ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के धरने को संबोधित करते वक्ता।

### प्राधिकरण की ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर रोक लगाई जाए

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन द्वारा मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि एमडीए द्वारा शिवालिक टाउनशिप बनाई जा रही है। जिसकी कोई जरूरत नहीं है। जबकि एमडीए की कई योजनाएं अधूरी पड़ी हैं, पहले उन्हें पूरा कराया जाए। प्रदर्शनकारियों द्वारा मांग की गई मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा महानगर से सटे 11 गांव की भूमि, मकान, दुकान और प्लांट के अर्जन का नोटिस रद किया जाए। इस दौरान संतोष कुमार, प्रताप सिंह, हरिश्चंद्र, मास्टर शिवलाल, मंजूर हसन मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन बैंक्वेंट हॉल की चहारदीवारी को ध्वस्त किया

● पैसे के लेनदेन को लेकर था विवाद, पुलिस ने दो को पकड़ा

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अगवानपुर में गुरुवार देर रात्रि दबंगों ने निर्माणाधीन बैंक्वेट हॉल की सात फीट की चहारदीवारी को जेसीबी से जमींदोज कर दिया। सूचना मिलने पर पीड़ित ने मौके से जेसीबी चालक सहित दो लोगों को पकड़ लिया और डायल 112 पर कॉल करके दोनों आरोपियों को पुलिस को सौंप दिया। मामला लेनदेन से संबंधित बताया जा रहा है।

अगवानपुर के पूर्व चेयरमैन पुत्र इमरान मिल्की का कांवड़ पथ पर बैंक्वेट हॉल का निर्माण हो रहा है। गुरुवार की रात्रि लगभग 3-4 बजे कुछ लोगों ने जेसीबी की मदद से बैंक्वेट हॉल की चाहरदीवारी गिरा दी। सूचना पर इमरान मिल्की मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दबंगों ने चहारदीवारी को ढहा दिया है। उन्होंने जेसीबी चालक समेत दो लोगों को मौके पर ही पकड़ लिया। जबकि अन्य पांच लोग भागने में सफल हो गए। पीड़ित ने डायल 112 पर कॉल करके मामले की सूचना पुलिस को दी। पीआरवी कर्मी तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे। जहां पीड़ित ने दोनों लोगों को पुलिस को सौंप दिया। इमरान मिल्की ने बताया कि छजलैट के गांव बीबीपुर गांव निवासी एक व्यक्ति की पार्टनरशिप में शादी हॉल का निर्माण चल रहा था। बाद में मनमुटाव होने पर दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया। बीबीपुर निवासी युवक की कुछ रकम इमरान मिल्की की ओर निकली। इमरान ने रकम लौटाने का वादा कर लिया, लेकिन तय समय पर रकम को नहीं लौटा सके। जिस पर युवक भड़क गया और गुरुवार को अपने साथियों को लेकर निर्माणाधीन शादी हॉल की चहारदीवारी को जमींदोज कर दिया।

## मुरादाबाद अर्बन, डिलारी, कुंदरकी, ताजपुर के चिकित्साधिकारियों को स्थिति में सुधार लाने का निर्देश

# ग्राम पंचायतों में बनाएं कंट्रोल रूम, एंटी लार्वा का करें छिड़काव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में सीडीओ सुमित यादव अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चिकित्सा एवं परिवार कल्याण /स्वास्थ्य विभाग की डीएचएस की बैठक /जिला स्वास्थ्य सोसायटी के शासी निकाय की मासिक बैठक हुई। इसमें विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा भी हुई। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ-सफाई व एंटी लार्वा स्प्रे पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम पंचायतों में स्थायी कंट्रोल रूम गठित करने के लिए कहा। आशाओं की होम विजिट के संबंध में ताजपुर एवं बिलारी ब्लाक की स्थिति में सुधार लाने, आंगनबाड़ी कर्मियों की होम विजिट की खराब स्थिति पर मुरादाबाद अर्बन, डिलारी, कुंदरकी, ताजपुर के संबंधित चिकित्साधिकारियों को स्थिति में सुधार लाने का निर्देश दिया। नगर निगम के अधिकारी को महानगर के मोहल्लों में एंटी लार्वा स्प्रे कराने के लिए कहा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में नगर निगम और ब्लाक के अधिकारियों को गंभीरता दिखाने की हिदायत दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल व अन्य के अलावा सभी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी, विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

### टीकाकरण में सुधार लाने को कहा

जिलाधिकारी ने टीकाकरण के संबंध में समस्त चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि नवजात के जन्म के समय होने वाले टीकाकरण को शत प्रतिशत सुनिश्चित कराएं। किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और मानक के अनुसार टीकाकरण को भी सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने आशाओं और एएनएम की ड्यू लिस्ट के मिलान के निर्देश दिए। उन्होंने सुपरवाइजरों की शत प्रतिशत विजिट सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

### स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसव के हों सभी प्रबंध

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्रों पर हो रहे प्रसवों की समीक्षा करते हुए चिकित्साधिकारियों को स्वास्थ्य केंद्रों पर समुचित प्रबंध कराने का निर्देश दिया। उपकेंद्रों पर स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था सुनिश्चित करने, नियमित मानीटरिंग करने के लिए कहा। आशाओं की कार्यप्रणाली पर ध्यान देकर उनको नियमित रूप से प्रशिक्षण देने, कार्य न करने वाली आशाओं पर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया। डिप्टी सीएमओ को दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कहा। एमओआईसी को निर्देश दिया कि हर डाक्टर की ओपीडी की मानीटरिंग करके नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# कांवड़ पथ को गड्ढा मुक्त कर रहे मजदूरों को रोका

## शेरुआ धर्मपुर गांव के पास पांच घंटे बाधित रहा कार्य, सड़क के एक तरफ ढाल बनाने को लेकर अड़े ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



शेरुआ धर्मपुर गांव में गड्ढा मुक्त कार्य कर रही लोक निर्माण विभाग की टीम को रोकते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कांठ रोड को गड्ढा मुक्त करने के कार्य को शेरुआ धर्मपुर के पास बसे गांव के लोगों ने रोक दिया। कार्य में बाधा डालने वाले ग्रामीण सड़क के दोनों ओर बसे गांव के रहने वाले थे। दोनों ओर से लोग सड़क का एक तरफ ढाल करने की मांग पर अड़े रहे। जिससे कार्य घंटों बाधित रहा। हालांकि लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता का कहना है कि 22 किलोमीटर की सड़क को शनिवार तक गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा।

शुक्रवार की सुबह 9 बजे से अगवानपुर गांव के पास सड़क के बड़े गड्ढे को भरने का कार्य लोक निर्माण विभाग के मजदूर कर रहे थे। गड्ढे भरने के बाद सड़क के दोनों ओर ढाल बनाने का कार्य किया जाना था। लेकिन सड़क के दोनों ओर बने मकानों के स्वामियों ने इस पर विवाद खड़ा कर दिया और मजदूरों को काम करने से रोक दिया। दोनों तरफ के लोग सड़क का ढाल एक-दूसरे की तरफ करने की बात पर अड़े रहे। जबकि ढाल दोनों ओर बनाया जाना पहले से ही निर्धारित था। इसको लेकर दोपहर दो बजे तक कार्य रुका रहा है। जिससे मौके पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर दोपहर बाद पहुंचे विभाग के जेई विशाल आजाद ने दोनों ओर सड़क के ढाल बनाए जाने की बात कही और मौके पर एकत्र भीड़ को वहां तैनात पुलिसकर्मियों से हटवाया। विभाग के अधिशासी अभियंता कुलदीप कुमार संत ने बताया कि शनिवार की शाम तक छजलैट तक सड़क को गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा। भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए गंगाजल ला रहे कांवड़ियों को सड़क से संबंधित किसी भी परेशानी सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि पीएसी तिराहे से लदावली गांव तक पहले ही सड़क को गड्ढा मुक्त करा दिया गया था। शुक्रवार की रात को बारिश नहीं हुई तो शनिवार को सुबह तक कांठ रोड पर दोनों पुलियों पर ट्रैफिक चल सकेगा। मानसून के कारण कार्य में देरी हुई है।

### कार्य पूरा करने का बढ़ाए गए मजदूर

कांठ रोड के कांवड़ पथ को शनिवार तक गड्ढा मुक्त करने के दावे में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता कुलदीप कुमार संत ने शुक्रवार की रात से अतिरिक्त लेबर बढ़ा दी है। कार्य पूरा न होने तक विभाग के संबंधित जेई व ऐई को मौके पर ही रहने को निर्देश दिए हैं। कार्य पूरा करने के लिए विभाग के ठेकेदारों से भी मदद भी ली जा रही है।

### श्रद्धालुओं के लिए इन ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने सावन माह में श्रद्धालुओं के लिए जहां मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है तो वहीं कुछ ट्रेनों में सावन के पहले सोमवार से 19 अगस्त तक के लिए अतरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत ट्रेन संख्या-04361-62, ट्रेन संख्या-04363-64 और ट्रेन संख्या-04360-59 में तीन-तीन जनरल कोच तथा ट्रेन संख्या-04374-73, ट्रेन संख्या-04376-75 और ट्रेन संख्या-04378-77 में दो-दो जनरल कोच लगाए जाएंगे। इसी तरह से ट्रेन संख्या-04334-33, ट्रेन संख्या-04394-93, ट्रेन संख्या-04357-58, ट्रेन संख्या-14305-06 और ट्रेन संख्या-14303-04 में एक-एक जनरल कोच अतिरिक्त लगाया जाएगा।

# मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा रेलवे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** दो दिन बाद सावन शुरू होने जा रहा है। जिसके लिए रेलवे ने पूरी तरह तैयारी कर ली है। रेलवे प्रशासन पहले सोमवार से मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। जिसके तहत हरिद्वार व योगनगरी से पांच ट्रेनों को संचालित किया जाएगा। जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं होगी।

रेलवे प्रशासन हर साल सावन माह में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन करता है। इस बार 22 जुलाई से सावन माह शुरू होने जा रहा है। दो दिन बाद सावन का पहला सोमवार है। जिसके लिए रेलवे ने कुछ दिन ही पहले ही तैयारियां कर ली थी। रेलवे द्वारा श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए हरिद्वार व योगनगरी ऋषिकेश में अतिरिक्त आरक्षण व जनरल बुकिंग काउंटर खोले जा रहे हैं। इसके अलावा दोनों स्टेशनों पर भीड़ बढ़ने की स्थिति में अतिरिक्त रैक का इंतजाम किया गया है। जिससे समय रहते हुए मेला स्पेशल ट्रेन को मांग के अनुसार चलाया जा सके। रेलवे ने हरिद्वार, गढ़मुक्तेश्वर, बालावाली और राजघाट में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी तैयारी कर ली है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि सावन को देखते हुए कांवड़ मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने का शेड्यूल तैयार कर लिया गया है। पांच मेला स्पेशल ट्रेनों के अलावा दो मेमू ट्रेनों को विस्तार देते हुए हरिद्वार तक चलाया जाएगा। कुछ मेल एक्सप्रेस ट्रेनों को मेला स्पेशल स्टेशनों पर ठहराव भी निर्धारित किया गया है। अतिरिक्त स्टाफ के अलावा चार आरक्षण (पीआरएस) व छह जनरल (यूटीएस) काउंटरों के अलावा तीन एटीवीएम का इंतजाम किया गया है। इसके अलावा दोनों स्टेशनों पर श्रद्धालुओं के लिए साफ-सफाई व अन्य सुविधा भी की गई है।

### इन तारीखों में संचालित होंगी मेला स्पेशल ट्रेनें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा सावन के पहले सोमवार से मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। जिसमें मुरादाबाद-लक्सर के लिए 22 जुलाई से 19 अगस्त तक, हरिद्वार से दिल्ली के लिए 29 जुलाई से दो अगस्त तक, योगनगरी ऋषिकेश से दिल्ली के लिए 29 जुलाई से दो अगस्त तक, योगनगरी ऋषिकेश से लखनऊ तक छह अगस्त से 19 अगस्त तक और योगनगरी ऋषिकेश से बरेली तक तीन अगस्त से पांच अगस्त तक मेला स्पेशल ट्रेन संचालित होगी।

# हाईवे पर शुरू हुई बम-बम भोले की गूंज, गंगाजल लाने को किया प्रस्थान

● पहले सोमवार के लिए गंगाजल लेने रवाना होने लगे कांवड़िए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कांठ रोड से हरिद्वार गंगाजल लेने जाते शिव भक्त। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** दो दिन बाद सावन माह की शुरूआत होगी। उससे पहले कांवड़ियों ने बृजघाट व हरिद्वार की ओर रुख कर लिया है। शुक्रवार को दिल्ली रोड व कांठ रोड हाईवे पर बम-बम भोले के जयकारे गूंजे। इस दौरान मुरादाबाद के आसपास के जिलों से बेड़े जल लेने के लिए रवाना हो गए हैं।

शुक्रवार को कांठ रोड और दिल्ली रोड हाईवे पर कांवड़ियों के बेड़े पहले सोमवार के लिए गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए। वाहनों पर लगे डीजे पर भजन व भक्ति गीतों के साथ कांवड़िए बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए मुरादाबाद से गुजरे। जिसमें कुछ बेड़े महानगर के थे जो गंगाजल लेने के लिए बृजघाट रवाना हुए, जबकि रामपुर, बरेली, बदायूं, पीलीभीत व अन्य जिलों के बेड़े शामिल रहे। इसके अलावा महानगर के कुछ बेड़े बृजघाट के लिए शनिवार को रवाना होंगे।

## मेधावी छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को मिला सम्मान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शुक्रवार को टीडीआई सिटी स्थित गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानचार्या, शिक्षक व मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

भारत विकास परिषद मैत्री शाखा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 21 विद्यार्थियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। साथ ही एक्स्ट्रा एक्टिविटी में म्यूजिक, स्विमिंग, जूडो व डांस में 10 बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इसके अलावा गुरु वंदन में दो शिक्षकों को सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य डॉ. सचिन घावरी को उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था के लिए परिषद की तरफ से सम्मान प्रदान किया गया। इस मौके पर विनय मित्तल, प्रशांत त्यागी, हिमांशु मेहरा व संजय धवन शामिल रहे।

# महापौर व नगर आयुक्त ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते महापौर विनोद अग्रवाल, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल व अन्य।

**अमृत विचार:** सोमवार से शुरू हो रहे श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को सकुशल कराने के लिए शुक्रवार को महापौर विनोद अग्रवाल और नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कांठ रोड पर कांवड़ियों के आने जाने को देखते हुए डिवाइडर को ठीक कराने और सड़कों के गड्ढों की तत्काल पैच मरम्मत कराने का निर्देश दिया।

महापौर व नगर आयुक्त पैदल ही कांवड़ मार्ग पर निरीक्षण करने निकल पड़े। दोनों ने मुख्य अभियंता को निर्देश दिया कि कांठ रोड से होकर हरिद्वार से गंगाजल भरने कांवड़ यात्री जाएंगे और गंगाजल लेकर लौटेंगे। ऐसे में इस सड़क के गड्ढों की तत्काल पैच मरम्मत कराई जाए। डिवाइडर को ठीक कराने का निर्देश दिया। अवैध कट को बंद कर यातायात सुचारू बनाए रखने में सहयोग देने का निर्देश दिया।

इसी क्रम में विकास कार्य का भी निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने कंपनी बाग में विकसित भूल भुलैया पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य अभियंता दिनेश चंद्र सचान, सहायक अभियंता विजेंद्र यादव, अभिषेक कुमार, पार्षद व नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे आदि भी मौजूद रहे।

### सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ से दिया संदेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम की सहयोगी संस्था एआईआईएलएसजी टीम की ओर से सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ जागरूकता और सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के प्रति लोगों को सतर्क किया। जन जागरूकता रैली निकाली। इसमें मुंशी मुरलीधर जूनियर हाईस्कूल हरथला और एसके मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल हरथला के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने हाथ में संदेश लिखी तख्ती लेकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान सफाई नायक हीरालाल, एसके मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल की प्रधानाध्यापिका, मुंशी मुरलीधर जूनियर हाईस्कूल हरथला के प्रबंधक अनिल विश्नोई, नेपाल सिंह, शुभम कश्यप, रोनित सिंह, हरवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**सहूलियत** आसपास के गांवों के हजारों लोगों को मिलेगी सुविधा, नदी पार करना होगा आसान

# रायपुर भूड़ मार्ग पर रामगंगा नदी पर बनेगा अस्थायी पुल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** दरियापुर से रायपुर भूड़ जाने वाला रास्ता कच्चा है। मार्ग के बीच रामगंगा नदी है। राहगीर जान जोखिम में डालकर इसे जुगाड़ से ही पार करते हैं। एक तो रास्ता कच्चा दूसरे नदी को पार करने का जोखिम है। इसलिए राहगीरों की यह बड़ी समस्या है। अब उन्हें थोड़ी राहत मिलने वाली है। इसके लिए नदी पर अस्थायी पुल बनाने के लिए हरी झंडी मिल गई है। धनराशि भी जारी हो गई है।

इसी तरह हाईवे से खुशहाल मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया और उसके आसपास भी काम कराने को मंजूरी मिल गई है। यही नहीं, मुरादाबाद मंडी के रामपुर, बिजनौर और संभल जिलों में कई पुल निर्माण और मरम्मत के कार्य की मंजूरी मिल गई है। शासन ने इनके निर्माण के लिए रुपये भी उपलब्ध करा दिए हैं। वहीं, धर्मपुर से मजरा चकझीम के बीच स्थित बहल्ला नदी पर लघु सेतु और पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग बनाने में कुल स्वीकृत बजट में बकाया धनराशि उपलब्ध कराई गई है। इसी तरह रामपुर के ब्लॉक मिलक क्षेत्र में गांव चैनपुर में सैजनी नदी पर पुल व पहुंच मार्ग आदि कार्य के आवंटित बजट में बकाया मिल गया है। इसमें पुल आदि का कार्य कराने के लिए कुल 9.18 करोड़ 49 हजार रुपये खर्च किए गए हैं। इस तरह दोनों पुलों के निर्माण में बकाया कुल 52.44 लाख रुपये भी प्रमुख अभियंता को प्राप्त हुए हैं। उप्र राज्य सेतु निगम के सहायक अभियंता अनूप शर्मा ने बताया कि पूर्व में भेजे गए कुछ प्रस्तावों पर शासन की हरी झंडी मिली है। अब देखा जा रहा है कि किस कार्य के लिए मंजूरी और धनराशि जारी हुई है। जिन कार्यों के लिए धनराशि जारी हो गई है, उनके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी करते हुए जल्द ही कार्य शुरू कराया जाएगा।

### इन पुल व मरम्मत कार्य को मिले रुपये

- एनएच-734 से खुशहालपुर मड़का मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर ढाई मीटर का स्पान की राफ्ट कलवर्ट कार्य के लिए 5.68 लाख रुपये।
- मुरादाबाद में दरियापुर से रायपुर भूड़ कच्चे मार्ग के बीच रामगंगा नदी पर अस्थाई पुल बनाने को 10.59 लाख रुपये।
- मुरादाबाद-गवां बुलंदशहर मार्ग के किमी-56 में स्थित लघु सेतु बनाने को 211 लाख रुपये मिले हैं।
- रामपुर में शाहबाद-रामपुर-बाजपुर में घूंघा नदी पर सेतु, पहुंच मार्ग व अन्य सुधार वाले कार्यों के लिए 116.44 लाख रुपये मिले हैं।
- रामपुर में मुरसैना अजीमनगर मिलक खानम मार्ग के किमी-5 में सुधार कार्य के लिए 57.08 लाख रुपये।
- बिजनौर के गांव अगरा (कोट देवता) मंदिर वाले रास्ते छोईया नदी पर स्पान की 5 दरों वाली बाक्स कलवर्ट, पहुंच मार्ग बनाने को 62.53 लाख रुपये।
- बिजनौर में पानीपत खटीमा मार्ग के किमी-163 में स्थित पुल के चौड़ीकरण को 16.71 लाख रुपये।
- बिलासपुर में भाखड़ा कैनाल पर अंबेडकर पार्क के बीच स्पान के लघु सेतु एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग के लिए 17.99 लाख रुपये।
- टांडा से पिपलिया महतो के बीच स्पान के लघु सेतु एवं आंतरिक पहुंच मार्ग के लिए 29.70 लाख रुपये।
- छपरा शिवपुरी से पैगंबरपुर मार्ग के किमी-25 में स्पान बाक्स कलवर्ट को दोबारा निर्मित करने को 6.09 लाख रुपये।
- मुरसैना अजीम नगर मिलक खानम मार्ग के किमी-8 में दोबारा निर्माण कार्य के लि 6.96 लाख रुपये।

# माध्यमिक शिक्षकों का धरना जारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरने पर बैठे शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के बाहर अपनी 10 मांगों को लेकर चल रहा शिक्षकों का धरना शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। शिक्षकों ने दूसरे दिन भी पुरानी पेंशन योजना बहाली समेत अन्य मांगों को रखा और उन्हें जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग की।

धरने को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रातीय उपाध्यक्ष मेजर डॉ. देवेंद्र सिंह ने कहा कि सभी शिक्षक पिछले काफी समय से अपनी समस्याओं को प्रशासन व शासन को अवगत करा चुके है। लेकिन, अभी तक हमारी किसी मांग को पूरा नहीं किया गया है। इसलिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर तीन दिवसीय धरना दे रहे है और हमारा धरना शनिवार तीसरे दिन भी रहेगा। धरने के दौरान शिक्षकों ने मांग करते हुए कहा कि नई पेंशन स्कीम को बंद कर पुरानी पेंशन बहाल की जाए। उत्तर प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय में नियुक्त तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं स्थायी की जाए।

पारकर इंटर कॉलेज के प्रवक्ता जेपी सिंह ने सभी साथियों में संगठन के प्रति जागरूक किया। इस दौरान विमलेंद्र कुमार शर्मा, हरिशंकर भारती, सुरेंद्र मिश्रा, अभय गुप्ता, नासिर हुसैन, पूजा चौधरी, सुधा रानी, वीरपाल, तसलीम खान, मनमोहन कौशिक, संगीता कुमारी, नरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, आनंद कुमार, प्रमोद सिंह, सर्वेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### महिलाओं पर फब्तियां कसने का आरोपी पकड़ा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रास्ते में महिलाओं और लड़कियों पर फब्तियां कसने वाले एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि नगर के बाबू रामपाल सिंह द्वार के निकट एक युवक आती जाती महिलाओं और लड़कियों पर अश्लील फब्तियां कस रहा है। इससे वहां से गुजरने वाली महिलाओं को शर्मिंदगी महसूस हो रही है। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम वसीम बताया है।

### रुपये मांगने पर महिला को पीटकर किया घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** उधार दिए पांच हजार रुपये वापस मांगने पर पड़ोसी व उसके पुत्रों ने महिला को पीटकर घायल कर दिया। लोग उसे बचाने पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल महिला को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। नगर के मोहल्ला नई बस्ती वार्ड 22 निवासी अफसाना पत्नी यूनुस ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ दिन पहले जरूरत पड़ने पर उसने अपने पड़ोसी यूनुस को 10 हजार रुपये उधार दिए थे। इनमें से उसने पांच हजार रुपये वापस कर दिए। शुक्रवार सुबह 10 बजे वह उसके घर पहुंची तो युनुस व उसके पुत्रों ने लाठी डंडों से पीटकर उसे घायल कर दिया। दोबारा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।

### साधारण सभा की सूची से नाम हटाने का आरोप

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में स्टेशन रोड स्थित रामरतन इंटर कॉलेज साधारण सभा के सदस्य मदन कुमार बंसल ने शुक्रवार को डीएम को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक पर आरोप लगाते हुए बताया कि वह कई वर्षों से राम रतन इंटर कॉलेज में साधारण सभा के सदस्य हैं लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक शिवकुमार द्विवेदी ने 2011 में षड्यंत्र रचकर साधारण सभा के सदस्यों की फर्जी सूची तैयार कर दी। मदन कुमार बंसल ने इसका विरोध किया तो जिला विद्यालय निरीक्षक ने सूची से नाम हटा दिया।

### बाइक चोर की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांव कटारमल निवासी नरेंद्र सिंह बाजार गंज स्थित एक बर्तन की दुकान पर काम करता है। यहां से उसकी बाइक चोरी हो गई। सीसीटीवी कैमरे में बाइक चोर की तस्वीर कैद हो गई है।

# खंदक में गिरी कार, चार लोग घायल

## दिल्ली के रहने वाले हरभजन सिंह पत्नी व बेटे के साथ काशीपुर जा रहे थे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** चालक को नींद की झपकी आने पर कार पेड़ से टकराकर खंदक में पलट गई। इससे कार सवार महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने उन्हें बाहर निकाला। एंबुलेंस से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भिजवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

यह हादसा शुक्रवार सुबह 10 बजे करनपुर ठाकुरद्वारा मार्ग पर रायपुर गांव के पास हुआ। दरअसल दिल्ली में मोहल्ला तिलक नगर निवासी हरभजन सिंह पुत्र श्याम सिंह, उनकी पत्नी हरजीत कौर, बेटा गुरप्रीत सिंह व उनके साढ़ू का बेटा अमरजीत पुत्र अवतार सिंह कार से कांठ करनपुर ठाकुरद्वारा मार्ग पर होते हुए उत्तराखंड के काशीपुर स्थित अपनी एक रिश्तेदारी में जा रहे थे। कार अमरजीत सिंह चला रहा था। रायपुर गांव के पास कार चालक अमरजीत को नींद की झपकी आ गई। इससे कार पेड़ से टकराते हुए सड़क के किनारे खंदक में पलट गई। हादसे में कार सवार चारों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने कार सीधी करने के बाद घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से उन्हें सरकारी अस्पताल में भेज दिया।



एंबुलेंस से घायलों को काशीपुर ले जाते रिश्तेदार। ● अमृत विचार

- करनपुर ठाकुरद्वारा मार्ग पर रायपुर गांव के पास हुआ हादसा

सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। चिकित्सको ने महिला हरजीत कौर, हरभजन सिंह की हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलने के बाद काशीपुर के रिश्तेदार भी सरकारी अस्पताल पहुंच गए। रिश्तेदारों ने उत्तराखंड स्थित निजी अस्पताल में घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया। हादसे के सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

### वाहन की टक्कर से दो युवक हुए जख्मी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** वाहन चालक ने सड़क किनारे खड़े बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपीवाला निवासी राहुल कुमार अपने गांव के ही शहनवाज के साथ रात 10 बजे बाइक से अस्लेमपुर चौराहे के पास पकौड़ी खाने गए था। जहां दोनों युवक पकौड़ी खान के लिए खड़े थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे टाटा मैजिक के चालक ने उनको टक्कर मार दी।

## स्कूल में 10वीं की छात्रा बेहोश अस्पताल में भर्ती

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कक्षा-10 की छात्रा गर्मी के चलते कक्ष में बेहोश हो गई। इससे विद्यालय प्रबंधन में हड़कंप मंच गया। सूचना के बाद विद्यालय पहुंचे परिजनों ने उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

नगर के नगलिया रोड क्षेत्र निवासी सुनील कुमार की पुत्री काशीपुर रोड स्थित आंबेडकर पार्क के पास विद्यालय में कक्षा-10 की छात्रा है। शुक्रवार को वह विद्यालय गई थी। वह कक्षा में पढ़ रही थी। इस दौरान अधिक गर्मी के चलते छात्रा बेहोश होकर बेंच से गिर गई। छात्रा के बेहोश होते ही विद्यालय प्रबंधन में खलबली मच गई। छात्रा के परिजनों को सूचना दी तो उन्होंने उसे सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया। उपचार के बाद हालत सामान्य होने पर उसे छुट्टी दे दी गई। चिकत्सक का कहना है कि अधिक गर्मी व कमजोरी के चलते छात्रा बेहोश हो गई थी।

## क्षेत्र में चल रहा खनन का अवैध धंधा, जिम्मेदार बेखबर

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदार खनन के धंधेबाजों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

बताया गया कि क्षेत्र में गेहूं की फसल कटने के बाद से ही अवैध खनन तेज हो गया था। मिट्टी खनन के धंधेबाज तहसील मुख्यालय से चार किलोमीटर दूर अवैध धंधे को अंजाम दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि चेतरामपुर मार्ग के पास खनन चल रहा हैं। लोगों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर धंधेबाजों से मिलीभगत करके अवैध खनन कराने का आरोप लगाया है। जब ग्रामीण अवैध खनन रोकने की मांग करते हैं तो अधिकारी आते हैं और देख कर चले जाते हैं। इसके बाद फिर खनन चालू हो जाता है। अवैध तरीके से मिट्टी निकालने के बाद उस जगह पर बड़े गड्ढे बन जाते हैं।

**अवैध खनन**

- लोगों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर पर लगाया मिलीभगत का आरोप

बारिश होने पर गड्ढा पानी से लबालब भर जाता है। इसका उदाहरण नगर क्षेत्र की सड़कों व कई गांवों में देखने को मिल रहा है। शाम से रात तक मिट्टी खोदकर ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भरी जाती है। इसके बाद सुबह से ढुलाई शुरू होती है, जो दोपहर तक चलती है। लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। इस संबंध में एसडीएम अजय मिश्र ने जांच कराने की बात कही है।

## जैविक खेती के लिए किया प्रेरित

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सुंदरपुर चाऊपुरा के रहने वाले किसान डॉ. नरेंद्र सिंह के जैविक फार्म पर गन्ने की जैविक खेती देखने पहुंचे उप कृषि निदेशक डॉ. रामप्रवेश, अमरोहा के जिला कृषि अधिकारी बबलू कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार चतुर्वेदी ने किसानों के लिए रोल मॉडल बताया।

अमरोहा के उप कृषि निदेशक डॉ. रामप्रवेश ने गन्ने की जैविक खेती को देखकर कहा कि इस प्रकार का गन्ना केमिकल तरीके से भी नहीं उगाया जा सकता है। किसान बड़े पैमाने पर केमिकल फर्टिलाइजर इस्तेमाल कर रहे हैं। उससे उन्हें आर्थिक रूप से भी हानि उठानी पड़ रही है और खाद्य पदार्थ भी केमिकल युक्त मिल रहा है। इससे लोगों की सेहत पर सीधा असर हो रहा है। इस दौर में किसानों के लिए डॉ. नरेंद्र सिंह एक रोल मॉडल बन कर उभरे हैं। जिला कृषि अधिकारी बबलू कुमार ने कहा कि डॉ. नरेंद्र सिंह 13 वर्षों से जैविक खेती कर रहे हैं। दूसरे किसानों को भी जैविक खेती करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जैविक खेती करके मुनाफा अधिक कमाया जा सकता है। डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि जैविक तरीके से गन्ना पैदा करने में लागत कम आती है। बताया कि वह गेहूं, धान, गन्ने व सरसों की जैविक तरीके से खेती कर रहे हैं। वह अपने खेतों में गोबर की खाद, वेस्ट डीकंपोजर एवं जीवामृत का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब उनके खेत पूर्ण रूप से स्वस्थ हो चुके हैं और अच्छी पैदावार भी हो रही है।



गन्ने की जैविक फसल के पास मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

- 13 वर्षों से जैविक खेती कर रहे हैं सुंदरपुर के डॉ. नरेंद्र सिंह
- अमरोहा के उप कृषि निदेशक ने देखी गन्ने की जैविक खेती

## अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी दें ग्राम प्रधान

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** डीपीआरओ ने शुक्रवार को क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में समस्या आने पर अधिकारियों को जानकारी देने के लिए कहा।

डीपीआरओ वाचस्पति झा ने ग्राम पंचायत चैदरी अकबरपुर और बेगमपुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान व बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। बताया कि बरसात का मौसम चल रहा है और सरकार की ओर से एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग अभियान गांवों में चलाया जा रहा है। इसलिए सभी व्यक्तियों को अपने क्षेत्र में सफाई का विशेष ध्यान रखना है। यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी जाए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित गांवों का भी दौरा कर ग्राम प्रधान व सचिवों को निर्देश दिए कि गांव में जहां भी पानी अधिक मात्रा में आता है और फसल नष्ट हुई है तो उसका पारदर्शिता के साथ विवरण रखें। बारिश अधिक होने के कारण बाढ़ आने की संभावना बनी रहती है। यदि किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो बाढ़ राहत के लिए चौकियां स्थापित की गई हैं। उनकी निगरानी में है, लेकिन गांव के मुखिया का दायित्व बनता है कि अधिकारों के संपर्क में रहे, जिससे कि जनता को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।



निरीक्षण करते डीपीआरओ वाचस्पति झा। ● अमृत विचार

- डीपीआरओ ने किया अकबरपुर और बेगमपुर का निरीक्षण

## जाम से निजात दिलाने की मांग, ज्ञापन सौंपा

**बिलारी, अमृत विचार:** समाजवादी व्यापार सभा के नगर अध्यक्ष चिराग अग्रवाल ने कार्यालय में जिलाधिकारी ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने नगर में जाम की समस्या और साप्ताहिक बंदी के बारे में जानकारी दी।

शुक्रवार को समाजवादी व्यापार सभा के नगर अध्यक्ष चिराग अग्रवाल मुरादाबाद में जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने नगर बिलारी में मुख्य चौराहा एवं रोडवेज बस स्टैंड पर जाम और साप्ताहिक बंदी बुधवार को बंदी का पूर्ण रूप से पालन करने की मांग की। जिलाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि यह समस्या जल्द ही दूर कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि सुबह जब विद्यार्थी स्कूल जाते हैं और दोपहर को घर आते हैं तो रोड बस स्टैंड पर जम मिलता है। यहां हादसे का खतरा रहता है। उधर, रोडवेज बस स्टैंड के आगे ई-रिक्शा, मैजिक, डबल डेकर बस खड़ी रहती है।

## सरकारी जमीन हड़पने वालों के खिलाफ जारी रहेगा संघर्ष

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** नगर में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं यूनानी विभाग की सरकारी जमीन हड़पने वालों के खिलाफ राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन संघर्षरत रहेगा।

शुक्रवार को राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के अध्यक्ष डॉ. राकेश रफीक के नेतृत्व में अनेक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह को ज्ञापन भेजा। इसमें बताया कि आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय की जमीन को लेकर मुकदमा लड़कर कुछ लोगों ने खतौनी में अपना नाम दर्ज कर लिया है। ज्ञापन में बताया कि एसडीएम न्यायिक ने राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की जमीन 29 वर्षों बाद मुकदमे को पुनः 2022 में शुरू किया। फरवरी 2024 में इस मुकदमे में निर्णय करते हुए शासकीय जमीन एक अन्य पक्ष को सौंप दी गई। खतौनी में उसका नाम दर्ज कर दिया गया। जबकि राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय को न पक्षकार बनाया गया और न ही कोई सूचना दी गई। जबकि जमीन उनके नाम खतौनी में दर्ज थी। इसके अलावा नगर पालिका के कर्मचारी व वकीलों ने उनके नाम जमीन न होने पर भी इस मुकदमे को लड़ा और हारने के बाद भी नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अधिशासी अधिकारी को कोई सूचना नहीं दी। ज्ञापन में मांग की गई है कि शासन की जमीन पर कब्जा करने की साजिश करने वालों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर भाजपा के नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता, पंकज चौहान, जितेंद्र दक्ष, संजय जैन, आतिफ कमाल, प्रेम कुमार प्रेम, किशन पाल, अभिषेक जैन, निहाल सिंह लाठर, डॉ. विश्वास कुमार शर्मा आदि रहे।

## किसान चौक पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था कराई

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखकर शुक्रवार को पुलिस ने किसान चौक पर वाहनों को रोककर बदले मार्गों से गुजारा। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था को दुरुस्त कराया।

22 जुलाई से सावन माह की शुरुआत हो रही है। तभी कांवड़ यात्रा की भी शुरुआत हो जाएगी। बड़ी संख्या में कांवड़िये हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांठ एवं छजलैट से होते हुए अपने गंतव्य को प्रस्थान करेंगे। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस एवं प्रशासन ने तैयारी कर ली है। प्रशासनिक अधिकारियों ने शुक्रवार को कांवड़ यात्रा की वजह से ट्रैफिक को रोकने के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष लखपत सिंह ने किसान चौक पर ट्रैफिक रोक दिया। ट्रैफिक रुकने से यात्रियों को समस्या का सामना करना पड़ा। किसान चौक व छजलैट क्षेत्र में कई स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था दुरुस्त कराई गई। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कोई असामाजिक तत्व माहोल बिगाड़ने का प्रयास करता है तो पुलिस को सूचना दे। उन्होंने कहा कि हरिद्वार से गंगाजल ला रहे कांवड़ियों को इस क्षेत्र में समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस हर संभव प्रयास करने को तत्पर है।



सीसीटीवी कैमरों के बोर्ड लगवाती पुलिस।

**समस्या** | मुर्गा बाजार, गांधी आश्रम, भारतीय स्टेट बैंक के पास लगे कचरे के ढेर

## नगर में जगह-जगह पसरी गंदगी, बीमारी का खतरा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में जगह-जगह पर गंदगी पसरी हुई। इससे नागरिकों को संचारी रोग फैलने का डर सता रहा है। लेकिन जिम्मेदार सफाई नहीं करा रहे हैं।

सरकार की ओर से लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को अपने पास-पड़ोस में सफाई रखने के लिए जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। लेकिन नगर से स्वच्छता अभियान कोसों दूर है। नगर पंचायत प्रबंधन की ओर से घर-घर कचरा संग्रहण की योजना चलाई जा रही है। इसके बावजूद मुर्गा बाजार, गांधी आश्रम, भारतीय स्टेट बैंक आदि स्थानों पर गंदगी का अंबार है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

गंदगी के कारण बीमारी फैलने की आशंका है। नगर में स्वच्छता अभियान दिखावा साबित हो रहा है। नगर में स्थानों पर कूढ़े के ढेर लगे हुए हैं। कचरा डालने के लिए व्यवस्थित स्थान नहीं है। इसके कारण लोग रास्ते पर ही कचरा डाल देते हैं। स्वच्छता अभियान के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। नगर से गांव तक लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बावजूद सरकार का यह अभियान दम तोड़ता दिख रहा है।

नगर पंचायत क्षेत्र में वार्ड की संख्या 17 है। कचरों से नाला भरा हुई है। लोगों ने बताया कि नले की नियमित सफाई नहीं होने से हमेशा जाम रहता है। कचरे में मच्छर पनप रहे हैं। इससे बीमारी फैलने का डर है। मोहल्ले के गलियों में पर्याप्त लाइटों को नहीं लगाया गया है। शाम होते ही गलियों में अंधेरा छा जाता है। रात्रि में गलियों से आने-जाने में काफी परेशानी होती है। शहर के वार्डों में सफाई और कचरा कलेक्शन भी नियमित नहीं हो रहा है। लोगों को खुद ही सफाई करानी पड़ रही है। कचरा कलेक्शन का भी काम सही ढंग से नहीं होता है। इस कारण कचरे के ढेर लगे हुए हैं। इसी तरह शहर के वार्डों में कचरा कलेक्शन न होने से कचरा सड़क पर ही पड़ा रहता है। कचरा कलेक्शन के वक्त भी कर्मचारी ध्यान नहीं देते। जिसकी वजह से लोग गीला, सूखा कचरा एक साथ ही डाल देते हैं। यह कचरा सीधे ट्रंचिंग ग्राउंड में डंप कर दिया जाता है।



नगर में सड़क किनारे पड़ा कचरा। ● अमृत विचार

- नगर के वार्डों में नियमित नहीं हो रही सफाई और कचरा कलेक्शन

## सार संक्षेप

### बिजली बिलों में गड़बड़ी से लोग परेशान

**कांठ, अमृत विचार :** बिजली के गलत बिलों से उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। इसकी शिकायत वे उपकेंद्रों पर अधिकारियों से कर रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। उपभोक्ताओं के मुताबिक, अधिकारी सुनवाई नहीं करते हैं। मीटर चेक कराने का हवाला दे देते हैं। घर, दुकान और औद्योगिक इकाइयों में बिजली उपकरणों का उपयोग उतना नहीं हुआ है, जितनी खपत मीटर दिखाता है। बिजली मीटर की समय पर रीडिंग नहीं करते और गलत बिल बना देते हैं। नगर वासियों का कहना है कि पिछले महीने का बिल 450 रुपये बिल आया था। प्रति माह बिल जमा करने के बावजूद इस माह का बिल 1500 तक आया है। लगातार बढ़कर आ रहे बिल से उपभोक्ता परेशान हैं। बिल जमा करने के बावजूद उपभोक्ताओं के विद्युत बिलों में पिछले माह की बकाया राशि दर्शाई जा रही है। विद्युत निगम के एसडीओ ज्ञानेंद्र यादव ने बताया कि जब विद्युत उपभोक्ता अधिक बिजली का उपयोग करेगा तो बिल अधिक ही आएगा।

### नए एसडीएम अजय मिश्रा का स्वागत किया

**कांठ/बिलारी, अमृत विचार :** लंबे समय से एसडीएम कांठ की जिम्मेदारी निभा रहे विनय कुमार को गुरुवार को बिलारी तहसील की कमान सौंप दी गई। ठाकुरद्वारा के एसडीएम रहे अजय मिश्र को कांठ का नया एसडीएम बनाया गया है। एसडीएम ने नई तैनाती वाले क्षेत्र में पहुंचकर पदभार ग्रहण भी कर लिया है। नए एसडीएम का तहसील स्टाफ ने पुष्प देकर स्वागत किया। उधर, बिलारी तहसील में नए एसडीएम विनय कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया। इसके बाद तहसील में उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की। एसडीएम मणि अरोड़ा का स्थानांतरण ठाकुरद्वारा तहसील कर दिया गया है।



एसडीएम का स्वागत करते कर्मचारी।

### छह वर्ष से कम आयु वाले बच्चों का प्रवेश न लेने पर दिया जोर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बीआरसी कार्यालय सभागार में शुक्रवार को खंड शिक्षाधिकारी वेगीश सिंह गोयल ने वित्तविहीन विद्यालयों के प्रधानाचार्य औरन प्रबंधकों के साथ बैठक की। इसमें खंड शिक्षाधिकारी ने कहा कि छह वर्ष से कम आयु वाले बच्चों का विद्यालय में प्रवेश न ले। इन बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रवेश दिलाने में सहयोग करें। बताया कि 2024-25 वर्ष के प्रवेश देने वाले और प्रमोट करें और बच्चों को विवरण बताए। किसी विद्यालय में बच्चों को अग्रिम कक्षा में न करे। जिस कक्षा में पढ़ रहा है उसे अगली कक्षा में प्रमोट करे। इस मौके पर अंकुर सिंह, दमन चौहान, दिनेश चौहान, रागिव हुसैन, महेश यादव आदि मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते शिवसेना के जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना व अन्य।

### तौकीर रजा के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सौंपा। इसमें उन्होंने इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएएमसी) के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शुक्रवार को शिवसेना के कार्यकर्ता एसडीएम कार्यलय में पहंचे। यहां उन्होंने एसडीएम ज्ञापन को दिया। इसमें कहा कि तौकीर रजा को युवक-युवतियों का धर्म परिवर्तन कराने से रोका जाए। सामूहिक विवाह पर रोक लगाई जाए। ताकि प्रदेश का माहौल खराब न हो। इस दौरान शिवसेना के जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना, महेश सिंह, संतोष कुमार, दिनेश आजाद, सुशील शर्मा, यादराम सिंह, हरी बाबू, अमित गुप्ता, प्रवीण ठाकुर, रवि शंकर रस्तोगी, सजीव सक्सेना, राजीव ठाकुर, बीनू ठाकुर, पुखराज गुप्ता, राजेश ठाकुर, मुकेश राघव, मयूर गुप्ता, रवी शंकर शर्मा, संदीप बंसल आदि मौजूद रहे।

### वाहन चालकों से 45000 रुपये जुर्माना वसूला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मंडी समिति के इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने अभियान चलाकर अलग-अलग मार्गों पर 70 वाहनों में लदे सामान की जांच की। नौ वाहनों से खाद्य सामग्री बिना लाइसेंस मंडी शुल्क जमा किए सामान इधर-उधर पहुंचा जा रहा था। उनसे कागजात मांगने परमंडी शुल्क की रसीद नहीं दिखा पाए। नौ वाहनों के चालकों से 45 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया। मंडी समिति के इंस्पेक्टर ने बताया कि उन्होंने व्यापारियों को चेतावनी दी है। जिन लोगों ने अपने लाइसेंस नहीं बनवाए हैं, वह अपना लाइसेंस बनवा ले। समय पर मंडी शुल्क जमा करें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### विधायक ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**कांठ, अमृत विचार :** नगर स्थित कैंप कार्यालय में समाजवादी पार्टी के विधायक कमाल अख्तर ने शुक्रवार को लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों से समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा। विधायक कमाल अख्तर को लोगों ने सीवरेज, पेयजल, गली, सड़क व बिजली लाइन के तारों की समस्या बताकर समाधान करने की मांग की। इस दौरान लोगों ने बिजली की कटौती को लेकर नाराजगी जताई। विधायक ने विद्युत निगम के अधिकारियों को समस्याओं का समय पर समाधान करने के लिए सूचित किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे लोगों की सामूहिक समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। लोगों ने राशन न मिलने, राशन के लिए पात्रता सूची में नाम न होने या गलत नाम दर्ज किए जाने, जमीन की पैमाइश न हो पाने, विधवा, वृद्धावस्था, दिव्यांग पेंशन में समस्या, आदि को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इस मौके पर प्रदेश सचिव विक्रम सिंह यादव, दानिश अंसारी, अजमल चौधरी, अमजद अली, डा नवरत्न सिंह, नासिर कमाल आदि रहे।



लोगों की समस्याएं सुनते विधायक।

### महिला सुरक्षा टीम ने छात्राओं को दी जानकारी

**बिलारी, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत रानी प्रीतम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को महिला सुरक्षा टीम ने छात्राओं के साथ संगोष्ठी की। शक्ति दीदी अभियान के तहत गुड टच, बेड टच के बारे में जानकारी दी। महिला सुरक्षा टीम में शामिल महिला पुलिसकर्मियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं बताईं। बालिकाओं को 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, स्वास्थ्य संबंधी नंबर 102 के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर कॉलेज का स्टाफ भी मौजूद रहा।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में सात लोगों पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** दहेज उत्पीड़न के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव शरीफ नगर निवासी चंचल कुमारी पुत्री अशोक कुमार गुप्ता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया था। इसमें उसने बताया था कि जिला बिजनौर में नजीबाबाद क्षेत्र के गांव कलेहडी निवासी अवनीश कुमार के साथ उसकी शादी 11 मई 2023 में हुई थी। इसके कुछ दिन बाद ससुराल वालों ने उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। आरोपियों ने उसे पीटकर घर से निकाल दिया। 20 दिसंबर 2023 को जब महिला की भाई ससुराल पहुंचा तो उस समय सास उसे पीटकर बाहर निकल रही थी। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। उनके आदेश पर पुलिस ने ससुर अनिरुद्ध गुप्ता, सास गीता देवी, पति अवनीश कुमार, बाला देवी, अनूप गुप्ता, नकुल गुप्ता व अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### मारपीट के मामले में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** गांव हाथीपुर चितू निवासी फैजान ने बताया कि उसकी बाइक फरमान, फैजान, मोइनउद्दीन पुत्र अदनान ने रास्ते में रोक ली। उसने विरोध किया तो गाली गलौज कर उसे मारा पीटा। वह अपने घर चला गया तो ये लोग घर में घुस आए। यहां फिर उसे मारा पीटा। धारदार हथियार से उसे चोट लग गई। शोर शराबा होने पर गाव के ही मोहम्मद हारुन व वसीम मौके पर आ गए उन्होंने उसे बचाया तो आरोपी धमकी देकर वहां से भाग गए। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## एक नजर

### सोमवार को होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**रामपुर, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस तृतीय शनिवार 20 जुलाई के स्थान पर 22 जुलाई सोमवार को आयोजित होगा। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा जारी आदेश के क्रम में पौधरोपण अभियान के 20 जुलाई को एक ही दिवस में लगभग 25 लाख पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत जुलाई के तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस निर्धारित रोस्टर के अनुसार अब 20 जुलाई के स्थान पर 22 जुलाई को होगा।

### ट्रांसफार्मर फुंकने से पांच दिन से 400 घरों में अंधेरा

**मिलक, अमृत विचार :** क्षेत्र के करीमगंज के ग्रामीण अंधेरे में जीवन गुजारने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अवर अभियंता को शिकायती पत्र देकर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि पांच दिन पूर्व उनके गांव का ट्रांसफार्मर फुंक गया था। इसके कारण करीब 400 घरों में पांच दिन से अंधेरा छाया है। शिकायत के बावजूद नया ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है। शुक्रवार को बिजली अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

# निर्माणाधीन इमारत से गिरकर महिला मजदूर की गई जान

## उत्तराखंड की रहने वाली थी महिला, ठेकेदार हुआ फरार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** पनवड़िया स्थित सद्भावना मंडप की निर्माणाधीन इमारत से गिरकर महिला मजदूर की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर लोग एकत्र हो गए। आनन-फानन में महिला के शव को उसके घर पहुंचा दिया गया। सिविल लाइन इंस्पेक्टर ने मामले की जानकारी होने से इन्कार किया है।

अल्पसंख्यक मंत्रालय की ओर से कई वर्ष से पनवड़िया के पास सांस्कृतिक सद्भावना केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। इसमें कई वर्ष से तमाम महिला-पुरुष मजदूरी कर रहे हैं। झारखंड के गटका निवासी अखिलेश की पत्नी जूली भी पनवड़िया स्थित किराये के मकान में रहकर यहां मजदूरी करती थी। लोगों का कहना है कि शुक्रवार को वह इमारत की तीसरी मंजिल से अचानक गिर गई। इससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में मजदूर उसे जिला अस्पताल ले गए। इस बीच ठेकेदार वहां से फरार हो गया। डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को घर ले गए। इस मामले में कोई भी अधिकारी कुछ भी बताने को तैयार नहीं है।


घटना की जानकारी देता जूली का पति अखिलेश।


मौके पर खड़ी एबुलेंस। ● अमृत विचार

**हादसे के बाद मौके पर मची चीख-पुकार**

महिला के गिरने के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास काम कर रहे मजदूर घटना स्थल पर एकत्र हो गए। जूली के चार बच्चे बताए जाते हैं। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। काफी देर तक मौके पर भीड़ लगी रही।

> निर्माणाधीन इमारत से महिला के गिरने की जानकारी नहीं है। अगर ऐसा कोई मामला है तो जांच कराई जाएगी।
> – अजय मिश्रा, इंस्पेक्टर, सिविल लाइंस

## गोशाला में सूखा चारा खाकर पेट भर रहे पशु

**मिलक, अमृत विचार :** शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष प्रिंस गुप्ता अपनी टीम के साथ अचानक गोशाला पहुंचे। वहां मुख्य द्वार पर ताला लटका था। लोगों को देख पड़ोस में रहने वाले एक केयर टेकर ने ताला खोला। अंदर जाकर देखा तो कोई भी कर्मचारी वहां मौजूद नहीं था। गुरुवार को बछड़े को जन्म देने वाली गाय व उसका बच्चा भूख से तड़प रहे थे। दिखावे के लिए नाम मात्र का भूसा कोठरी में पड़ा था। हरी घास की जगह सूखी कुट्टी एक कमरे में पड़ी थी। इसी को खाकर पशु अपना पेट भर रहे हैं।

बताया कि गोशाला में कार्यरत एक भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। अधिशासी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि गोशाला में 11 कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें से पांच पशुओं की देखभाल करते हैं। एक चौकीदार रात तथा दूसरा दिन में तैनात रहता है। तीन कर्मचारी पशुओं के लिए चारा लाते हैं। गोशाला की क्षमता 240 पशुओं की है, लेकिन वर्तमान में 480 गोवंश हैं। प्रिंस गुप्ता ने बताया कि गोशाला में रह रहे पशुओं की हालत बेहद दयनीय है। उन्होंने व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग की है।

# बिजली की चेकिंग करने गई टीम पर जानलेवा हमला

- जेई को पीटकर किया घायल, 16 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- मिलक थाना क्षेत्र का मामला सूचना पर पहुंची पुलिस

**संवाददाता, मिलक**



**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला रौरा खुर्द स्थित मछली बाजार में बिजली की चेकिंग करने गई विद्युत कर्मियों की टीम पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। इसमें अवर अभियंता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने मिलक थाने में 12 अज्ञात और चार आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गुरुवार की रात करीब 12 बजे मिलक विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता हसनैन अंसारी व टीजी टू सरोज यादव टीम के साथ बिजली चेकिंग करने गए थे। टीम को मोहल्ला रौरा खुर्द स्थित मछली बाजार में कई घरों में बिजली चोरी मिली। इस पर टीम बिजली चोरी की वीडियो बनाने लगी। तभी अचानक घरों से निकले लोगों ने टीम पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जेई हसनैन अंसारी को घसीटते हुए लोग गली में ले गए। वहां उनकी गर्दन पर धारदार हथियार रख दिया। इससे उनकी गर्दन से खून बहने लगा। इस दौरान जेई की अंगुली भी कट गई। टीम में शामिल अन्य बिजली कर्मियों ने जेई को किसी तरह दबंगों के चुंगल से छुड़ाया।

दबंगों ने धमकी दी कि अगर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ तो वह टीम को छेड़छाड़ के झूठे मामले में फंसा देंगे। टीम ने घटना की सूचना मिलक पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जेई पर जानलेवा हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा आदि के आरोप में उमर फारूख, उसका बेटा, अनवार, प्रवीन तथा 12 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## बिलासपुर से भोले के भक्तों का जत्था रवाना

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को मोहल्ला कायस्थान से श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे में अंबर सक्सेना, सौरभ गंगवार, गगन जोशी, मोनू यादव, प्रवेश गंगवार और मनोज गंगवार शामिल हैं। भक्तों को प्रस्थान कराने के लिए शिवमंदिर पर महिलाएं, पुरुष व बच्चे भोले के जयकारों के साथ उपस्थित रहे। इस मौके पर राजकुमार सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, ऋषभ सक्सेना, राजेश शर्मा काले, आकाश शर्मा, सोनू पुष्पद ने भगवा ध्वज दिखाकर व भगवा पटका पहनाकर उनकी यात्रा मंगलमय होने की कामना की।

### पुलिस ने मारपीट में पांच लोगों का किया चालान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने मारपीट के अलग-अलग मामलों में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार ने बताया कि गांव गंगापुर-वहांपुर निवासी विक्की सिंह, पईपुरा निवासी धर्मपाल, कचनाल निवासी दो भाइयों अनीस अहमद व अमीर अहमद तथा सरफराज को पकड़ा गया है। आरोपी मारपीट कर रहे थे। पांचों आरोपियों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई की गई है।


बलवा ड्रिल का अभ्यास करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

# पुलिस लाइन में किया गया बलवा ड्रिल का अभ्यास

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को परेड की सलामी ली। इसके बाद परेड का निरीक्षण किया और साफ-सफाई आदि का जायजा लिया।

परेड के बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, पुलिस म्यूजियम, कैंटीन, मनोरंजन कक्ष आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई का भी जायजा लिया।

उन्होंने थाना प्रभारियों एवं पुलिस ऑफिस, पुलिस लाइन के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया। उन्होंने संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी स्वार, टांडा, मिलक, बिलासपुर, शाहबाद भी मौजूद रहे।

## विद्युत आपूर्ति को बेहतर बनाने की मांग

**टांडा, अमृत विचार :** बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। उमस भरी गर्मी में ट्रिपिंग और अघोषित कटौती ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। अपना दल एस के प्रदेश सचिव मोहम्मद वकील एडवोकेट में विधायक को पत्र लिखकर विद्युत आपूर्ति में सुधार कराने की मांग की है।



विधायक को भेजे पत्र में उन्होंने कहा है कि उमस भरी गर्मी में नगर को मात्र 10-12 घंटे ही बिजली मिल रही है। इस दौरान ट्रिपिंग व फॉल्ट की समस्या बनी रहती है। बीच-बीच में शटडाउन भी ले लिया जाता है। कभी-कभी अकारण भी कटौती कर दी जाती है। इसके चलते लोग परेशान हैं। उन्होंने विधायक से विद्युत आपूर्ति को बेहतर कराने की मांग की है।

# एसपी के आदेश पर नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कार्रवाई**

- दुष्कर्म के प्रयास में चले थे दो पक्षों में धारदार हथियार
- पुलिस ने घायलों का शांति भंग में कर दिया था चालान

**संवाददाता, स्वार**

**अमृत विचार :** जंगल में युवती से दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में दो पक्षों में धारदार हथियार व लाठी-डंडे चलने से दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण न करा कर शांति भंग में चालान कर दिया था। एसपी के आदेश पर पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों को नामजद करते हुए दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

रविवार को क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से खेत पर ले जाकर दबंगों ने दुष्कर्म का प्रयास किया था। इसी को लेकर दोनों पक्षों में धारदार हथियार व लाठी डंडे चले थे। इसमें दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए थे। चारों घायल कोतवाली पहुंच गए थे। इसके बाद एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने घायलों का मेडिकल न कराकर हिरासत में ले लिया था।

इसके साथ ही मूल धाराओं में रिपोर्ट दर्ज न करके चारों घायलों का शांति भंग में चालान कर दिया था। दोनों पक्षों ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई थी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने सात नामजद व दो दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 22 जुलाई से शुरू होंगी खेलकूद प्रतियोगिताएं

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने सत्र 2024-25 के आयोजन के लिए जनपदीय क्रीड़ा समिति का गठन किया है। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रामपुर को सदर, स्वार, टांडा, मिलक, बिलासपुर व शाहबाद समेत छह जोन में बांटकर जनपदीय खेलों को कराने का निर्णय लिया है।

राजकीय रजा इंटर कॉलेज में शुक्रवार को खेलों को लेकर बैठक हुई। इसमें क्रीड़ा प्रभारी अरविन्द भास्कर ने सत्र 2024-25 में होने वाले जनपदीय एवं मंडलीय खेलों की रूपरेखा प्रस्तुत की। जनपदीय खेलों का प्रारम्भ 22 जुलाई से होगा।

इस बार प्रदेश स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता 15 वर्ष बालक व 17 वर्ष बालक-बालिका का आयोजन जनपद में कराया जाएगा।


बैठक को संबोधित करते जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली। ● अमृत विचार

मंडलीय स्तर की छह प्रतियोगिता एथलेटिक्स, नेहरू हॉकी, अंडर 19 क्रिकेट बालक, वॉलीबॉल, गतका, योगासन जनपद में कराई जाएंगी। क्रीड़ा सचिव सलीम यूसुफ जैदी ने पात्रता सम्बन्धी जानकारी दी।

डॉ. अनूप सिंह ने स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन नामांकन के बारे में बताया। बैठक में क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार, अभिलाष कुमार, योगेंद्र पाल सिंह, शरद कुमार, सुभाष कुमार, हरिनाथ सिंह, बलराम सिंह, हरीश डूडेजा, अरविन्द गौतम, नफीस अहमद, शालू कौशल, लक्ष्मी यादव, रूपा अग्रवाल, नीलम सिंह, फैजान, स्वदीप कन्नौजिया, सलीम मियां, अनिशा लतीफ, तुषार शर्मा, मनोज कुमार, संजीव प्रकाश, प्रभुदयाल, ममता, रमेश, आनंद प्रीति आदि मौजूद रहे।

# 15 करोड़ से होगा शाहबाद का विकास

**संवाददाता, शाहबाद**

**अमृत विचार :** अब 15 करोड़ से नगर की सूरत संवरेगी। विकास कार्यों के लिए बोर्ड बैठक में प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस दौरान जल और गृह कर लागू करने का प्रस्ताव भी पास किया गया। हालांकि वार्ड 15 अफगानान से सभासद जफर अली खां ने जल व गृह कर लगाने का विरोध जताया।

शुक्रवार को चेयरमैन सुम्बुल नाज की अध्यक्षता में नगर पंचायत सभागार में बोर्ड की बैठक हुई। इसमें 15 करोड़ के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सभासदों ने अपने वार्डों की समस्याएं रखीं। अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार ने बताया कि जल व गृह कर के साथ नगर पंचायत की दुकानों का किराया भी बढ़ाया जाएगा।

नगर पंचायत क्षेत्र में मनमानी तरीके से होर्डिंग व विज्ञापन नहीं लगाए जा सकेंगे। इसके लिए एक स्थान व शुल्क भी निर्धारित किया जाएगा। सभासदों ने बैठने के लिए सभागार की मांग भी की। चेयरमैन सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त दिखाई दीं। कहा कि लापरवाही बरतने वाले सफाई कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।


बोर्ड की बैठक में बोलतीं चेयरमैन सुम्बुल नाज। ● अमृत विचार

चेयरमैन ने बताया कि जहां जलापूर्ति नहीं है, वहां विशेष रूप से काम किया जाएगा। इस अवसर पर चेयरमैन के पति वसीम खां, अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार, सभासद शीशपाल, विनोद कुमार, सदाकत खां, जाजिब खान, साबिर, जफर अली खां, शराफत हुसैन, सभासद प्रतिनिधि अनूप सिंह, महावीर, रवि गोला, श्रीराम, इकरार खां, तालिब मालिक, मोहसिन, नाजिम खां, मोहम्मद मियां, लिपिक नावेद मियां, स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी मुजीब मियां आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं को भूजल के बारे में दी जानकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** कन्या इंटर कालेज की प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव ने छात्राओं को भूजल के बारे में जानकारी दी। भूजल को संरक्षित रखने के विभिन्न उपाय जैसे वर्षा जल संचयन, चेक डैम का निर्माण, रूफ टॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली के बारे में जानकारी दी। भूजल को रिचार्ज करने व तालाब के जीर्णोद्धार के बारे में छात्राओं को जानकारी दी।

कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं में भूजल सप्ताह में प्रार्थना के बाद प्रधानाचार्य ने छात्राओं को जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी। छात्रों को पानी की बचत करने के विभिन्न उपाय बताए।

इसकी शरूआत उन्हें अपने घर व विद्यालय से करने की सलाह दी। छात्राओं को पानी की बर्बादी से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया। प्रार्थना सभा में छात्राओं को पानी की बचत करने और पानी की बर्बादी रोकने की शपथ दिलाई।

# बुजुर्गों के दर से कोई भी खाली हाथ नहीं जाता, सभी को मिलता है फैज

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** हजरत शाह बगदादी साहब के 239वां सालाना उर्स मुबारक में पहले दिन कुलशरीफ हुआ। अस्र की नमाज के बाद मदरसा गुलशन-ए-बगदाद के मौलाना मुश्ताक अहमद ने कहा कि रामपुर की खुशनसीबी है कि यहां की सर जमीन पर बुजुर्ग मौजूद है, इन्होंने खानकाहों के जरिए दीन फैलाया। इनके दर से कोई भी खाली नहीं जाता है। हर किसी को फैज मिलता है।

शाह बगदादी साहब के 239 वां उर्स के पहले दिन अकीदतमंदों ने दरगाह पर हाजिरी लगाई। यह सिलसिला दिनभर जारी रहा। अस्र की नमाज के बाद मौलाना मुश्ताक अहमद ने कुल शरीफ के दौरान कहा कि बुजुर्गों की दरगाह पर जो अकीदत, एहतेराम के साथ आता है अल्लाह इनके वसीले से कुबूल करता है। सज्जादनशीन सैयद राशिद मियां ने बताया कि उर्स के पहले दिन अस्र की नमाज के बाद कुलशरीफ का आगाज किया। शनिवार को मौलाना फैजान मियां आएंगे।


उर्स के पहले दिन तकरीर करते मौलाना मुश्ताक अहमद। ● अमृत विचार

इस अवसर पर सज्जादनशीन सैयद साजिद, राशिद मियां, आमिल मियां, इकबाल मियां, राशिद मियां, चांद मियां, इकबाल मियां, मुस्लिम मुईन कुरैशी, कारी अब्बास, परवेज आलम, मौलवी अलाउद्दीन आदि मौजूद रहे।

## बाट माप निरीक्षक पर उत्पीड़न का आरोप

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को संगठन के तहसील अध्यक्ष मोहम्मद यासीन के नेतृत्व व्यापारी तहसील भवन पहुंचे। उन्होंने नायब तहसीलदार राजेश यादव को विभिन्न समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी के नाम दो सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

इसमें बाट माप निरीक्षक पर आरोप लगाया कि उन्होंने प्राइवेट युवक रखे हुए हैं जो खुद को इंस्पेक्टर बताकर कांटों पर मोहर लगाकर व्यापारियों से अवैध वसूली कर रहे हैं। व्यापारियों को लाइसेंस व सैंपल भरवाने के नाम पर डरा धमकाकर वसूली करते हैं। उन्होंने दोनों मामलों की जांच कराकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर नगर अध्यक्ष मोहम्मद अनस खां, रामजीवन गौतम, माहिर खां, विचित्र सिंह, जावेद, प्रताप सिंह, औसाफ अली आदि मौजूद रहे।

# खुले नाले में गिरकर बाइक सवार दंपति व पुत्र घायल

**संवाददाता, सैफनी**

**अमृत विचार :** नगर में पानी की निकासी के लिए नाला बनाकर खुला छोड़ दिया गया। शुक्रवार की सुबह इसमें एक महिला व उसके पति व पुत्र बाइक समेत गिर गए। हादसे में तीनों घायल हो गए। महिला को ज्यादा चोट लगीं। गनीमत रही की बाइक नाले की दीवार पर अटक गई। इससे बड़ा हादसा टल गया।

नगर में छितौनी रोड पर पानी निकासी के लिए दो वर्ष पूर्व सड़क किनारे नाले का निर्माण कराया गया था। लेकिन इसे खुला छोड़ दिया गया था। शुक्रवार की सुबह क्षेत्र के किशनपुर गांव निवासी आसिफ अपनी मां और पिता के साथ छितौनी गांव में मोहर्रम का तीजा मेला देखने जा रहा था। छितौनी रोड पर सामने से आ रहे डंपर से बचाते समय उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और आसिफ तथा उसके माता-पिता नाले में गिर गए।


नाले में गिरकर घायल हुआ दंपति।

> टेंडर पास होने के बाद ठेकेदार को काम का आर्डर दे दिया गया है। दो-तीन दिन में नाले पर स्लैब डालने का काम शुरू करा दिया जायेगा।
> –विवेक कुमार गौड़, अधिशासी अधिकारी

## छापेमारी से दवा विक्रेताओं में मचा हड़कंप

**भोट, अमृत विचार :** शुक्रवार को औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार व आबकारी निरीक्षक अनुपम सिंह ने संयुक्त रूप से क्षेत्र में कई स्थानों पर छापेमारी की। इससे दवा विक्रेताओं में हड़कंप मचा रहा। कई मेडिकल स्टोर संचालक को दुकान छोड़कर भाग गए।

टीम ने सबसे पहले थूनापुर चौराहा स्थित टीएस मेडिकल एजेंसी तथा बिलासपुर स्थित जनता मेडिकल स्टोर व पांडे मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। औषधि निरीक्षक ने बताया कि यहां से टीम ने दवाओं के चार नमूने लिए। इन्हें जांच के लिए लखनऊ भेजा है। रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट का अनुपालन नहीं मिला। एचवन रजिस्टर भी मेंटेन नहीं मिला। मेडिकल स्टोर संचालक क्रय-विक्रय अभिलेख भी प्रस्तुत नहीं कर पाये। निरीक्षण आख्या सहायक आयुक्त औषधि को भेजी जा रही है।

**सुविधा** 10 किमी सड़क का चौड़ीकरण होने से मिलेगी राहत, डेढ़ करोड़ से बनेगा 600 मीटर पटवाई-जौलपुर मार्ग

# 19 करोड़ से होगा धमोरा और रठौंडा मार्ग का चौड़ीकरण

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** धमोरा से रठौंडा की 10 किलोमीटर की सड़क का चौड़ीकरण 19 करोड़ रुपये से होगा। इसकी चौड़ाई तीन से सात मीटर की जाएगी। इसके अलावा डेढ़ करोड़ रुपये से पटवाई-जौलपुर के 600 मीटर मार्ग की जर्जर हालत को भी सुधारा जाएगा। इसमें एक नाला और आबादी वाले क्षेत्र में सीसी रोड भी बनेगी।

धमोरा से रठौंडा मार्ग पर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। स्थिति यह है कि कई फिट बाहर तक पक्के मकान व दुकानें बना ली हैं। गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने इन्हें ध्वस्त करा दिया था। शेष स्थानों से भी जल्द ही अतिक्रमण हटाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता हर्षित जैन ने बताया कि धमोरा से रठौंडा तक 10 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण 19 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा।

सड़क की चौड़ाई तीन के स्थान पर सात मीटर कराई जाएगी। इसके अलावा 600 मीटर लंबे पटवाई-जौलपुर मार्ग की हालत भी काफी खस्ता है। यहां आबादी वाले क्षेत्र में सीसी रोड और नाले का निर्माण कराया जाएगा। कांवड़ यात्रा से पहले सड़क की हालत सही करायी जाएगी। ताकि शिवभक्तों को परेशानी न हो।


निर्माणाधीन पटवाई-जौलपुर मार्ग। ● अमृत विचार

> धमोरा से रठौंडा तक 10 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण 19 करोड़ रुपये से कराया जाएगा। पटवाई-जौलपुर की 600 मीटर सड़क को सही कराया जा रहा है। आबादी वाले क्षेत्र में सीसी रोड और नाला निर्माण कराया जा रहा है।
> –केवी सिंह, एक्सईएन, निर्माण खंड, लोनिवि।

**शाहबाद, टांडा, दढ़ियाल मार्ग का कराया जा रहा है चौड़ीकरण**

शाहबाद से उत्तराखंड को जाने वाली सड़क का 200 करोड़ रुपये से चौड़ीकरण कराया जा रहा है। 2023 में कैबिनेट की बैठक में इस सड़क का प्रस्ताव पास हो चुका है। बिना डिवाइडर वाली यह सड़क उत्तराखंड के बाजपुर से जुड़ जाएगी। वर्तमान में इस सड़क की चौड़ाई सात मीटर है। चौड़ीकरण के बाद यह सड़क तीन मीटर और चौड़ी हो जाएगी। मुरादाबाद-टांडा-दढ़ियाल तक 21 किलोमीटर लंबी इस सड़क का चौड़ीकरण 62 करोड़ रुपये से कराया जा रहा है। इसमें 15 करोड़ रुपये की एक किश्त जारी कर दी गई है।

## किशोरी का अपहरण करने वाला गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर अपहरण करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। किशोरी का चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने उसे वन स्टॉप सेंटर भेजा है।

करीब 25 दिन पहले चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को गांव का ही युवक प्रेमजाल में फंसाकर उसका अपहरण करके ले गया था। किशोरी के पिता ने युवक और उसके माता-पिता के खिलाफ स्वार कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मंगलवार की देर रात दिल्ली से किशोरी को बरामद कर आरोपी युवक गिरफ्तार कर लिया। चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार ने बताया कि आरोपी नाजिम को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। जबकि किशोरी को चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है।

## एक नजर

### अतिक्रमण के नाम पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा व्यापारियों का उत्पीड़न

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर में हुई बैठक में कहा कि अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर पंचायत कर्मियों पर अतिक्रमण की एवज में व्यापारियों से अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। कहा है कि ऐसे कर्मचारियों की उच्चाधिकारियों से शिकायत करते हुए जांचकर कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। बैठक में व्यापार मंडल के अध्यक्ष कपिल गुप्ता, विनोद पाल, राकेश मौर्य, बृजनंदन सागर, अनिल दिवाकर, वसीम अहमद, सुमित यादव आदि मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक को भेंट कीं धार्मिक पुस्तकें

**रामपुर, अमृत विचार :** ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा संपूर्ण की ओर से पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के आवास पर जाकर उन्हें धार्मिक पुस्तक तथा विद्वान ब्राह्मणों द्वारा प्रकाशित धार्मिक व्रत उत्सव निर्णय पत्र भेंट करके शिष्टाचार भेंट की। समय-समय पर कार्यों में सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। बताया कि ब्राह्मण सभा की ओर से 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पूर्वाह्न 11 बजे ग्राम मंढोली स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में पीपल, बट, आंवला, जामुन, नीम के पौधे लगाए जाएंगे। इस मौके पर ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष रामबाबू शर्मा, सुमन कौशिक, जुगेश कौशिक, विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा, राम अवतार शर्मा, हीरालाल शर्मा, हरिओम शर्मा आदि मौजूद रहे।

### शराब पीकर मारपीट करने में रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद, अमृत विचार :** ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव गझरपट्टी निवासी त्रिमोहन ने गांव के ही चंद्रपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक 15 जुलाई को उसके भाई नीरज की बरात बरेली के मीरगंज गई थी। अगले दिन शाम को बरात लौटकर आई। आरोप है कि चंद्रपाल ने शराब पीकर उसे गलियां दी। विरोध पर लाठी-डंडों से पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी।

# इमामबाड़ा खासबाग से निकला मेहंदी का जुलूस

## स्थानीय अंजुमनों ने की नोहाख्वानी और मातम, सीआरपीएफ होते हुए कर्बला पहुंचा जुलूस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** 12वीं मोहर्रम को इमामबाड़ा खासबाग से मेहंदी का जुलूस निकला। इसमें स्थानीय अंजुमनों ने नोहाख्वानी और मातम किया।

इसके अलावा जिले भर में शहीदाने कर्बला के तीजे पर नजरो-नियाज और मजलिस-मातम का सिलसिला चलता रहा। जुलूस में जुलजनाह भी शामिल रहा। इससे पहले इमामबाड़ा खासबाग में मौलाना डॉ. अब्बास रजा नैयर ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि तीन दिन के भूखे प्यासे हजरत इमाम हुसैन को कर्बला के मैदान में यजीद की फौज ने शहीद कर दिया। यह सुनकर अजादार जारो कतार रोने लगे।

इमामबाड़ा खासबाग से शुक्रवार की शाम चार बजे मेहंदी का जुलूस निकला। इसमें स्थानीय अंजुमनो ने नोहाख्वानी की। इससे पहले इमामबाड़ा में



जुलजनाह को चने की दाल खिलातीं सनम अली खान। ● अमृत विचार

मौलाना डॉ. अब्बास रजा नैयर ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि अल्लाह उसे चाहता है जो हुसैन को चाहते हैं। अल्लाह उसे दोस्त रखता है जो हुसैन का दोस्त है। जब शहजादा-ए-हजरत इमाम हुसैन की विलादत होती है, तब हजरत जिब्राईल नाजिल हुए और पैगंबरे खुदा को इमाम हुसैन की विलादत की मुबारकबाद पेश की। इसके बाद शहादत ए इमाम हुसैन की खबर सुनाई और पैगंबरे इस्लाम रोए। शहजादी फातिमा ने पूछा बाबा आप क्यों रो रहे हैं,

**मोहर्रम**

- जिक्रे इमाम हुसैन सुनना और सुनाना नबी ए करीम की सुन्नत
- जुलूस की सुरक्षा के मद्देनजर भारी तादाद में तैनात रही पुलिस

तब आपने बयान किया बेटी तेरे यहां बेटा हुआ। इसे मेरी उम्मत कर्बला के मैदान में तीन का भूखा और प्यासा शहीद करेगी इसलिए रो रहा हूं। कहा कि जिक्रे इमाम हुसैन सुनना और सुनाना दोनों नबी ए करीम की सुन्नत है।

**मेहंदी के जुलूस को पुलिस ने दी सलामी**

इमामबाड़ा खासबाग से मेहंदी का जुलूस निकलने पर पुलिस ने सलामी दी। इस दौरान भारी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे। जुलजनाह की जियारत करने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के काफी अकीदतमंद इमामबाड़ा खासबाग पहुंचे।

**इमामबाड़ा किला में हुई ख्वातीन की मजलिस**

इमामबाड़ा किला में शुक्रवार की शाम नईम मियां रिजवी के यहां ख्वातीन की मजलिस हुई। इसे राना जैदी ने खिताब किया। इससे पहले अनदलीब जैदी और उनके हमनवां ने मर्सिया पढ़ा।

मौलाना ने कहा कि कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन समेत उनके 72 साथियों को शहीद कर दिया गया।

इसके बाद यजीद की फौज ने इमाम हुसैन के कुनबे के बच्चों और बीबियों समेत चौथे इमाम हजरत जैनुलआबेदीन को कैदी बना लिया और कूफा ओ शाम के बाजारों में घुमाया। यह सुनकर अजादार जारो कतार रोए। असलम महमूद और इफ्तेखार महमूद उर्फ निक्कू ने नोहा पढ़ा- हये-हये बाबा-हये-हये बाबा, कहती थीं सुगरा नीर बहाकर हये-हये बाबा, हये-हये बाबा। जुलूस राहे जुल्फिकार, हाईवे, सीआरपीएफ होता हुआ आगापुर स्थित कर्बला पहुंचा। सुरक्षा के मद्देनजर भारी तादाद में पुलिस तैनात रही।

जुलजनाह के जुलूस में बेगम शाहबानो, नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां, शबाब हुसैन, हसीन मियां, कमल रिजवी, राशिद ऐजाज, मेहंदी हुसैन, शब्बर हुसैन, मंसूर मियां, बाबर हुसैन, आदिल हसनैन, रजा आब्दी आदि अकीदतमंद मौजूद रहे।



बच्चों के दांतों का परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

# शिविर में बच्चों को बताए दांतों को सुरक्षित रखने के उपाय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डॉक्टर सजल अग्रवाल ने परीक्षण के साथ ही सब बच्चों को दांतों को सुरक्षित रखने के उपाय भी बताए। विद्यार्थियों को दांतों की स्थिति के बारे में बताया।

भारत विकास परिषद की ओर से विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर फूटामहल में दंत शिविर लगा। इसमें डॉ. सजल अग्रवाल और डॉ. नैन्सी गोयल ने बच्चों के दांत चेक किए। इस मौके पर आकाश रस्तोगी, हर्षित रस्तोगी, सीए सजल अग्रवाल, शिवांगी अग्रवाल, आकाश रस्तोगी, राकेश कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार गुप्ता, सुषमा, रंजीता, पल्लवी चौहान, श्वेता, आरती, शालिनी सक्सेना, नंदिनी आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने बच्चों के लिए कुछ जरूरी वस्तुओं को दिलाने का आश्वासन दिया। शिविर में 115 विद्यार्थियों के दांतों का परीक्षण हुआ।

# प्याऊ लोगों के लिए उपयोगी : अनीता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रेडिको खेतान की सीएसआर चेयरपर्सन अनीता चौहान ने कहा कि रेडिको खेतान हमेशा जल संरक्षण, स्वच्छ जल प्रबंधन आदि के क्षेत्र में कार्य करता रहा है। रेडिको इन प्याऊ रख-रखाव को भी अपनी जिम्मेदारी मानता है। शीतल पानी के प्याऊ लोगों के लिए बहुत उपयोगी होते हैं।

रेडिको खेतान की सीएसआर चेयरपर्सन अनीता चौहान ने रामपुर नागरिक समाज के साथ मिलकर कुछ वर्षों में छह प्याऊ लगाए। इनमें फिल्टर के साथ शीतल जल की व्यवस्था है। उन्होंने रामपुर नागरिक समाज के अध्यक्ष सतीश भाटिया को चेक दिया। इस मौके पर अनीता चौहान ने कहा कि शीतल प्याऊ का उपयोग जल संसाधन के सुधार और समाज की सेवा में बहुत महत्वपूर्ण है। यह प्याऊ गर्मी के मौसम में लोगों को ठंडा और स्वास्थ्यप्रद जल देते हैं।



रामपुर नागरिक समाज के सतीश भाटिया को चेक देतीं अनीता चौहान।

- प्याऊ के रख रखाव के लिए रामपुर नागरिक समाज को दिया चेक

रेडिको खेतान के उपाध्यक्ष विकास सक्सेना ने कहा कि शीतल प्याऊ समाज के गरीब और असहाय लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी होते हैं। इन प्याऊ का उपयोग जल संसाधन की बचत और उपयोगिता को भी बढ़ाता है। रेडिको के उप महाप्रबंधक इंदरपाल सिंह ने कहा कि शीतल प्याऊ समाज में स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में योगदान करते हैं। कार्यक्रम में रेडिको खेतान के विकास सक्सेना, इंदरपाल सिंह, निमिष भरद्वाज एवं सन्दीप यादव उपस्थित रहे।

# सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं : एडीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह ने बताया कि यदि किसी को सांप डस ले तो घबराएं नहीं। जल्दबाजी में कोई ऐसा कदम ने उठाएं जिससे जान को खतरा हो।

बरसात के मौसम में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि सांप काटने पर सबसे पहले रोगी को आश्वस्त करें। लगभग 80 प्रतिशत सांप विषैले नहीं होते हैं। सांप के रंग व आकार को देखने और याद रखने की कोशिश करें। शरीर के प्रभावित हिस्से से अंगूठियों, घड़ी, आभूषण, जूते व तंग कपड़े हटा दें। प्रभावित हिस्से से रक्त की आपूर्ति न रुकने दें। सर्पदंश से प्रभावित अंग को स्थिर कर दें। पीड़ित को जितनी जल्दी हो सके नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र ले जाएं। पीड़ित का सिर ऊंचा करके लिटाएं या बैठाएं। घाव को तुरन्त साबुन या गर्म पानी से साफ करें। सांप काटने का समय नोट करें ताकि जरूरत पड़ने पर डॉक्टर को बता सकें। काटे हुए अंग को हृदय के लेवल से नीचे रखे। सांप के काटने पर बर्फ न लगाएं। क्योंकि बर्फ रक्त संचार को अवरुद्ध कर सकती है। मुंह से जहर चूसने का प्रयास न करें। शराब, कैफीन आदि न पियें। कोई दवा भी न लें। मोटे चमड़े के जूते पहने बिना लंबी घास से दूर रहें।

**बाहरी विशेषताओं के आधार पर विषैले सांपों की पहचान करना संभव : डॉ. दशरथ**

जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. दशरथ सिंह बताते हैं कि कोबरा एक विशिष्ट ध्वनि निकालता है। करैत के शरीर में सफेद और काले खंड होते हैं। वाइपर का सिर बड़े हीरे के आकार का होता है। विषैले सांपों के काटते समय अक्सर एक विशिष्ट निशान बनता है। विषैले सांप के काटने से अक्सर दो गोल बिंदु बनते हैं जो दो नुकीले दांतों के निशान होते हैं। जो सांप विषैले नहीं होते वह काटने के बाद अक्सर कई दांतों सहित एक पूरा गोल दांत छोड़ जाते हैं। कोबरा के विषैले दांत तीखे व नुकीले होते हैं। यह त्वचा पर स्पष्ट निशान छोड़ते हैं।

## 40.50 लाख में हुई दो दुकानों की नीलामी

**मसवासी, अमृत विचार :** सर्वहितकारी इंटर कॉलेज की दो दुकान 40.50 लाख रुपये में नीलाम की गईं। मझरा मार्ग स्थित अन्य चार दुकानों की बोली किसी कारणवश निरस्त कर दी गई।

शुक्रवार को सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में छह दुकानों की नीलामी होनी थी। बोलीदाता से जमानत राशि के रूप में एक लाख रुपए जमा कराए गए। इसमें 25 से अधिक बोलीदाताओं ने भाग लिया। स्वार-काशीपुर मुख्य मार्ग स्थित इंटर कॉलेज की दो दुकान वली अहद और मेघराज श्रीवास्तव के नाम 40.50 लाख रुपये में छोड़ दी गईं। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. अजय प्रकाश दीक्षित, प्रबंधक रेखा सक्सेना, लिपिक देवेंद्र कुमार गोयल, सहायक लिपिक देवेंद्र कुमार वर्मा, महमूद हसन, बख्तावर अली, राजेंद्र सागर आदि मौजूद रहे।



शिविर में बच्चों का परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

# रोटरी क्लब में लगा स्वास्थ्य शिविर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब की ओर से मंडल अध्यक्ष नीरव निमेष अग्रवाल के निर्देश पर कक्षा तीन से आठ तक के बच्चों के लिए आरोग्यम कार्यक्रम हुआ। इसमें श्री हरि शिशु निकेतन और सुंदर लाल इंटर कॉलेज के 168 बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया।

परीक्षण छह बिन्दुओं पर आधारित था। इसमें लम्बाई, वजन, हीमोग्लोबिन की मात्रा, पेट में कीड़े, आंखों की जांच, दांतों का परीक्षण किया गया। यह जांच वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षिता पूठिया एवं डॉ. क्षमा अग्रवाल, साहनी लायन्स आई हॉस्पिटल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. भारद्वाज ने की। कीड़ों की दवा वितरित की गई। बच्चों को फ्रूटी भी बांटी। कैंप में अमन अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल, अभिनीत अग्रवाल, संजीव सिंघल, शुभम सिंघल, शैलेंद्र विद्यार्थी, धीरेन्द्र अग्रवाल, पुष्पेंद्र अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अभिनव जिंदल, मयंक अग्रवाल, अखिलेश जिंदल, प्रदीप बंसल आदि मौजूद रहे।

# एसडीओ के आश्वासन पर किसानों का धरना खत्म

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** समस्याओं को लेकर चल रहा भाकियू भानु का धरना एसडीओ के आश्वासन पर समाप्त हो गया। एसडीओ महेंद्र सिंह ने किसानों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। दो समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। बाकी समस्याओं के जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। वहीं, वीर भगत सिंह युवा मोर्चा के अध्यक्ष रजत कुमार सिंह भी किसानों के धरने को समर्थन देने पहुंचे।

भाकियू भानू के जिला उपाध्यक्ष आकिल खां ने बताया कि बिजलीघर में धरने पर बैठे किसान समस्याओं को लेकर उत्तेजित हो गए और बेमियादी धरने की चेतावनी दे दी। इसकी जानकारी मिलने पर एसडीओ ने किसानों से वार्ता की।

**समझौता**

- एसडीओ ने मौके पर पहुंचकर सुनी किसानों की समस्याएं
- दो समस्याओं को मौके पर ही कर दिया गया निस्तारण

बताया कि दो समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी समस्याओं के जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि सिंचाई के लिए कोई समस्या आई तो भाकियू भानु एक अगस्त से बेमियादी धरना देगी।

इस मौके पर अमरपाल यादव, आकिल खां, झंडू सिंह, आकाश यादव, विद्या रामपाल, राकेश सिंह, रामनाथ मौर्य, वीरेंद्र सिंह यादव, अकरम खान, आरिफ खान, मुजफ्फर खान, कृष्णपाल, चंद्रपाल, सकरूद्दीन एवं अली सेन आदि मौजूद रहे।


**अनदेखी** — हादसों का कारण बनी हैं शहर में जगह-जगह तोड़कर छोड़ दी गईं पुलिया

# पुलिया सही नहीं होने से हो रहे हादसे, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बारिश के पानी के निकासी के लिए शहर में अधिकतर क्षेत्रों, चौराहों की पुलियों को तोड़कर छोड़ दिया गया है। इन टूटी पुलिया के कारण हादसे हो रहे हैं। लोगों के चोटिल होने की शिकायतें आ रही हैं। लेकिन नगर पालिका प्रशासन सुध नहीं ले रहा है।

शहर में जलभराव की समस्या होने पर आनन-फानन में पुलियों को तुड़वा दिया जिसके बाद पानी की निकासी हुई। जबकि, नालों की सफाई व्यवस्था पर पालिका प्रशासन की ओर से 60 लाख रुपये खर्च किए गए। इसके बाद भी शहरवासियों को जलभराव की समस्या से निजात नहीं मिल रही है। पिछले दिनों हुई बारिश में हाथीखाना चौराहा, जेल रोड, कचहरी रोड, सिविल लाइंस समेत



मस्जिद काले खां में तोड़ी गई पुलिया।

कई क्षेत्रों में जलभराव हुआ था। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए पालिका प्रशासन ने नालों पर बनी पुलिया तोड़ दीं। बाद में इन्हें ऐसे ही छोड़ दिया गया। इसके चलते रात में लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं।

मोहल्ला मस्जिद काले खां, पुराना गंज, राजद्वारा, पहाड़ी गेट, चाह खजान खां, बिलासपुर गेट, मोहल्ला झंडा, मौलवी साहब का मजार समेत कई क्षेत्रों की पुलिया तोड़कर छोड़ दी गई हैं।

सप्ताह भर पहले ही मस्जिद काले खां क्षेत्र में खास मस्जिद के पास पुलिया में एक युवक की बाइक फंस गई थी। इसमें वह बुरी तरह घायल हो गया था। डॉक्टरों को उसके सिर में सात टांके लगाने पड़े थे। इसके बावजूद पालिका प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है।



"मस्जिद काले खां में बीच चौराहे पर इतना बड़ा गड्ढा किसी को नहीं दिख रहा है। रात में हादसे हो रहे हैं। कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। - शाहवेज खां



"पुलिया तोड़ने से सड़कों पर खतरे बढ़ गए हैं। नगर पालिका को तुरंत इस ओर ध्यान देकर उचित कार्रवाई करनी चाहिए। - मोहम्मद आरिफ खां



"शहर में पुलिया को तोड़कर छोड़ दिया गया है। इससे लगातार हादसे हो रहे हैं। नालों पर लोहे के जाल लगाए जाएं। - हसन शाह



"नगर पालिका में कई बार शिकायत दर्ज कराई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसका खामियाजा लोग भुगत रहे हैं। - मंजूर खां

## सार-संक्षेप

### नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अध्यक्ष बने जफर

**रामपुर, अमृत विचार :** शासनादेश पर सभासदों को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का अध्यक्ष व सदस्य बनाया गया है। इसमें वार्ड 36, 41, 32 और 22 के सभासद शामिल हैं। एसीएमओ डॉ .ओपी आर्य ने सभी का फूल मालाओं से स्वागत किया। शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में एसीएमओ ने बताया कि शहरी क्षेत्र के अंतर्गत नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का वार्ड सभासद को सदस्य बनाया गया है। इसमें वार्ड 36 से मोहम्मद जफर को अध्यक्ष, वार्ड 41 बिलासपुर गेट से सदफ नाज, वार्ड 32 से सिंकदरपुर राजू, वार्ड 22 से हाजी शादाब को सदस्य बनाया गया है। सभी का फूल मालाओं से एसीएमओ ने स्वागत किया। इस मौके पर यासीन उर्फ गुड्डू, सरफराज उर्फ गुड्डू, मोहम्मद मुईन, मोहम्मद आसिफ, शाहवेज उर्फ डमडम, जिया-उर-रहमान उर्फ बाबू, तनवीर खान, गुफरान खान, खलील अहमद, वसीम अब्बासी, अजहर मियां, अलीम खान आदि मौजूद रहे।

### त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ में कल होगा पादुका पूजन

**रामपुर, अमृत विचार :** श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पीठाचार्य महायोगी डॉ. राधे श्याम वासन्तेय ने बताया कि शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा का पूजन रविवार की सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक होगा। सभी साधक शक्तिपीठ में गुरु परम शिव तथा मां ललिता तथा सद्गुरु बजरंग व गुरुश्री श्री भारतीय जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। पीठ में मां त्रिपुर सुंदरी के साथ आचार्य जितेंद्र चन्द्र भारतीय का भी विग्रह है। शक्तिपीठ ब्रह्मविद्या का भी केंद्र है।

### ट्रांसफार्मर न बदलने पर ग्रामीणों ने दी प्रदर्शन की चेतावनी

**धमोरा, अमृत विचार :** गुरुवार की रात कमोरा गांव में ट्रांसफार्मर फुंक गया। ग्राम प्रधान ने बिजलीघर और जेई को सूचना दी। उन्होंने रात में ही कर्मचारी भेजा। मगर आपूर्ति चालू न हो सकी। ग्रामीणों ने भी जेई से कहा लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं लग सका। लोगों ने दूसरे ट्रांसफार्मर से केबिल डालकर सप्लाई चालू कर ली है। ग्रामीणों ने जल्द ही ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। ट्रांसफार्मर न लगने पर उन्होंने प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

### पार्किंग स्थल पर लगे होर्डिंग उतरवाए

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नहर विभाग के उपखंड अधिकारी सलमान अहमद ने मुख्य चौराहे के समीप पार्किंग स्थल पर लगे होर्डिंग उतरवा दिए। दोबारा होर्डिंग न लगाने की चेतावनी दी। शुक्रवार की दोपहर उपखंड अधिकारी पालिका कर्मी विजय अनार्य आदि कर्मचारियों के साथ पार्किंग स्थल पर पहुंचे। उन्होंने पार्किंग में स्थित खंभों पर लगे होर्डिंग उतरवाकर जब्त कर लिए। लोगों को चेतावनी दी कि दोबारा पार्किंग स्थल पर होर्डिंग लगाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जनपद में दस हजार पौधे लगाएगी भाकियू : अजय

**मिलक, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की शुक्रवार को मिलक में कैंप कार्यालय पर पंचायत हुई। इसमें जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि जिले को हरा भरा बनाने के लिए भाकियू अराजनैतिक 20 जुलाई को गांव रास डंडिया में गुरु अमर महाराज मंदिर से पौधरोपण शुरू करेगी। भाकियू 10 हजार पौधे लगाकर पर्यावरण को सुंदर और संरक्षित करेगी। कहा कि गन्ना मूल्य बकाया भुगतान नहीं मिलने पर जिले और पूरे प्रदेश की समस्याओं को देखते हुए 22 जुलाई को लखनऊ में गन्ना आयुक्त का घेराव किया जाएगा। पंचायत में जिला प्रमुख सचिव प्रेमपाल सिंह, महेश बाबू गंगवार, हुकुम सिंह सागर, वीरेंद्र गंगवार, कुंवर सेन मौर्य, ओमकार मौर्य, शबाब वारसी आदि मौजूद रहे।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्कूल में किया पौधरोपण

**सैफनी, अमृत विचार :** नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खां ने शुक्रवार को शांति देवी उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापक मनोज शर्मा ने छात्र-छात्राओं को बताया कि पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए हमें प्रतिवर्ष पौधरोपण करना चाहिए। इस मौके पर बच्चों के साथ अध्यापक,अध्यापिकाएं और नगर पंचायत कर्मी विजय कुमार, अरशद अली, शाजेब मियां, अनीक कुमार आदि उपस्थित रहे।

### नियमित रूप से करें जल संरक्षण : डॉ. शालू

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में भूजल सप्ताह के तहत शुक्रवार को छात्राओं को जल के महत्व की जानकारी दी और शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने कहा कि छात्राओं को नियमित रूप से जल संरक्षण करना चाहिए। क्योंकि जल जीवन का आधार है। यदि जल नहीं बचाओगे तो भविष्य में जल पीने को भी नहीं बचेगा। इस अवसर पर शमीम खान, रेणु देवी, कल्पना सिंह, पूजा, नाजिया, बबीता गुप्ता, सल्तनत खान, खदीजा, अफीफा, तबस्सुम, राकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, नितिन कुमार, बाबू, राशिद खान, राधा, सुनीता आदि मौजूद रहीं।

### धूम्रपान करने वालों से 1000 रुपये जुर्माना वसूला

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ ने कोटपा अधिनियम के तहत जिला अस्पताल में धूम्रपान करने वाले 10 लोगों से 1000 रुपये का जुर्माना वसूला। इसके अलावा दो विक्रेताओं के यहां धारा 6 व 4 का उल्लंघन पाया गया। इसमें जुर्माने की कार्रवाई भी की गई। अभियान से अन्य दुकानदारों में खलबली मची रही। शुक्रवार को जिला अस्पताल में तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के तहत गोष्ठी हुई। इसमें जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन ने कहा कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पुलिस स्टेशन, शॉपिंग मॉल, कोर्ट परिसर व चिकित्सालय में धूम्रपान निषेध है। इससे स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। इसलिए धूम्रपान न करें। सीएमएस डॉ. एचके मित्रा ने कर्मचारियों को धूम्रपान न करने की शपथ दिलाई।

### डग्गामार वाहनों पर रोक लगाने की मांग

**शाहबाद, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि शाहबाद-बिलारी मार्ग पर डग्गामार वाहन बिना परमिट के दौड़ रहे हैं। इन पर रोक लगाई जाए, अन्यथा भाकियू अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेगी। शुक्रवार को भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता एकत्र होकर क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने क्षेत्राधिकारी संगम कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा ऑटो एवं थ्री व्हीलर चालकों को परेशान किया जा रहा है। किसानों ने कहा कि शाहबाद-बिलारी मार्ग पर बिना परमिट बसें चल रही हैं। इन पर भी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश सचिव दरियाव सिंह, प्रमोद कुमार, सतेंद्र सिंह गामा, इमरान, नाजिम, बब्लू सिंह, बंटी, रतनजीत, कुलदीप, रोहित एवं मोहित आदि शामिल रहे।

### दूसरे दिन भी दरगाह पर अकीदतमंदों ने की चादरपोशी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** हजरत अहमद अली शाह उर्फ दादा मियां की दरगाह पर शुरू हुए तीन दिवसीय सालाना उर्स के दूसरे दिन भी भारी संख्या में दूर-दराज से अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर दुआएं मांगी। तहसील क्षेत्र के भटपुरा तारन गांव में हजरत अहमद अली शाह उर्फ दादा मियां की दरगाह पर मोहर्रम की ग्यारह तारीख से शुरू हुए सालाना तीन दिवसीय उर्स व मेले के दूसरे दिन शुक्रवार को दरगाह परिसर में कुल शरीफ हुआ। इसके बाद नातिया कलाम और उलमा ने हजरत की विलादत और विसाल से रूबरू कराया। इसके बाद मुल्क व कौम की सलामती व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। दरगाह के सज्जादानशीन हजरत अजीज मियां व अहमद मियां ने बताया कि तीन दिवसीय सालाना उर्स व मेले में दूर-दराज से आने वाले अकीदतमंद काफी संख्या में पहुंचते हैं। उनके लिए खास बंदोबस्त किए जाते हैं। उर्स के मौके पर दरगाह को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया है।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल

**शाहबाद, अमृत विचार :** बदायूं के सीकरी निवासी अरविन्द शाहबाद आ रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में वह जख्मी हो गए। वहीं कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदपुरा सालिस निवासी रिंकू सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## एक नजर

### 2027 में जनता साफ कर देगी भाजपा की नफरत

**संभल अमृत विचार :** असमोली विधानसभा क्षेत्र से सपा की विधायक पिंकी यादव ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में जगह-जगह दुकानों पर बोर्ड लगान के पुलिस अधीक्षक का आदेश असंवैधानिक है। बेहद आपत्तिजनक है। 2024 से भाजपा ने नहीं सीखा है। भाजपा का आगे का एजेंडा भी स्पष्ट हो गया है। ये हिंदू मुस्लिम करते रहेंगे, इसलिए 2027 में जनता इनकी नफरत को साफ कर देगी। उन्होंने कहा कि हिंदू मुस्लिम आपस में एक दूसरे के गले मिलते हैं। एक दूसरे के त्योहार पर एक-दूसरे को बधाई देते हैं।

### भाकियू का बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन आज

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले 20 जुलाई को खिरनी बिजलीघर पर बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए संगठन के पदाधिकारियों ने गांव खिरनी, अझरा, ततारपुर, सारंगपुर, नारंगपुर, रुदायन, रायपुर, मूसापुर आदि में किसानों से जनसंपर्क किया। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने बताया कि अगर धरनास्थल पर दोपहर 2 बजे तक कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचे तो किसान रोड जाम आदि का भी निर्णय ले सकते हैं।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर होगा भव्य कार्यक्रम

**संभल/सौंधन अमृत विचार :** यादव युवा संघ ने खिरनी में स्थित आरएस स्कूल में बैठक कली। जिसमें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर कार्यक्रम आयोजन को लेकर मंथन किया गया। बैठक में जन्माष्टमी के भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान जीतपाल यादव, धर्म सिंह यादव, उमेश यादव, चंद्रकेश यादव आदि रहे।

### देवर ने की छेड़छाड़

**मनोटा अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला घर में साफ सफाई कर रही थी। तभी महिला का देवर पहुंच गया। आरोप है कि देवर ने महिला से छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला ने विरोध किया और शोर मचाया तो शोर शराबा सुनकर उसका पति आ गया। देवर ने महिला के पति के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। महिला ने पुलिस को छेड़छाड़ और मारपीट की तहरीर देते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई।

# कांवड़ यात्रा:बदले मार्गों पर दौड़ेंगे वाहन

## यातायात पुलिस ने बनाया प्लान, प्रत्येक शनिवार से सोमवार को शाम तक रहेगा डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सावन में प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर पुलिस ने यातायात को लेकर रूट डायवर्जन लागू कर दिया है। कांवड़ियों के आवागमन को लेकर प्रत्येक शनिवार को सुबह 8 बजे से सोमवार को शाम 6 बजे तक रूट डायवर्ट रहेगा।

यातायात प्रभारी अनुज कुमार मलिक के अनुसार, मुरादाबाद की तरफ से संभल होकर दिल्ली जाने वाला यातायात चौधरी सराय चौकी से कमालपुर पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण हैवी ट्रैफिक (कंटेनर, कैंटर, बस, ट्रक) खिरनी तिराहा से आदमपुर, रेहरा, गवां, केसरपुर तिराहा, रजपुरा, नूरपुर तिराहा, इंदिरा चौक बबराला, नेहरू चौक गुन्नौर, नरौरा पुल से गंतव्य की ओर बढ़ेगा। मुरादाबाद की ओर से चंदौस होकर दिल्ली, अलीगढ़, आगरा जाने वाले यातायात को बिलारी सिरसी तिराहा से हजरतनगर गढ़ी, सिरसी-बिलारी तिराहा से संभल में चौधरी सराय चौकी से वाया खिरनी तिराहा, आदमपुर, रेहरा, गवां, केसरपुर तिराहा, रजपुरा, नूरपुर तिराहा, इंदिरा चौक बबराला, नेहरू चौक गुन्नौर, नरौरा पुल होकर बढ़ाया जाएगा। बदायूं से चंदौसी होकर दिल्ली, अलीगढ़, आगरा जाने वाला यातायात चंदौसी में धन्नूमल तिराहा से चंदौसी बाईपास, सिम्स कॉलेज बाईपास, संभल तिराहा, चंदौसी, संभल में चौधरी सराय चौकी से वाया खिरनी तिराहा, आदमपुर, रेहरा, गवां, केसरपुर तिराहा, रजपुरा, नूरपुर तिराहा, इंदिरा चौक बबराला, नेहरू चौक गुन्नौर, नरौरा पुल होकर बढ़ेगा। इस्लामनगर मार्ग से बदायूं से बहजोई होकर दिल्ली एवं अलीगढ़ जाने वाला यातायात बहजोई में इस्लामनगर चौराहा से संभल तिराहा, बहजोई से बहटा जयसिंह चौराहा, टिक्टा रोड, रजपुरा, नूरपुर तिराहा, इंदिरा चौक बबराला से नेहरू चौक गुन्नौर, नरौरा पुल होकर बढ़ेगा। दिल्ली और अलीगढ़ से नरौरा पुल होकर चंदौसी संभल, मुरादाबाद जाने वाले यातायात को नरौरा पुल से नेहरू चौक गुन्नौर, इंदिरा चौक बबराला, टी प्वाइंट पुलिस चौकी, केसरपुर तिराहा, गवां, रेहरा तिराहा, रेहरा आदमपुर, खिरनी तिराहा से संभल होकर निकाला जाएगा। दिल्ली, अलीगढ़, नरौरा पुल की ओर से बरेली, शाहजहांपुर, लखनऊ की तरफ जाने वाले यातायात को नेहरू चौक गुन्नौर से सहसवान, बदायूं होते हुए बरेली, शाहजहांपुर, लखनऊ को भेजा जाएगा। सहसवान, बदायूं की ओर से आने वाला यातायात जो दिल्ली की ओर जाएगा वह यातायात नेहरू चौक गुन्नौर से नरौरा पुल होकर आगे बढ़ेगा।

### इन मार्गों पर प्रतिबंधित रहेगा यातायात

**संभल अमृत विचार :** चंदौसी से राजघाट बबराला मार्ग पर बहजोई, पाठकपुर, धनारी, कैल, इंदिरा चौक, बबराला, राजघाट तक किसी भी प्रकार के भारी व्यावसायिक वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जोया मार्ग पर मनोटा पुल से असमोली, संभल तथा संभल से पातालेश्वर मंदिर से बहजोई मार्ग पर किसी तरह के भारी व्यावसायिक वाहनों का आवागमन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। चौधरी सराय चौराहा संभल से सैदनगली, हसनपुर, गजरौला मार्ग पर किसी तरह के व्यावसायिक वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।

### वन वे होगा वाहनों का आवागमन

**संभल अमृत विचार :** इंदिरा चौक बबराला से नूरपुर तिराहा रजपुरा मार्ग पर भारी व्यावसायिक वाहन सिंगल वन वे मार्ग पर ही आवागमन करेंगे। यातायात पुलिस ने राधा गोविंद इंस्टीट्यूट के पास, गंगा एक्सप्रेस वे ग्राउंड के पास खिरनी तिराहा, रजपुरा शुगर मिल, कृषि उत्पादन मंडी बबराला, बड़ा मैदान बहजोई में पार्किंग व्यवस्था की है।

# संवरने लगे घाट, योग पार्क में ठहरेंगे कांवड़िये

संवाददाता, बबराला


कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर चेयरमैन हर्ष वर्धन से चर्चा करते डीएम व एसपी।

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर राजघाट गंगा घाट पर व्यवस्थाओं को तेजी से बनया जा रहा है। सड़क से घाट तक सीसी रोड डाला जा रहा है। घाट पर प्रकाश व्यवस्था के साथ ही धर्मशाला के पीछे गड्ढों को पाटा जा रहा है।

नगर पंचायत के ट्रैक्टर और जेसीबी चंदौसी वाली धर्मशाला के पिछवाड़े गहरे गड्ढों में मिट्टी डाल कर समतल करने में जुटे हैं। बबराला में राजघाट रोड पर आईटीआई के पास रोडवेज बस अड्डे पर विकसित योग पार्क में नगर पंचायत द्वारा कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए शिविर लगाने की तैयारी की जा रही है। ताकि श्रावण मास में पवित्र गंगाजल लेने राजघाट आने वाले शिव भगत यहां विश्राम कर सकें। गुरुवार को रात डीएम ने भी अस्थायी योग पार्क का निरीक्षण किया था। शिविर में आने वाले हर शिवभक्तों के लिए खाने, सोने, आराम करने, नहाने जैसी अन्य सुविधाओं का विशेष प्रबंध किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने बताया कि कांवड़ियों के लिए शिविर में दवाईयों का भी विशेष प्रबंध होगा, जिससे आवश्यक होने पर कांवड़ियों को प्राथमिक मेडिकल उपचार दिया जा सके। स्वच्छता अभियान को देखते हुए शिविर में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने बताया कि इसमें नगर के प्रबुद्धजनों से भी सहयोग मांगा जा रहा है।

### शिव मंदिरों पर तैयारी शुरू

**संभल अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को लेकर संभल क्षेत्र के मंदिरों में भी इंतजाम शुरू हो गए हैं। नगर के सूर्यकुंड तीर्थ मंदिर, बहजोई मार्ग पर सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, फतेहपुर भाऊ के प्रकटेश्वर महादेव मंदिर के अलावा बहजोई के सादात बाड़ी में स्थित शिव मंदिर पर साफ सफाई के साथ ही कांवड़ियों के ठहरने को लेकर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने बताया कि कांवड़ियों के लिए रूट तय किए गए हैं। जिन रास्तों से कांवड़ियों का आगमन होगा वहां पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी। कांवड़ियों को सुरक्षा के बीच निकाला जाएगा।

# मक्का बेचने गए ग्रामीण की ट्रैक्टर ट्राली से गिरकर मौत

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** बहजोई थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली में रखा लकड़ी का जाल पेड़ में फंसा तो जाल के साथ ट्राली से नीचे गिरकर ग्रामीण की मौत हो गई। ग्रामीण की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीण बहजोई सब्जी मंडी में मक्का बेचने गया था।

थाना क्षेत्र के गांव अतरासी निवासी पृथी सिंह 55 वर्ष गुरुवार को किराये का ट्रैक्टर ट्राली में लादकर बहजोई मंडी में मक्का बेचने गया था। वापस आते समय पृथी सिंह ने पालीथिन डालकर छप्पर बनाने के लिए लकड़ी का जाल खरीदा और ट्राली में रखकर जाल को पकड़ लिया। ट्रैक्टर चालक घर आते समय ट्रैक्टर ट्राली के लेकर जैसे ही संभल बहजोई मार्ग पर गांव परतापुर के पास पहुंचा तो जाल सड़क किनारे खड़े पेड़ में फंस गया। जिससे जाल के साथ ही ट्राली से नीचे गिरकर पृथी सिंह घायल हो गया। चालक ने उपचार के लिए पृथी सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने पृथी सिंह को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां डॉक्टर ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया।

### खेलते समय थ्रेसर से गिरकर बालक घायल

**संभल, अमृत विचार :** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव मिलक सिरसी निवासी इंतजार का 9 वर्षीय बेटा अरशान शुक्रवार की सुबह दस बजे घर के पास खडी थ्रेसर के ऊपर चढ़कर खेल रहा था। अचानक अरशान का संतुलन बिगड़ गया। इससे पहले अरशान अपने आप को संभाल पाता। अरशान थ्रेसर के ऊपर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# पुलिस पर हमला करने वालों की संपत्ति होगी कुर्क, घरों पर नोटिस चस्पा

कार्यालय संवाददाता, संभल


रसूलपुर धतरा गांव में कुर्की का नोटिस चस्पा करती पुलिस। ● अमृत विचार

- गैंगस्टर को छुड़ाने के लिए रसूलपुर धतरा गांव में महिला व पुरुषों ने किया था हमला

**अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र में पुलिस पर हमला कर गैंगस्टर आरोपी को छुड़ाने के मामले में फरार आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। अदालत के आदेश पर पुलिस ने फरार आरोपियों के घरों पर कुर्की के नोटिस चस्पा कर दिये। नोटिस में कहा गया है कि आरोपियों ने आत्मसमर्पण नहीं किया तो उनकी संपत्ति कुर्क कर ली जायेगी। हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा गांव में बुलंदशहर जिले के थाना औरंगाबाद से गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे रिहान को पकड़ने के लिए 27 जून की रात को हयातनगर व बुलंदशहर पुलिस रसूलपुर धतरा गांव गई तो वहां रिहान के पकड़ में आते ही परिजनों ने मुहल्ला के लोगों के साथ मिलकर पुलिस कर्मियों ने मारपीट व पथराव करते हुए रिहान को छुड़ा लिया था। पुलिस ने 19 नामजद व 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इस मामले में अधिकांश आरोपी फरार चल हैं। पुलिस ने अदालत ने आरोपियों की कुर्की का आदेश देने का आग्रह किया था। फिलहाल अदालत ने कुर्की का नोटिस जारी किया है। शुक्रवार को पुलिस रसूलपुर धतरा पहुंची और वांछित चल रहे आरोपियों के घरों पर नोटिस चस्पा किया। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि फरार चल रहे लोगों के घरों पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया गया है। गिरफ्तारी नहीं होने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप


चीनी मिल में किसानों व मिल कर्मचारियों को जानकारी देते जिला गन्ना अधिकारी।

### गांवों में गन्ना सर्वे का सट्टा प्रदर्शन आज से होगा शुरू

**संभल, अमृत विचार :** डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में जिला गन्ना अधिकारी की अध्यक्षता में किसानों को सट्टा प्रदर्शन में 63 कॉलम की खतौनी से प्रदर्शन के बारे में जानकारी दी गई। सट्टा प्रदर्शन का कार्यक्रम पम्फलेट, बैनर, सोशल मीडिया, प्रचार वाहन के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए। सट्टा प्रदर्शन 20 जुलाई से शुरू होगा। प्रशिक्षण में बताया कि सट्टा प्रदर्शन टीम गांव में जाकर किसानों के सर्वे एवं सट्टे से संबंधित सूचनाएं दिखाएगी। जिसमें किसान के सट्टे से संबंधित जानकारी पौधा के प्लाटों का पारिवारिक बंटवारा, जमीन संबंधित संशोधन, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, सप्लाई मोड, बेसिक कोटा, कुल गन्ना क्षेत्रफल आदि के आंकड़ों का प्रदर्शन किया जाएगा। अगर किसान की कोई आपत्ति हो तो आवेदन पत्र लेकर जांच के बाद सही करा ले। ट्रांसफर एंट्री राजस्व अभिलेख के आधार पर नियमानुसार किया जाए। किसानों को प्रदर्शन दिखाने के बाद हस्ताक्षर कराए जाएंगे। इस दौरान ज्येष्ट गन्ना निरीक्षक रजपुरा, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति रजपुरा, चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना इकबाल सिंह, आईटी हेड संजीव कुमार आदि रहे।


पौधारोपण करते एसडीएम दीपक चौधरी, चेयरमैन हर्ष वर्धन व अन्य।

### पौधरोपण के बाद देखभाल की जिम्मेदारी भी निभायें

**बबराला, अमृत विचार :** 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शुक्रवार को नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय की अगुवाई में इंदिरा चौक से गुन्नौर मार्ग पर सड़क के बीच डिवाइडर पर वृहद पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में पहुंचे एसडीएम दीपक चौधरी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम लगाकर अपनी मां की याद को चिर स्थायी बनाएं और धरती मां को भी सवारें। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के बाद वृक्षों की उचित देखभाल भी की जाए, तभी अभियान की सार्थकता सिद्ध होगी। अभियान के तहत इंदिरा चौक से मंडी समिति तक सड़क के डिवाइडर पर विभिन्न प्रजातियों के छायादार पौधे लगाए गए। इस दौरान भाजपा नेता दीपक यादव, ईओ अमरेश तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय, व्यापारी नेता राजीव गोयल उर्फ गुड्डू, विवेक वार्ष्णेय एडवोकेट, राम अवतार, सोरन सिंह, प्रशांत वार्ष्णेय, कैलाश तिवारी, योगेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बहजोई, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुड़े पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश प्रमुख महासचिव बृजेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर वंदना सिंह को ज्ञापन देकर कहा कि जनपद में खाद बीज की प्राइवेट दुकानों पर किसानों का शोषण किया जा रहा है। खाद, बीज व दवाइयां ओवर रेट बेची जा रही हैं। कहा कि जनपद में बिजली घरों की ओवरलोडिंग की समस्याओं के कारण सुचारू रूप से लाइट नहीं मिलने से किसान बहुत परेशान हैं। धान की रोपाई भी नहीं हो पा रही है। जनपद में राशन डीलर प्रत्येक कार्ड धारक को एक यूनिट पर एक किलो राशन कम दे रहे हैं। कहा कि किसान दिवस नियमित रूप से नहीं हो पा रहा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह, मंडल महासचिव मुकेश यादव, जबर सिंह यादव, उदयवीर सिंह यादव, महेश यादव, देवन यादव, रामवीर सिंह, राज्यपाल सिंह, अमर सिंह राजपूत, मिथिलेश शास्त्री मौजूद रहे।


प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित की गई शिलाओं को देखते डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया।

### कल्कि धाम में डीएम ने देखीं शिलाएं

**संभल, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया शुक्रवार सुबह को कल्कि धाम ऐंचोड़ा कंबोह पहुंचे। जिलाधिकारी ने वहां शिलाओं का दर्शन व पूजन भी किया। शुक्रवार को सुबह आठ बजे जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया कल्कि धाम शिलान्यास स्थल पर पहुंचे। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्थापित शिलाओं का दर्शन किया गया। इसके बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम से वार्ता की। इस अवसर पर श्री कल्कि धाम द्वारा जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# अजादारों ने अंगारों पर किया मातम

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी


सिरसी में अंगारों पर चलकर मातम करते शिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सिरसी में या हुसैन या हुसैन की सदाओं के बीच इमाम हुसैन के सोयम मेहंदी का कदीमी जुलूस निकाला गया। जिसमें अंजुमने जुल्फकारे हैदरी ने दहकते अंगारों पर चलकर और जंजीर का मातम किया।

शुक्रवार को मुहल्ला शर्की इमाम बारगाह सादात से अंजुमने जुल्फकारे हैदरी की ओर से मेहंदी का कदीमी जुलूस निकला। जिसमें अंजुमन जुल्फकारे हैदरी, गुलदस्ते हैदरी, हाशमी, हैदरी, गुलजारे हुसैनी, अंजुमन पन्जेतनी और अंजुमन हुसैनी ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। इमाम बारगाह के सामने जोरदार जंजीरी मातम हुआ। इस बीच या हुसैन या हुसैन की सदाएं बुलंद होती रहीं।

जंजीरी मातम के बाद मस्जिद सादात के सामने अजादारों ने दहकते हुए अंगारों पर मातम किया।

आग पर मातम से पूर्व मातमदारों ने जुलजुनाह व ताबूत की ज्यारत की और या हुसैन या हुसैन कहते हुए अंगारों पर चल दिए। जुलूस शाम को कर्बला सादात पहुंचा। मौलाना मंजूर आलम जाफरी ने हदीस पढ़ी। इस दौरान मौलाना हुसैन रजा, मौलाना हुसैन अब्बास, मौलाना आफाक आलम, मौलाना जमाल अब्बास, मौलाना असगर अब्बास, मुज्तबा हसन, हसन मेहंदी, नवाब आलम, अंसार हुसैन, शबी अब्बास आदि मौजूद रहे।

### झोपड़ी में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में युवक का शव खेत पर बनी झोपड़ी में बल्ली के सहारे फंदे से लटका मिला। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की।

थाना क्षेत्र के गांव चाऊपुर डांडा निवासी छोटे (28 वर्ष) पुत्र कल्लू अकसर खेत पर बनी झोपड़ी पर रहता था। शुक्रवार को सुबह छोटे घर से निकला। दोपहर में छोटे का शव गांव के बाहर खेत पर बनी झोपड़ी में बल्ली के सहारे फंदे से लटका हुआ मिला। जिसके बाद लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# घरेलू कलह में युवक ने फंदे से लटककर दी जान

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

- खेती के साथ ही दिल्ली में फल बेचने का काम करता था युवक
- दादी का देहांत होने पर आया था घर, भाई की मांग पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में घरेलू कलह के चलते युवक ने फंदे से लटककर जान दे दी। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। युवक के भाई की मांग पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के गांव खेरिया रुद्र निवासी राजेश कुमार (25 वर्ष) खेतीबाड़ी करने के साथ-साथ दिल्ली में रहकर फल बेचने का काम करता था। 16 जुलाई को दादी का देहांत होने पर राजेश कुमार घर आया था। राजेश कुमार का किसी बात को लेकर परिवार में विवाद भी चल रहा था। गुरुवार को राज राजेश कुमार, पत्नी ओमश्री और दो बच्चों के साथ कमरे में सोया था। शुक्रवार को सुबह 5 बजे ओमश्री पशुओं को चारा डालने के लिए गई जबकि राजेश कुमार के छोटे भाई भुवनेश की पत्नी ज्योति घर के आंगन में झाड़ू लगाने लगी। तभी कमरे में किसी सामान गिरने की आवाज आई। ज्योति तुरंत राजेश कुमार के कमरे पर पहुंची तो नजारा देखकर होश उड़ गए।

राजेश कुमार पंखे में गमछा बांध कर फंदे से लटक रहा था। शोर मचाने पर भुवनेश और मुहल्ले के लोग पहुंच गए। तुरंत राजेश कुमार को फंदे से नीचे उतारा और उपचार के लिए ले जाने लगे लेकिन राजेश कुमार ने दम तोड़ दिया।

# पांच स्कूलों के वाहन मानक के अनुरूप नहीं मिले, नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, संभल

- एआरटीओ प्रवर्तन ने बहजोई में 64 स्कूली वाहनों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। पांच वाहन मानक के अनुरूप नहीं मिले तो नोटिस जारी किए।

एआरटीओ प्रवर्तन जेपी गुप्ता ने शुक्रवार को भगत जी इंटरनेशनल स्कूल बहजोई, सिल्वर स्टोन स्कूल बहजोई, एंग्लो वैदिक स्कूल बहजोई के स्कूली वाहनों का निरीक्षण किया। जिसमें 64 स्कूली वाहनों को चेक गया और इनमें से पांच वाहन मानक के अनुरूप नहीं मिले तो नोटिस जारी कर मानकों को पूरा कराने के निर्देश दिए। जिनमें वाहन में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरे, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, स्पीड लिमिट डिवाइस आदि के निर्देश दिए। कहा कि मार्ग पर चेकिंग के दौरान वाहन स्कूली मानक के अनुरूप नहीं मिला तो प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ प्रवर्तन ने स्कूल प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य को स्कूली वाहनों के प्रपत्र जैसे फिटनेस, बीमा, प्रदूषण, चालक लाइसेंस, परमिट प्रमाण पत्र पूर्ण कराकर ही वाहन का संचालन करने को कहा।

### 22 जुलाई को लगेगा संपूर्ण समाधान दिवस

**संभल, अमृत विचार :** शासनादेश के तहत पौधरोपण अभियान के अंतर्गत 20 जुलाई को 36.50 करोड़ पौधरोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। विशेष सचिव शासन राजस्व अनुभाग - 4 के पत्र से जानकारी मिली है कि संपूर्ण समाधान दिवस 20 जुलाई के स्थान पर 22 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। कहा है कि संभल जिले में संपूर्ण समाधान दिवस 20 जुलाई के स्थान पर 22 जुलाई को आयोजित किया जाएगा।

### चोरों ने दिनदहाड़े किसान के घर से समेटा 50 हजार का सामान

**मनोटा अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में चोरों ने दिनदहाड़े किसान के सूने घर से नकदी समेत 50 हजार रुपये का माल साफ कर दिया। किसान ने पुलिस को तहरीर दी।

थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर नवादा निवासी ओमवीर पुत्र खचेड़ू शुक्रवार को सुबह परिजनों के साथ धान की रोपाई करने के लिए खेत पर गया। घर पर कोई नहीं था। इस बीच चोर घर में घुस गए और माल समेट लिया। ओमवीर किसी काम से घर आया तो सामान बिखरा हुआ देखकर होश उड़ गए। ओमवीर ने खेत पर काम कर रहे परिजनों को फोन करके जानकारी दी। जिसके बाद परिजन घर पहुंच गए। ओमवीर ने बताया घर में रखे 10 हजार रुपये, सोने-चांदी के जेवर समेत 50 हजार रुपये का माल चोर ले गए। ओमवीर ने असमोली थाना पुलिस को तहरीर दी।

# बिना मान्यता संचालित 30 स्कूलों को कराया बंद

संवाददाता, बहजोई

- अवैध रूप से स्कूल संचालित करने को लेकर संचालक पर होगी रिपोर्ट
- शिक्षा निदेशक के आदेश के बाद हरकत में आया बेसिक शिक्षा विभाग

**अमृत विचार:** शिक्षा निदेशक के आदेश के बाद हरकत में आए बेसिक शिक्षा विभाग ने जनपद में अवैध रूप से चल रहे में स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। बिना मान्यता संचालित 30 स्कूलों को नोटिस जारी कर बंद करा दिया गया है।

शिक्षा सत्र शुरू होते ही शहर से लेकर गांव तक नए स्कूल खोलने की होड़ मच जाती है। लोग मानक, मान्यता की परवाह किए बिना मकानों, दुकानों ऐसी बिल्डिंगों में स्कूल चलाते हैं जिनमें मानकों की धज्जियां उड़ती हुई साफ दिखाई देती हैं। कम शिक्षित बेरोजगार युवकों को बेहद ही कम पैसों में शिक्षक के रूप में तैनात कर देते हैं। वह बच्चों को ठीक तरीके से शिक्षा भी नहीं दे पाते हैं। अब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अवैध रूप से गली मोहल्लों व गांवों में संचालित स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। पड़ताल कराई तो जनपद में 30 अमान्य विद्यालय मिले। इनके संचालकों को नोटिस देकर इन्हें बंद करा दिया गया है। वहीं बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों के खिलाफ जांच कर और बड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

> अगर कहीं बिना मान्यता के स्कूल संचालित हो रहे हैं। उनका डाटा गूगल फार्म पर पंचायत स्तर पर प्रधानाध्यापक द्वारा फीड कराया जा रहा है। अमान्य स्कूल मिलने पर स्कूल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। -अल्का शर्मा, बीएसए

### शिक्षामित्रों के मानदेय वृद्धि को लेकर की चर्चा

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार:** आदर्श समायोजित शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पंवासा विकासखंड क्षेत्र के गांव सौंधन में स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बैठक का आयोजन किया। बैठक में जिलाध्यक्ष श्री राम सैनी ने कहा कि सरकार की ओर से शिक्षामित्रों को 10 हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है। जिसमें सात वर्ष बीतने के बाद भी शिक्षामित्रों के मानदेय में कोई बढ़त्तोरी नहीं की गई है। बढ़ती महंगाई के चलते शिक्षामित्र अपने परिवार का इतने मानदेय में गुजारा भी नहीं कर पा रहे हैं। जबकि शिक्षकों को 70 हजार रुपये एक लाख रुपये तक का वेतनमान दिया जा रहा है। कहा कि मानदेय वृद्धि को लेकर शिक्षामित्र 22 जुलाई को धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपेंगे। इस दौरान सुखबीर सिंह, महीपाल सिंह, राकेश, संगीता सहित अन्य शिक्षामित्र मौजूद रहे।

## एक नजर

### तीन माह से बेटे को पाने के लिए भटक रही मां

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव चंडरौआ निवासी महिला सियापून पत्नी साबिर अली ने गांव के ही तीन लोगों द्वारा तंत्र विद्या करके परिवार को डरा धमका कर नवजात शिशु को महिला से लेकर मुरादाबाद निवासी महिला को दे दिया है। पीड़िता ने बताया कि बेटे को पाने के लिए कई बार उक्त लोगों से कहा है। लेकिन वह लोग बार-बार परिवार को तंत्र विद्या द्वारा तबाह करने की धमकी दे रहे हैं। महिला ने शुक्रवार को थाना पुलिस को तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई है।

### रुपये मांगने पर किया धारदार हथियार से हमला

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव घुंघावली निवासी शुऐब खान ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि एक सप्ताह पहले गांव के ही इमरान ने 22,000 रुपये एडवांस लिए थे। शुक्रवार को घर पहुंचकर शुऐब खान रुपये लेने इमरान के घर गया था। आरोप है कि रुपये मांगने पर इमरान गाली गलौज करने लगा। विरोध किया को इमरान ने अपने पिता के साथ मिलकर शुऐब खान के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

### वाहन में मिट्टी लगी देख चालक से मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भवानीपुर निवासी चालक पुष्पपाल सिंह मंडी किशनदास सराय में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में स्कूल बस चलाता है। फतेहपुर निवासी राहुल भी स्कूल में वाहन चलाता है। शुक्रवार को पुष्पपाल सिंह का वाहन खराब हो गया। शिक्षक के कहने पर पुष्पपाल सिंह पौधे लाने के लिए राहुल का वाहन लेकर चला गया। पुष्पपाल पौधे लेकर वापस स्कूल आया तो वाहन में मिट्टी देखकर राहुल गाली गलौज की और हमलाकर पुष्पपाल को घायल कर दिया।

### चारा लेने जा रही महिला से मारपीट, दी तहरीर

**धनारी अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव आर्थल निवासी सोमवती पत्नी राजेश ने पुलिस को तहरीर दी। कहा कि शुक्रवार को सुबह 7 बजे वह पशुओं के लिए हरा चारा लेने के जंगल में जा रही थी। रास्ते में तीन लोगों ने रोककर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जिससे महिला घायल हो गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

# डीआईओएस के लिए भी नहीं खोला स्कूल का गेट

## ओपीजीएम स्कूल में इंप्रूवमेंट परीक्षा देने 20 मिनट देरी से पहुंची छात्रा को लौटाया, अभिभावकों ने किया हंगामा

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**



ओपीजीएम स्कूल के गेट पर डीआईओएस से शिकायत करते छात्रा के परिजन।

- डीआईओएस के कहने पर भी छात्रा को नहीं दी परीक्षा देने की अनुमति
- परीक्षा के बाद अभिभावक प्रधानाचार्य से मिले, इसके बाद घर चले गए

**अमृत विचार:** ओपीजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंप्रूवमेंट परीक्षा थी। शुक्रवार की सुबह 10.20 बजे हाईस्कूल की छात्रा मैथ की परीक्षा देने विद्यालय पहुंची। उसे 20 मिनट देरी से आने पर विद्यालय से बाहर कर दिया और परीक्षा नहीं देने दी। जबकि परीक्षा 10.30 बजे से प्रारंभ हई। इस पर छात्रा के अभिभावकों ने हंगामा किया। डीआईओएस मौके पर पहुंचे मगर विद्यालय प्रशासन ने उनके लिए भी गेट नहीं खोला। प्रशासन के कई अधिकारियों से शिकायत की गई। काफी इंतजार के बाद डीआईओएस लौट गए। दोपहर डेढ़ बजे परीक्षा के उपरांत अभिभावक प्रधानाचार्य से मिले। इसके बाद अपने घर चले गए।

सीबीएसई बोर्ड की इंप्रूवमेंट परीक्षा चल रही है। चन्दौसी में इंप्रूवमेंट परीक्षा का परीक्षा केंद्र बहजोई रोड स्थित ओपीजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल को बनाया गया है। शुक्रवार को विद्यालय में साढ़े 10 बजे से मैथ की परीक्षा थी। नौ बजे से ही परीक्षार्थियों को विद्यालय में एंट्री दी गई। जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी निवासी छात्रा रिया चौधरी पुत्री राजीव कुमार चौधरी परीक्षा देने विद्यालय पर पहुंची। उस समय सुबह के 10.20 बजे थे और विद्यालय का गेट बंद हो चुका था। इसके बाद छात्रा विद्यालय में प्रवेश कर गई और कक्षा में पहुंच गई। जहां से उसे देरी से आने की बात कहकर वापस भेज दिया गया और परीक्षा नहीं देने दी। छात्रा के पिता राजीव कुमार व मां नेहा चौधरी ने जनपद के उच्चाधिकारियों से वार्ता की। शिकायत पर डीआईओएस वेदराम विद्यालय पहुंचे। जानकारी कर विद्यालय के प्राधानाचार्य राकेश कुमार से वार्ता करने को बुलाया। मगर प्रधानाचार्य ने वार्ता करने से इन्कार कर दिया और डीआईओएस के लिए विद्यालय का गेट भी नहीं खोला। सीबीएसई बोर्ड के नोडल अधिकारी डॉ. संजय पाण्डे को भी जानकारी दी। मगर कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। परीक्षा से वंचित हुई छात्रा भावुक हो गई और रोने लगी। जिसे अभिभावकों को समझा-बुझा कर शांत कराया।

> हम भी अभिभावक हैं, हमें बच्चों का हित देखना चाहिए। कुछ समय देरी से पहुंची छात्रा को एंट्री दे दी जाती है, तो उसका एक वर्ष बच जाता। मगर प्रधानाचार्य ने ऐसा नहीं किया।
>
> **-वेदराम,** डीआईओएस

> हम परीक्षा केंद्र से 25 किलोमीटर दूर बिलारी से आए थे। रास्ते में जाम लगने से कुछ देरी हो गई। पुत्री को विद्यालय में प्रवेश देने के बाद भी परीक्षा नहीं देने दी। इस तरह का व्यवहार गलत है। **-राजीव कुमार,** छात्रा के पिता

> सीबीएसई की इंप्रूवमेंट परीक्षा की गाइड लाइन के अनुसार ही परीक्षा कराई गई। बच्चों के पास एडमिट कार्ड में भी सुबह दस बजे तक विद्यालय में प्रवेश का समय दिया गया है। बच्ची 20 मिनट देरी से पहुंची थी। गाइड लाइन के अनुसार उसे परीक्षा से वंचित किया गया है।
>
> **-राकेश कुमार सिंह,** प्रधानाचार्य, ओपीजीएम स्कूल

### विद्यालय की छुट्टी देरी से होने पर हंगामा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ओपीजीएम स्कूल में शुक्रवार को इंप्रूवमेंट की परीक्षा कराई गई। यह परीक्षा दोपहर डेढ़ बजे छूटी। वहीं विद्यालय की रोजाना चलने वाली कक्षाएं भी सुचारू रूप से जारी रहीं। जिससे दोपहर 1.40 बजे विद्यालय की छुट्टी हो सकी। दोपहर डेढ़ बजे बच्चों की छुट्टी नहीं होने पर छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। विद्यालय प्रशासन पर आरोप लगाए कि छोटे-छोटे बच्चों को पहले भेज दिया जाए। शोर शराबा होने पर विद्यालय प्रशासन ने दोपहर 1.40 बजे विद्यालय की छुट्टी कर दी।

## सार संक्षेप



हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

### प्रदेश सरकार के फैसले की सराहना की

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड की एक बैठक कैथल गेट स्थित कैंप कार्यालय पर हुई। बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग में पड़ने वाले ढाबे, रेस्टोरेंट, ठेले, खोमचे आदि दुकानों पर उनके मालिकों के नाम लिखने के आदेश की सराहना की। जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने सुरक्षा एवं पहचान की दृष्टि से प्रदेश के प्रत्येक प्रतिष्ठान, दुकान, फल और सब्जियों के ठेले, खोमचे व अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों को उनके असली नाम अंकित करने की मांग की। कहा कि इससे उपभोक्ता के हितों की सुरक्षा हो सकेगी। राजीव वार्ष्णेय ने फेरी, खोमचे और ठेले वालों के लिए आधार कार्ड अनिवार्य रूप से रखने की मांग की। बैठक में प्रदीप कुमार वार्ष्णेय, महेश वार्ष्णेय, विकास मिश्रा, राहुल शंकर, सुमित वार्ष्णेय, संजय वार्ष्णेय, वैभव चौधरी, प्रदीप खत्री, चेतन, अर्जुन आदि उपस्थित रहे।



गांव गुमथल में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करता कर्मी। ● अमृत विचार

### एंटी लार्वा दवाओं का किया छिड़काव

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर के गांव गुमथल में बारिश के मौसम के चलते बीमारियों से बचाव के लिए शुक्रवार को ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी ने एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव कराया। पूरे गांव में कर्मचारियों ने मशीन से दवा का छिड़काव किया। ग्राम प्रधान ने बताया कि बारिश के दिनों में बुखार, मलेरिया, टायफाइड, डेंगू जैसी बीमारियां पांव पसार लेती हैं। जिसके कारण दवाओं का छिड़काव कराया गया है। आगे भी एहतियात बरती जाएगी।

### अवैध शस्त्र मामले में दोषी को दो माह की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** न्यायालय जुडिशियल मजिस्ट्रेट गुन्नौर जनपद संभल ने अवैध शस्त्र के आरोपी को जेल में बिताई अवधि दो माह के कारावास व 2000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मामला थाना रजपुरा क्षेत्र में 2013 का है। थाना रजपुरा पुलिस ने सत्यप्रकाश पुत्र सज्जनलाल निवासी गवां थाना रजपुरा जनपद संभल को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया था। इसके खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया था। पुलिस ने साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। अभियोजन पक्ष से एपीओ रामविलास ने अदालत में दलीलें पेश कीं। शुक्रवार को मुकदमे पर फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश ने सत्यप्रकाश को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई अवधि दो माह के कारावास व न्यायालय उठने तक की सजा एवं 2000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सजा कराए जाने में कोर्ट मोहर्रिर उप निरीक्षक बाबू सिंह का भी योगदान रहा।

# किसान के घर चोरी की घटना का खुलासा, एक गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर**



थाने में चोरी के सामान के साथ आरोपी।

- गांव अलैहदादपुर चंपू उर्फ चमरपुरा में 10 जून की रात किसान के घर हुई थी चोरी

**अमृत विचार:** थाना बनियाठेर पुलिस ने पिछले माह किसान के घर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी किया गया सामान बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

थाना क्षेत्र के गांव अलैहदादपुर चंपू उर्फ चमरपुरा में किसान संजय पुत्र बिजेंद्र के घर में 10 जून की रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। चोर किसान के घर से 16 हजार रुपये, तीन जोड़ी सोने के कुंडल, एक टीका, चांदी की पांच जोड़ी पाजेब, दो कमर बंद, एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी हथफूल समेत अन्य सामान ले गए। इस मामले में पुलिस पीड़ित किसान की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद चोरों की तलाश में जुट गई। शुक्रवार को उप निरीक्षक धनवीर सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। गश्त व चेकिंग के दौरान पुलिस ने कंथरी चौराहा से राजवीर उर्फ नन्हें पुत्र सुरेश निवासी गांव बैरीखेड़ा थाना बनियाठेर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक कमरबंद (जेवर), एक जोड़ी हथफूल, तीन जोड़ी पाजेब, एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी सोने के कुंडल बरामद किए हैं।

# शिक्षक ने छात्र को डंडे व बेल्ट से पीटा

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**



ओपीजीएम स्कूल में शिक्षक द्वारा पिटाई के बाद शरीर पर निशान दिखाता छात्र।

- छात्र के पिता ने शिक्षक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने को कोतवाली में दी तहरीर

**अमृत विचार:** सीबीएसई बोर्ड के एक विद्यालय में शिक्षक ने छात्र को डंडे व बेल्ट से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप है कि शिक्षक कई दिन से छात्र पर कोचिंग पढ़ने का दबाव बना रहा था। छात्र का उपचार सीएचसी में कराया गया है। छात्र के पिता ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है।

कोतवाली क्षेत्र के वैष्णो विहार कॉलोनी निवासी मनोज गिरी ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि उनका पुत्र सुमित गिरी बहजोई रोड स्थित सीबीएसई बोर्ड के विद्यालय में हाईस्कूल का छात्र है। गुरुवार को विद्यालय में छात्रों के बीच झगड़ा हो गया था। जिसके बाद विद्यालय के शिक्षक ने उनके पुत्र को एक से डेढ़ घंटे तक धूप में खड़ा रखा। आरोप है शिक्षक ने छात्र को डंडे व बेल्ट से बुरी तरह पीटा और बेल्ट गले में डाल कर खींचा। जिससे छात्र की जान भी जा सकती थी। पिता ने शिक्षक पर आरोप लगाया है कि वह उनके पुत्र से कई दिनों से कोचिंग पढ़ने के लिए दबाव बना रहा था। इन्कार करने पर छात्र को पीटा है। अगर उनके पुत्र के साथ कोई घटना होती है तो उसका जिम्मेदार शिक्षक व विद्यालय होगा।

### पुलिस के लिए नहीं खोला विद्यालय का गेट

**चन्दौसी, अमृत विचार :** छात्र के साथ हुई विद्यालय में मारपीट के बाद शुक्रवार की सुबह पुलिस विद्यालय पहुंची। मगर पुलिस के लिए विद्यालय का गेट नहीं खोला गया। इसके बाद दोपहर डेढ़ बजे पुलिस प्रधानाचार्य से बातचीत कर वापस लौट गई। विद्यालय के छात्र सुमित गिरी के पिता की तहरीर पर उपनिरीक्षक ओम सिंह पुलिस बल के साथ शुक्रवार की सुबह दस बजे बहजोई रोड स्थित विद्यालय पहुंचे थे। मगर विद्यालय का गेट बंद होने पर अंदर नहीं जा सके। कई बार प्रधानाचार्य से मोबाइल पर उपनिरीक्षक ने वार्ता की। मगर विद्यालय की छुट्टी के बाद मिलने की बात कही गई। दोपहर डेढ़ बजे छुट्टी के बाद उपनिरीक्षक व छात्र के अभिभावक प्रधानाचार्य से मिले और अपना-अपना पक्ष रखा। प्रधानाचार्य ने दोनों को समझा-बुझा कर वापस भेज दिया।



स्वयंसेवकों को संबोधित करते चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरवेंद्र सिंह।

### खानपान संबन्धी आदतों में बदलाव लाने को किया जागरूक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के मुरादाबाद रोड स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने खाद्य सुरक्षा जागरूकता के लिए एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में आरंभ मुख्य वक्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरवेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करने किया और स्वयंसेवकों को अपने अनुभवों पर आधारित बहुत सी बातें बताईं। स्वयंसेवकों से खानपान संबंधी आदतों में बदलाव करने को कहा। उन्होंने ऐसे पदार्थो से परहेज रखने को कहा जो उनके स्वास्थ्य को खराब करते हों। उन्होंने स्वाद लोलुप्ता से बचने का भी आग्रह किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. विनय वार्ष्णेय व विद्याभारती के संभाग निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शर्मा ने भी संबोधित किया। गोष्ठी में डिस्ट्रिक्ट अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर मुकेश शर्मा तथा रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी शरद शर्मा भी उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य भूपाल सिंह शास्त्री ने की। संचालन स्वयंसेवक अभय कुमार ने किया।

### रुक्मिणी विवाह प्रसंग का मनोहारी वर्णन किया

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** बनियाठेर के गांव गुमथल में संत वानखंडी चौधराना बाबा आश्रम में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के पांचवे दिन कथा वाचक शशिकांत सारस्वत महाराज ने भगवान श्री कृष्ण एवं रुक्मिणी विवाह, कंस वध, रासलीला एवं पूतना वध जैसी लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। इस दौरान राधाकृष्ण स्वरुप में सजे कलाकारों ने मनमोह लिया। कथा के दौरान आयोजित भजनों पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूम उठे। राधाकृष्ण के जयकारे भी गूंजते रहे। भक्ति का माहौल बन गया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर गुरु शरणानंद पागल बाबा, सनक मुनि बाबा, हीरा मुनि बाबा, अजय पाठक, डॉ. हरि सिंह, अनिल कुमार प्रजापति, राकेश दिवाकर, अवनीश कुमार शर्मा, कमल मिश्रा, दान सिंह पूर्व प्रधान, सक्षम, जुगल किशोर शर्मा, ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी, अनीता, राधा, वंदना, शिवानी, विद्यावती, मीरा देवी, कृष्णा देवी, सोनी, आरती, सलोनी, नेहा, सुमित्रा समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।

### महिलाओं ने पौधरोपण कर दिया हरियाली का संदेश

**बहजोई, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप आफ महिला जागृति के तत्वाधान में वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत महिलाओं ने पौधारोपण किया। पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण करना जरूरी बताया। अध्यक्ष डोली वार्ष्णेय के नेतृत्व में महिलाएं मंडी समिति स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंच गईं। जहां उन्होंने परिसर में पौधरोपण कर हरियाली का संदेश दिया। डोली वार्ष्णेय ने कहा कि हमें वृक्ष शुद्ध वायु देते हैं, क्योंकि वह मनुष्य के लिए आवश्यक है। इस दौरान सचिव आशा वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष किरन शर्मा यूनिट डायरेक्टर मीनू कमल वार्ष्णेय, कविता वार्ष्णेय, रेनू, प्रतिभा आर्य, अर्चना मित्तल, शोभा गुप्ता आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

### पूजा अर्चना कर भेंट किये तुलसी के पौधे

**संभल, अमृत विचार :** हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने दुर्गा कॉलोनी के विक्रम पैलेस में 101 तुलसी पौधों की विधिवत पूजा अर्चना करके घर-घर पौधे भेंट किये। तुलसी पूजन एवं वितरण कार्यक्रम आयोजन में पंडित अजय कुमार शुक्ला ने मन्त्रों के साथ रोली चावल गंगाजल पुष्प मिष्ठान आदि के साथ तुलसी पौधों का सामूहिक पूजन किया। कार्यक्रम संयोजक मीनू रस्तोगी एवं सुबोध कुमार गुप्ता ने मां तुलसा के पौधों के मध्य दीप प्रज्वलित कर विशेष पूजा अर्चना की। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि तुलसी पौधा जिस घर में भी होता है उस घर पर आने वाला संकट दुख और समस्याओं का अंत हो जाता है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कॉलेज परिसर में रोपे पौधे

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**



एनकेबीएमजी कॉलेज में पौधरोपण करतीं प्राचार्या व रासेयो छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एनकेबीएमजी कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधरोपण किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारियों डॉ. शीतल गहलौत एवं डॉ. प्रियंका तथा स्वयं सेविकाओं ने परिसर में पौधे रोपित किए। प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने स्वयं सेविकाओं को बताया कि पौधों की देखभाल कर जीवित रखने का प्रण स्वेच्छा से सभी सेविकाओं द्वारा लिया जाए। इस अभियान के माध्यम से हमारा विशेष रूप से पौधों के साथ भावात्मक जुड़ाव होने के साथ हम उस पौधे की देखभाल व सुरक्षा के प्रति विशेष सतर्कता रखेंगे। एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ मां की सेवा के पवित्र भाव को मजबूती प्रदान करेगा। शिक्षिकाओं व सेविकाओं ने इस बात का प्रण लिया कि अपनी मां एवं धरती मां के लिए समर्पित होकर अपनी धरा को हरा भरा बनाने के लिए सदैव समर्पित रहेंगे। स्वयं सेविकाएं विंकल, सेजल, निधि, कजरी, अनुराधा, मानसी चौहान, मनीषा, चेतन सागर, कोमल शर्मा, अंशु शर्मा, नेहा सिंह, गुंजन वार्णेय, मेघा रानी, खुशनबी आदि ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर हेमलता भारती, डॉ. बबीता, अमनदीप कौर, डॉ. प्रीति देवी, विभा सिंह आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कर्मचारियों में अंकित, सीता, राजेंद्र, मुन्नी, पुष्पा आदि का सहयोग रहा।

## विवाद में दो लोगों पर मारपीट का आरोप

**धनारी, अमृत विचार:** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदपुर निवासी सोमवीर ने शुक्रवार को धनारी थाने में पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि भाई लालाराम ने धनारी थाना क्षेत्र के गांव नगला चतुर्भानुपुर में जमीन खरीदी थी और जमीन का बैनामा अपनी पत्नी के नाम कराया था। आरोप है कि गांव दो लोगों ने जमीन पर कब्जा कर रखा है। शुक्रवार को लालाराम ट्रैक्टर रोटावेटर से जमीन को जोतने गया था। मौके पर पहुंचे दोनों लोगों ने मारपीट करते हुए लालाराम को घायल कर दिया।

**भतीजे पर मारपीट का आरोप**

**संभल:** गांव मैनाठेर निवासी नबी हुसैन की पत्नी भूरी नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा आई थी। आरोप है कि गुरुवार को भूरी का भतीजा बिलाल हुसैन किसी बात को लेकर अपने पिता के साथ गाली गलौज कर रहा था। बिलाल हुसैन को समझाया तो वह गाली गलौज करते हुए भूरी से मारपीट की।

# नीम का पेड़ काटने का विरोध करने पर परिजनों को पीटा

**संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी**

- मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**अमृत विचार:** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ में शुक्रवार को रुमा देवी पत्नी घनश्याम कश्यप के निजी आवासीय भूमि में खड़ा नीम का हरा पेड़ प्रधान पक्ष के लोगों द्वारा काटने का विरोध करने पर विवाद हो गया। प्रधान पक्ष के लोगों ने रुमा देवी व सास ससुर के साथ मारपीट की। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर दी गई है।

रुमा देवी के आवासीय भूमि में परिवार के अन्य लोगों के साझे में एक नीम का पुराना पेड़ था। एक सप्ताह पहले रात्रि में आई आंधी बारिश में पेड़ झुक गया। जिसे काट कर ले जाने के लिए प्रधान पक्ष के लोग पहुंच गए। रुमा देवी के परिजनों ने पेड़ काटने का विरोध किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। प्रधान पक्ष के लोगों ने महिलाओं व परिजनों के साथ मारपीट की। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर मामला चर्चा में बना हुआ है। रूमा देवी पत्नी घनश्याम निवासी रीठ ने पुलिस को प्रधान पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट की तहरीर दी है। वहीं प्रधान राजवीर सिंह का कहना है कि नीम का पेड़ आंधी में गिर गया था। पेड़ स्वामी ने पेड़ को उठवा कर शमशान में देने को कह दिया। इसलिए पेड़ को लेने गये थे। मारपीट का आरोप बेबुनियाद है बल्कि दूसरे पक्ष की महिलाओं ने ही हमारे लोगों को वहां से दौड़ाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### टायर फटने से हुआ तेज धमाका, दुकानदार घायल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव सैंजना मुस्लिम में टायर में हवा भरते समय अचानक तेज धमाके के साथ टायर फट गया। जिससे हवा भर रहा दुकानदार घायल हो गया। गांव बिजुआ नगला निवासी अर्जुन पुत्र लटूरी की गांव सैंजना मुस्लिम में पंक्चर जोड़ने और हवा भरने की दुकान है। शुक्रवार दोपहर को अर्जुन डनलप के टायरों में हवा भर रहा था। अचानक एक टायर तेज आवाज के साथ फट गया। जिससे रिम भी टूट गई और उसके लोहे का टुकड़ा उछलकर अर्जुन के मुंह पर लगा। जिससे अर्जुन घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार की देर रात न्यायालय के आदेश पर अतीक, लईक, मोहम्मद मुस्लिम, अंसार, जर्रार अहमद निवासी मुरादाबाद जिले के गांव बेहटा सरथल और नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला हातिम सराय निवासी मोहम्मद फराज के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की। गांव बेहटा सरथल निवासी अली हसन ने आरोप लगाया कि निजी अस्पताल के नाम से फर्जी कागजात तैयार कराकर अतीक, लईक, मोहम्मद मुस्लिम, अंसार, जर्रार अहमद व मोहम्मद फराज ने जमीन का बैनामा कराया था।

### बिजली आपूर्ति नहीं मिलने से गुस्साए ग्रामीणों का प्रदर्शन

**संभल, अमृत विचार :** पंवासा बिजलीघर से जुडे गांव रसूलपुर निवासी डालचंद सैनी, यामीन, राहुल प्रजापति, प्रेमपाल, कल्लू मलिक, राम सिंह सैनी, इंद्रपाल, कैलाश सिंह, मुकेश कुमार, राजपाल सिंह आदि लोगों ने शुक्रवार को बिजलीघर पहुंचे और शेड्यूल के अनुसार बिजली की आपूर्ति कराने की मांग को लेकर बिजली विभाग के खिलाफ ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि पिछले 36 घंटे से गांव में बिजली नहीं आई है। इस दौरान सोनू, राकेश कश्यप, आरिफ, मुस्तफा, महेंद्र सिंह, राजीव सिंह सैनी, सत्यवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** वार्षिकोत्सव पर कल होगा मंदिर परिसर में भंडारा

# वार्षिकोत्सव पर निकाली गई बाबा की पालकी

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**



साई बाबा की पालकी निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** श्री शिव सांई धाम के वार्षिक उत्सव पर शुक्रवार की शाम मंदिर से बाबा की धूमधाम से पालकी शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बाबा के भक्त पालकी को कंधे पर लेकर चल रहे थे।

गोलागंज स्थित श्री शिव साईं धाम में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य में शुक्रवार की शाम पांच बजे मंदिर से साईं बाबा की पालकी शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें शिव भक्त बाबा की फूलों से सजी पालकी को कंधे पर लेकर चल रहे थे। पालकी में बाबा की सुंदर प्रतिमा विराजमान थी। पालकी के आगे भक्त झाड़ू लगाते चल रहे थे। इसके पीछे महिलाओं की मंडली भजन कीर्तन कर बाबा का गुणगान करतीं चल रही थीं। अंत में सिंहासन था। जिस पर साईं बाबा का विशाल चित्र विराजमान था। पालकी शोभायात्रा गोलागंज मंदिर से आरंभ होकर फव्वारा चौक, स्टेशन रोड, हुसैनी बाजार, मुरादाबाद गेट होते हुए मंदिर पर पहुंच कर संपन्न हुई। रविवार को मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर जवाहर लाल ग्रोवर, महेंद्र बजाज, कमल कुमार, रामप्रकाश, डॉ. सीताराम साहनी, लक्की, प्रिंस खुराना, अशोक बजाज, रमेश ग्रोवर, नवीन अरोरा, राकेश दुआ, शीला मग्गो, आशा बिसारिया, मीनू चड्ढा, मोना बजाज, रचना गड्ढा, फूलवती, कुसुम शर्मा, सुधा गुप्ता, रितु, नीलिमा साहनी आदि मौजूद रहीं।

## एक नजर

### अधेड़ को पुलिस ने कराया अस्पताल में भर्ती

बुरावली, अमृत विचार : हसनपुर-रहरा मार्ग पर सड़क किनारे नशे में धुत एक व्यक्ति पड़ा मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और व्यक्ति से नाम व पता पूछने की कोशिश की। लेकिन, नशे में व्यक्ति बहकी बातें कर रहा था। उसकी तलाशी में जेब में आईडी कार्ड मिला। जिसमें उसका नाम हरीश पुत्र प्रेम सिंह निवासी बुलंदशहर था। पुलिस ने एंबुलेंस बुलवाकर उसे रहरा सीएचसी में भर्ती कराया। जेब में मिले आईडी कार्ड के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

### मजदूर के कच्चे मकान की गिरी छत

बुरावली, अमृत विचार : मजदूर के कच्चे मकान की छत गिर गई। छत गिरने से पहले ही परिवार के लोग घर से निकल कर बाहर आ गए थे। ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव बुरावली निवासी मजदूर अनीस पुत्र जुम्मन का घर बस अड्डे के पास है। गुरुवार रात अनीस परिवार के साथ मकान के अंदर सो रहा था। इस दौरान शुक्रवार सुबह करीब चार बजे तेज बारिश हुई। बारिश के चलते मकान की छत भरभराकर गिरने लगी। उसी समय पर अनीस की आंख खुल गई और उसने परिवार के लोगों को बाहर निकाला। परिवार के मकान से बाहर आते ही छत गिर गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। जिससे उनका परिवार हादसे से बच गया। अनीस ने प्रशासन से लेखपाल को गांव भेज कर जांच पड़ताल कर मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

### पुलिसकर्मियों को बताए तीनों नए कानून

अमरोहा, अमृत विचार : पुलिस कार्यालय सभागार में तीन नये आपराधिक कानून व भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिकार को लेकर पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डॉ. कौशल, सांइटिफिक अधिकारी रुबीना मोहम्मद साइंटिफिक अधिकारी एवं सचिन कुमार साइंटिफिक एसीस्टेंट स्टाफ द्वारा समस्त निरीक्षक, उप निरीक्षक स्तर के पुलिसकर्मियों, विवेचकों, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए व सीसीटीएनएस कर्मियों को तीनों नये आपराधिक कानूनों के दृष्टिगत फोरेंसिक साइंस एण्ड क्राइम सीन की जांच के बारे में प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के दौरान साक्ष्य संकलन के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी गई।

# नगर पालिका ने हटाए अवैध होर्डिंग्स

## हादसों को रोकने के लिए नगर क्षेत्र में की कार्रवाई, जारी रहेगा अभियान

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : पालिका की टीम ने नगर के चौराहों एवं बाईपास मार्ग पर लगे अवैध होर्डिंग्स को हटवाया। हादसों को रोकने के लिए शासन ने नगर पंचायत, नगर पालिका एवं नगर निगमों को प्रमुख चौराहा एवं मार्गों पर लगे अवैध होर्डिंग्स हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

शासन के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर/अतिरिक्त चार्ज अधिशासी अधिकारी विभा श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बाबू रितेश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया और प्रमुख चौराहों एवं मार्ग पर लगे अवैध होर्डिंग्स हटाने के निर्देश दिए। जिसके बाद पालिका टीम ने नगर के बाईपास मार्ग, अमरोहा बस स्टैंड चौराहा, ब्लॉक तिराहा, संभल बस स्टैंड चौराहा एवं रहरा बस स्टैंड चौराहे से अवैध होर्डिंग्स हटवाए। डिप्टी कलेक्टर विभा श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निर्देश पर अवैध होर्डिंग्स हटवाए जा रहे हैं। यह अभियान लगातार चलता रहेगा।



अवैध होर्डिंग्स हटाती पालिका की टीम। ● अमृत विचार



नौगांवा मार्ग पर बिजली के खंभों पर लगी पॉलीथिन।

### हरिद्वार के लिए 10 स्पेशल बसें शुरू

अमरोहा, अमृत विचार : सावन के सोमवार के लिए शिव भक्त हरिद्वार के लिए रवाना होने शुरू हो गए हैं। परिवहन निगम ने हरिद्वार के लिए 10 स्पेशल बसों को चलाया है। अमरोहा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि सावन माह के पहले सोमवार के लिए शिव भक्तों को हरिद्वार ले जाने के लिए शुक्रवार से स्पेशल बसों को चलाया गया है। उहोंने बताया कि शिव भक्तों की भीड़ को देखते हुए 10 बसों को चलाया गया है। जबकि जैसे-जैसे भीड़ बढ़ती जाएगी, भीड़ के अनुसार बस की संख्या भी बढ़ा दी जाएगी। बताया कि प्रशासन द्वारा रोडवेज बसों को बदले रोड से चलने का भी आदेश दिया गया है। शनिवार, रविवार और सोमवार को बदले रूट से बसों को चलाया जाएगा।

### बिजली के खंभों पर लगवाई पॉलीथिन

अमरोहा, अमृत विचार : सावन माह के प्रारंभ होते ही विद्युत विभाग ने कांवड़ यात्रा को देखते हुए बिजनौर मार्ग पर बिजली के खंभों को पॉलीथिन से कवर करा दिया है। यह व्यवस्था हादसों को रोकने के लिए की गई है। अधिशासी अभियंता निखिल कुमार ने बताया कि सावन माह में कांवड़ यात्रा के शुरू होने से पहले ही बिजनौर मार्ग पर बिजली के खंभों पर पॉलीथिन को लगवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि बारिश के दिनों में बिजली के खंभों पर करंट उतर आता है। कांवड़ लाने वाले शिव भक्तों को हादसे से बचने के लिए यह व्यवस्था की गई है। नेशनल हाईवे पर भी विद्युत विभाग ने बिजली के खंभों पर पॉलीथिन लगवा दी है। उन्होंने कहा कि नगर के मुख्य मार्गों पर भी बिजली के खंभों पर पॉलीथिन लगा दी गई है।

## टमाटर फिर हुआ लाल रसोई का बिगड़ा बजट

मंडी धनौरा, अमृत विचार : एक बार फिर टमाटर की कीमतें आसमान छूने लगी हैं। दो सप्ताह में टमाटर के दाम 50 रुपये से बढ़कर 80 से 100 रुपये तक हो गए हैं। इससे आम लोगों की परेशानी बढ़ रही है।

बारिश के कारण टमाटर की फसल को काफी नुकसान हुआ है। जिससे आधी से ज्यादा खेती खत्म हो गई है। यही कारण है कि अब टमाटर महंगा बिक रहा है। किसान गोपाल सैनी, हरिराम सैनी, योगेन्द्र आदि ने बताया कि टमाटर की पैदावार मई तक समाप्त हो जाती है। इसके कारण टमाटर महंगा हो जाता है। अब नई पैदावार आने के बाद टमाटर के भाव में कमी आ सकती है। सब्जी मंडी में खरीदारी कर रहीं कविता, मनीषा, रोशनी, संतोष आदि ने कहा कि बीते दो सप्ताह में टमाटर के दाम काफी अधिक होने के कारण इसका सर रसोई के बजट पर पड़ रहा है। पहले टमाटर के साथ ही मौसमी सब्जियों के दामों में इजाफा देखने के बाद खरीदारी करने में परेशानी हो रही थी, अब टमाटर के दामों ने सिरदर्द बढ़ा दिया है।



गजरौला नगर पालिका परिषद में बोर्ड की बैठक में बोलते सभासद। ● अमृत विचार

# सभासदों ने लगाया भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी के बयान से नाराज होकर नगर पालिका की पांच महिला सभासदों के पति बोर्ड की बैठक का बहिष्कार कर नगर पालिका कार्यालय से बाहर चले गए। जिससे बैठक पूरी नहीं हो सकी। सभासदों ने जहां ईओ पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया तो, वहीं ईओ ने आरोपों को निराधार बताया।

शुक्रवार दोपहर ढाई बजे से पालिका बोर्ड की बैठक पालिका कार्यालय सभागार में प्रस्तावित थी। चेयरपर्सन राजेंद्री उर्फ उमा देवी समय से दो मिनट पहले बैठक में पहुंच गईं। वहीं सभासदों के साथ ही कुछ सभासदों के पति भी बैठक में पहुंच गए। इसके बाद करीब ढाई बजे ईओ दीपिका शुक्ला भी बैठक में पहुंच गईं। चेयरपर्सन ने बैठक में उनके देरी से आने पर नाराजगी जताई। वहीं इसके बाद आगे की कार्रवाई से पहले ईओ ने बैठक में सिर्फ सभासदों के ही शामिल होने की बात कही। इस पर नाराज हुए सभासद बैठक का बहिष्कार कर सभागार से बाहर चले गए।

# पिकअप एवं बाइक की टक्कर, दो युवक घायल

संवाददाता, हसनपुर

**हादसा**

- बदायूं के बिल्सी से बाइक से नोएडा जा रहे थे दोनों दोस्त
- अमरोहा बस स्टैंड के निकट पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर

अमृत विचार : नगर के बाईपास मार्ग पर पिकअप एवं बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान हालत गंभीर देखते हुए दोनों घायलों को चिकित्सकों द्वारा हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

शुक्रवार को जनपद बदायूं के कस्बा बिल्सी निवासी आशीष पुत्र ओमपाल व साहिल पुत्र रईस दोनों दोस्त बाइक से नोएडा जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक नगर के अमरोहा बस स्टैंड के निकट पहुंची तो सामने से आ रही पिकअप गाड़ी से आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पिकअप चालक गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। दोनों घायलों को राहगीरों ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हादसे की सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। उपचार के दौरान दोनों घायलों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों द्वारा उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं, पुलिस द्वारा दोनों घायलों के परिजनों को फोन कर हादसे की सूचना दे दी गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में दो युवक घायल हो गए थे। हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गजरौला, अमृत विचार : घर में घुसकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस न उसे गिरफ्तार कर लिया है।

मोहल्ला निवासी किशोरी शुक्रवार को घर में अकेली थी। परिवार के लोग किसी काम से कहीं गए हुए थे। आरोप है कि मोहल्ले का युवक किशोरी को अकेला देख घर में घुस गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध में किशोरी ने शोर मचाया, तभी किशोरी के पिता भी घर पहुंच गए। किशोरी के पिता को घर में आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। किशोरी ने घटना की जानकारी पिता को दी। शोर शराबा होने पर लोग जमा हो गए। पीड़िता को लेकर उसका पिता थाने पहुंचा तथा घटना की तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# होटल स्वामी व संचालक पर कार्रवाई से बच रहा प्रशासन

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : ओयो होटल पर प्रशासन की छापेमारी को तीन दिन बीत चुके हैं, उसके बाद भी पुलिस-प्रशासन होटल स्वामी एवं संचालक के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पाया है। वहीं, सूत्रों की माने तो इस कारोबार में राजनीतिक लोगों का भी संरक्षण बताया जा रहा है, जिसके चलते प्रशासन कार्रवाई से बच रहा है।

सोमवार को ग्राम शाहपुर कलां की ग्राम प्रधान मीनू रानी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर गांव में संचालित दो ओयो होटल को बंद करने की मांग की थी। ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए बुधवार को एसडीएम एवं सीओ ने पुलिस बल के साथ होटल पर छापेमारी की थी। छापेमारी में अधिकारियों ने यूनिक गेस्ट हाउस के कमरों से आठ जोड़े भी बरामद किए थे। पकड़े गए जोड़ों को पुलिस कोतवाली ले आई थी, जिन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया गया था। वहीं, तहसीलदार के नेतृत्व में यूनिक गेस्ट हाउस को सील कर दिया गया था। लेकिन तीन दिन बीतने के बाद भी प्रशासन एवं पुलिस द्वारा होटल संचालक एवं होटल स्वामी के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। वहीं चर्चा है कि राजनीतिक दबाव के चलते एसडीएम एवं सीओ की मेहनत बेकार हो गई। छापेमारी के बाद बुधवार रात को कोतवाली गेट पर कई सरकारी कर्मचारी भी देखे गए थे। जो पकड़े गए जोड़ों को छुड़ाने की कोशिश में लगे थे। वहीं, होटल के संचालक एवं स्वामी के खिलाफ कोई भी कार्रवाई न होने से जनता में अचरज है। वहीं, इस पूरे मामले पर कोई भी अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है।



ग्रामीणों की बैठक को संबोधित करते प्रधान के पति। ● अमृत विचार

### कार्रवाई नहीं होने रोष

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में शाहपुर कलां में शुक्रवार शाम ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के नेतृत्व में एकत्र बैठक की। बैठक में ओयो होटल पर छापेमारी के बाद भी होटल संचालक पर कार्रवाई नहीं करने तथा दोनों होटलों को बंद कराने की मांग को लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। मामले में पुलिस द्वारा जोड़ों तथा होटल संचालक पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार शाम ग्राम प्रधान के नेतृत्व में बैठक की। ग्राम प्रधान मीनू ने प्रशासन के रवैया पर पीड़ा जताई। कहा की यदि प्रशासन जन भावनाओं के अनुसार कार्रवाई अमल में नहीं लाता है और इन होटल को बंद नहीं कराता है तो आंदोलन होगा। बैठक में नंदन सिंह, गुलाब सिंह, वीर सिंह, रेनू, कलुआ, सोहान, निसार, नफीस, श्यामलाल, मुस्तकीम, दिनेश कुमार, कमलेश, परवीन कौशिक आदि ग्रामीण रहे।

# स्कूल में एक माह में तीसरी बार चोरी

संवाददाता, हसनपुर

- तहरीर देने के बाद भी पुलिस नहीं कर रही चोरियों का खुलासा
- सीसीटीवी कैमरे, पंखे,दो बैटरी, एक इनवर्टर, चार पैनल ले गए चोर

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में चोरों का आतंक कम नहीं हो रहा है। चोरों ने एक महीने में तीसरी बार स्कूल को निशाना बनाया है। चोर यहां से कमरों के ताले तोड़कर सीसीटीवी कैमरे, बिजली के पंखे समेत लाखों रुपये का सामान ले गए। शुक्रवार सुबह होने पर चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने पुलिस को स्कूल में चोरी की सूचना दी है।

मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलौती खुर्द का है। यहां गांव निवासी अब्दुल रहमान का गंगा बांध के नजदीक चौधरी कासिम पब्लिक स्कूल के नाम से विद्यालय है। गुरुवार रात चोर ताले तोड़कर अंदर घुस गए और पांच सीसीटीवी कैमरे, छह पंखे, दो बैटरी, एक इनवर्टर, चार सोलर पैनल, एक सोलर कंट्रोलर समेत लगभग एक लाख रुपये से अधिक का सामान ले गए। शुक्रवार सुबह अब्दुल रहमान जब विद्यालय पहुंचा तो ताले टूटे देख उसके होश उड़ गए। अब्दुल रहमान ने पुलिस को सूचना दी गई है। पीड़ित अब्दुल रहमान ने बताया कि उसके विद्यालय में एक महीने में तीन बार चोरी हो चुकी है। पुलिस को हर बार घटना की तहरीर दी गई है। लेकिन पुलिस अभी तक अज्ञात चोरों का सुराग तक नहीं लगा सकी है। वहीं, लगातार विद्यालय में हो रही चोरियों से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।



विद्यालय के टूटा ताला।

### स्कूल के ताले तोड़कर हजारों का सामान चोरी

हसनपुर, अमृत विचार : चोरों ने स्कूल के कमरे के तालों को तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस को चोरों के खिलाफ तहरीर दी गई है। गुरुवार रात कंपोजिट विद्यालय गंगाचोली से चोरों ने ताला तोड़कर वाईफाई के उपकरण, बैटरी, इन्वर्टर, पंखे, पानी की टंकी व अभिलेख चोरी कर लिए। शुक्रवार सुबह इंचार्ज अध्यापक स्कूल पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। इंचार्ज अध्यापक ने बताया कि चोरी होने के कारण 20 हजार से अधिक का नुकसान हुआ है। पुलिस को तहरीर दे दी है।

## हुसैन जैसा दुनिया में कोई दूसरा नहीं : मौलाना नाजिर

संवाददाता, सैदनगली/उझारी

अमृत विचार : हुसैन के नाना नबियों के सरदार हैं। हुसैन के बाबा वलियों के सरदार हैं, हुसैन की मां जन्नती औरतों की सरदार हैं, हुसैन जन्नत के नौजवानों के सरदार हैं। हुसैन ने कर्बला में अपना सिर कटाकर दीन ए खुदा को बचाया है।

कस्बा उझारी के मोहल्ला सादात स्थित दरगाह हजरत अकबर शहीद पर अजमते शोहदा ए कर्बला कॉन्फ्रेंस हुई। कॉन्फ्रेंस का आगाज हाफिज आरिफ अली ने तिलावते कलाम ए पाक से किया। निजामुद्दीन सैफी ने नाअत और मनकबत पढ़ी। कॉन्फ्रेंस को हाफिज अफसर आलम, हाफिज व कारी सरफराज आलम और मुफ्ती नाजिर रजा ने खिताब फरमाया। उन्होंने कहा कि इस्लाम को यजीद अपने तरीके से बनाना चाहता था। जुआ और शराब को इस्लाम में दाखिल करना चाहता था। इमाम हुसैन ने यजीद की बेअत से साफ इनकार कर दिया। इस पर यजीद ने 22,000 का लश्कर जमा करके इमाम हुसैन और उनके 71 साथियों को तीन दिन भूखा-प्यासा रख शहीद कर दिया। इमाम हुसैन ने सब्र किया, क्योंकि अल्लाह रब्बुल इज्जत कुरान में इरशाद फरमाता है कि बेशक अल्लाह सब्र करने वालों के साथ है। कर्बला के मैदान में सिर काटने वाला यजीद हार गया और इमाम हुसैन अपना सिर कटवाकर भी जीत गए। इमाम हुसैन के जैसा दुनिया में न कोई हुआ है और न कोई हो पाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से रहीमुद्दीन साबरी, शाकिरा मसूदी, दिलशाद हुसैन, अलाउद्दीन सैफी, शहाबुद्दीन सैफी, जॉन बाकरी, अरमान बाकरी, शकील अल्वी, मेराज अली, शकील ठेकेदार, रईसुद्दीन सैफी, खलील कस्सार रहे।

# बार व बेंच का सामंजस्य महत्वपूर्ण

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के तहत उपजिलाधिकारी (न्यायिक) एवं तहसीलदार के साथ परिचयात्मक बैठक की गई।

बैठक में उपजिलाधिकारी (न्यायिक) मसीह नजम ने कहा कि बार एवं बेंच का सामंजस्य वादकारियों को न्याय दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। अधिवक्ताओं को अपने मुवक्किल के पक्ष में समस्त कानूनी पहलुओं को रखना चाहिए एवं सभी साक्ष्यों से न्यायालय को अवगत कराया जाना चाहिए। इससे ही वादकारियों को शीघ्र, सुलभ एवं त्वरित न्याय दिलाने की धारणा को चरितार्थ किया जाएगा। नवांगतुक तहसीलदार मूलाराम ने कहा कि शीघ्र ,सुलभ, त्वरित न्याय न्यायालय में वादकारियों को होता हुआ दिखाई भी देगा।




बार भवन में बैठक को संबोधित करते तहसीलदार मूलाराम। ● अमृत विचार

- बैठक में सभी ने दिया त्वरित व सुलभ न्याय पर जोर

इसके लिए हम बार को आश्वस्त करते हैं। बार अध्यक्ष गंगासरन ने कहा वादकारियों को त्वरित न्याय मिलना चाहिए। महासचिव सुरमित कुमार गुप्त ने कहा हम बार की ओर सकारात्मक सहयोग का पूर्ण आश्वासन देते हैं और यही अपेक्षा उपजिलाधिकारी न्यायिक एवं तहसीलदार से भी करते हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से बार अध्यक्ष गंगासरन, महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता, शिवचरन सिंह, श्योराज सिंह, ऋषिपाल सिंह चौहान, हरिओम शर्मा, गजेन्द्र चौधरी, नरेशपाल सिंह, डॉ. इसरार खां, आफताब आलम, रामचंद्र सिंह, फतेह सिंह, रमेश चंद्र, नईम अहमद, चरन सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।



फीता काटकर श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ करते विधायक व अन्य।

# श्रीमद् भागवत कथा का विधायक ने किया आरंभ

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव में श्रीमद् भागवत कथा का ग्रामीणों द्वारा गुरुवार रात आयोजन किया गया। कथा का आरंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने व्यास पीठ का पूजन कर एवं फीता काट कर किया।

गांव सूबरा के ग्रामीणों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। जिसका आरंभ गुरुवार रात विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने किया। विधायक ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से हमारे बच्चों में सनातन धर्म के प्रति जानकारी होती है। इस मौके पर मयंक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, कुंवर पाल खड़गवंशी, यादराम, डोली भगत, गिरिराज सिंह, मान सिंह, राजकुमार, उपदेश कुमार, प्रवेश कुमार आदि ग्रामीण रहे।

**लापरवाही** कई बार शिकायत के बाद भी अधिकारी कर रहे अनदेखी, कालोनीवासियों ने लगाई चेतावनी

# बिजली के लटके तारों से हादसे की आशंका

संवाददाता, हसनपुर

- कुछ दिन पहले ई रिक्शा चालक तारों की चपेट में आ चुके हैं

अमृत विचार : एक तरफ जहां सरकार प्रदेश भर में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए व्यापक इंतजाम करने का दावा रही है। वहीं हसनपुर नगर के मोहल्ले में बिजली के तार सड़क पर लटक रहे हैं। विद्युत लाइन के नीचे लटकने से यहां हादसा होने का डर बना रहता है। कुछ दिन पहले इस विद्युत लाइन की चपेट में कई ई-रिक्शा चालक भी आ गए थे। मगर मोहल्ले वासियों की सूझबूझ के चलते हादसा बच गया था। इसके बाद भी विद्युत विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

नगर के महल मोहल्ले स्थित पत्थर वाली मस्जिद के निकट विद्युत लाइन नीचे लटकी हुई है, इसके राहगीरों से भी छूने का डर बना रहता है। कुछ दिन पहले कई ई रिक्शा चालक इसकी चपेट में आते-आते बचे हैं। मोहल्लेवासियों द्वारा इसकी शिकायत विद्युत विभाग से की गई थी, लेकिन विद्युत विभाग ने कोई भी सुनवाई नहीं की। जिसके कारण मोहल्ले वासियों में रोष है। जबकि शासन के निर्देश पर कुछ दिन पहले ही विद्युत विभाग ने नगर में विद्युत लाइन बदली थी। एक तरफ सरकार विद्युत आपूर्ति सही देने की बात कह रही है, वहीं विद्युत अधिकारी मनमानी कर रहे हैं।

वरिष्ठ अधिवक्ता मुजाहिद चौधरी ने बताया कि विद्युत तार काफी समय से नीचे लटके हुए हैं, जिससे हादसा होने का डर बना हुआ है। विद्युत विभाग के अधिकारियों को कई बार इससे अवगत कराया है, लेकिन वह इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं विद्युत विभाग के जेई साहिल गांधी ने बताया कि विद्युत लाइन सही करने के लिए लाइनमैन को कह दिया गया है, जल्द ही विद्युत लाइन ऊंची कर दी जाएगी।




नीचे लटके बिजली के तार और लख्ती पर लिखी चेतावनी। ● अमृत विचार

# किसानों ने की छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाने की मांग

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : भारतीय किसान संघ की ब्लॉक स्तरीय मासिक पंचायत में किसान नेताओं ने प्रशासन से छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग की। किसान नेताओं का कहना था कि छुट्टा पशु खेतों में ग्रामीणों और किसानों पर हमला कर रहे हैं। छुट्टा पशुओं को पकड़वा कर गोशाला भिजवाया जाए।

शुक्रवार को अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति में भारतीय किसान संघ की ब्लॉक स्तरीय मासिक पंचायत हुई। मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए विद्युत विभाग के एसडीओ को बुलाया गया था। उनके समक्ष किसानों ने की समस्याएं रखीं। पंचायत को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा लगातार बिजली चेकिंग एवं बिल सही करने के नाम पर किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई गांवों में मलेरिया, डेंगू, टायफाइड एवं बुखार से लोग पीड़ित हैं, उसके बाद भी फॉगिंग नहीं हो रही है। गांव में जल्द से जल्द कीटनाशक का छिड़काव कराया जाए। पंचायत के बाद भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर जय प्रकाश शर्मा, महिपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, ओमवीर सिंह, रोहतास सिंह, उमेश, प्रभात, लोकेश, राकेश आदि रहे।



भाकिसं की पंचायत में किसान व एसडीओ।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

न कुलं वृत्तहीनस्य प्रमाणमिति में मतिः।
अन्त्येष्वपि हि जातानां वृतमेव विशिष्यते॥

ऊंचे या नीचे कुल से मनुष्य की पहचान नहीं हो सकती। मनुष्य की पहचान उसके सदाचार से होती है, भले ही वह निचे कुल में ही क्यों न पैदा हुआ हो।


## संपादकीय

# रणनीति की आवश्यकता

एक बड़े वैश्विक सिस्टम आउटेज के कारण शुक्रवार को दुनिया भर की उड़ानें, बैंक, मीडिया आउटलेट, कंपनियां बाधित हो गईं। दिक्कत एंटीवायरस 'क्राउडस्ट्राइक' के अपडेट से माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सर्विसेज में आई। दोपहर में आउटेज का असर चरम पर था। परिचालन संबंधी व्यवधान के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। एक तरह से माइक्रोसाफ्ट आउटेज से दुनिया को बड़े आईटी ब्लैकआउट का सामना करना पड़ा। हालांकि यह कोई सुरक्षा घटना या साइबर हमला नहीं था। इसके बावजूद दुनियाभर में कई तरह की सेवाएं प्रभावित हुईं। तकनीकी दिक्कतों के बाद भारत सरकार ने माइक्रोसॉफ्ट से संपर्क किया। कई देशों की सरकारों ने आपात बैठकें बुलाईं। गौरतलब है कि क्राउडस्ट्राइक एक साइबर सिक्योरिटी कंपनी है। यह दुनियाभर के अधिकांश कंप्यूटर और लैपटॉप के लिए एक एडवांस्ड साइबर सिक्योरिटी सॉल्यूशन देता है। इसको लेकर लगातार आ रही रिपोर्ट के मुताबिक क्राउड स्ट्राइक का एक मेन प्रोडक्ट फॉल्कन है और इसी प्रोडक्ट में समस्या आई थी। क्राउडस्ट्राइक अपने यूजर्स को क्लाउड बेस्ड एंडपॉइंट प्रोटेक्शन सॉल्यूशन देती है। कंपनी का फॉल्कन प्रोडक्ट नेटवर्क पर मैलिशियस यानी वायरस वाली फाइल्स का पता लगाता है। ये मैलिशियस फाइल्स का पता लगाकर वायरस को रोकने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) तकनीक का इस्तेमाल करता है। फॉल्कन एंडपॉइंट सिक्योरिटी कर सकता है फिर चाहें सिस्टम ऑनलाइन हो या ऑफलाइन। वैश्विक आउटेज इंटरनेट सेवाओं में महत्वपूर्ण व्यवधान हैं।

वैश्विक आउटेज के दौरान नेटवर्क के बड़े हिस्से ठीक से काम करना बंद कर देते हैं। इंटरनेट व्यवधानों से उबरने की प्रक्रिया, चाहे वैश्विक हो या स्थानीय भविष्य में व्यवधानों के लिए लचीलापन और तैयारी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। हर आउटेज चाहे वह बड़ा हो या छोटा किसी न किसी कारण से होता है। इन घटनाओं से सीख लेकर इसके लिए अधिक मजबूत सिस्टम और आकस्मिक योजनाएं विकसित करने का लक्ष्य रखा जा सकता है। तेजी से आपस में जुड़ती दुनिया में इंटरनेट सेवाओं की विश्वसनीयता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इंटरनेट व्यवधानों को अच्छी तरह से संभालने के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि व्यवधानों से आने वाली विभिन्न चुनौतियों का कैसे जवाब दिया जाए। साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले सिस्टम प्रभावित होने की रुकावटें, अलग-अलग कारणों और प्रभावों के साथ अनूठी चुनौतियां पेश करती हैं। वैश्विक इंटरनेट आउटेज के प्राथमिक कारण अक्सर प्रमुख नेटवर्क कंपनियों, विशेष रूप से कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) प्रदाताओं से जुड़े होते हैं। सीडीएन विफलताओं सहित वैश्विक रुकावटों के कारण होने वाले व्यापक व्यवधान इनसे निपटने के लिए मजबूत रणनीतियों की आवश्यकता को उजागर करते हैं।

# चिरायुता पर आधुनिक शोध का यथार्थ



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं।

चूहों पर किए गए एक प्रयोग से नस्ल के लंबे समय तक जीवित रहने की दुर्लभ उम्मीद जगी है। इस संबंध में नेचर जर्नल में 17 जुलाई को रिसर्च पेपर इन्हीबीशन ऑफ इंटरल्युकिन-11 सिग्नलिंग एक्स्टेंड्स ममेलियन हेल्थस्पैन एंड लाइफस्पैन ऑनलाइन प्रकाशित है। इस शोध अध्ययन को विभिन्न स्तरों पर काम करते हुए 26 शोधार्थियों ने संपन्न किया। अध्ययन की संपुष्टि हेतु 25 अतिरिक्त पन्नों में दिया गया डेटासेट अकाट्य और विलक्षण है। अध्ययन में भारतीय मूल के चार शोधार्थी भी शामिल हैं, जो अध्ययन के समय सिंगापुर की ड्यूक यूनिवर्सिटी स्थित मेडिकल स्कूल में कार्डियोवैस्कुलर एंड मेटाबोलिक डिसआर्डर्स प्रोग्राम में अध्येता बताए गए।

अध्ययन के नतीजों से स्थापित हुआ कि एक्सपेरिमेंटल चूहों की उम्र में 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होती है। इस अध्ययन में जेनेटिक और फार्माकोलॉजिकल पद्धतियों का इस्तेमाल बूढा होने की प्रक्रिया को रोकने से हुआ। कहा है कि यह संक्रमण रहित शरीर में न्यूनस्तर पर मेटाबोलिक और रोग प्रतिरोधक सिस्टम के आपस में सूचना आदान-प्रदान से या दोनों के परस्पर बायो-केमिकल प्रभाव के अनुसार जरावस्था की ओर दीर्घकालिक प्रस्थान (क्रोनिक स्टेराइल इन्फ्लेमेशन) से संबंधित ऑब्जरवेशन हैं। अध्ययन से जाहिर होता है कि इंटरल्युकिन-11 थेरेपी के क्लिनिकल ट्रायल्स से जो डेटा मिला है वह फिब्रोइन्फ्लेमेट्री डिजीजेज से पीड़ित व्यक्तियों के लिए तो सही हो सकता है, लेकिन स्वस्थ व्यक्तियों पर इसकी मुक्त आजमाईश की गुंजाईश या जरूरत नहीं। इण्टरल्युकिन खास बनावट की प्रोटीन्स हैं और शरीर में इनका संश्लेषण खुद होता है। इन्हें लेकर बहुत समय से मानव स्वास्थ्य पर इनके प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है जिसे इम्यूनोलॉजीकल साइंसेज में इसकी भूमिका को कुछ हद तय किया जा चुका है।

इण्टरल्युकिंस कई किस्मों में आईडेंटिफाई की जा चुकी हैं। हरेक का रोल अलग है। इण्टरल्युकिन -11 की भूमिका को चूहे में पहली बार उम्रदराजी के नज़रिए से देखा गया है। शरीर में इसकी सक्रियता को रोकने के लिए क्या मेथड अपनाया गया और यह सेफ है या नहीं, इस बाबत

मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे।

तो और परीक्षण मनुष्यों पर बीमारी की विभिन्न अवस्थाओं में करने ही होंगे बशर्ते इण्टरल्युकिन थेरेपी को मनुष्यों पर आजमाने की इज़ाज़त एथिकल कमेटी द्वारा दी जाए। चूहों पर किए परीक्षण में इसके थेराप्युटिक असर और एक्टिंग मैकेनिज्म को कुछ हद तक दर्ज किया गया है, लेकिन दर्जनों सवाल और हैं जिनका उत्तर ढूंढना है। क्या मनुष्य को चिरायु बनाना एथिकल दृष्टि से सही है? ऐसे शोध के नतीजे से निकलने वाली थेरेपीज़ जो बहुत मंहगी हो सकती हैं, क्या सिर्फ चुनींदा व्यक्तियों को ही सुलभ होंगी या आम जन को भी उपलब्ध होंगी? विविध स्पीसीज की संख्या के बीच कुदरत जो संतुलन येन-केन प्रकारेण बना कर रखती है क्या वह विचलित और भ्रष्ट नहीं होगा? धरती पर कुछेक लोगों को चिरायु बनाने के मकसद कितने स्पष्ट होंगे?

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं। लेकिन मेडिकल रिसर्च के फील्ड में नित, नई चुनौतियां सामने आती रही हैं और गाइडलाइन्स में संशोधन के लिए रिसर्चर्स को प्रेरित करती हैं। इन्हें उस स्तर तक लाना होगा जिस स्तर पर स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी अंतरिक्ष स्थित युक्तियों में लंबे समय तक निवास के लिए मनुष्यों को भेजने से पहले इनके लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल्स तैयार किए गए हैं। जाहिर है, इन्हें बनाने के लिए मनुष्य के शरीर पर तजुर्बे करने की जरूरत है। दुनिया में इंडस्ट्रियली उन्नत देशों में से कुछ ने सन 1900 के बाद के बड़े युद्धों में पकड़े युद्ध बंदियों पर टार्चर करके, और खासतौर से दूसरे महायुद्ध के दौरान हिटलर शासित जर्मन सेना और मेडिकल रिसर्च एस्टाब्लिश्मेंट, जो एक्सपेरिमेंट्स किए उनसे संबंधित रिकार्ड्स को ऐतिहासिक मान कर संरक्षित किया गया और इन्हें अध्ययन के लिए सुलभ कराया गया, लेकिन इन रिकार्ड्स में से बहुत-सा अभी तक डी-कलासिफाई नहीं हुआ है। सिविलियन रिसर्च के लिए तो इंस्टिट्यूशनल एथिकल कमेटी ही नियामक है और इसीसे इज़ाज़त लेनी पड़ती है। दूसरी ओर साम्यवादी देशों में ऐसे रहस्यों को हमेशा के लिए दफन कर दिया जाता है।

चिरायु शोध बहुआयामी है, लेकिन इसे नियामक अथॉरिटी की निगाहों में लाना जरूरी होता है। ऐसा नहीं हुआ तो फ्रैंकैस्टाईन, अर्थात अति-मानव या बेकाबू मनुष्य, बनाने से क्या लाभ? इससे भय की उत्पत्ति और विनाश का जन्म होता है। चिरायु शोध पर एनिमल एक्सपेरिमेंट्स की भी एक सीमा होती है। इसके बाद क्या? इसका जवाब तो तब मिलेगा जब शोध को आगे बढ़ाया जाएगा। शोध के भविष्य और नतीजों को भी एक सीमा तक इन्टरप्रेट करने की क्षमता है। इसलिए चूहों से मनुष्य तक इस शोध के पहुंचने या भविष्य में इसकी प्रकृति क्या हो सकती है इसका आकलन कोई बड़ा साइंसदान भी फिलहाल नहीं कर सकता। संभावना है कि आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस से उन स्थितियों को काल्पनिक और कृत्रिम रूप से बनाया जा सके जो मनुष्य मस्तिष्क के आकलन से फिलवक्त परे हैं? लोग चिरायु बनने के चक्कर में रहते हैं। अपनी दिनचर्या को नहीं सुधारते परन्तु बाबाओं से आशीर्वाद लेना आम बात हो गई है। चिरायु कैसे बन सकते हैं इसके लिए आधुनिक बायोलॉजी के अनेक मेथड्स अपनाकर वैज्ञानिक लोग मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स तक उतर आए हैं। चिरायु होना अलग बात है लेकिन ययाति के तर्ज़ पर कायाकल्प अलग बात है। सिद्धांत रूप में इसके साहित्यिक साक्ष्य (कल्पना है या यथार्थ, मुझे नहीं मालूम)। महाभारत के आदिपर्व में इनका संदर्भ है। नहुष के पुत्र ययाति (आभीर सम्राट) ने देवयानी से विवाह किया और शर्मिष्ठा को भी पत्नी जैसा रखा। वीएस खांडेकर ने ययाति के बारे में मराठी भाषा में उपन्यास लिखा। यह कथा भारतीय मानस और बौद्धिक संपदा का ऐसा रूप है, जिसका संबंध काया रूपांतरण से है। यह विज्ञान कथा के रोमांचक वृतांतों सरीखा है। ययाति की कथा रोमांचक है और विज्ञान जानने वालों को भारतीय साहित्यिक जगत के अद्भुत कथानकों से परिचित करवाती है। उम्रदराजी को समझना और इसमें इंटरवेंशन या छेड़छाड़ करना आसान और सुरक्षित नहीं होता। जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के बारे में आचार्य पतंजलि ने योगसूत्र और महर्षि चरक से शुरू हुई आयुर्वेदाचार्यों की परंपरा ने जिस निश्चित और सिद्ध ज्ञान का सृजन किया उसी के अभ्यास से हम शरीर और मन को स्वस्थ रखें इसीलिए हमारे यहां इस विधा को आयुर्विज्ञान कहा गया गया।

मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे। प्रत्येक सिस्टम की अपनी सीमाएं हैं और एक समय विशेष को ध्यान में रखकर अगर इनका अभ्यास या प्रयोग न किया जाए तो शरीर विकृत तो बाद में होगा पहले विकटता में फंस कर 'लॉक' जरूर हो जाएगा, जैसेकि हठयोग में। नाथ संप्रदाय के योगाचारी हठयोग की सांकलों की फिजिक्स और केमिस्ट्री नहीं बता सकते। योग सिस्टम मूलतः न्यूरो-फिजियोलॉजी की मॉड्यूलेशन पर आधारित है जिससे शरीर की रोगप्रतिरोधात्मकता भी प्रभावित होती है अर्थात इन्फ्लुएंस होती है। यह हार्मोन्स के स्राव और इसकी मात्रा को नियंत्रित करती है। मॉडर्न सिस्टम में इन्हीं प्रणालियों को किसी और तरीके से प्रभावित करने की कोशिश शरीर के बायोकेमिकल सिस्टम के साथ छेड़खानी या ट्वीकिंग करने के पश्चात किया जाता है और इनके प्रभाव का शरीरांगों पर अध्ययन करके नतीजे निकाले जाते हैं।

## प्रसंगवश

# पानी भी यही करता है

राजस्थान के शेखावटी इलाके में एक जिला है झुंझुनूं। झुंझुनूं के अलसीसर तहसील के एक गांव लूणा में मुस्लिम गवैयों के कुछ परिवार रहते आ रहे थे। ये लोग पिछली पंद्रह पीढ़ियों से शास्त्रीय गायन कर रहे थे। कला और संगीत को संरक्षण दिए जाने का जमाना था और शेखावटी के रईस तो वैसे भी इस मामले में हमेशा आगे रहने वाले बताए जाते थे। इलाके भर में ध्रुपद गायकी का बड़ा नाम माने जाने वाले उस्ताद अजीम खान इसी लूणा में रहते थे और अक्सर अपने छोटे भाई उस्ताद इस्माइल खान के साथ महफिलों में गाने जाते थे।

18 जुलाई 1927 को अजीम खान के घर एक बालक जन्मा जिसे मेहदी हसन नाम दिया गया। मेहदी का अर्थ हुआ ऐसा शख्स जिसे सही रास्ते पर चलने के लिए दैवीय रोशनी मिली हुई हो। गांव के बाकी बच्चों की तरह मेहदी हसन का बचपन भी लूणा की रेतीली गलियों-पगडंडियों के बीच बकरियां चराने और खेल-कूद में बीत जाना था, लेकिन वे एक कलावंत खानदान की नुमाइंदगी करते थे सो चार-पांच साल की आयु में पिता और चाचा ने उनके कान में पहला सुर फूंका। उस पहले सुर की रोशनी में जब इस बच्चे के मुख से पहली बार 'सा' फूटा, एक बार को समूची कायनात भी मुस्कराई होगी।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

आठ साल की उम्र में पड़ोसी प्रांत पंजाब के फाजिल्का में मेहदी हसन ध्रुपद और ख्याल गायकी की अपनी पहली परफॉर्मेंस दे रहे थे। अगले दस-बारह साल घनघोर रियाज के थे जब अपने बुजुर्गों की शागिर्दी करते हुए मेहदी हसन ने ज्यादातर रागों को उनकी जटिलताओं समेत साध लिया होगा। फिर 1947 आया। विभाजन के बाद पूरा हसन खानदान पाकिस्तान चला आया। साहीवाल जिले का चिचावतनी कस्बा मेहदी हसन की कर्मभूमि बना। परिवार की जो भी थोड़ी-बहुत बचत थी वह कुछ ही मुश्किल दिनों का साथ दे सकी होगी। पैसे की सतत तंगी और जिंदा रहने की जद्दोजहद के बीच संगीत की कौन सोचता।

मेहदी हसन ने पहले मुगल साइकिल हाउस नाम की साइकिल रिपेयरिंग की एक दुकान में नौकरी हासिल की। टायरों के पंचर जोड़ते, हैंडल सीधे करते उन्होंने दूसरे उस्ताद से कारों और डीजल-ट्रैक्टरों की मरम्मत का काम भी सीख लिया। संगीत से इकलौता ताल्लुक एक पुराने एक बैंड वाले रेडियो की मार्फत बचा हुआ था। काम से थके-हारे लौटने के बाद वही उनकी तन्हाई का साथी बनता।

जीवन के वे कठिनतम दिन हफ्ते, महीने और साल बनते चले गए, मेहदी हसन ने रियाज करना कभी न छोड़ा। दस साल इस तरह रियाज करते बीते तब जाकर 1957 में उन्हें रेडियो पर ठुमरी गाने का मौका हासिल हुआ। रेडियो पर पहली परफॉर्मेंस हो गई तब जाकर सालों बाद उन्हें अपने जैसे लोगों-संगीतकारों के साथ रहने को मिला। उन्होंने पाया कि पार्टीशन के बाद कला-संगीत को प्रश्रय देने वालों की तादाद लगभग समाप्त हो गई थी, जो भी बड़े गवैये और साजिंदे बचे थे, वे जस-तस अपना समय काट रहे थे। सत्ता की भी उनमें कोई दिलचस्पी न थी।

पच्चीस साल के अभ्यास में अपने जीवन का सबसे सुंदर समय लगा चुके मेहदी हसन इस नैराश्य को स्वीकार करने वाले नहीं थे। इस बीच उन्होंने संगीत के साथ-साथ कविता की भी गहरी समझ पैदा कर ली थी। बड़े उस्तादों की सैकड़ों गजलें उन्हें कंठस्थ थीं, जिनके शेरों को वे अक्सर दोस्तों के साथ अपनी बातचीत में इस्तेमाल किया करते थे। जिस रोज उस्ताद मेहदी हसन खान ने विशुद्ध क्लासिकल छोड़ गजल गायकी को अपना इलाका बनाने का अंतिम फैसला लिया होगा कायनात उस दिन खुश होकर नाची भी होगी।

यह शायरी के साथ उनकी गहरी शनासाई थी कि उन्होंने मीर, गालिब और फैज जैसे कविता के खलीफाओं को भी गाया और फरहत शहजाद, सलीम गिलानी और परवीन शाकिर जैसे अपेक्षाकृत नए नामों को भी। यह मानव सभ्यता द्वारा ईजाद की गई दो कला-विधाओं के चरम का एक साथ आना था। मेहदी हसन के यहां सुरों ने तमाम गजलों को नए मानी बख्शे और रदीफ-काफियों ने नई पोशाकें पहनीं। उनकी गायकी के बारे में कुछ कहना वैसा ही है जैसे पानी के बारे में बात करना। पानी और उसके तमाम नामों को सब जानते हैं। मेहदी हसन के पास बेहद लंबे और कभी न थकने वाले अभ्यास की मुलायम ताकत थी, जिसकी मदद से उन्होंने संगीत की अभेद्य चट्टानों के बीच से रास्ते निकाल दिए। पानी भी यही करता है।

# चीन की आर्थिक-कूटनीतिक दिशा पर नजर



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का थर्ड प्लेनम अभी दुनिया की चर्चा में है। उसकी सीमा से बाहर बैठे पॉलिसी मेकर्स की भी खासी दिलचस्पी है। अभी वहां बेरोजगारी सामान्य से ज्यादा है और अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्र संकट का सामना कर रहे हैं। पूर्वी चीन सागर और दक्षिणी चीन सागर के अलावा भारत-चीन सीमा पर भी तनाव बना हुआ है। ऐसे में आगे की आर्थिक कूटनीतिक दिशा को लेकर चीन पर सबकी नजर है।

प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है। हालांकि इस बार इस कदमताल में इतनी देरी हो चुकी है कि और बातों से पहले यह विलंब ही दुनिया के लिए चकल्लस की चीज बन गया। कायदे से इसे अक्टूबर 2023 में हो जाना चाहिए था, लेकिन किसी न किसी बहाने टलते-टलते यह अपने तय समय से दस महीने बाद आयोजित हो पा रहा है। घड़ी की तरह चलने वाले चीनी पॉलिटिकल कैलेंडर को ध्यान में रखें तो यह देरी इतनी अटपटी है कि ढांचे के स्तर पर कुछ दिक्कतें पैदा हो जाने की अटकल भी कोई दूर की कौड़ी नहीं लग रही।

2023 में उसकी जीडीपी ग्रोथ 4.6 प्रतिशत दर्ज की गई, जो 19 ट्रिलियन डॉलर के करीब की उसकी विशाल अर्थव्यवस्था के लिए बुरी नहीं कही जाएगी, लेकिन जितनी ऊंची जीडीपी हम वहां देखते आए हैं, उसे देखते हुए यह काफी कम है। रीयल एस्टेट और एक्सपोर्ट का हाल बुरा बताया जा रहा है और उपभोक्ता सामानों का बाजार ठहरा हुआ है। सबसे बड़ी समस्या निवेश के स्तर पर देखी जा रही है। रोजगार पर आएं तो चीन की शहरी नौकरियों में 80 फीसदी निजी क्षेत्र से ही आती हैं। जाहिर है, प्राइवेट सेक्टर में निवेश का न आना वहां नए काम-धंधों और सेलरी ग्रोथ के आंकड़ों पर बुरा असर डाल रहा है। इस सिलसिले की शुरुआत को सीधे तौर पर कोरोना की बंदी से ही जोड़ा जा सकता है, लेकिन इसमें कुछ भूमिका शी चिनफिंग की नीतियों की भी रही है।

दरअसल पिछले कुछ साल चीन में सस्ते कर्जे के दम पर खड़े हुए बहुत सारे धंधों के खिलाफ हर तरह की सख्ती के रहे हैं, जिसके बीच में आई कोरोना की महामारी ने इस बात की तरफ ध्यान ही नहीं जाने दिया कि यह वहां एक नदी की धारा बदलने जैसा है। शी चिनफिंग के तौर-तरीकों में सफाई नहीं दिखती, लेकिन उनका नीतिगत नजरिया मोटे तौर पर साफ ही कहा जाएगा। नए चीन के प्रतीक पुरुष तंग श्याओफिंग की घोषित नीति थी- 'बिल्ली जब तक चूहे पकड़ती है तब तक इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह काली है या सफेद।' तात्पर्य यह कि देश में समृद्धि आए, लोगों में खुशहाली की उम्मीद जगे तो इसकी ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए कि कौन से तरीके इसके लिए अपनाने पड़ रहे हैं, लेकिन इस नीति पर चलते हुए 2015 आते-आते हाल ऐसा हो गया कि दोहरी कमाई वाले एक शहरी मिडल क्लास परिवार के लिए भी अपने अकेले बच्चे को ठीक-ठाक शिक्षा दिलाना और उसके संतोषजनक करिअर के बारे में सोचना काफी कठिन हो गया। एडवांस्ड सोशलिस्ट इकोनॉमी अमेरिका और यूरोप के अखबारों में सबसे ज्यादा आक्रोश तकनीकी के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ाए जा रहे चीनी निवेश को लेकर है, जो पूरब और पश्चिम की होड़ में पिछले पांच सौ वर्षों में पहली बार पूरब का पलड़ा भारी करने वाला साबित हो रहा है।

तंग श्याओफिंग सन् 2050 तक चीन में किसी तरह का लोकतांत्रिक समाज बना लेने की बात करते थे। इस तरह का कोई दिशा संकेत जब पार्टी कांग्रेसों में ही नहीं दिख रहा, लेकिन प्राइवेट सेक्टर और विदेशी पूंजी के लिए कानून और प्रशासन के स्तर पर आसानी पैदा करने के कुछ सुराग इसमें जरूर नजर आते हैं। अपनी राजनीतिक व्यवस्था को गोर्बाचेव के रूस वाली राह पर नहीं जाने देना है और औद्योगिक विकास को जापान की तरह अमेरिका का स्थायी पिछलग्गू नहीं बनने देना है, ये दो खूंटे इस प्लेनम के परिपत्र में साफ झलकते हैं। पश्चिमी हमले की जद में आने के क्रम में चीनी सत्ता यूक्रेन की लड़ाई को अपने लिए सांस लेने के मौके की तरह देख रही है और अर्थव्यवस्था की अड़चनों से जूझने के लिए आक्रामक राष्ट्रवाद को ढाल की तरह इस्तेमाल करने की दृष्टि परिपत्र की भाषा में दिखाई पड़ रही है।

## सोशल फोरम

# शिक्षा का उद्देश्य

विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का।

मनुष्यों में कुछ ऐसी बातें हैं, जो प्रायः सबमें पाई जाती हैं और कुछ ऐसी हैं जो खास-खास में ही पाई जाती हैं। मनुष्य सामान्यता और विशिष्टता का मेल है। कुछ गुण उनमें ऐसे होते हैं, जो सबमें पाए जाते हैं और कुछ गुण ऐसे होते हैं, जो केवल उन्हीं में पाए जाते हैं। शिक्षा अगर मनुष्य के अंतर्निहित गुणों का विकास है तो उनके सामान्य और विशिष्ट दोनों गुणों के विकास की व्यवस्था होनी चाहिए। मगर अभी की शिक्षा में क्या है? एक ही तरह का पाठ्यक्रम बनाकर रख दिया जाता है, जिसे विभिन्न प्रकार के लाखों बच्चों को पढ़ना पड़ता है।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का। कुछ बच्चे गणित नहीं पढ़ना चाहते हैं, लेकिन उन्हें पढ़ना पड़ेगा, वरना अत्यंत मेधावी होते हुए भी वह फेल कर दिया जाएगा। जब ऐसा बच्चा फेल करेगा और भुसगोलाचार्य पास तो उस मेधावी बच्चे पर क्या असर होगा? वह या तो बदमाशी करेगा या पढ़ाई के प्रति उदासीन हो जाएगा या मानसिक रूप से रुग्ण होगा। कुछ न कुछ अशुभ ही होगा। क्या इसीलिए स्कूल और कॉलेज खुले हैं कि मनुष्य के भीतर छिपी बीमारियों को उभारा जाए?

निर्धारित पाठ्यक्रम मुट्ठी भर विद्यार्थियों के लिए आंशिक रूप से उपयोगी है। जितना उससे फायदा नहीं है, उससे अधिक नुकसान है। हर बच्चे के भीतर कोई न कोई गुण छिपा होता है, उसकी पहचान कर उसका विकास करना शिक्षा का काम है, जो हमारी शिक्षा नहीं कर रही है। **-फेसबुक वॉल से**

# जनता सब जानती है

विधानसभा के उपचुनाव आसन्न हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने जाने पहचाने तेवर में आ जाना चाहिए। उन्हें किसी की परवाह करने की जरुरत नहीं है। क्योंकि वे अपने स्वभाव के प्रतिकूल इन दिनों पार्टी के भीतर बढ़ते असहज तनाव को झेल रहे हैं, उनके समर्थक निराश हो रहे हैं। मौजूदा हालात में योगी का कोई विकल्प नहीं है।

यह दोनों उप मुख्यमंत्रियों और आलाकमान को भी समझ लेना चाहिए। यदि वे सचमुच समझ नहीं पा रहे। यही जनता की आवाज है। इस समय योगी को फ्री हैंड दे दीजिए। आम जनता चाहती है कि योगी को फ्री हैंड मिले और वे खुलकर अपनी रणनीति पर जुट जाएं। योगी सतही राजनीतिक दुरभिसंधियां रचने वाले नेता नहीं हैं। उनका साफ सुथरा, ईमानदार और कठोर फैसलों के लिए जाना गया दृढ़ व्यक्तित्व है। किंतु आम जनता/मतदाता को यह लग रहा है कि उन्हें स्वच्छंदता के साथ काम करने नहीं दिया जा रहा है। उन्हें कमजोर बनाने का षडयंत्र चलने की प्रतीति सी हो रही है। यह प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा के लिए ठीक नहीं है। भाजपा के कई नेतागण जिन्हें विगत सामान्य निर्वाचन में अपने विधानसभाई या लोकसभाई क्षेत्रों मे शर्मनाक हार मिली है, खुद अपनी जिम्मेदारी न मानकर एक ढाल की तरह अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं। इसलिए भी आगामी विधानसभा चुनावों में उनका टिकट महफूज रहे। मगर याद रहे, जनता सब जानती है। जनता में यह सीधा संदेश जा रहा है कि योगी का साथ उनके सहयोगी ही नहीं दे रहे हैं। अब उन्हें चाहिए कि आगामी उपचुनावों के पहले सरकार के भीतरघातियों, खासकर मंत्रियों को चलता करें। सीधे इस्तीफा मांगे। फ्यूज हो चुके मंत्रियों की जवाबदेही ही नहीं उनसे इस्तीफे लिए जाएं। इससे जातीय समीकरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है और फिर उसी समुदाय के दूसरे तेज तर्रार जन प्रतिनिधियों को आगे क्यों न लाया जाए?



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

प्राथमिकताओं की सूची में तत्काल मजबूत जनाधार वाले जन प्रतिनिधियों को चिह्नित कर आगे लाया जाए और फिर चुनाव की पूरी ताकत से तैयारी हो।

योगी पर लगातार पड़ रहे अनावश्यक तनाव को देखकर उनके हितैषी यह तक सोच रहे हैं कि यदि स्थितियां उनके मनसा वाचा कर्मणा जन्य प्रयासों से नहीं संभलती तो उपचुनाव के लिए तैयारियों के बजाय वे कुछ समय गोरखनाथ मठ में तप के लिए चले जाएं। सब को अपनी हैसियत समझ में आ जाएगी। सारी दादुर धुनें शांत हो जाएंगी और फिर आकर भाजपा की नैया को किनारा दें। मोदी योगी के नाम पर सत्ता सुख भोग रहे नेताओं को आखिर कब सबक मिलेगा? कब तक जनता इनका बोझ अपने कंधे पर उठाए रहेगी? वे अपने को नकारा साबित कर चुके, पूरे फिसड्डी हैं, जबकि विपक्ष के नेतागण इन दिनों आत्मबल से लबरेज हैं। मिलजुल कर सधी रणनीति पर काम कर रहे हैं। भाजपा के वोटबैंक में सेंध काट रहे हैं और प्रदेश के मंत्रीगण बयानबाजी और पैतरेबाजी में लगे हुए हैं।

# धर्म और ईश्वर

वैदिक काल में सबकी आदतें, सबके रस्म-रिवाज और सबके धर्म एक-दूसरे को प्रभावित करने लगे। अचरज तो यह रहा कि विशाल जनता ने, अधिकांश ने, उन बातों को अपना लिया जो बातें द्रविड़-समाज में भी प्रचलित थीं अथवा जो रिवाज अन्य आर्येतर जातियों के लोगों में चले आ रहे थे। हिन्दू-धर्म और हिन्दू-संस्कृति का आज जो रूप है, उसके भीतर बहुत-सी रीतियां और बहुत-से अनुष्ठान ऐसे हैं, जिनका उल्लेख वेदों में नहीं मिलता। साफ है उनका विकास आर्यों के आने के बाद आर्य और आर्येतर, दोनों संस्कृतियों के मेल से हुआ है।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी का तो यहां तक कहना है कि हिन्दू-संस्कृति के आधे से अधिक उपादान आर्येतर संस्कृतियों से आए हैं। शैव धर्म को ही ले। शैव धर्म अपने मूल में, प्राग्वैदिक धर्म है, यह अनुमान इससे भी बल प्राप्त करता है कि पुराणों में सर्वत्र शंकर असुरों के पक्षपाती बताए गए हैं। वाणासुर के समान रावण को भी शंकर का वर प्राप्त था। प्रायः सारे के सारे दैत्य पुराणों में शैव दिखाए गए हैं। इस परंपरा का सबसे युक्तियुक्त अर्थ यही हो सकता है कि शंकर आर्येतर देवता थे और आर्य ऋषियों ने उन्हें स्वीकार किया। दक्षिण भारत में शिव तथा उमा के साथ उनके पूरे परिवार की, कार्तिकेय और गणेश दोनों भाईयों की पूजा भी बड़े ही उत्साह से की जाती है। द्रविड़ों के यहां यौवन, युद्ध और वीरता के देव मुरुकन है।

डॉ. भंडारकर के अनुसार प्राचीन काल में वैष्णव धर्म, मुख्यतः तीन तत्वों से उत्पन्न हुआ था। पहला तत्व तो यह विष्णु नाम ही है, जिसका वेद में उल्लेख, सूर्य के अर्थ में मिलता है। दूसरा तत्व नारायण-धर्म का है, जिसका विवरण महाभारत के शांतिपूर्व के नारायणीय उपाख्यान में है और तीसरा तत्व वासुदेव मत का है, जो वासुदेव नामक ऐतिहासिक पुरुष के इर्द-गिर्द विकसित हुआ था। इन तीन तत्वों ने एक होकर वैष्णव धर्म को उत्पन्न किया, लेकिन उसमें कृष्ण के ग्वाल रूप की कल्पना और राधा के साथ उनके प्रेम की कथा बाद में आई और ये कथाएं, शायद आर्येतर जातियों में प्रचलित थीं। बहुत प्राचीन काल में नर नामक अपने मित्र के साथ नारायण ऋषि बदरी नाथ में रहते थे और नारद उन दोनों की सेवा करते थे। इसी कारण बदरीनाथ को नारदीय क्षेत्र भी कहते है। नारद ने यहीं पांचरात्र-मार्ग का प्रवर्तन किया, जिसके आराध्य नारायण ऋषि थे। यही मार्ग विकसित होकर वैष्णव धर्म हुआ, जिसमें वासुदेव और संकर्षण, लक्ष्मी और नारायण, राम और सीता, कृष्ण और राधा की पूजा की जाती है।

## एक नजर

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

**अमरोहा, अमृत विचार** : पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 18 जुलाई को होनी थी। अब बैठक 20 जुलाई (आज) कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में होगी एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं के साथ पेंशनर्स कक्ष स्थापित कराने, कैशलेश चिकित्सा और नई जनपदीय कार्यकारिणी के गठन प्रक्रिया और तिथि आदि पर भी विचार किया जाएगा। उन्होंने सभी साथियों से समय से उपस्थित होकर समस्याएं बताने को कहा।

### खाद्य विभाग की टीम ने की दुकानों की जांच

**अमरोहा, अमृत विचार** : कांवड़ यात्रा के शुरू होते ही जांच के लिए खाद्य विभाग की टीम ने नेशनल हाईवे पर नॉन वेज होटलों को बंद कराया। शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त विनय कुमार अग्रवाल टीम के साथ नेशनल हाईवे पर निरीक्षण किया और जोया से लेकर बृजघाट तक नॉन वेज होटलों बंद कराया। इसके अलावा उन्होंने हाईवे पर स्थित दुकान व होटल का निरीक्षण किया और उनके संचालकों को सावन माह तक नॉनवेज खाने को बंद करने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग की कार्रवाई से होटल संचालकों में खलबली मच गई।

### जयमाला पर दुल्हन की तबीयत खराब, लौटी बारात

**बदायूं, अमृत विचार** : थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव भोयस की मढ़ैया निवासी महाराम पुत्र जीवराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी तारावती की शादी जिला बुलंदशहर के थाना अनूपशहर क्षेत्र के गांव लक्ष्मपुर निवासी मोहित पुत्र महेंद्र के साथ हुई थी। दान दहेज का पूरा सामान और 5100 रुपये नगद दिए थे। 13 जुलाई को दूल्हा पक्ष बारात लेकर आया था। उन्होंने बारात का स्वागत किया और खाना खिलाया। जयमाला के दौरान गर्मी होने की वजह से बेटी की तबीयत खराब हो गई। वह तुरंत अपने बेटी को दवा दिलाने के लिए चले गए। आरोप है कि इसके चलते मोहित, सूरज, महेंद्र व सोनू बारात लेकर वापस लौट गए। वह जब बेटी को दवा दिलाकर लौटे तो बारात वापस जाने की जानकारी हुई। तो वह गांव लक्ष्मपुर में मोहित के घर गए। तो उन लोगों ने गाली-गलौज करके और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। वह वापस आ गए और पुलिस को तहरीर दी है।

# 25 जुलाई तक हो गन्ना मूल्य का बकाया भुगतान

## समय से भुगतान न करने पर डीएम ने जताई नाराजगी, किसानों को उचित दरों पर दवा बेचने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसानों की बैठक हुई। किसानों की समस्याओं को सुनकर जिलाधिकारी ने निस्तारण के निर्देश दिए। चीनी मिल बेलवाड़ा करीमगंज और वेव शुगर मिल द्वारा बकाया गन्ना मूल्य भुगतान अभी तक न किए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए 25 जुलाई तक शत प्रतिशत गन्ना भुगतान हो जाना चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि यदि इस तिथि तक गन्ना का भुगतान नहीं होता तो संबंधित अधिकारी को पत्र भेजकर आरसी जारी की जाएगी और गन्ना क्रय केंद्र भी काटे जाएंगे। कहा कि प्राथमिकता के साथ हर हाल में 25 जुलाई तक बकाया भुगतान मिलों द्वारा कर दिया जाए। इस दौरान किसान नेता दानवीर सिंह ने बताया कि चीनी मिलों द्वारा जो दवा दी जा रही है, वह बाजार रेट से ऊंचे दामों में किसानों को बेची जा रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित चीनी मिल का दवा बिक्री लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश जिला कृषि अधिकारी को दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में ओवर रेट पर दवा नहीं बेची जाएगी। उस चीनी मिल का तत्काल लाइसेंस निरस्त कर दिया जाए। उचित रेट पर किसानों को चीनी मिलों द्वारा दवाएं बेची जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इस अवसर पर किसान नेता ने जिलाधिकारी को बिजली के गलत बिल तथा विजिलेंस टीम द्वारा अवैध वसूली संबंधी अनेक समस्याओं से भी अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी ने विद्युत अधिशासी अधिकारी को पत्र जारी कर सभी शिकायतों का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त राजस्व सुरेंद्र सिंह, बंदोबस्त अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी चीनी मिलों के प्रतिनिधि व किसान मौजूद रहे।



सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

### कांवड़ यात्रा को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दी जिम्मेदारी

**अमरोहा, अमृत विचार** : कांवड़ यात्रा को लेकर जिलाधिकारी ने राजेश कुमार त्यागी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट को जो भी जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। उसकी पूरी गंभीरता के साथ कार्य करेंगे। कांवड़ यात्रा सरकार की प्राथमिकताओं में हैं। जिस अधिकारी की जहां ड्यूटी लगाई जा रही है। पूरी गंभीरता से निर्वाहन करेंगे। जो सेक्टर आवंटित किया गया है। वहां पर बिजली, पानी, विद्युत, शौचालय, साफ सुथरा गड्ढा मुक्त मार्ग सहित सभी व्यवस्थाओं को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट पहले से निरीक्षण कर लें। कहीं पर कमी है तो उसको दूर करवा लें। कहा कि कोई भी सेक्टर मजिस्ट्रेट बिना अवकाश के छुट्टी पर नहीं जाएंगे। यदि बिना अनुमति के कोई मुख्यालय छोड़ता है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा में कहीं भी खुले में पशु टहलते न मिलें। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनिश्चित करें कि कहीं भी मांस की दुकान मार्ग में खुली न रहे। शिविरों की खाद्य सामग्री की नियमित चेकिंग किया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था हो, ग्रामीण क्षेत्र में कहीं पर भी अंधेरा न हो। अधिशासी अभियंता सुनिश्चित करें कि पीडब्ल्यूडी मार्ग पर जलभराव न हो। एआरएम रोडवेज सुनिश्चित करें कि रोडवेज में अनट्रेंड ड्राइवर न हो। संभागीय परिवहन अधिकारी सुनिश्चित करें कि ओवर लोड और डग्गामार वाहन न चलें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह उप जिलाधिकारी, धनौरा, हसनपुर, अमरोहा, नौगांवा सहित अन्य संबंधित अधिकारी व सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।



बैठक में दंपति को उपहार देते स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

# परिवार नियोजन के प्रति लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : जोया ब्लाक के अतरासी कलां में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के पंचायत भवन परिसर में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत परिवार नियोजन के प्रति जन जागरूकता के लिए सास, बेटा और बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को परिवार नियोजन को लेकर जागरूक किया गया। उनको छोटा परिवार-सुखी परिवार के संबंध में जानकारी भी दी गयी।

सम्मेलन का उद्घाटन अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश मोहन सक्सेना एवं ग्राम प्रधान शमशाद अली, ब्लाक चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुखदेव सिंह, सचिव परवेन्द सिंह ने किया। सम्मेलन में गांव के योग्य दंपति, नवविवाहित जोड़े , सास, बेटा, बहू आदि उपस्थित रहे। सम्मेलन में आए नवविवाहित जोड़ों को शगुन किट एवं उपहार दिए गए। साथ ही बलून एक्टिविटी कराकर शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर ब्लॉक के एचईओ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक, जिला परिवार नियोजन प्रबंधक जिला डाटा प्रबंधक आदि उपस्थित रहे।

# वाहन सवार बदमाशों ने दो युवकों पर की फायरिंग

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के कुआखेड़ा गांव में दिनदहाड़े वाहन सवार बदमाशों ने मिठाई की दुकान पर बैठे दो युवकों को गोली मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, एक की हालत गंभीर देखते हुए उसको हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से असलहा लहराते हुए भाग निकले।

क्षेत्र के गांव कुंआखेडा गांव निवासी माजिद व कासिम पुत्र मेंहदी हसन की चौराहे पर मिठाई की दुकान है। शुक्रवार शाम माजिद व कासिम अपनी दुकान पर बैठे थे। तभी वहां स्कार्पियो सवार पांच लोग अमरोहा दिशा से आए। तीन युवक गाड़ी से उतरकर दुकान में पहुंचे और माजिद से बात करते हुए उसे दुकान से बाहर ले आए। वह कुछ समझ पाता कि हमलावरों ने उसके सिर में गोली मार दी। वहीं पास में मौजूद उसका भाई कासिम उसे बचाने को दौड़ा तो उस पर भी फायरिंग कर दी, जिससे उसके पैर में गोली लग गई। इसके बाद हमलावर मौके से असलहा लहराते हुए भाग निकले। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और युवकों के परिजन भी मौके पर आ गए। आननफानन में दोनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर कब्जे में ली है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।



घायल के भाई से पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार



सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर कब्जे में लेती पुलिस।

**वारदात**

- फायरिंग के बाद असलहे लहराते हुए वाहन से भाग आरोपी
- एक युवक के सिर में और एक के पैर में लगी गोली

## टाटा मैजिक के पलटने से चालक की मौत, कई लोग हुए घायल

**अमरोहा, अमृत विचार** : रजबपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर टाटा मैजिक के पलटने से चालक की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गुरुवार रात बरेली जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया निवासी वचनलाल नोएडा से अपने घर लौट रहा था। जब वह रजबपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर गांव झनकपुरी के पास पहुंचा तो वाहन का संतुलन बिगड़ गया और मैजिक हाईवे पर पलट गया। मैजिक के नीचे दबकर वचनलाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इसमें सवार कई लोग घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए पुलिस ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सार संक्षेप



अयोध्या जाने वाली साइकिल यात्रा का स्वागत करते लोग।

### अयोध्या जा रही साइकिल यात्रा का स्वागत

**गजरौला, अमृत विचार** : हापुड़ से आयोध्या जाने वाली साइकिल यात्रा का शुक्रवार को गजरौला रेलवे स्टेशन पर लोगों ने स्वागत किया। यात्रा में शामिल महंत अनिल कुमार ने बताया कि वह अब तक वैष्णो देवी की 28 यात्राएं कर चुके हैं। अयोध्या की यह पहली यात्रा है। शुक्रवार को उन्होंने अयोध्या की यह यात्रा हापुड़ से शुरू की है। पांच दिवसीय इस यात्रा में वह अयोध्या पहुंच रामलला के दर्शन करेंगे। यात्रा में किशोर, अशोक, जयकिशन, ऋषभ, कमल सिंह, राजकुमार, मानचंद्र, संतोष आदि शामिल रहे। व्यापारी नवीन गर्ग, कपिल कुमार, इशहाक, दयानंद शर्मा, अनिल सिंघल आदि मौजूद रहे।



सैदनगली में मजलिस में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### सैदनगली में 11वीं मुहर्रम को निकाला मेंहदी का जुलूस

**सैदनगली, अमृत विचार** : सैदनगली में 11वीं मुहर्रम को मेंहदी का जुलूस बरामद किया गया। जुलूस से पहले मरहूम शमीम हैदर के मकान पर मजलिस हुई। जिसमें मर्सिया ख्वानी डॉ. लईक हैदर उनके साथियों ने की और मजलिस को डॉ. अहमद मुर्तजा ने खिताब किया। इसी सिलसिले की दो मजालिसें अजा फिरोज हैदर और मरहूम विकार हैदर के आवास पर हुई। इसके बाद मेंहदी का जुलूस निकाला गया। जुलूस दादे वाले इमाम बाड़े पर खत्म हुआ। जहां पर एक मजलिस की गई। मजलिस को खिताब सादिक रजा ने किया। उन्होंने हजरत कासिम के मसाईब बयान फरमाए। जिसे सुनकर अजादार रोने लगे। इन मजालिसों में मोहम्मद हैदर, शौकत मेंहदी इरशाद हुसैन, नदीम हैदर, रिजवान हैदर, मेहताब रजा, सादिक मेंहदी, फजले अब्बास इत्यादि ने शिरकत की।

### जुलूस देखने गए युवक की बाइक चोरी

**अमरोहा, अमृत विचार** : ताजियों का जुलूस देखने गए युवक की बाइक चोरी हो गई। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव पचोकरा निवासी मेहरबान अली बुधवार को बाइक से पास के गांव सिरसा खुमार में ताजियों का जुलूस देखने के लिए गया था। वह मेले में बाइक खड़ी कर सामान खरीद रहा था, तभी किसी वाहन चोर ने उसकी बाइक चोरी कर ली। युवक ने पहले तलाश की, लेकिन बाइक नहीं मिली। जिसके बाद उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# फसलों की सिंचाई के लिए 10 घंटे हो बिजली आपूर्ति

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने बिजली संबंधी समस्याओं की मांगों के निस्तारण को लेकर शुक्रवार को अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांगों का निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता फाजलपुर में स्थित बिजली विभाग के कार्यालय पर जमा हुए। उन्होंने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि फसलों की सिंचाई के लिए रोजाना 10 घंटे बिजली आपूर्ति दी जानी चाहिए। अटरी बिजलीघर का 33 केवीए के जल्दी ही बदला जाए। सभी जर्जर लाइनों के तार बदलवाए जाए। अटारी बिजलीघर से मोहम्मदाबाद को अलग-अलग जोड़ा जाए। समस्याओं का समाधान जल्द ही नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। ज्ञापन सौंपने वालों में बलराम सिंह, कुलदीप, अनिल चौधरी, रोहित चौधरी, आकाश धारीवाल, राजेंद्र सिंह, सतवीर सिंह, विक्रम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अशोक चौधरी, राजीव चौधरी आदि मौजूद रहे।



फाजलपुर उपकेंद्र पर नारेबाजी करते भाकियू के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- जर्जर तारों और बिजली के खंभों को बदलवाने की मांग

### राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का अनशन जारी

**गजरौला, अमृत विचार** : राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का क्रमिक अनशन शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। क्षेत्र में गंगदासपुर बिजली उपकेंद्र पर गजब सिंह, खाद गुर्जर पर सोमपाल सिंह, जोजखेड़ा पर चौधरी कल्लू सिंह, दौलतपुर नहरी पर रमेश सिंह, शहबाजपुर कलां पर हरदीप सिंह, काफूरपुर पर जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में क्रमिक अनशन किया। वहीं, नौगांवा सादात क्षेत्र के कौराला बिजली उपकेंद्र पर कमलजीत सिंह के नेतृत्व में क्रमिक अनशन शुरू किया। राजवीर सिंह ने सभी किसानों के लिए फसलों की निशुल्क सिंचाई की व्यवस्था करने की मांग की। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी उपेन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों के नाम पर सरकार घोषणाएं तो करती हैं। लेकिन धरातल पर कोई लाभ नहीं मिल रहा।

## गंगा एक्सप्रेस-वे में किराये पर लगवाने को लीं कारें रख दी गिरवी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एक युवक से पूछताछ के बाद चंदौसी पुलिस ने की छापामारी

**अमृत विचार** : निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे में किराए पर कार लगवाने के नाम पर कोतवाली बिसौली क्षेत्र के कुछ लोगों जिला संभल के कस्बा चंदौसी निवासी लोगों से धोखाधड़ी की। उनकी कारें किराए पर नहीं लगवाईं और कस्बा बिसौली के लोगों पर गिरवी रख दीं। मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक होटल के ठेकेदार और उसके भाई ने क्षेत्र में अफवाह फैलाई कि निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण करा रही कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को कारों की आवश्यकता है। जिसके एवज में हर महीने अच्छा किराया मिलेगा। बिसौली के अलावा चंदौसी के कुछ लोग उनके झांसे में आ गए। उन्होंने अपनी-अपने कारें ठेकेदार, उसके भाई व उसके परिचितों को दे दीं। कारें लेने के बाद अफवाह फैलाने वाले ठेकेदार ने उन कारों को लोगों के पास गिरवी रखकर रुपये ले लिए। चंदौसी के लोगों को अंदेशा हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। तो वह कोतवाली बिसौली क्षेत्र के होटल पहुंचे।

ठेकेदार का इंतजार किया। ठेकेदार को भनक लग गई। उसने खुद आने की बजाय अपने भाई अमित को होटल पर भेजा। अमित से उन लोगों की झड़प हुई। वह लोग अमित को कार में बैठाकर ले गए और चंदौसी पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने उससे पूछताछ की। चंदौसी पुलिस ने 16 गाड़ियां बरामद कर ली हैं। वहां की पुलिस बिसौली में डेरा जमाए है। बिसौली इंस्पेक्टर ब्रजेश सिंह ने बताया कि इस संबंध में सूचना नहीं है।

**पर्यावरण** कारगिल विजय दिवस के तहत एनसीसी कैडेट्स ने लगाए पौधे

# पौधरोपण कर उनकी देखभाल भी करें

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार** : कारगिल विजय दिवस को लेकर युद्ध के शहीदों की स्मृति में पौधा लगाने कार्यक्रम हुआ।

जिसमें 33वीं वाहिनी एनसीसी के कर्नल सुनील कौल ने नगर व क्षेत्र के भागीरथी देवी महाविद्यालय, वाईएमएस डिग्री कॉलेज, बाबा हरदेव सिंह डिग्री कॉलेज, श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, श्री कृष्णा सारस्वत इंटर कॉलेज, चौधरी मुख्तार पटवारी इंटर कॉलेज व धनवती देवी इंटर कॉलेज गांव खयालीपुर को बटपुरा सरकारी पौधशाला से जामुन, सागौन कीकर, अर्जुन व शीशम आदि के पौधे वितरित किए गए। प्रत्येक स्कूल व कॉलेज को 160 पौधे वितरित किए गए। इस दौरान कर्नल सुनील कौल ने सभी एएनएओ तथा केयरटेकर को अपने-अपने स्कूल और महाविद्यालय में ले जाकर एनसीसी कैडेट द्वारा पौधे लगाए जाने की अपील की। साथ ही पौधों के रखरखाव करने को लेकर एनसीसी कैडेट्स को प्रेरित किया। कहा कि हमें पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल की करनी है। इस अवसर पर सूबेदार मोहम्मद रजाक, लेफ्टिनेंट संजीव कुमार, खुशनबी सैफी, रिंकू चौहान, मोहम्मद हनीफ सहित आदि मौजूद रहे।



शहीदों की स्मृति में पौधों का वितरण करते कर्नल सुनील कौल।

### शहीदों के नाम पर लगाए एक हजार पौधे

**सैदनगली, अमृत विचार** : शुक्रवार को नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष अब्दुल अफ्फान चौधरी और उनके साथियों ने एक हजार पौधे लगाए। उन्होंने शहीदों के नाम पौधरोपण की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए गांव ढक्का में पौधे लगाए। उन्होंने सभी को संदेश देते हुए कहा कि हम सबको मिलकर पर्यावरण बचाने के लिए पौधे लगाने चाहिए। जिससे हमारा वातावरण शुद्ध रहे। जिस तरह मानव जीवन के लिए भोजन जरूरी है। ठीक उसी तरह ऑक्सीजन भी मानव जीवन के लिए जरूरी है। अपने घर के आंगन में बगीचों में और अन्य स्थानों पर पौधे लगाएं और पौधे लगाने के लिए एक दूसरे को प्रेरित करें। जिससे आने वाले दिनों में ऑक्सीजन की कमी न रहे।

### तिगरी गंगा का दूसरे दिन बढ़ा 10 सेमी जलस्तर

**गजरौला, अमृत विचार** : गंगा के जलस्तर में दूसरे दिन भी 10 सेमी. की वृद्धि दर्ज की गई है। शुक्रवार को यहां का जलस्तर 199.70 मीटर था। जबकि बिजनौर से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा 43955 क्यूसेक रही।

वहीं बाढ़ खंड विभाग द्वारा लगातार गंगा के घटते व बढ़ते जलस्तर की निगरानी रखी जा रही है। गुरुवार को गंगा का जलस्तर तिगरी में 199.60 मीटर था, जबकि शुक्रवार को फिर जलस्तर में 10 सेमी. की वृद्धि हो गई है। गंगा के जलस्तर में वृद्धि होने से पुरोहितों ने अपनी झोपड़ियां व दुकानदारों ने अपनी अस्थाईं दुकानें पीछे सुरक्षित स्थान की ओर पहुंचानी शुरू कर दी हैं। बाढ़ खंड विभाग के जेई सुभाष कुमार के मुताबिक बाढ़ खंड विभाग की टीमें पूरी तरह से सक्रिय हैं। सभी तटबंध पूरी तरह से सुरक्षित हैं, गंगा के तटवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सतर्कता बरतने का आह्वान किया।

# ताजिये की ऊंचाई को लेकर भिड़े दो पक्ष, 22 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- दोनों पक्ष लगा रहे घर में घुसकर मारपीट का आरोप

**अमृत विचार** : ताजिये की ऊंचाई को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई और पथराव हुआ। इस दौरान एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से भी हमला किया गया। घटना में दोनों पक्ष की ओर से छह लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने मामले में 22 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर अब्बू की है। गांव में बाबू खान और मुनशाद अली का परिवार रहता है। बाबू खान के बेटे सरफराज अहमद का आरोप है कि 17 जुलाई को गांव में ताजिया निकला था। हादसे से बचने के लिए पुलिस-प्रशासन की ओर से जारी निर्देश पर अमल करते हुए लोगों ने ताजिये की ऊंचाई 10 फीट रखी थी। इसे लेकर दूसरे पक्ष ने रंजिश मानते हुए लोगों को उकसाना और भड़काना शुरू कर दिया। गुरुवार रात नौ बजे सरफराज अहमद के मामा का बेटा मेराज आलम घर में आए रिश्तेदारों के लिए सामान लेने जा रहा था। गांव निवासी नादिर, कबीर, मुनतशिर, अल्तमश, गुफरान, अनादिल, महताब, आकिब, फरमान, जुल्फिकार ताजिये की ऊंचाई की रंजिश में घर में घुस आए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने पथराव भी किया। इस दौरान सरफराज अहमद के भाई ओवैस और मामा के बेटे मेराज आलम को जान से मारने की नीयत से भी हमला किया गया। हमले में दोनों गंभीर घायल हो गए। बाद में आरोपी झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए भाग गए। वहीं, मुनशाद के बेटे महताब का आरोप है कि घटना वाले दिन उनके परिवार के बच्चों की सरफराज के बच्चों से किसी बात पर कहासुनी हो गई थी। रात में महताब और रिश्तेदार अनादिल व गुफरान घर में बैठे हुए थे। इसी रंजिश में सरफराज, ओवैस, जुबैर ने परिवार के तौहीद, तौसीफ, मोहम्मद आलम, महराज आलम व 10 अन्य के साथ मिलकर घर पर चढ़ाई कर दी। आरोपियों ने अनादिल व गुफरान पर हमला किया। मारपीट में दोनों गंभीर घायल हो गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना में अनादिल की घर के बाहर खड़ी कार क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात पर काबू पाया। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मामले में दोनों पक्ष के 22 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## महिला से मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार** : नगर कोतवाली थाना क्षेत्र में महिला के साथ मारपीट कर उसको जान से मारने की धमकी दी। मोहल्ला चाहगीर में मशकुरा पत्नी शाहनवाज का परिवार रहता है। आरोप है कि 18 जुलाई को उसकी ननद आफरीन, देवर फैजान उसके घर पर आए और गाली देने लगे। उसने इसका विरोध किया तो दोनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि इस मामले में जांच शुरू कर दी हैं।

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period
Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal
Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

# चौकी इंचार्ज 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## मुकदमे से मामा का नाम निकालने के लिए मांगे थे एक लाख

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने कोर्ट में पेश कर भेजा जेल

**अमृत विचार :** थाना सुभाषनगर की करगैना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज ने कार टक्कर मारकर हत्या की कोशिश के एक मुकदमे में शिकायतकर्ता के मामा का नाम निकालने के लिए एक लाख रुपये मांगे थे। शामली के थाना आदर्श मंडी के गांव टिटोली निवासी धर्मेंद्र देशवाल के खिलाफ कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना कोतवाली क्षेत्र के जीजीआईसी रोड निवासी आदर्श कुमार और उसके मामा विजय पाठक हत्या की कोशिश के मामले जेल गए थे। आदर्श जमानत पर बाहर आ गया। उसका मामा ठेकेदारी करता था। चौकी इंचार्ज ने आदर्श से उसके मामा का मुकदमे से नाम निकालने और धाराएं हल्की करने के लिए एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी। दो किस्त में रुपये देना तय हुआ। आदर्श ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन के सीओ यशपाल सिंह से इसकी शिकायत की।


धर्मेंद्र देशवाल।

आदर्श शुक्रवार को चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल के पास 50 हजार रुपये लेकर करगैना चौकी पहुंचे, तभी टीम ने चौकी इंचार्ज को गिरफ्तार कर लिया। हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### चौकी इंचार्ज की जेब से मिले दो लाख 25 हजार

**बरेली, अमृत विचार :** 50 हजार की रिश्वत लेने वाले करगैना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की चेतावनी के बाद भी नहीं सुधरे। वहीं चौकी इंचार्ज की जेब से दो लाख 25 हजार रुपये मिले हैं। इसके बारे में वह ठीक से संतोषजनक जवाब भी नहीं दे सके। कुछ दिनों पहले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना सुभाषनगर का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौकी इंचार्ज के पास 40 विवेचनाएं लंबित होने पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अधिक विवेचनाएं लंबित होने की जांच भी सीओ द्वितीय संदीप सिंह को दी थी। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने शुक्रवार को जब चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल को रिश्वत लेते दबोचा तो उसकी जेब से दो लाख 25 हजार रुपये बरामद हुए।

## एक नजर

### लापरवाही और शिथिलता बरतने पर सिविल लाइंस थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एसएसपी सतपाल अंतिल ने शुक्रवार को सिविल लाइंस थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया। एसएसपी ने बताया कि किसी भी शिकायत या सत्यापन में निष्ठा के साथ काम नहीं कर रहे थे। इसकी शिकायत मिलने पर जांच कराई गई। जांच के दौरान पाया गया कि थाना प्रभारी संदीप मिश्रा काम के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं। एसएसपी सतपाल अंतिल ने इसे ड्यूटी के प्रति घोर लापरवाही मानते हुए तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया।

### कांवड़ियों को पीटने के दो आरोपी पकड़े

**नगीना (बिजनौर), अमृत विचार :** कांवड़ियों को पीटने के मामले में पुलिस ने नाबालिग सहित दो आरोपियों को पकड़ लिया है। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया है। कोतवाली देहात क्षेत्र में स्थित पेट्रोल पंप के पास गुरुवार शाम बाइक व स्कूटी सवार कई युवकों ने जनपद लखीमपुर खीरी के कांवड़िया आकाश, राहुल व अंशु के साथ मारपीट की थी। आरोपी गाली गलौज कर फरार हो गए थे। घटना के संबंध में लखीमपुर खीरी में गोमदी थाना क्षेत्र के शिटलापुर निवासी आकाश ने नगीना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली। चैकिंग के दौरान आरोपियों की पहचान गांव मंझेड़ा शमा शकरु निवासी सुहेल और अदनान व नाबालिग के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक को भी कब्जे में लिया है।

### विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी में एजेंट के खिलाफ रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** पुलिस उपमहानिरीक्षक के आदेश पर पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले एजेंट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव हटहट निवासी फरजाना ने कुंदरकी पुलिस को बताया कि उसके मुशाहिद हुसैन को नर्सिंग का काम करने दुबई जाना था। इसके लिए गांव जलालपुर निवासी रियाज ने मुशाहिद से 1,60,000 रुपये ले लिए। इसके बाद उसने नर्सिंग का काम बताकर उसके उसे दुबई का विजिट वीजा और टिकट कराकर दुबई भेज दिया। रियाज ने कहा था कि वह दो चार दिन में उसे काम पर लगवा देगा। कहा कि विजिट वीजे में बदलाव कराकर वर्क वीजा करा देगा। उसे 40500 रुपये सैलरी मिलेगी। कहा था कि अगर वह ऐसा नहीं करा सका तो वह उसे भारत वापस बुला लूंगा। साथ ही रुपये भी वापस करने का आश्वासन दिया। लेकिन रियाज ने एक माह 28 दिन बाद भी कोई काम नहीं दिलवाया। विजिट वीजा खत्म होने वाला था। तभी एजेंट रियाज सउदी अरब भाग गया। मुशाहिद की पत्नी उसके घर गई तो उसके परिजनों ने गाली गलौज कर घर से भगा दिया। इस मामले में पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब पुलिस उपमहानिरीक्षक के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### भूखंड बेचने के नाम पर हड़पे 17 लाख रुपये

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** शिमला बहादुर में भूखंड विक्रय के नाम पर 17 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। मांगलिक विहार शौकत गली रोड सिविल लाइंस रामपुर यूपी निवासी भूपकिशोर गंगवार ने बताया कि उसने राजस्व ग्राम शिमला बहादुर में 836.43 वर्ग मीटर भूमि 43 .59 लाख रुपये में खरीदी थी।

# हत्या करके शव छिपाने के दो दोषियों को उम्र कैद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

• दोषियों पर 30-30 हजार रुपये का लगाया जुर्माना

**अमृत विचार :** युवक की हत्या करके शव छिपाने के 16 साल पुरानी मामले में आरोपी को दोषी माना गया है। त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश मिर्जा जीनत ने दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 30-30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना उघैती क्षेत्र के गांव रियोनाई दलाई निवासी नेत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 24 फरवरी 2008 को उनका 24 साल का भाई ओमपाल गांव में आयोजित हो रही नौटंकी देखने के लिए गया था। जिसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। इधर-उधर तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। युवक की तलाश चल रही थी। पुलिस को पता चला कि गांव निवासी पप्पू उर्फ हरिशंकर और गंगा सहाय ने ओमपाल की हत्या कर दी है और शव को कहीं छिपा दिया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। शव बरामद किया।

न्यायालय ने इस मामले में रामादेवी और नन्हीं को तलब करके अभियुक्त बनाया था। साक्ष्यों के अभाव में रामादेवी और नन्हीं को बरी कर दिया गया। विवेचना के बाद पुलिस ने पप्पू उर्फ हरिशंकर के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। कोर्ट ने गंगा सहाय को धारा 319 सीआरपीसी के अंतर्गत तलब किया। तब से मामला न्यायालय में चल रहा था। शुक्रवार को न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया। एडीजीसी ओमपाल कश्यप और बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलील सुनने के बाद दोनों दोषियों को आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है।

## सार संक्षेप

### वेल्डिंग करते समय युवक को लगा करंट, मौत

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव में लोहे के समान पर वेल्डिंग करते समय दुकानदार को अचानक करंट लग गया। परिजन आनन फानन में अस्पताल ले गए लेकिन उसकी मौत हो गई। नखासा थाना क्षेत्र के गांव लखोरी निवासी नसीम 22 वर्ष वेल्डिंग का काम करता था। शुक्रवार की शाम नसीम गांव के ही मोहम्मद नबी के घर वेल्डिंग कर रहा था। काम करते समय अचानक से नसीम को करंट लग गया। इसके बाद परिजन नसीम को लेकर पास ही डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने देखते ही नसीम को मृत घोषित कर दिया। नसीम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने बताया कि नसीम चार बहन भाइयों में सबसे बड़ा था। नसीम की शादी 6 महीने पहले असमोली थाना क्षेत्र के गांव ऐहरौला माफी निवासी नसरीन के साथ हुई थी। पति की मौत होने से नसरीन का रो-रो कर बुरा हाल है।

### लक्ष्य के सापेक्ष की जाए वसूली: डीएम

**बहजोई, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने राजस्व वसूली की समीक्षा कर लक्ष्य के सापेक्ष वसूली के निर्देश दिए। एडीएम प्रदीप वर्मा द्वारा विभिन्न विभागों की लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति के संबंध में जानकारी दी गई। स्टाम्प निबंधन की समीक्षा करते हुए डीएम ने नवीन शासनादेश के विषय में जानकारी की। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति को बढ़ाया जाए। आबकारी विभाग से डीएम ने कार्यवाहियों पर ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जो भी विभाग से संबंधित अभियान चलाया जा रहा है उससे संबंधित जानकारियां उन्हें व्हाट्सएप पर भी प्रेषित की जाएं। अवैध कैंटीनों पर कार्रवाई के लिए भी एक अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूल एवं धार्मिक स्थल के नजदीक कोई भी शराब की दुकान न हो।


पटका पहनाकर स्वागत करते भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता।

### कार्यकर्ताओं ने किया मंत्री धर्मपाल सिंह का स्वागत

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित गेस्ट हाउस में पहुंचने पर मंत्री धर्मपाल सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। शिष्टाचार भेंट करते हुए भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता ने मंत्री को पटका पहनाया। इस दौरान सनातन धर्म ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, अमित मौर्य, सभासद निहाल सिंह लाठर, किशन लाल प्रजापति, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. विश्वास शर्मा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राजीव कुमार शर्मा, सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### थाना प्रभारी को किया सम्मानित

**कुंदरकी, अमृत विचार :** तराई किसान के संगठन के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार शर्मा को सम्मानित किया। कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने की आशा व्यक्त की। इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खालिद, प्रदेश अध्यक्ष युवा महफूज राजा, मंडल अध्यक्ष आमिर प्रधान, जिला मंत्री मोहम्मद रिजवान, जिलामंत्री संभल नदीम पाशा, जिला सचिव मुस्तफा, जिला मुख्य सचिव जलीस अहमद, अहमद हुसैन, मोहम्मद हसनैन, मुगीस अहमद, सुभान राजा, मोहसिन, अरबाज खान, रिंकू सिंह महेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य का घेराव कर गिनाईं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**ज्ञापन**

• कक्षाओं के समय से संचालन के साथ पुस्तकालय में नई पुस्तकों की मांग की

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के महानगर के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बरेली कॉलेज में प्राचार्य प्रो. ओपी राय का घेराव कर सात सूत्री ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि कॉलेज में कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित करने के साथ पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के तहत पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं

बरेली कॉलेज के अध्यक्ष हर्षित चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कहा कि कॉलेज में सूचना केंद्र की व्यवस्था की जाए। विद्यार्थियों के लिए पीने योग्य पानी उपलब्ध कराया जाए। शौचालयों की सफाई कराई जाए। पुस्तकालय में विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था के लिए फर्नीचर भी नहीं है। महाविद्यालय में पहले माइनर विषय स्वयं छात्र चुनते थे लेकिन इस सत्र में माइनर विषय महाविद्यालय की ओर से दिए जा रहे हैं। इसे पहले की तरह किया जाए।

महानगर मंत्री आनंद कठेरिया ने कहा कि अगर तीन दिन में समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो उग्र आंदोलन होगा। विभाग संगठन मंत्री अवनी यादव, विभाग सह संयोजक श्रेयांश बाजपेई, महानगर मंत्री आनंद कठेरिया, इकाई मंत्री लक्की शर्मा, सह संयोजक शुभ गंगवार, उपस्थित रहे।

# बीएससी जीव विज्ञान की तीसरी मेरिट जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज ने बीए और बीएससी जीव विज्ञान प्रथम वर्ष की तीसरी मेरिट शुक्रवार को जारी कर दी है। मेरिट में शामिल विद्यार्थियों को 20 से 22 जुलाई तक प्रवेश लेना होगा। वहीं पहली मेरिट में तकनीकी कारणों से शुल्क जमा करने से रह गए छात्रों को एक और मौका दिया गया है। छात्र शनिवार दोपहर 2 बजे तक शुल्क जमा कर सकेंगे। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि बीए और बीएससी जीव विज्ञान में प्रवेश के लिए तीसरी मेरिट जारी की है। बीएससी जीव विज्ञान में वही छात्र प्रवेश ले सकेंगे, जिनके पास इंटर में जीव विज्ञान विषय है। विद्यार्थी किसी भी समस्या पर सुबह 22 से दोपहर 3 बजे तक कॉलेज के सेमिनार कक्ष में संपर्क कर सकते हैं।

### बीए की तृतीय मेरिट

सामान्य महिला-61.935-59.258, ओबीसी ओपन-64.008-60.644, महिला-60.532-59.509, एससी ओपन-55.532-50.010, महिला-49.806-45.399, एसटी-सभी

### बीएससी जीव विज्ञान की तृतीय मेरिट

सामान्य महिला-72.782-70.687, ओबीसी ओपन-75.256-73.301, महिला-73.211-72.393, एससी ओपन-68.826-64.622, महिला-64.213-62.372, ईडब्ल्यूएस-59.305-54.397, एसटी- सभी।

### ऐसे पाठ्यक्रम तैयार करें जिससे मिले रोजगार

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रशिक्षु कार्यक्रम सेल में मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के लिए जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कानपुर शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड के सह निदेशक विवेक कुमार ने सभी को अप्रेंटिसशिप कार्यक्रमों के बारे में बताया कि यह योजना कानूनी रूप से एक्ट के माध्यम से संचालित हो रही है। इस योजना का लाभ यह है कि इंडस्ट्री को कौशल युक्त युवा मिल सकेंगे और अनुभवी लोगों के साथ कार्य करते हुए वह अपनी कौशल को और निखार सकेंगे। इसके अलावा रोजगार के भी अवसर बढ़ेंगे। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि दुनिया के जितने विकसित देश हैं वह सभी पढ़ाई के साथ जीविकोपार्जन के लिए तैयार करते हैं और उनके व्यक्तित्व में कौशल विकास के गुणों को जोड़ते हैं। इसी प्रकार विश्वविद्यालय और कॉलेज अपने कोर्स और पाठ्यक्रम को इस प्रकार बनाएं कि विद्यार्थी स्वयं को रोजगार से जोड़ सकें। इस मौके पर डॉ. रामबाबू सिंह, इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन से दिनेश गोयल, डीएसडब्ल्यू प्रो. पीबी सिंह, चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह आदि मौजूद रहे।

## युवक की मौत के मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**डिलारी, अमृत विचार :** डिलारी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर हत्या का मामला दर्ज किया है। यह घटना 24 अप्रैल की है। जिला अमरोहा में नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर कैच निवासी कुलदीप यादव अपने ही गांव के बृजपाल, शिवा, सतपाल, प्रमोद के साथ करनपुर स्थित बैंक्वेट हॉल में शादी समारोह में आया था। आरोप है कि रंजिश को लेकर कुलदीप यादव को शराब पिलाई। इसके बाद आरोपी सुनसान मकान में ले गए। जहां लाठी डंडों से पीट-पीट कर उसकी हत्या कर दी थी। उसका शव मकान में कुंडे के सहारे फंदे में लटका दिया था। सुबह को बरातियों ने कुलदीप का शव लटका देखा था। सूचना के बाद डिलारी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के पिता सोमपाल ने डिलारी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने घटना को गंभीरता से नहीं लिया।

# वन विभाग के पिंजरे में कैद गुलदार

संवाददाता, टनकपुर

• टनकपुर-चम्पावत हाईवे पर ढाई साल से मचा रखा था आतंक

**अमृत विचार :** टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिछले ढाई साल से आतंक का पर्याय बना गुलदार आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार के कैद होने की खबर के बाद दहशत के साये में जी रहे लोगों ने राहत की सांस ली है।

बताया जाता है कि यह वही गुलदार है जो राष्ट्रीय राजमार्ग के सूखीढांग से लेकर आठवें मील तक कई दोपहिया वाहन चालकों पर लगातार हमला कर रहा था। बूम रेंज के रेंजर गुलजार हुसैन ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब छह बजे आठवें मील के पास लगे पिंजरे में गुलदार कैद हो गया। वन कर्मी पिंजरे सहित गुलदार को ककराली गेट वन विभाग के लीसा डिपो में लाए। जहां चिकित्सकों ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि गुलदार को


पिंजरे में कैद गुलदार।

चिकित्सकों की देखरेख में ही उपवन क्षेत्राधिकारी पुष्कर दत्त भट्ट के नेतृत्व में रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है। जहां उसकी गतिविधियों का पता लगाया जाएगा। रेंजर ने बताया कि गुलदार की उम्र सात से आठ साल की है तथा वह नर है। उसके दो कैनाइन में से एक पूरी तरह टूटा है तथा दूसरा आधा बचा हुआ है। जिससे यह जंगली जानवरों का शिकार करने में सक्षम न होने के कारण इंसानों पर हमला कर रहा था। उन्होंने बताया कि यह वही गुलदार है जो विगत ढाई वर्षों से टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक सवारों पर हमला कर रहा था। अब तक यह राजमार्ग पर 20 से अधिक बाइक सवारों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुका है। कुछ समय पूर्व यह क्षेत्र में गश्त कर रहे वन दरोगा रेवाधर जोशी पर भी हमला कर चुका है। गुलदार के पिंजरे में कैद होने से बूम रेंज की टीम ने भी राहत की सांस ली है। इसके आतंक से टनकपुर से चम्पावत आने-जाने वाले लोगों के साथ स्थानीय ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत बनी हुई थी। गुलदार के आतंक को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वन विभाग को उसे कैद करने के निर्देश दिए थे।

### नई पीढ़ी को शतरंज से जोड़ने की पहल

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली शतरंज एसोसिएशन स्कूलों में जाकर नई पीढ़ी को शतरंज से जोड़ने का काम करेगी। इसको लेकर कार्ययोजना तैयार की गई है। एसोसिएशन ने खेल सत्र के कैलेंडर की औपचारिक लांचिंग कर दी है। सभी आयु वर्गों के लोगों को भी चेस से जोड़ने की योजना बनाई है।

## टनकपुर-चम्पावत हाईवे तीसरे दिन चार घंटे रहा बंद

**टनकपुर, अमृत विचार :** टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग के कई हिस्सों में बार-बार आ रहे मलबे से राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो रहा है। शुक्रवार को तीसरे दिन भी यह मार्ग पूरे 4 घंटे तक बंद रहा, जिससे यात्रियों को भारी दिक्कत उठानी पड़ी। वहीं दूसरी ओर टनकपुर जौलजीबी मोटर मार्ग के गांव चूका में भी भारी वर्षा से किसानों की अदरक व अन्य फसले बर्बाद हो गई है जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

शुक्रवार को सुबह करीब 6 बजे टनकपुर- चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग के स्वाला, धौन और बेलखेत में आए मलबे से राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया। करीब 4 घंटे के बाद 10 बजे मलबा हटाने पर ही मार्ग सुचारू हो सका जिससे प्रशासन और यात्रियों ने राहत की सांस ली।

अभी भी इन क्षेत्रों में मलबा आने की संभावना को देखते हुए कई वाहन टनकपुर हल्द्वानी वाया देवीधुरा होकर पिथौरागढ़ पहुंच रहे हैं।

**पर्यावरण** | जीईपी लॉंच करने वाला उत्तराखंड बना पहला राज्य

# उत्तराखंड सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक लॉंच

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में पारिस्थितिकी को अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए 'उत्तराखंड सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक' (जीईपी) लॉंच किया। जीईपी का शुभारंभ करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य है। उत्तराखंड सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक का आंकलन चार मुख्य घटकों जल, वायु, वन और मृदा के आधार पर किया गया है। जीईपी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शीघ्र ही एक प्रकोष्ठ बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जीईपी लागू होने से ईकोलॉजी और ईकोनॉमी के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित होगा। इस सूचकांक के परिणामों के विश्लेषण से भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लक्ष्य


देहरादून में जीईपी लॉंच करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, वन मंत्री डॉ सुबोध उनियाल व पद्मभूषण डॉ अनिल प्रकाश जोशी।

निर्धारित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में प्रकृति प्रदत्त अनेक प्रकार की वन संपदा है, आवश्यकता है इनके सदुपयोग की। हमें वृक्षारोपण के साथ जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना है। जल संरक्षण की दिशा में राज्य में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। राज्य में अमृत सरोवरों की संख्या में तेजी से वृद्धि की जा रही है।हैस्को संस्था के प्रमुख पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक का प्रस्तुतीकरण करते हुए बताया कि विभिन्न विकासपरक योजनाओं, औद्योगिक प्रक्रियाओं व सरकार द्वारा बनाए गए नियमों इत्यादि के अनुपालन का जो परिणाम है वह सकल रूप से हमारी स्थानीय पर्यावरणीय गुणवत्ता पर देखने को मिलता है। पर्यावरणीय कारकों में हवा, पानी, मिट्टी, जंगल और अन्य कारकों में अगर सुधार हो रहा हो तो जीईपी सूचकांक में वृद्धि देखने को मिलती है। यदि हमारी पर्यावरणीय गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है और उसमें कोई गिरावट दिखाई दे रही है या उसमें कोई नकारात्मकता दिखाई देती है तो इससे जीईपी सूचकांक में गिरावट देखने को मिलती है।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम नाज़िम से बदलकर नाज़िम खां रख लिया है। भविष्य में मुझे नाज़िम खां के नाम से जाना जाए। नाज़िम खां पुत्र श्री नासिर खां, निवासी केले वाला तालाब, नगर पालिका के पीछे रामपुर।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र नदीम व उसकी पत्नी नाजरा गलत संगत में पड़ गये है। वह आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा करते रहते है। जिस कारण मैंने व मेरे परिवार ने उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कृत्यों के वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। अहमद हसन पुत्र स्व. रईस अहमद नि. ग्राम हरेटा, तह. सदर, थाना अजीमनगर, जिला रामपुर (उ.प्र.)

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरे सगे भाई अरून मौर्य, सतेन्द्र मौर्य, अजीत मौर्य पुत्रगण भारत सिंह गलत संगत में पड़ गये है व मौहल्ले पड़ोस के लोगों के साथ गाली गलौंच करते रहते है। जिस कारण उनसे मैंने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। सन्जू मौर्य पुत्र भारत सिंह निवासी मौहल्ला गणेश कालौनी चन्दौसी थाना चन्दौसी जिला सम्भल।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मुदस्सिर अली गलत संगत में पड़ गया है व आये दिन आस पास के लोगो से लड़ाई झगड़ा करता रहता है। जिस कारण मैंने उससे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। अगर वह किसी से पैसे उधार लेता है तो उसकी भरपायी उसके पिता व उसका छोटा भाई मोहम्मद यासीर नही करेंगे। मुस्ताक हुसैन पुत्र मुन्ना निवासी मौहल्ला इमली झूले वाली थाना गंज जिला रामपुर (उ.प्र.)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# चौधरी चरण सिंह विवि के पूर्व कुलपति और उनके ट्रस्ट की 3.21 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने की कार्रवाई, बरेली और बदायूं में भी है संपत्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार:** ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू), मेरठ के पूर्व कुलपति रामपाल सिंह और उनके आरपी सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट की 3.21 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियां संस्थागत भूमि और दो मंजिला आवासीय भवन के रूप में हैं, जो बदायूं और बरेली जिलों में स्थित हैं। ईडी ने डॉ. रामपाल सिंह और अन्य के खिलाफ उप्र. सतर्कता, मेरठ सेक्टर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

उप्र. सरकार के सतर्कता विभाग ने डॉ. रामपाल सिंह के खिलाफ स्वतंत्र जांच की थी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसके आधार पर उन्हें 2003 से 2005 की अवधि के दौरान विभिन्न अनियमितताओं का दोषी पाया गया था। सीपीएमटी प्रवेश परीक्षा-2004 के आयोजन में अनियमितता, सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियुक्ति और विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन करते हुए कॉलेजों को संबद्धता प्रदान करने के आरोप लगे थे। कुलपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन पर विभिन्न अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। ईडी की जांच से पता चला है कि डॉ. रामपाल सिंह ने सीसीएस यूनिवर्सिटी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त रहे, विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन किया, जिससे सरकार को 3.64 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया और अपराध अवधि के दौरान कई संपत्तियां अर्जित की। ईडी अधिकारियों के मुताबिक जब्त की गई संपत्तियां अपराध अवधि के दौरान और उसके तुरंत बाद अर्जित की गई हैं, जिसका कुल मूल्य 3.21 करोड़ है।

### सीसीएसयू के कुलपति पद से बर्खास्त हुए थे आरपी सिंह

सीसीएसयू में 2 मार्च 2003 को प्रो. आरपी सिंह ने कुलपति बने थे। कैंपस में वैसे तो तमाम कुलपतियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, लेकिन प्रो. आरपी सिंह के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया था। तमाम शिकायतें राजभवन से लेकर राष्ट्रपति तक पहुंचीं तो जांच शुरू हुई थी। उच्च स्तरीय जांच में प्रो. आरपी सिंह द्वारा करोड़ों रुपये की घूस लेकर डेढ़ सौ से ज्यादा बीएड एवं दूसरे सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों को गलत तरह से मान्यता देने की बात सामने आई। आरपी सिंह के कार्यकाल में भवनों के ठेकों में भारी घपले हुए। नियुक्तियों में अनियमितताएं हुईं। सीपीएमटी की प्रवेश परीक्षा में अपने चहेते शिक्षक प्रो. हरेंद्र सिंह बालियान को एडवांस में एक करोड़ 40 लाख रुपये का पेमेंट करा दिया गया।

# गोंडा रेल हादसा: बोगी के नीचे मिला चौथे रेलयात्री का शव

संवाददाता, मनकापुर

- 800 कर्मचारी कर रहे ट्रैक की मरम्मत का काम, रातभर चला रेस्क्यू अभियान



**अमृत विचार:** चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन हादसे के बाद ट्रैक मेंटेनेंस का काम तेज गति से किया जा रहा है। इस काम के लिए रेलवे के 800 कर्मचारी लगाए गए हैं। रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर समेत विभाग की आला अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद रहे। वहीं शुक्रवार को क्षतिग्रस्त बोगी को हटाए जाने के बाद उसके नीचे दबा हुआ शव बरामद किया गया। इसके साथ ही इस हादसे में करने वाले वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है।

रेलवे ट्रैक के आसपास पड़ी बोगियों को जेसीबी के सहारे हटा दिया गया है और ट्रैक की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। चंडीगढ़ से आसाम जा रही चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस बृहस्पतिवार दोपहर 2:40 बजे गोरखपुर गोंडा रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप डिरेल हो गई थी। हादसे में ट्रेन के एसी कोच के दो डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए थे, जबकि 10 अन्य कोच भी ट्रैक से नीचे उतर गए थे। इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हुई है, जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं।

### रेल संरक्षा आयुक्त करेंगे हादसे की जांच

**लखनऊ।** गोंडा-गोरखपुर रेलखंड पर मोतीगंज-झिलाही स्टेशनों के बीच बीते गुरुवार को चंडीगढ-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच 21 जुलाई से शुरू होगी। रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) प्रणजीव सक्सेना दोनों स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर हुए इस हादसे की जांच करेंगे।

## सार-संक्षेप

### सपा विधायक रफीक की जमानत याचिकाएं स्वीकार

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मारपीट, तोड़फोड़ और आगजनी के मामले में जेल में बंद मेरठ से सपा विधायक रफीक अंसारी को बड़ी राहत देते हुए उनकी जमानत याचिकाओं को स्वीकार कर लिया है। विधायक को वर्ष 1995 में मेरठ के नौचंदी थाने और वर्ष 2007 में सिविल लाइंस थाने में दर्ज मामलों में जमानत मिली है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने पारित किया है। मामले के अनुसार वर्ष 1995 में मेरठ के नौचंदी थाना अंतर्गत मीट की दुकानों को लेकर अंसारी और कुरैशी बिरादरी के बीच आगजनी और तोड़फोड़ हुई थी, जिसमें विधायक सहित 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

### पटरी के कटने से आधा दर्जन ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल में भारी बारिश और पटरी के कटने के कारण पीलीभीत-मैलानी के बीच यातायात निलंबित कर दिया गया है। इस कारण ट्रेनें जो परिवर्तित रेल मार्ग सीतापुर-पीलीभीत-बरेली सिटी-रामगंगा पुल मार्ग से होकर चलाई जानी थीं, ये ट्रेनें अब पुन: परिवर्तित रेल मार्ग बुढ़वल-बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद जं मार्ग से होकर चलाई जाएंगी।

### महिला विद्युतकर्मी की उसके सहयोगी ने की हत्या

**बागपत, एजेंसी :** बागपत में बिजली घर में एक अनुबंधित महिला कर्मी की उसी के साथ काम करने वाले एक युवक ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार जान गंवाने वाली महिला की पहचान तिलवाड़ा की शोभा (35) के रूप में हुई है। शोभा बिजली विभाग में काम करने के साथ ही छपरौली में स्वयं सहायता समूह की भी सदस्य थी। पुलिस के मुताबिक गुरुवार शाम घटना उस समय हुई, जब आरोपी युवक अंकुर महिला को उसके घर छोड़ने जा रहा था। इस दौरान सुनसान रास्ते पर उसने गाड़ी रोकी तथा महिला की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। शोभा के पति कुलदीप की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अंकुर एवं दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है तथा इस घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### दो ट्रकों की भिड़ंत में लगी आग, दो चालक जिंदा जले

**हमीरपुर, अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र में राठ तिराहे पर कानपुर सागर टू-लेन हाईवे पर गुरुवार रात करीब 11.50 बजे दो ट्रकों की आपस में टक्कर होने से आग लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस भीषण हादसे में दोनों ट्रकों के चालकों की जिंदा जलकर मौत हो गई। अन्य घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया, जहां से उन्हें कानपुर रेफर कर दिया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र में राठ तिराहे के पास कबरई से कानपुर की ओर जा रहे गिट्टी भरे ट्रक में सामने से आ रहे ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। कबरई से कानपुर जा रहे ट्रक के चालक नीरज गुप्ता निवासी इटर्रा घाटमपुर जनपद कानपुर नगर और दूसरे ट्रक के अज्ञात चालक की ट्रक के अंदर फंसने से जिंदा जलकर मौत हो गई। अभी इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### नए मेडिकल कॉलेजों की अपील पर वर्चुअल सुनवाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने के लिए 13 नये मेडिकल कॉलेजों द्वारा नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में एक्ट-19 की धारा 28 (5) के तहत की गई दोबारा अपील पर कार्रवाई शुरू हो गई है। दूसरी अपील पर शुक्रवार को शुरू हुई वर्चुअल सुनवाई के दौरान कॉलेज प्रधानाचार्यों ने 2020 के मानक अनुसार उपलब्ध मानकों का हवाला दिया, मगर एनएमसी ने कोई परिणाम नहीं दिए है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि हर जिला, एक मेडिकल कॉलेज की योजनातंर्गत पिछले साल शुरू होने वाले 13 मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने की योजना थी। इसके लिए गत सितंबर माह में कॉलेजों के प्रधानाचार्यों ने अपने अपने कॉलेजों में एमबीबीएस की 100-100 सीटों की मान्यता के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में आवेदन किया था।

# सोनम चिश्ती का किन्नर कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) सोनम चिश्ती (किन्नर) ने हाल के लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपेक्षित परिणाम न मिलने से आहत होकर अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। राज्यपाल को लिखे पत्र में सोनम चिश्ती ने कहा है, "मैं सोनम चिश्ती उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) किन्नर कल्याण बोर्ड (उत्तर प्रदेश) लोकसभा चुनाव में भाजपा के विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में आए परिणाम-प्रदर्शन से आहत होकर हार की जिम्मेदारी लेती हूं।"

# कांवड़ मार्ग में लिखना होगा दुकान संचालकों का नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकार ने लिया फैसला, अफसरों को लागू करने के निर्देश




**अमृत विचार :** पूरे प्रदेश में कांवड़ मार्ग में खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों को अपना नाम व पहचान बतानी होगी। दुकानों पर अपना नाम लिखना होगा। राज्य सरकार ने कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए यह फैसला लिया गया है।

शासन के सूत्रों के अनुसार 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर 17 जुलाई को मुख्यमंत्री ने मंत्रियों व उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की थी। मुख्यमंत्री ने शिविर संचालकों का सत्यापन करा लेने का निर्देश दिया था। बताया जा रहा है कि बैठक के बाद शासन के अधिकारियों की ओर से कावड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों के नाम लिखे जाने का निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिया गया। निर्देश के तहत यात्रा मार्ग पर हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन-अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है। समाज का भाईचारा बिगाड़ने का कोई न कोई बहाना ढूंढ़ती रहती है। भाजपा की इन्हीं विभाजनकारी नीतियों के चलते प्रदेश का सामाजिक वातावरण प्रदूषित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर पुलिस ने नया फरमान जारी किया है कि ठेले-ढाबे समेत सभी दुकानदार अपना नाम बाहर जरूर लिखें। इसके पीछे सरकार की मंशा अल्पसंख्यक वर्ग को समाज से अलग बांटने व उन्हें शक के दायरे में लाने की है। उन्होंने कहा कि जिसका नाम गुड्डू, मुन्ना, छोटू या फत्ते है, उसके नाम से क्या पता चलेगा।

### पुलिस का आदेश बिगाड़ सकता है माहौल: मायावती

बसपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग के दुकानदारों का नाम लिखने का मुजफ्फरनगर पुलिस का फरमान गलत परंपरा है। यह सौहार्दपूर्ण माहौल को बिगाड़ सकता है। जनहित में प्रदेश सरकार को इस आदेश को तत्काल वापस लेना चाहिए। बसपा प्रमुख ने कहा कि पश्चिमी यूपी व मुजफ्फरनगर के कांवड़ यात्रा रूट में पड़ने वाले सभी होटल, ढाबा, ठेला आदि के दुकानदारों को मालिक का पूरा नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करने का नया सरकारी आदेश गलत परंपरा है।

# न्यायविद हनुमान मंदिर मामले की स्थिति रिपोर्ट तलब

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट के सामने न्यायविद हनुमान मंदिर के लिए हो रहे अवैध निर्माण को गुरुवार को ध्वस्त कर दिया गया। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से प्रस्तुत अधिवक्ता ने बताया कि आपत्तिजनक निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है और मलबे को हटाने में एक सप्ताह का समय लगेगा। इस संबंध में की गई कार्यवाही के विषय में स्थिति रिपोर्ट सुनवाई की अगली तारीख पर दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। मामले की सुनवाई दो जजों की पीठ ने की।

# भाजपा विधायक ने पार्टी कार्यकर्ता पर हत्या की साजिश का आरोप लगाया

- फतेह बहादुर सिंह ने गृहमंत्री शाह और सीएम योगी को पत्र लिखकर मांगी सुरक्षा



**गोरखपुर, एजेंसी।** कैंपियरगंज से भाजपा विधायक फतेह बहादुर सिंह ने आरोप लगाया है कि पार्टी कार्यकर्ता राजीव रंजन चौधरी की साजिश के कारण उनकी जान को खतरा है। फतेह बहादुर सिंह ने दावा किया कि चौधरी ने उन्हें जान से मारने के लिए पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी है।

पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह के बेटे और सातवीं बार के विधायक फतेह बहादुर सिंह (54) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर सुरक्षा मांगी है। इसके विपरीत राजीव रंजन ने भी दावा किया है कि विधायक से उनकी जान को खतरा है। राजीव रंजन चौधरी भाजपा जिला पंचायत सदस्य सरोज देवी का बेटा है।

# कीटनाशक बीज खाने से चार मोर सहित छह पक्षियों की मौत

**फिरोजाबाद, एजेंसी।** शिकोहाबाद में किसान फसलों को सुरक्षित करने के लिए उन्हें कीटनाशक में डुबो कर खेत में बो रहे हैं। ऐसे बीज पक्षियों की बेवजह मौत का कारण बन रहे हैं। जिले के थाना शिकोहाबाद के नागला पोहपी रोड पर शुक्रवार सुबह कुछ ग्रामीणों ने खेत में चार राष्ट्रीय पक्षी मोर और दो तीतर मृत पड़े देखे, जिसकी सूचना उन्होंने थाना पुलिस को दी।

# पॉक्सो: जांच से पहले पीड़िता की आयु निर्धारण रिपोर्ट तैयार करना जरूरी: कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पॉक्सो से जुड़े मामलों में पीड़िता की आयु में होने वाली गड़बड़ियों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस और जांच अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों में जांच शुरू करने से पहले पीड़िता की आयु निर्धारित करने वाली मेडिकल रिपोर्ट सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा तैयार कर ली जाए।

कोर्ट के समक्ष यह प्रश्न था कि पॉक्सो अधिनियम के अपराधों की जांच करते समय पीड़िता की आयु निर्धारित करने वाली मेडिकल रिपोर्ट तैयार करने का पुलिस का कानूनी दायित्व क्या है। इस पर विचार करते हुए कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि पॉक्सो मामलों में पीड़िता की चिकित्सा आयु निर्धारण रिपोर्ट को पूरा महत्व देना चाहिए। पीड़िता की आयु से संबंधित अन्य सभी दस्तावेजों की भी जांच करनी चाहिए।

# धान की पौध के साथ डूब गया किसानों का प्रीमियम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- बीमा के लिए बैंकें समय से पोर्टल पर फीड नहीं कर पाई विवरण

**अमृत विचार :** प्रदेश में बाढ़ और ज्यादा बारिश वाले जिलों में धान की पौध ज्यादातर बर्बाद हो गई है। अब फसल का समय निकलता देख किसान दोबारा पौध लगाकर रोपाई नहीं कर पाएंगे। नुकसान निचली सतह वाले खेतों पर जलमग्न होने से हुआ है। इस वजह से 40 फीसद ही रोपाई हो पाई है और असफल बोआई के हालात बन गए हैं।

असफल बोआई पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 25 प्रतिशत क्षतिपूर्ति मिलती है, लेकिन इससे भी आपदा प्रभावित किसान वंचित होते दिख रहे हैं। क्योंकि बैंकों ने किसान क्रेडिट कार्ड से धान का प्रीमियम तो समय पर काट लिया, पर फसल बीमित करने के लिए ज्यादातर का केंद्र के पोर्टल पर विवरण फीड नहीं किया। नुकसान होने पर किसानों ने दावा किया तो सर्वे में यह लापरवाही सामने आई। उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी उमाशंकर सिंह ने बताया कि बैंकें फीडिंग कर रही हैं। नियमानुसार क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

### पौध का नहीं होता बीमा, फसल के नाम गया प्रीमियम

धान की पौध का बीमा नहीं होता है, न ही किसी तरह का दावा बनता है। खेतों पर रोपाई होने पर फसल का बीमा मान्य होता है। ऐसी स्थिति में जिन जिलों में पौध नष्ट हुई, वहां किसानों को कुछ नहीं मिलेगा। जबकि फसल का प्रीमियम उनके खातों से कट चुका और फसल होनी नहीं है। पौध करीब एक माह में तैयार होती है और 15 अगस्त के बाद धान की रोपाई नहीं होती है।

### इन जिलों 120 प्रतिशत से अधिक हुई बारिश

बलरामपुर, कासगंज, मुरादाबाद, बरेली, एटा, औरैया, बदायूं, बस्ती, बहराइच, महाराजगंज, मैनपुरी, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, फिरोजाबाद, सिद्धार्थ नगर, रामपुर, श्रावस्ती, अयोध्या, फर्रुखाबाद, बाराबंकी।

# चुनावी रंजिश में युवक की ली जान

**परसपुर(गोंडा)।** नगर निकाय के चुनाव की रंजिश में शुक्रवार को परसपुर कस्बे में दबंगों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया। अस्पताल ले जाते समय युवक की मौत हो गई। परसपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 के रहने वाले ओमप्रकाश सिंह ने नगर निकाय के चुनाव में सभासद का चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में वह प्रतिद्वंद्वी उदयभान सिंह उर्फ लल्लन से हार गए थे। इसी रंजिश को लेकर शुक्रवार की दोपहर उज्जैन उदयभान ने अपने कई सहयोगियों के साथ ओमप्रकाश के घर पर धावा बोल दिया था।


## वर्ग पहेली-136

**बाएं से दाएं**

1. जिसके हाथ घुटनों तक लंबे हों (वीरों का लक्षण)।
4. अनूदित, रूपांतरित, भाषांतर किया हुआ, भाषांतरित।
5. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. करार)।
7. सिक्ख संप्रदाय के आदि गुरु।

**ऊपर से नीचे**

1. आगामी, भावी, आने वाला।
2. वह मत या विचारधारा जिसमें जीवन से संबंधित हर वस्तु का मूल्यांकन केवल व्यक्तिगत लाभ या मुनाफ़े की दृष्टि से ही किया किया जाता है, मुनाफ़ा केंद्रित तंत्र को स्थापित करने वाली विचारधारा, हर वस्तु या विचार को उत्पाद समझकर बिकाऊ बना देने की विचारधारा।
3. जागरूकता, विशेष चेतना।
4. (ज्योतिष) सत्ताईस नक्षत्रों में सत्रहवां नक्षत्र।
6. 1. एक फ़सल जिसके बीज को कूटकर चावल निकाले जाते हैं, शालि 2. अनाज, अन्न 3. किसी का दिया हुआ भोजन।




### वर्ग पहेली -135 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 टु | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 नि |
| 3 क | व | ल | 4 न | ■ | ग |
| ड़ा | ■ | ■ | भ | ■ | ह |
| ■ | ■ | 5 अ | च | क | ■ |
| 6 ख़ा | स | क | र | ■ | 7 द |
| विं | ■ | ड़ | ■ | ■ | शां |
| द | ■ | फ़ों | ■ | 8 बा | ग |

## सुडोकू -49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 9 | | | | |
| 3 | | 6 | | | | | 8 | |
| | 4 | | 2 | | | 5 | | 1 |
| | 5 | | 3 | | 1 | 8 | 7 | |
| 8 | | 2 | | | | 1 | | 6 |
| | 9 | 1 | 5 | | 8 | | 4 | |
| 1 | | 9 | | | 4 | | 3 | |
| | 7 | | | | | 6 | | 8 |
| | | | | 5 | 9 | | | |

### सुडोकू -48 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 17.59 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 21 जुलाई 01.49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष:** आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा, लेकिन इसके कारण आपकी बहस भी हो सकती है। व्यर्थ बहसबाजी करने से बचें। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। कब्ज के रोगियों को अपनी सेहत व खानपान का बहुत ज्यादा ध्यान रखना चाहिए।

**वृष:** आज आपको उन्नति के जबरदस्त अवसर प्राप्त होंगे। इन अवसरों का लाभ अवश्य उठाएं। प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। आयात-निर्यात संबंधित कारोबार में तेजी आएगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन:** आज बड़े-बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें, इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी योग्यता के अनुरूप कार्य करने में परेशानी होगी।

**कर्क:** आज किसी मित्र के यहां आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको नए मित्र मिल सकते हैं। व्यवसाय में बदलाव का विचार बन सकता है।

**सिंह:** आज बिना तथ्यों की जानकारी के अपने विचार न रखें। शत्रु आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। हृदय रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए। बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं के प्रभाव में रहेंगे।

**कन्या:** आज अपने सिद्धांतों पर अडिग रहेंगे। बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें। नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

**तुला:** आज स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरों को निम्न दिखाने की भावना के कारण मतभेद उभर सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाए रखें। बच्चों की जिद और हठ को हल्के में न लें। वाहन चलाते वक्त सावधानी रखें। कुछ लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा।

**वृश्चिक:** आज परिवार का वातावरण सुकून भरा रहेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है। प्रतिष्ठित लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**धनु:** आज अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपका मन अप्रसन्न हो सकता है। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। आकस्मिक धन हानि हो सकती है। नई भूमि-संपत्ति खरीद सकते हैं। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर:** आज आप काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। तकनीक से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। रुका हुआ काम बनने के योग बन रहे हैं। आपके प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा।

**कुंभ:** आज आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा। रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में नकदी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। यात्रा में परेशानी का अनुभव करेंगे।

**मीन:** आज परिश्रम का उत्तम फल प्राप्त होगा। जटिल मुद्दों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके अनुकूल हो सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
एतराज — दोपहर : 12.11
वेलकम बैक — शाम : 06.41

**&pictures**
बागी — सुबह : 10.53
गदर 2 — रात : 07.30

**Sony Pix**
लाइट्स आउट — सुबह : 07.29
स्पाइडर मैन — रात : 06.16

**Zee Cinema**
हम साथ साथ हैं — दोपहर : 01.37
स्पाइडर — शाम : 05.18

**Colors Cineplex**
मोहब्बत — सुबह : 09.20
ओएमजी — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बैंक मैनेजर- कैश खत्म हो गया है कल आना।
संजू गुस्से में- लेकिन मुझे मेरे पैसे अभी चाहिए।
मैनेजर- देखिए आप गुस्सा मत करिए, शांति से बात कीजिए।
संजू- ठीक है बुलाओ शांति को, आज उसी से बात करूंगा।

लड़की- कितना प्यार करते हो मुझसे?
प्रेमी- शाहजहां जितना
लड़की- तो ताजमहल बनवाओ
प्रेमी- जमीन खरीद ली है, बस तुम्हारे मरने का इंतजार कर रहा हूं।

## एक नजर

### दूरसंचार विभाग के तीन प्रशिक्षण संस्थानों का राष्ट्रीय संचार अकादमी में विलय

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग के तीन प्रशिक्षण संस्थानों- राष्ट्रीय दूरसंचार नीति अनुसंधान, नवाचार और प्रशिक्षण संस्थान (एनटीआईपीआरआईटी), राष्ट्रीय संचार वित्त संस्थान (एनआईसीएफ) और वायरलेस मॉनिटरिंग प्रशिक्षण एवं विकास केंद्र (डब्ल्यूएमटीडीसी) का तत्काल प्रभाव से एक एकल प्रशासनिक इकाई राष्ट्रीय संचार अकादमी (एनसीए) में विलय कर दिया गया है। संचार मंत्री ने संगठनात्मक सुधारों के लिए समिति की सिफारिश पर इन संस्थाओं के विलय को मंजूरी दी। यह विलय दूरसंचार विभाग के संगठनात्मक सुधारों का हिस्सा है; प्रख्यात शिक्षाविद और उद्योग प्रतिनिधि एनसीए गवर्निंग काउंसिल का हिस्सा होंगे दूरसंचार सचिव अकादमी के पदेन अध्यक्ष होंगे।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव :** दाल चना : 75-78 रुपये मसूर : 60-68 रुपये मलका : 62-68 रुपये अरहर : 140-150 रुपये उड़द : 100-110 रुपये धोआ उड़द : 110-130 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 95-105 रुपये मूंग साबुत : 90-105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90-130 रुपये राजमा लाल : 130-140 रुपये राजमा चित्ता : 125-130 रुपये लोबिया लाल : 90-110 रुपये लोबिया सफेद : 80-100 रुपये।

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 960 फ्लैग- 1080 बोल्ड- 1130 डीएमओ- 850
**रामपुर :** शिवालिक-955 फ्लैग-1075 डीएमओ-815 बोल्ड-1130

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,950 |
| चांदी आभूषण | 90,900 |

# कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी नहीं

## आरबीआई गवर्नर बोले- अनुमति से हितों के टकराव और लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक के पास कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी देने की कोई योजना नहीं है। दास ने मॉडर्न बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा) के सम्मेलन में कहा कि कारोबारी घरानों को बैंकों का प्रवर्तन करने की अनुमति देने से हितों के टकराव और संबंधित पक्षों के लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है।

आरबीआई ने एक दशक पहले बैंकों के लाइसेंस देने की प्रक्रिया के अंतिम दौर में कई बड़े कारोबारी समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने के अयोग्य घोषित कर दिया था। हालांकि देश की वृद्धि आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूंजी जुटाने की कारोबारी घरानों की क्षमता को देखते हुए



- कई समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने से पहले अयोग्य किया था घोषित

आरबीआई के कार्य समूह ने 2020 में इस मुद्दे पर नए सिरे से चर्चा शुरू की थी। दास ने 1960 के दशक के अंत में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से पहले के दौर का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भारत में भी कारोबारी घराने बैंकिंग गतिविधियों में शामिल थे। दुनिया भर के अनुभव से पता चला है कि संबंधित पक्ष के लेन-देन की निगरानी करना या उन्हें विनियमित करना और रोकना मुश्किल होगा। भारत को बैंकों की संख्या में वृद्धि की जरूरत नहीं है। सामान्य बैंकों के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया सदा सुलभ व्यवस्था के अंतर्गत है और इसके लिए आने वाले आवेदनों का स्वागत है।

### कर्ज से पीछे रहने से हो सकती है नकदी की समस्या

जमा वृद्धि अगर कर्ज बढ़ने के मुकाबले पीछे है, तो संरचनात्मक नकदी संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। शक्तिकान्त दास ने बैंकों को आगाह किया। दास ने असुरक्षित ऋण के मोर्चे पर और भी समस्याओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि बैंकों के पास पर्याप्त बड़े पोर्टफोलियो होने के बावजूद, ऐसे जोखिम भरे ऋण के लिए उच्च सीमा है। दास ने बैंकों से ऋण तथा जमा वृद्धि के बीच उचित संतुलन बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा कि घरेलू बचत का एक बड़ा हिस्सा जो पहले जमा के रूप में बैंकिंग प्रणाली में आता था, अब म्यूचुअल फंड जैसे अन्य साधनों में जा रहा है। ऋण वृद्धि को जमा वृद्धि से बहुत आगे नहीं बढ़ना चाहिए। खासकर तब, जब बैंकों को सीआरआर, एसएलआर, एलसीआर बनाए रखने की आवश्यकता होती है। पिछले कुछ समय से जमा राशि जुटाने की प्रक्रिया ऋण वृद्धि से पिछड़ रही है। इससे प्रणाली में संरचनात्मक नकदी संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

### सरकार के साथ समन्वय से अर्थव्यवस्था में हुआ सुधार

दास ने कहा कि उनके छह साल के कार्यकाल के दौरान सरकार के साथ बैंक के संबंध अच्छे रहे हैं। उन्होंने कोविड-19 के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार का श्रेय दोनों के बीच बेहतर समन्वय को दिया। दास ने कहा कि किसी ने भी उनसे यह उम्मीद नहीं की थी कि वे अपने कार्यकाल के दौरान सरकार के लिए चीयरलीडर बनेंगे। उन्होंने अपनी लिखी पुस्तक में लगाए आरोपों पर कहा कि मैं अपने अनुभव से कह रहा हूं। कोई भी यह उम्मीद नहीं करता कि आरबीआई चीयरलीडर बनेगा। मेरा ऐसा कोई अनुभव नहीं है। दास का कार्यकाल इस साल दिसंबर में समाप्त हो रहा है। सरकार ने उन्हें 11 दिसंबर, 2018 को शुरूआत में तीन साल की अवधि के लिए आरबीआई का 25वां गवर्नर नियुक्त किया था। उन्हें 2021 में तीन साल के लिए सेवा विस्तार दिया गया।

# रिकॉर्डतोड़ तेजी का सिलसिला थमा, सेंसेक्स 739 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

कमजोर रुख और चार दिनों की तेजी के बाद मुनाफावसूली से शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 739 अंक नीचे आ गया और निफ्टी भी नुकसान में रहा। कारोबारियों ने कहा कि दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आई गिरावट ने भी बाजार को नीचे लाने का काम किया।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 738.81 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 80,604.65 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ये 81,587.76 अंक के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन मुनाफावसूली से यह टूट गया। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 844.36 अंक गिरकर 80,499.10 पर आ गया था। एनएसई का निफ्टी 269.95 अंक यानी 1.09 प्रतिशत गिरकर 24,530.90 पर बंद हुआ। यह शुरुआती दौर में 24,854.80 के नए रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में यह कमजोर पड़ गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 292.7 अंक गिरकर 24,508.15 पर आ गया था।



- मुनाफा वसूली से दोनों सूचकांक नुकसान में रहे

### निवेशकों को 7.94 लाख करोड़ की हानि

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट आने से निवेशकों की संपत्ति 7.94 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई- सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7,94,059.53 करोड़ रुपये घटकर 4,46,38,826.75 करोड़ रुपये (5.34 लाख करोड़ डॉलर) पर आ गया।

# 5पैसा, आईआईएफएल, एंजेल वन वैश्विक कंप्यूटर संकट से प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

- कई शेयर कारोबारियों को परिचालन संबंधी व्यवधान का करना पड़ा सामना

माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम के वैश्विक सेवा संकट से भारत में कई शेयर कारोबारियों को शुक्रवार को परिचालन संबंधी व्यवधान का सामना करना पड़ा। इस संकट ने 5पैसा, आईआईएफएल सिक्योरिटीज और एंजेल वन सहित कई ब्रोकरेज को प्रभावित किया। व्यापक वैश्विक कंप्यूटर संकट से प्रभावित अन्य ब्रोकर में मोतीलाल ओसवाल और एडलवाइस म्यूचुअल फंड शामिल हैं। कुछ ब्रोकरेज ने कहा कि प्रणाली बहाल कर दी गई है जो सही से काम कर रही है।

ब्रोकरेज फर्म 5पैसा ने एक्स पर लिखा कि क्राउडस्ट्राइक/माइक्रोसॉफ्ट के साथ वैश्विक संकट के कारण साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले हमारे सिस्टम प्रभावित हुए हैं। एडलवाइस म्यूचुअल फंड ने भी अपनी वेबसाइट पर लॉगिन समस्याओं के बारे में बताया। देश के प्रमुख शेयर बाजार एनएसई और बीएसई ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम के वैश्विक संकट से वे प्रभावित नहीं हुए हैं। एनएसई के प्रवक्ता ने कहा कि एनएसई और एनसीएल (एनएसई क्लियरिंग लिमिटेड) आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। बीएसई के प्रवक्ता ने कहा कि एक्सचेंज माइक्रोसॉफ्ट की समस्या के कारण प्रभावित नहीं है। हमारा संचालन सामान्य रूप से चल रहा है।

# एचडीएफसी बैंक का सीएसआर खर्च 945 करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 945.31 करोड़ का कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) खर्च दर्ज किया है। यह वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 125 करोड़ रुपये अधिक है। एचडीएफसी बैंक ने कहा कि उसका सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन एक दशक से सक्रिय है और 28 राज्यों व आठ केंद्र शासित प्रदेशों में फैली इसकी विभिन्न पहलों ने 10 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। इस पहल के तहत आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) में चिन्हित 112 जिलों में से 85 जिलों को लाया गया है। एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक कैजाद भरूचा ने कहा कि ग्रामीण विकास, शिक्षा, कौशल संवर्धन, स्वास्थ्य सेवा, वित्तीय साक्षरता और पर्यावरण के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को देखते हुए हमारा लक्ष्य उन समुदायों में पर्यावरण अनुकूल और समावेशी वृद्धि का समर्थन करना है जहां हम काम करते हैं।

- 2022-23 की तुलना में 125 करोड़ रुपये अधिक

# कई देशों में विदेशी केंद्र खोलेगा आईसीएसआई

कोलकाता, एजेंसी

- हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में केंद्र खोलने की योजना
- यूएई, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में है केंद्र

देश में कंपनी सचिवों के लिए स्थापित पेशेवर संस्था भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के अध्यक्ष बी नरसिम्हन ने शुक्रवार को कहा कि निकट भविष्य में संस्थान के तीन और विदेशी केंद्र खोलने की योजना है।

नरसिम्हन ने कहा कि ये केंद्र हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में खोले जाएंगे। इन तीन स्थानों पर नए विदेशी केंद्रों की योजना इन देशों में आईसीएसआई सदस्यों की संख्या पर बनाई जा रही है। संस्थान के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में पहले से ही छह विदेशी केंद्र मौजूद हैं। नरसिम्हन ने कहा कि नए प्रस्तावित केंद्र आईसीएसआई सदस्यों के लिए पेशेवर अवसरों को बढ़ाने के साथ छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने और इन देशों में परीक्षा आयोजित करने में सहायता और सुविधा प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि आईसीएसआई आने वाले दिनों में कंपनियों को ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और कामकाज) मानकों के अनुरूप बनने पर बहुत जोर दे रहा है। उन्होंने कहा कि आईसीएसआई ने अपने पाठ्यक्रम में पहले ही ईएसजी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषयों को शामिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि ईएसजी समय की मांग है। बाजार पूंजीकरण के मामले में शीर्ष 1000 कंपनियों के लिए सेबी द्वारा व्यावसायिक जिम्मेदारी और स्थिरता रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया गया है। इन कंपनियों को वार्षिक रिपोर्ट के साथ अपने ईएसजी प्रदर्शन की जानकारी देना भी जरूरी होता है। ईएसजी के अनुरूप कंपनियां विदेशी निवेशकों की नजर में आएंगी। विदेशी निवेशक यह पूछेंगे कि जिस भारतीय कंपनी में वे निवेश करने की योजना बना रहे हैं, क्या वह ईएसजी मानकों के अनुकूल है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### 31 तक अंतर्राष्ट्रीय राखी शिपमेंट की डाक की अपील

**नई दिल्ली।** रक्षा बंधन के साथ भारतीय डाक दुनिया भर में अपने प्रियजनों को राखी भेजने के लिए अपनी सहज अंतर्राष्ट्रीय मेल सेवाओं का उपयोग करने के लिए लोगों से 31 जुलाई तक अपनी राखी शिपमेंट की योजना बनाने की सलाह दी है। डाक विभाग ने अपील करते हुये कहा कि अपने प्रियजनों को अपने दिल से दिए गए उपहारों की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए 31 जुलाई तक अपनी राखी शिपमेंट की योजना बनाएं।

### गुजरात में मालगाड़ी का एक डिब्बा बेपटरी

**मुंबई।** गुजरात में वलसाड और सूरत स्टेशन के बीच शुक्रवार को मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। पश्चिम रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि अपराह्न तीन बजे डुंगरी स्टेशन के पास हुई इस घटना के कारण मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। मालगाड़ी सूरत की तरफ जा रही थी। मुंबई-अहमदाबाद ट्रंक रूट पर यह दुर्घटना उस समय हुई, जब केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव यहां पश्चिम रेलवे मुख्यालय में रेलवे सुरक्षा और अन्य मुद्दों की समीक्षा कर रहे थे।

### तस्करी के 33,000 लीटर डीजल जब्त, 4 गिरफ्तार

**अलीबाग।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के रेवास बंदरगाह पर पुलिस ने समुद्री मार्ग से तस्करी कर भारत लाये जा रहे 33,000 लीटर डीजल को जब्त किया है और इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि जब्त डीजल और इसकी ढुलाई करने वाले ट्रॉलर (मछली पकड़ने वाला जहाज) की कुल कीमत 36.40 लाख रुपये है। आरोपियों में गणेश, विनायक, गजानन और मुकेश है।

# संसद सत्र के लिए छह विधेयक सूचीबद्ध

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गठित की कार्य मंत्रणा समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने आपदा प्रबंधन विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया

केंद्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के आगामी सत्र में विमानन क्षेत्र में कारोबार सुगमता के प्रावधान मुहैया कराने के लिए 90 साल पुराने विमान अधिनियम का स्थान लेने वाले विधेयक समेत छह नए विधेयकों को सूचीबद्ध किया है। वित्त विधेयक के अलावा सरकार ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है। इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है।

लोकसभा से जारी बुलेटिन में कहा गया कि प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न संगठनों की भूमिका में अधिक स्पष्टता और तालमेल लाना है। भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी के लिए सक्षम प्रावधान प्रदान करने की खातिर 1934 के विमान अधिनियम को बदलने का प्रयास करता है। संसद का सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। सत्र 12 अगस्त तक प्रस्तावित है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को आम बजट पेश करने वाली हैं। सत्र के दौरान पेश और पारित किए जाने वाले अन्य विधेयकों में स्वतंत्रता पूर्व के कानून की जगह लेने वाला बॉयलर विधेयक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक शामिल हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है। बीएसी संसदीय कामकाज का एजेंडा तय करती है।

### समिति में ये लोग शामिल

समिति में सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस), पीपी चौधरी (भाजपा), लावू श्रीकृष्ण देवरायलु (तेदेपा), निशिकांत दुबे (भाजपा), गौरव गोगोई (कांग्रेस), संजय जायसवाल (भाजपा), दिलेश्वर कामत (जदयू), भर्तृहरि महताब (भाजपा), दयानिधि मारन (द्रमुक), बैजयंत पांडा (भाजपा), अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी), कोडिकुन्नील सुरेश (कांग्रेस), अनुराग ठाकुर (भाजपा) और लालजी वर्मा (सपा) शामिल हैं।

# चुनावी बॉण्ड की जांच की याचिका पर 22 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना की अदालत की निगरानी में जांच किए जाने वाली याचिका पर 22 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर कहा कि कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) की याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

पीठ ने कहा कि सूचीबद्ध इसी तरह की अन्य याचिका पर भी 22 जुलाई को सुनवाई होगी। दोनों संगठनों की याचिका में राजनीतिक दलों, कंपनियों और जांच एजेंसियों में लेन-देन का आरोप लगाया गया है। याचिका में उन कंपनियों के वित्तपोषण के स्रोत की जांच का अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

# आतंकी नेटवर्क के खात्मे को केंद्रीय एजेंसियों में तालमेल अधिक जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में उभरते सुरक्षा खतरे से निपटने के लिए आतंकी नेटवर्क और उनके सहायक ईको-सिस्टम को खत्म करने के लिए एजेंसियों के बीच अधिक तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) को सक्रिय रहना चाहिए और समय पर कार्रवाई योग्य जानकारियों को साझा करने के लिए दिन-रात काम करना चाहिए।

गृहमंत्री विभिन्न सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने देश में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए जिम्मेदार खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) के कामकाज की समीक्षा की। जम्मू कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने देश भर की सुरक्षा एजेंसियों और अन्य खुफिया और प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सरकार का संपूर्ण और समग्र दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एमएसी ढांचा अपनी पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए व्यापक तकनीकी और परिचालन सुधार के लिए तैयार है।



- गृहमंत्री अमित शाह ने की खुफिया ब्यूरो के कामकाज की समीक्षा
- बोले- समय पर कार्रवाई योग्य जानकारियों को साझा करने के लिए करें दिन-रात काम

# आतिशी ने दिल्ली के लिए केंद्र से मांगे 10,000 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री आतिशी ने विकास के लिए शुक्रवार को केंद्र से 10,000 करोड़ रुपये की मांग की और दावा किया कि आयकर के रूप में पिछले साल दो लाख करोड़ का योगदान देने के बावजूद दिल्ली को कुछ नहीं मिला।

मंत्री ने कहा कि दिल्ली ने केंद्रीय करों में सीजीएसटी के रूप में 25,000 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। बजट से पहले आतिशी ने दिल्ली के लिए अधिक राशि जारी करने की वकालत करते हुए कहा कि सड़क, परिवहन और बिजली क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ सौंदर्यीकरण पर यह राशि खर्च किया जा सकता है। आतिशी ने कहा कि 2001 से केंद्र सरकार ने दिल्ली को केवल 325 करोड़ रुपये दिए हैं। पिछले साल लोगों ने कर के रूप में दिल्ली को 35,000 करोड़ दिए, जिसे मुफ्त बिजली, मुफ्त इलाज, सड़कों और फ्लाईओवर के निर्माण व रखरखाव पर खर्च किया गया। दिल्ली के लोगों ने केंद्र को कुल 2.32 लाख करोड़ कर दिया, उसमें से दिल्ली पर कुछ खर्च नहीं किया।



- मंत्री ने दावा किया पिछले साल दो लाख करोड़ का योगदान देने के बावजूद दिल्ली को कुछ नहीं मिला

# डकैती के आरोप में सेना का पूर्व जवान एटा से गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से 6.6 लाख लूटने के आरोप में सेना के पूर्व जवान को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि आरोपी अरुण सिंह राठौर उत्तर प्रदेश के एटा जिले के गांव में अपने मामा के घर में छिपा था। टीम गुरुवार शाम उसे गिरफ्तार कर इंदौर ले आई।मंगलवार को बैंक की जिस शाखा में उसने लूटपाट की थी, वहां से उसका घर कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर था लेकिन पुलिस को गुमराह करने के लिए उसने लंबे रास्ते का इस्तेमाल किया तथा करीब 14 किलोमीटर का चक्कर लगाया।

# बिलकीस बानो मामले में दो दोषियों की सजा में छूट से जुड़ी याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी

- 11 में से दो दोषियों की याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने बिलकीस बानो मामले में 11 में से दो दोषियों की याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। दोनों दोषियों ने सजा में दी गई छूट को रद करने के शीर्ष अदालत के आठ जनवरी के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिका को गलत करार दिया और कहा कि वह शीर्ष अदालत की एक अन्य पीठ द्वारा पारित आदेश के खिलाफ अपील पर कैसे गौर कर सकती है। पीठ ने कहा कि यह क्या याचिका है? इस याचिका पर कैसे सुनवाई हो सकती है। यह पूरी तरह से गलत है। अनुच्छेद 32 याचिका कैसे दायर की जा सकती है? हम किसी अन्य पीठ द्वारा पारित आदेश के खिलाफ गौर नहीं कर सकते। दोषियों राधेश्याम और राजूभाई के वकील ऋषि मल्होत्रा ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। पीठ ने वकील को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

# कोली को बरी करने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करेगा कोर्ट

निठारी हत्याकांड

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के निठारी हत्याकांड मामले में सुरेन्द्र कोली को बरी करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई और उत्तर प्रदेश सरकार की याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने नोटिस जारी कर कोली से याचिकाओं पर जवाब मांगा और इनको शीर्ष अदालत में पहले से लंबित याचिकाओं के साथ नत्थी कर दिया। अदालत ने पिछले वर्ष 16 अक्टूबर के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सीबीआई की अलग-अलग याचिकाओं पर आठ जुलाई को कोली से जवाब मांगा था। न्यायालय ने मई में एक पीड़ित पिता की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की थी, जिसमें मामले में कोली को बरी करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

# स्कूल टीसी में शुल्क बकाया का उल्लेख करने पर हाईकोर्ट नाराज

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किसी बच्चे का स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) स्कूलों के लिए लंबित शुल्क वसूलने का जरिया नहीं हो सकता है। यह छात्र के नाम से जारी निजी दस्तावेज है। इसमें बकाया शुल्क के संबंध में कोई प्रविष्टि नहीं की जानी चाहिए।

हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया कि वह स्कूलों को निर्देश जारी करें, ताकि बच्चे से टीसी दिखाने पर जोर नहीं दिया जाए। न्यायमूर्ति एसएम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति सी. कुमारप्पन की खंडपीठ ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम और बच्चों के संरक्षण कानूनों के तहत कार्रवाई की जाए। पीठ ने कहा कि शुल्क न देने या देरी से देने पर बच्चों को परेशान करना क्रूरता है।

# चेक बाउंस मामलों का लंबित रहना चिंता का विषय

नई दिल्ली, एजेंसी

बड़ी संख्या में चेक बाउंस के मामलों के लंबित होने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि यदि पक्ष समझौता करने के इच्छुक हैं तो अदालतों को परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत समझौता योग्य अपराधों के निपटान को प्रोत्साहित करना चाहिए। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने चेक बाउंस मामले में पी कुमारसामी नाम के एक व्यक्ति की सजा को यह देखते हुए रद कर दिया कि दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है और शिकायतकर्ता को 5.25 लाख रुपये का भुगतान किया गया है।



- चेक का बाउंस होना एक नियामक अपराध की श्रेणी में है

पीठ ने 11 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि चेक बाउंस होने से जुड़े मामले बड़ी संख्या में अदालतों में लंबित हैं जो हमारी न्यायिक प्रणाली के लिए गंभीर चिंता का विषय है। यह ध्यान में रखते हुए कि उपाय के प्रतिपूरक पहलू को दंडात्मक पहलू पर प्राथमिकता दी जाएगी, अदालतों को परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत अपराधों के शमन को प्रोत्साहित करना चाहिए, यदि पक्ष ऐसा करने के इच्छुक हैं। परक्राम्य लिखत अधिनियम सभी परक्राम्य लिखतों जैसे वचन पत्र, विनिमय पत्रों और चेक संबंधी मामलों के निपटान से संबंधित है। समझौता योग्य अपराध वे होते हैं जिनमें प्रतिद्वंद्वी पक्षों द्वारा समझौता किया जा सकता है।

पीठ ने कहा कि यह याद रखना होगा कि चेक का बाउंस होना एक नियामक अपराध है जिसे केवल सार्वजनिक हित को देखते हुए अपराध की श्रेणी में लाया गया है। आदेश में कहा कि परिस्थितियों की समग्रता और पक्षों के बीच समझौते पर विचार करते हुए, हम इस अपील को स्वीकार करते हैं तथा एक अप्रैल 2019 के लागू आदेश के साथ-साथ निचली अदालत के 16 अक्टूबर 2012 के आदेश को रद्द करके अपीलकर्ताओं को बरी करते हैं।

# हुड्डा से जुड़े मामले में एम3एम का 300 करोड़ का भूखंड कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- भूमि धोखाधड़ी में ईडी ने की कार्रवाई हरियाणा के पूर्व सीएम से जुड़े है तार

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत गुरुग्राम में रियल एस्टेट समूह एम3एम का 300 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत का भूखंड कुर्क किया है। इस मामले का तार कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी जुड़ा है।

एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अनंतिम आदेश जारी किया था। 88.29 एकड़ भूमि गुरुग्राम जिले में हरसरू तहसील के बशारिया गांव में स्थित है। ईडी ने कहा कि भूखंड की कीमत 300.11 करोड़ है। रियल एस्टेट समूह के प्रवक्ता ने कहा कि वे ईडी द्वारा भूखंड को अस्थायी रूप से कुर्क करने के लिए की गई अनुचित और अनावश्यक कार्रवाई से निराश हैं। यह भूखंड किसी अपराध से जुड़ा नहीं है और पीएमएलए के तहत अपराध की आय के दायरे में नहीं आ सकता है।

# 2047 खेलों में शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

● खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा- भारत के नवनिर्माण के रोडमैप का हिस्सा है खेल



नए भारत के निर्माण में खेलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 2047 में आजादी की सौवीं सालगिरह पर भारत का खेलों में भी शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य रहेगा। पिछले दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है और आजादी की 100वीं सालगिरह पर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। नवनिर्माण के इस रोडमैप का हिस्सा खेल भी है और जब हम विकसित राष्ट्र होंगे तो खेलों में भी शीर्ष पांच में रहेंगे।

उन्होंने कहा भारत विविधताओं का देश है और यहां खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। प्रतिभा को तलाशकर उसे इको सिस्टम में लाने और मौके देने की जरूरत भर है। मैंने कोरोना के दौरान अनुभव किया है कि भारत में मैन पावर और ब्रेन पावर की कमी नहीं है और उसके दम पर ही हमने कामयाबी पाई है।

पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे मांडविया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में वह इको सिस्टम तैयार हुआ है जिसमें विभिन्न कार्य योजनाओं के जरिए खिलाड़ियों को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मदद की जा रही है। मैं पेरिस ओलंपिक में भाग लेने जा रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देता हूं। खेलमंत्री ने पेरिस ओलंपिक और पैरालम्पिक के लिये भारत की तैयारियों को लेकर दिल्ली खेल पत्रकार संघ द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर आयोजित परिचर्चा कहा पेरिस ओलंपिक में पदकों की संभावना को लेकर मैं कोई आंकड़ा तो नहीं दूंगा लेकिन उम्मीद है कि पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन होगा। हमने तोक्यो में सात पदक जीते थे और अब उससे आगे जाएंगे। भारत ने तोक्यो ओलंपिक 2020 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण समेत सात पदक जीते थे। 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में भारत 117 सदस्यीय दल भेज रहा है जो तोक्यो ओलंपिक (121) के बाद सबसे बड़ा है।

### 100 दिन में एक लाख खिलाड़ियों की होगी पहचान

नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कीर्ति परियोजना के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसका लक्ष्य 100 दिन के अंदर एक लाख युवा खिलाड़ियों की पहचान करना है। खेल मंत्री का मानना है कि खेलो इंडिया उदीयमान प्रतिभा पहचान (कीर्ति) भारत को 2047 तक ओलंपिक खेलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। मांडविया ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ करने के बाद कहा भारत विविधता और संभावनाओं से भरा देश है। केवल शहर कि नहीं, दूर दराज के क्षेत्रों जैसे उत्तर-पूर्व, तटीय, हिमालयी और आदिवासी क्षेत्रों में भी अच्छे खिलाड़ी हो सकते हैं। कीर्ति कार्यक्रम के इस चरण में खेलो इंडिया योजना के सभी 20 खेल शामिल होंगे। कीर्ति का पहला चरण इस साल 12 मार्च को चंडीगढ़ में शुरू किया गया था।

# सही घोड़े के बिना आप कुछ भी नहीं हैं: अनुष



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार घुड़सवार अनुष अग्रवाल को यह समझने में देर नहीं लगती कि उनका घोड़ा 'सर कारमेलो' घबराया हुआ, उत्साहित या खुश महसूस कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि कोई रिश्ता सद्भाव और विश्वास पर बना है तो भाषा कोई बाधा नहीं है। 24 साल के अग्रवाल 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार हैं। वह ओलंपिक में परिणाम को लेकर ज्यादा चिंता किये बिना अपने खेल को सुधारने पर ध्यान दे रहे हैं। अग्रवाल सर कारमेलो के साथ इस स्पर्धा का लुत्फ उठाना चाहते हैं। दोनों के बीच ऐसा बंधन है कि अग्रवाल खुद की देखभाल से ज्यादा अपने घोड़े की देखभाल करना पसंद करते हैं। अग्रवाल ने जर्मनी से बताया, घोड़ों के बिना, हम कुछ भी नहीं हैं।

# दोहरे अंक में पदक लाने का जिम्मा निशानेबाजों पर : सुमरिवाला

नई दिल्ली, एजेंसी

● एएफआई के अध्यक्ष आदिल बोले- भारत आसानी से 10 या उससे अधिक पदक जीत सकता है



भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला को उम्मीद है कि पेरिस ओलंपिक में भारत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दोहरे अंक में पदक जीत सकता है लेकिन इसके लिए निशानेबाजों को अच्छा करना होगा।

सुमरिवाला ने कहा कि उन्हें निशानेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है और अगर ऐसा हुआ तो भारत आसानी से 10 या उससे अधिक पदक जीत सकता है। भारत ने तोक्यो ओलंपिक में एक स्वर्ण सहित सात पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। मुझे निशानेबाजों से इस बार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और अगर वे ऐसा करने में सफल रहे तो हम आसानी से दो अंक (10 या उससे अधिक) में पदक जीतेंगे। मैं कोई निश्चित संख्या नहीं बता सकता हूं लेकिन खिलाड़ियों के प्रदर्शन के विश्लेषण पर हमें अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। निशानेबाजी में भारत के 21 खिलाड़ियों ने ओलंपिक कोटा हासिल किया है।

तोक्यो ओलंपिक में भी भारत के 15 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था लेकिन कोई भी पदक नहीं जीत पाया था। सुमरिवाला से पूछा गया कि एथलेटिक्स में भारत के इक्का-दुक्का खिलाड़ियों को छोड़कर किसी का भी आंकड़ा विश्व के बड़े एथलीटों के करीब नहीं है ऐसे में उनसे पदक की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

## खेल डायरी

### दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुरू हुआ पंजीकरण

नई दिल्ली। दिल्ली में 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाली वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुक्रवार को पंजीकरण शुरू हो गया। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस की मान्यता प्राप्त इस आयोजन में कुल इनामी राशि 260,000 डॉलर (लगभग 2.17 करोड़ रुपये) है, जिसमें दुनिया भर के लंबी दूरी की सर्वश्रेष्ठ धावकों के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोगों को भी भाग लेने का मौका मिलेगा। मुख्य हाफ मैराथन रेस के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोग इसमें ओपन 10के (दस किलोमीटर की दौड़), ग्रेट दिल्ली रन (4.5 किमी), सीनियर सिटिजन रन (2.5 किमी), और चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन (2.5 किमी) श्रेणियों में भाग लेने के लिए 30 सितंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं। ओपन 10के के अलावा सभी दौड़ यहां के जवाहरलाल स्टेडियम से शुरू होकर इसी स्थल पर खत्म होंगी।

### स्क्वैश टीम स्पर्धा में भारत का विजयी आगाज

चेन्नई। भारत ने गुरुवार को अमेरिका के ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा में विजयी शुरुआत की। भारत के लड़कों ने ग्रुप एफ में कुवैत को 3-0 से हरा दिया जबकि लड़कियों ने ग्रुप डी में चीनी ताइपे को समान अंतर से हराया। भारत की पुरुष टीम का आज यानी शुक्रवार को ब्राज़ील से मुकाबला होगा वहीं बालिका वर्ग में ब्राज़ील और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेले जाने हैं। परिणाम : बालक (समूह एफ) : भारत ने कुवैत को 3-0 से हराया (अरिहंत केएस ने अब्दुल्ला अली को हराया, अयान वजीरल्ली ने खालिद वालेद अल फौजैन को हराया, युवराज वाधवानी ने जसीम अदेल अल गरीब को 11-4, 10-12,11-5,11-0 से हराया। बालिका (समूह डी) : भारत ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराया निरुपमा दुबे ने शू-यू ली को हराया, शमीना रियाज ने शॉ जेन-जू पर्ल को हराया, अनाहत सिंह ने चेंग यू-चेन को 11-1,11-1,11-4 से हराया।

### ओलंपिक में खेलेगी इस्राइली फुटबॉल टीम

ज्यूरिख। फीफा ने इस्राइल को अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल से प्रतिबंधित करने के फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया है जिससे इस्राइली फुटबॉल टीम पेरिस ओलंपिक में खेल सकेगी। दो महीने पहले फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर निष्पक्ष कानूनी आकलन की घोषणा के बाद फीफा को आमसभा की असाधारण बैठक में शनिवार को इस पर फैसला लेना था। यह फैसला ओलंपिक की फुटबॉल स्पर्धा शुरू होने से चार दिन पहले आता जिसमें इस्राइल को जापान, माली और पराग्वे के साथ एक ग्रुप में रखा गया है। फीफा ने गुरुवार को कहा कि प्रक्रिया पूरी करने में अभी और समय लगेगा यानी फैसला अब ओलंपिक के बाद आएगा। फीफा ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपना अपना पक्ष रखने के लिए समय सीमा बढाने का अनुरोध किया है। इसके मायने हैं कि स्वतंत्र आकलन अब फीफा को 31 अगस्त से पहले नहीं सौंपा जा सकेगा। ओलंपिक फुटबॉल पुरूष फाइनल नौ अगस्त को है।

### नडाल नॉर्डिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में

बस्ताड (स्वीडन)। रफेल नडाल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से हराकर नॉर्डिया ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में नडाल गिर गए और खून बहने लगा जिससे उन्हें मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी। उन्होंने मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर जनवरी के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं। वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विंबलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

# पदक के करीब तो पहुंचे पर मिली निराशा

## पलकों में चुभता अतीत : ओलंपिक में कई बार भारत पदक से दूर चौथे स्थान पर रहा, 1956 से 2020 तक जारी सिलसिला

PARIS 2024 | ओलंपिक 6 दिन शेष

नई दिल्ली, एजेंसी

अक्सर कहा जाता है कि ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल करना किसी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी निराशा होती है। किसी प्रतियोगिता में आखिरी स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को अगर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, तो वहीं चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को पदक चूकने की टिस रहती है। खेल के सबसे बड़े वैश्विक मंच पर भारतीय खिलाड़ी कई बार बेहद करीब से ओलंपिक पदक जीतने से चूक गए। इसकी शुरुआत 1956 मेलबर्न ओलंपिक में हुई थी और यह तोक्यो में हुए पिछले ओलंपिक तक जारी रहा।



भारतीय फुटबॉल टीम

### 1956 मेलबर्न


भारतीय फुटबॉल टीम ने क्वार्टर फाइनल में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मैच में ही नेविल डिसूजा ओलंपिक में हैट्रिक गोल करने वाले पहले एशियाई बने। नेविल ने सेमीफाइनल में यूगोस्लाविया के खिलाफ टीम को बढ़त दिला कर अपने प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश की लेकिन यूगोस्लाविया ने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को अपने पक्ष में कर लिया। कांस्य पदक मुकाबले में भारत बुल्गारिया से 0-3 से हार गया। भारत के महान खिलाड़ी पीके बनर्जी अक्सर अपनी इस पीड़ा को साझा करते थे।

### 1960 रोम

महान मिल्खा सिंह 400 मीटर फाइनल में पदक के दावेदार थे लेकिन वह सेकंड के 10वें हिस्से से कांस्य पदक जीतने से चूक गए। विभाजन के बाद अपने माता-पिता को खोने के बाद इसे उनकी सबसे बुरी याद के रूप में याद किया जाएगा। इस हार के बाद फ्लाइंग सिख ने खेल लगभग छोड़ ही दिया था। उन्होंने इसके बाद 1962 के एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते लेकिन ओलंपिक पदक चूकने की टिस हमेशा बरकरार रही।



मिल्खा सिंह



भारतीय हॉकी टीम

### 1980 मास्को

नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और ग्रेट ब्रिटेन जैसे शीर्ष हॉकी देशों ने अफगानिस्तान पर तत्कालीन सोवियत संघ के आक्रमण पर मास्को खेलों का बहिष्कार किया था, भारतीय महिला हॉकी टीम के पास अपने पहले प्रयास में ही पदक जीतने का बड़ा मौका था। टीम को हालांकि पदक से चूकने की निराशा का सामना करना पड़ा। टीम अपने आखिरी मैच में सोवियत संघ से 1-3 से हारकर चौथे स्थान पर रही।



पीटी उषा

### 1984 लॉस एंजिलिस

लॉस एंजिलिस ओलंपिक ने मिल्खा की रोम ओलंपिक की यादें फिर से ताजा कर दीं जब पीटी उषा 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के 100वें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गईं। जिससे यह किसी भी प्रतियोगिता में किसी भारतीय एथलीट के लिए अब तक की सबसे करीबी चूक बन गई। पय्योली एक्सप्रेस के नाम से मशहूर उषा रोमानिया की क्रिस्टीना कोजोकारू के बाद चौथे स्थान पर रहीं। वह हालांकि अपनी इस साहसिक प्रयास के बाद घरेलू नाम बन गईं।

### 2004 एथेंस

दिग्गज लिएंडर पेस और महेश भूपति की टेनिस में भारत की संभवत: सबसे महान युगल जोड़ी एथेंस खेलों में पुरुष युगल में पोडियम पर पहुंचने से चूक गई। पेस और भूपति क्रोएशिया के मारियो एनसिक और इवान ल्युबिसिक से मैराथन मैच में 6-7, 6-4, 14-16 से हारकर कांस्य पदक से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे। इस जोड़ी को इससे पहले सेमीफाइनल में निकोलस किफर और रेनर शटलर की जर्मनी की जोड़ी से सीधे सेटों में 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा था। इन खेलों में कुंजारानी देवी महिलाओं की 48 किग्रा भारोत्तोलन प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहीं, लेकिन वह वास्तव में पदक की दौड़ में नहीं थीं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 112.5 किग्रा वजन उठाने के अपने अंतिम प्रयास में अयोग्य घोषित कर दी गईं। कुंजारानी 190 किग्रा के कुल प्रयास के साथ कांस्य पदक विजेता थाईलैंड की एरी विराथावोर्न से 10 किग्रा पीछे रही।



लिएंडर पेस और महेश भूपति

### 2012 लंदन

निशानेबाज जॉयदीप करमाकर ने इस सत्र में कांस्य पदक विजेता से एक स्थान पीछे रहने के निराशा का अनुभव किया। करमाकर पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहे थे और फाइनल में वह कांस्य पदक विजेता से सिर्फ 1.9 अंक पीछे रहे।



जॉयदीप करमाकर

### 2016 रियो

दीपा करमाकर ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट बनीं। महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने के बाद, वह महज 0.150 अंकों से कांस्य पदक से चूक गईं। उन्होंने 15.066 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। इसी ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा का शानदार करियर एक परीकथा जैसे समापन की ओर बढ़ रहा था, लेकिन वह भी मामूली अंतर से पदक जीतने से चूक गए। बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा कांस्य पदक से मामूली अंतर से पिछड़ गए। बोपन्ना को 2004 के बाद एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने से दूर रहने की निराशा का सामना करना पड़ा जब उनकी और सानिया मिर्जा की भारतीय मिश्रित युगल टेनिस जोड़ी को सेमीफाइनल और फिर कांस्य पदक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस जोड़ी को कांस्य पदक मैच में लुसी ह्रादेका और रादेक स्तेपानेक से हार का सामना करना पड़ा था।



दीपा करमाकर

### 2020 तोक्यो

मास्को खेलों के चार दशक के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम को एक बार फिर करीब से पदक चूकने का दंस झेलना पड़ा। भारतीय टीम तीन बार की ओलंपिक चैम्पियन ऑस्टेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन उसे अंतिम चार मैच में अर्जेंटीना से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम को इसके बार कांस्य पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 3-2 की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और 3-4 से हार गयी। इसी ओलंपिक में अदिति अशोक ऐतिहासिक पदक जीतने से चूक गयी। विश्व रैंकिंग में 200 वें स्थान पर काबिल इस खिलाड़ी ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को टक्कर दी लेकिन बेहद मामूली अंतर से पदक नहीं जीत सकी।



महिला हॉकी टीम

## बॉलीवुड हलचल

### स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी बाघ का कहना है कि वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना उनके लिए सपना सच होने जैसा है। आलिया भट्ट, आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड वाली फिल्म अल्फा का नेतृत्व कर रही हैं, जिसमे शरवरी बाघ सुपर-एजेंट की भूमिका निभा रही हैं। अल्फा का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। इस स्पाईवर्स का हिस्सा बनकर शरवरी अभिभूत हैं, जिसमें भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी अग्रणी महिलाएं जैसे दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ और अब आलिया भट्ट ने इसकी शोभा बढ़ाई है। शरवरी बाघ ने कहा, वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना अत्यंत रोमांचक है। मैं वास्तव में बहुत दबाव महसूस नहीं कर रही हूं क्योंकि मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनने की प्रक्रिया का हर पल आनंद ले रही हूं। मैं इस समय ऊर्जा और उत्साह से भरपूर हूं। इस अवसर को पाकर बहुत उत्साहित हूं। हमारे देश की सबसे बड़ी सुपरस्टार्स में से एक आलिया भट्ट के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं सेट पर जाने, हर दिन आलिया से सीखने और अपने सीन को अच्छे से निभाने के लिए तत्पर हूं। यदि मैं दबाव को अपने ऊपर हावी होने दूंगी, तो मुझे मजा नहीं आएगा और मैं ऐसा नहीं चाहती। एक ऐसे यूनिवर्स का हिस्सा बनना, जिसमें मेरे सिनेमा के आदर्श हों, सचमुच एक सपना सच होने जैसा है। मैं आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ की

### फिल्म देवा से शाहिद कपूर का लुक रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म देवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर इन दिनों फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज डेट को रीशेड्यूल किया गया है। पहले यह फिल्म 11 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसे अगले साल तक के लिए टाल दिया है। इस फिल्म को जी स्टूयोज और रॉय कपूर फिल्मस प्रोड्यूस कर रहे हैं जबकि रोशन एंड्रूज इसका निर्देशन कर रहे हैं। अब यह फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। फिल्म देवा का पोस्टर शेयर करते हुए शाहिद ने इंस्टाग्राम पर लिखा, वॉयलेंट वैलेंटाइन डे, देवा के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। पोस्टर में शाहिद कपूर बहुत ही टफ लुक में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथों में गन ली हुई है। शाहिद फिल्म देवा में एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनके अपोजिट पूजा हेगड़े नजर आएंगी जोकि एक जर्नलिस्ट का किरदार निभाएंगी।



# शैफाली-स्मृति की बल्लेबाजी से थर्राया पाकिस्तान

महिला एशिया कप

● पहले मुकाबले में सात विकेट से जीती भारतीय महिला टीम

● शैफाली ने 40 और मंधाना ने खेली 45 रनों की शानदार पारी

दांबुला, एजेंसी



पाकिस्तान को सस्ते में समेटने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम।

शैफाली वर्मा (40) और स्मृति मांधना (45) के बीच 85 रन की फटाफट पारी की मदद से भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को एशिया कप के शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान को सात विकेट से आसानी से धो दिया।

टॉस जीत कर पहले खेलते हुए पाकिस्तान की पूरी टीम 19.2 ओवर में 108 पर आउट हो गयी। जवाब में भारत ने विजय लक्ष्य को 35 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। दीप्ति शर्मा (20 रन पर तीन विकेट), रेणुका सिंह (14 रन पर दो विकेट), श्रेयांका पाटिल (14 रन पर दो विकेट) और पूजा वस्त्राकर (31 रन पर दो विकेट) ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तानी बल्लेबाजों को बांध कर रखा और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए, नतीजन पाकिस्तान की टीम को अपने स्कोर को तीन अंको तक ले जाने में भी पसीना बहाना पड़ा।

दूसरी ओर विस्फोटक शैफाली वर्मा ने क्रीज पर पांव जमाते ही पाकिस्तानी गेंदबाजों की बखिया उधेड़नी शुरु कर दी। दूसरे छोर पर उन्हे स्मृति का भरपूर साथ मिला। दोनो बल्लेबाजों ने करीब नौ रन के औसत से रन बटोरे। उनका अंदाज देख कर लग रहा था कि भारत विजय लक्ष्य को 11वें ओवर में ही हासिल कर लेगा लेकिन इस बीच सैयादा अरुब शाह ((9 रन पर दो विकेट) ने लगातार दो ओवरों में एक के बाद एक कर सलामी बल्लेबाजों को चलता किया लेकिन भारत की जीत उस समय तक पक्की हो चुकी थी।

### नेपाल ने यूएई को छह विकेट से हराया

दांबुला। सलामी बल्लेबाज समझाना खड़का के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज इंदु बर्मा के तीन विकेट की मदद से नेपाल ने शुक्रवार को महिला टी-20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 23 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। खड़का ने 45 गेंद पर नाबाद 71 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से नेपाल ने 116 रन का लक्ष्य 16.1 ओवर में हासिल कर दिया। नेपाल ने 4 विकेट पर 118 रन बनाए। अमीरात की टीम इससे पहले 8 विकेट पर 115 रन ही बना पाई थी। उसकी तरफ से खुशी शर्मा ने 36 और कविशा एगोडेज ने 22 रन का योगदान दिया। बर्मा ने 19 देकर तीन विकेट लिए। एगोडेज (12 रन देकर 3 विकेट) ने अमीरात को वापसी दिलाने का अच्छा प्रयास किया लेकिन खड़का ने एक छोर संभाले रखा और टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### पाकिस्तान में आईईडी विस्फोट में चार की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट होने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि प्रांत के दक्षिणी वजीरिस्तान जिले में हुए विस्फोट में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य घायलों ने स्थानीय अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि विस्फोटक उपकरण को मोटरसाइकिल पर रखा गया था और रिमोट नियंत्रित उपकरण की मदद से विस्फोट किया गया था।

### रूस में चार लोगों को ले जा रहा हेलिकॉप्टर गायब

**मॉस्को।** रूस के सखा रिपब्लिक (याकूतिया) के चागदा गांव से 80 किलोमीटर (50 मील) दूर एक रॉबिन्सन हेलिकॉप्टर गायब हो गया है, जिसमें एक पायलट सहित तीन यात्री सवार थे। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, रॉबिन्सन विमान का इकोस्पास आपातकालीन बीकन आज रात चागदा गांव से 80 किलोमीटर दूर बंद हो गया। विमान में तीन यात्री और एक पायलट सवार था।

### चीन ने नए पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का किया प्रक्षेपण

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को शांक्सी प्रांत में ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से एक नये पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का प्रक्षेपण किया। गाओफेन-11 05 उपग्रह को लॉन्ग मार्च-4बी वाहक रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया और इसने सफलतापूर्वक नियोजित कक्षा में प्रवेश किया। इसका उपयोग भूमि सर्वेक्षण, शहरी नियोजन, सड़क नेटवर्क डिजाइन, फसल उपज अनुमान और आपदा राहत सहित विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा।

### उत्तरी चिली में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

**सैंटियागो (चिली)।** अर्जेंटीना की सीमा के पास उत्तरी चिली में गुरुवार को 7 .4 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। इस भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप चिली के समयानुसार रात नौ बजकर 51 मिनट पर 117 किलोमीटर गहराई में आया। इसका केंद्र चिली के सैन पेड्रो डी अटाकामा से 45 किलोमीटर (28 मील) दक्षिण-पूर्व में था।

### वियतनाम कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख का निधन

**हनोई।** सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और देश के सबसे कद्दावर नेता गुयेन फु ट्रोंग का कई महीनों तक बीमार रहने के बाद निधन हो गया। आधिकारक मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वह 80 वर्ष के थे। हान डान समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव गुयेन फु ट्रोंग का 19 जुलाई 2024 को एक बजकर 38 मिनट पर 108 केंद्रीय सैन्य अस्पताल में वृद्धावस्था और गंभीर बीमारी के कारण निधन हो गया। ट्रोंग को 2011 में पार्टी प्रमुख चुना गया था।

# अमेरिका ने यूक्रेन के मुद्दे पर भारत से समर्थन मांगा

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने एक सवाल के जवाब में कही यह बात

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग को रेखांकित करते हुए कहा है कि अमेरिका चाहता है कि भारत यूक्रेन में स्थायी और न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने के उसके प्रयासों का समर्थन करे। विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हाल में हुई बैठकों के बारे में गुरुवार को पूछे गए एक सवाल के जवाब में ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा, भारत अनेक प्रमुख क्षेत्रों में हमारा साझेदार है, और यह बात पिछले ग्रीष्मकाल में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई थी, जब प्रधानमंत्री मोदी राजकीय यात्रा पर अमेरिका आए थे। पटेल ने कहा, यूक्रेन-रूस के बीच जारी जंग और यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता व संप्रभुता पर उसके प्रभाव के संदर्भ में, हम भारत समेत अपने सभी साझेदारों से अनुरोध करते हैं।

## इसरो प्रमुख को पीएचडी की उपाधि

**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के परिसर में शुक्रवार आयोजित 61वें दीक्षांत समारोह में भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ को मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी और कुल 2,636 छात्रों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गयी। इस अवसर पर छात्रों को (संयुक्त और दोहरी डिग्रियां सहित) 3,016 डिग्रियां प्रदान की गईं। कुल छात्रों को 444 डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) को सम्मानित किया गया, जिनमें पीएचडी, विदेशी संस्थानों के साथ संयुक्त डिग्री पीएचडी और दोहरी डिग्री पीएचडी शामिल हैं। आईआईटी-मद्रास द्वारा विज्ञप्ति में कहा गया है कि समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. ब्रायन के. कोबिल्का थे।

# पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी वर्ष 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई जो इन्हें इस इस्लामी राष्ट्र का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह बनाती है। पिछले साल की जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो ने गुरुवार को 7वीं आबादी और आवास जनगणना 2023 के नतीजे जारी किए।

### 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद

आंकड़ों से पता चलता है कि देश की जनसंख्या 2 .55 प्रतिशत की वृद्धि दर से 2017 में करीब 20 .76 करोड़ से बढ़कर 2023 में करीब 24 .14 करोड़ हो गई। आंकड़े दर्शाते हैं कि इस दर से पाकिस्तान की जनसंख्या 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद है।

### मुसलमानों की हिस्सेदारी

2023 में पाकिस्तान की कुल जनसंख्या 2,40,458,089 थी। कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी 2017 में 96 .47 प्रतिशत से थोड़ी कम होकर 2023 में 96 .35 प्रतिशत रह गई।

### अन्य धर्मों की स्थिति


- हिंदुओं की आबादी 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई, लेकिन कुल आबादी में उनकी हिस्सेदारी 1.73 से घटकर 1.61 प्रतिशत हो गई है।
- ईसाइयों की जनसंख्या भी 26 लाख से बढ़कर 33 लाख हो गई। कुल जनसंख्या में ईसाइयों की हिस्सेदारी 1.27 से बढ़कर 1.37 प्रतिशत हो गई है।
- अहमदियों की वास्तविक जनसंख्या के साथ-साथ कुल जनसंख्या में उनकी हिस्सेदारी में भी गिरावट देखी गई। उनके समुदाय की आबादी 2017 के 1,91,737 (कुल आबादी का 0 .09 प्रतिशत) से 29,053 कम होकर 162,684 (कुल आबादी का 0 .07 प्रतिशत) रह गई।
- आंकड़ों के अनुसार सिख समुदाय की जनसंख्या 15,998 और पारसी समुदाय की 2,348 थी।

# एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान

## क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुनियाभर में शुक्रवार को एक बड़ी तकनीकी दिक्कत के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के ठप होने के कारण कामकाज पर असर पड़ा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के डाउन होने के कारण भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन समेत दुनियाभर की सैकड़ों फ्लाइट रद होने से यात्री हलकान रहे। वहीं कई फ्लाइटों का समय भी बदला गया।




वैश्विक आउटेज के बीच माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम में दिखाई गई ब्लू स्क्रीन त्रुटि दिखाता स्क्रीनशॉट। • एजेंसी

### क्या आ रही परेशानी

दुनियाभर में विंडोज-10 यूजर्स के सिस्टम क्रैश हो रहे हैं यानी उनके सिस्टम या तो अचानक बंद हो रहे हैं या रीस्टार्ट हो जा रहे हैं। इस वजह से स्क्रीन पर नीले बैकग्राउंड के साथ एक मैसेज डिस्प्ले हो रहा है। इसे ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर कहा जा रहा है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर पर कोई काम नहीं किया जा सकता। ऐसा तब होता है, जब सिस्टम किसी सीरियस इश्यू के चलते क्रैश हो जाता है। इस मैसेज के मायने हैं कि सिस्टम सुरक्षित रूप से काम नहीं कर सकता है।

### कब शुरू हुई परेशानी

गुरुवार रात को क्राउडस्ट्राइक सॉफ्टवेयर ने एक अपडेट रिलीज किया, जिसने विंडोज कंप्यूटर में अचानक गड़बड़ी पैदा कर दी। जिन कम्प्यूटर्स पर यह अपडेट गया, वे सब क्रैश होते चले गए। इन्हीं कंप्यूटर्स पर एयरलाइंस की बुकिंग और चेक इन सर्विस आधारित है। लिहाजा ये तमाम सर्विसेस बंद पड़ गईं।

### सबसे बड़ी चुनौती

क्राउडस्ट्राइक अपडेट के असर से कंप्यूटर क्रैश हो गए हैं। यानी या तो कंप्यूटर सिस्टम बंद हैं या अचानक रीस्टार्ट का मैसेज दे रहे हैं। ऐसे में क्राउडस्ट्राइक के सामने रिमोट एक्सेस के जरिए सिस्टम को सुधारना बड़ी चुनौती है, क्योंकि क्रैश हो रहे कंप्यूटर पर सुधार किया हुआ सॉफ्टवेयर इंस्टॉल होना मुश्किल होगा। अगर इस काम को मैनुअली किया जाता है, तो इसमें ज्यादा समय लगेगा और तब तक लोगों को परेशान होना पड़ेगा।

### कंपनी ने अपडेट हटाया

एंटीवायरस में अपडेट की वजह से कंप्यूटर ठप होने का पता चलने के बाद क्राउडस्ट्राइक कंपनी ने इस अपडेट को अपनी वेबसाइट से हटा लिया है, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि जिन कंप्यूटर्स पर इसका अपडेट इंस्टॉल हो चुका था, उन्हें कैसे रीस्टोर किया जाएगा। जिससे भविष्य में इस प्रकार की बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### भारतीय शेयर बाजार के लिए राहत की खबर

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए फिलहाल राहत की खबर है। बीएसई और एनएसई इस तकनीकी खराबी से अब तक अप्रभावित हैं। कई देशों में स्टॉक एक्सचेंजों के कामकाज में व्यवधान की खबरों के बीच भारत के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शुक्रवार को बताया कि इस वैश्विक आउटेज का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। एनएसई ने कहा है कि उसके प्लेटफॉर्म पर सामान्य ढंग से कामकाज चल रहा है। एक्सचेंज के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, एनएसई और एनसीएल आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने भी कहा है कि माइक्रोसॉफ्ट के आउटेज से एसबीआई का सिस्टम प्रभावित नहीं हुआ है।

## भारत के साथ संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए : तोबगे

**थिम्पू।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शुक्रवार को भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से मुलाकात की, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपसी विश्वास और लाभ पर आधारित घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए। मिसरी अपने समकक्ष पेमा चोडेन के साथ भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता की सह-अध्यक्षता करने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर शुक्रवार को यहां पहुंचे। कार्यभार संभालने के एक सप्ताह से भी कम समय में यह उनकी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा है। इस दौरान तोबगे ने मिसरी को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी।

# अलकायदा का सदस्य अमीन उल हक गिरफ्तार

**लाहौर, एजेंसी**



पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने की कार्रवाई

पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अलकायदा के एक प्रमुख सदस्य अमीन उल हक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे मारे गये आतंकवादी ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी बताया गया है।

पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है, क्योंकि विभाग ने विभिन्न खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर पंजाब प्रांत में एक योजनाबद्ध अभियान के दौरान हक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि हक 1996 से ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी था और उसने पूरे प्रांत में तोड़फोड़ की गतिविधियों की कथित तौर पर साजिश बनाई थी और वह महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और हस्तियों को निशाना बनाना चाहता था।

# यात्रियों की मदद को दूतावास की टीम मौजूद

**मॉस्को/नयी दिल्ली, एजेंसी**

एयर इंडिया के विमान ने गुरुवार रात क्रास्नोयार्स्क में आपातकालीन लैंडिंग की थी

रूस में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को कहा कि दूतावास के तीन अधिकारी और एक दुभाषिया सैन फ्रांसिस्को जा रही एयर इंडिया की उस उड़ान के यात्रियों की मदद के लिए क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद हैं जिसे आपात स्थिति में उतरना पड़ा। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दूतावास की टीम यात्रियों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए जुटी हुई है और तब तक मौके पर रहेगी जब तक कि यात्रियों को उनकी आगे की यात्रा पर ले जाने के लिए कोई वैकल्पिक विमान की व्यवस्था नहीं हो जाती।

दूतावास ने कहा, दूतावास की टीम तीन वरिष्ठ अधिकारियों और दुभाषिया सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के यात्रियों की सहायता के लिए क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद है। विमान ने कल रात क्रास्नोयार्स्क में आपातकालीन लैंडिंग की थी। टीम हवाई अड्डे और सुरक्षा अधिकारियों और रूसी विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि के साथ समन्वय कर रही है।

# ब्रिटेन में पारिवारिक घटना को लेकर दंगे, आगजनी

**लंदन, एजेंसी**

एक डबल डेकर बस में आग लगा दी गई और एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया

उत्तरी इंग्लैंड के लीड्स में दंगा भड़कने के दौरान पथराव और अव्यवस्था के बीच एक डबल डेकर बस में आग लगा दी गई और एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया। स्थानीय परिषद ने इसे पारिवारिक घटना बताया है। लीड्स नगर परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम रिओर्डन ने शुक्रवार को बीबीसी को बताया, अब स्थिति शांत हो गई है। हमने पहले ही घटनास्थल पर सफाई का काम शुरू कर दिया है।

उन्होंने गुरुवार रात को दंगे भड़कने की वजह के बारे में पूछे जाने पर कहा, दिन के पूर्वार्द्ध में एक पारिवारिक घटना हुई थी, जिसे लेकर स्थानीय समुदाय के लोग चिंतित थे और इसी कारण पुलिस तथा हमारे अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। जब बच्चे खतरे में होते हैं तो हम हमेशा वहां हस्तक्षेप करते हैं, जहां हमें जरूरत होती है। मैं कहूंगा कि यह एक ऐसी घटना थी, जिसका संभवतः गलत अर्थ निकाला गया। इससे पहले ब्रिटेन की गृह मंत्री यवेटे कूपर ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह चौंकाने वाले दृश्यों और पुलिस वाहनों तथा सार्वजनिक परिवहन पर रात भर हुए हमलों से स्तब्ध हैं। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए लीड्स के हरेहिल्स क्षेत्र में पुलिस ने व्यापक तैनाती की थी। कूपर ने कहा, हमारे समाज में इस तरह की अव्यवस्था की कोई जगह नहीं। सोशल मीडिया फुटेज में सैकड़ों लोग सड़कों पर दिखाई दिए, जिनमें कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक परिवहन वाहनों को आग लगाने का प्रयास भी शामिल है।

## इजराइली हवाई हमलों में 13 फिलिस्तीनी की मौत

**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी में नुसेरात शरणार्थी शिविर में दो घरों पर इजराइल की ओर से की गयी बमबारी में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायली बमबारी में दो घर नष्ट हो गए और आसपास के घरों को काफी नुकसान पहुंचा। चिकित्सा सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि बमबारी में महिलाओं और बच्चों सहित 13 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। इजराइली सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उल्लेखनीय है कि इजरायल ने सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने दक्षिणी इजराइली सीमा में घुसकर और गाजा पट्टी से बड़े पैमाने पर रॉकेट दागकर हमला किया था, जिसके कारण 1200 लोग मारे गए थे।

# बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों ने गोलियां चलाईं, आंसू गैस छोड़ी

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले दागे, साथ ही राजधानी ढाका में लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया। हिंसक प्रदर्शनों के बीच इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

राजधानी ढाका और कुछ स्थानों पर प्रदर्शन कुछ सप्ताह पहले शुरू हुए थे लेकिन सोमवार से इनमें तेजी आ गई। ये विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री शेख हसीना के लिए अहम चुनौती हैं। उन्होंने जनवरी में हुए चुनाव में लगातार चौथी बार जीत हासिल की थी। प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की आज की घटना के एक दिन पहले भी



आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़प।

काफी हिंसा हुई थी जिसमें स्थानीय मीडिया के अनुसार 22 लोगों की मौत हो गई थी। समय टीवी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि शुक्रवार को चार और लोग मारे गए। इन आंकड़ों की तुरंत पुष्टि करने के लिए अधिकारियों से संपर्क नहीं किया जा सका।

एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने देखा कि सीमा रक्षक अधिकारियों ने 1000 से अधिक प्रदर्शनकारियों की भीड़ पर गोलियां चलाईं। ये प्रदर्शनकारी सरकारी बांग्लादेश टेलीविजन के मुख्यालय के बाहर एकत्र हुए थे। इस मुख्यालय पर एक दिन पहले प्रदर्शनकारियों ने हमला किया था और आग लगा दी थी।

## अमेरिकी पत्रकार को जासूसी के मामले में 16 साल कारावास

**येकातेरिनबर्ग।** रूस की एक अदालत ने शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच को जासूसी के मामले में दोषी ठहराते हुए 16 साल के कारावास की सजा सुनाई। देश की राजनीतिक प्रभाव वाली कानूनी प्रणाली में त्वरित मुकदमे के तहत गेर्शकोविच को 16 साल के कारावास की सजा सुनाई गई। गेर्शकोविच (32) को मार्च 2023 में यूराल पर्वतीय शहर येकातेरिनबर्ग की रिपोर्टिंग यात्रा के दौरान हिरासत में लिया गया था और उन पर अमेरिका के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। वह तभी से सलाखों के पीछे हैं। शीतयुद्ध के चरम पर होने के दौरान 1986 में निकोलस डेनिलॉफ की गिरफ्तारी के बाद गेर्शकोविच जासूसी के आरोप में हिरासत में लिए गए पहले अमेरिकी पत्रकार हैं।

**खगोल विज्ञान** | पृथ्वी के निकटवर्ती वस्तुओं के निर्माण में काले धूमकेतुओं की 60 प्रतिशत भूमिका

# नए शोध में काले धूमकेतुओं से पृथ्वी में जल पहुंचने के प्रबल संकेत

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** पृथ्वी पर जल की गुत्थी अभी तक नहीं सुलझ पाई है। मगर नए शोध में काले धूमकेतुओं से जल पृथ्वी में पहुंचने के प्रबल संकेत मिलते हैं। मिशिगन विश्वविद्यालय ने यह खुलासा किया है। धरती पर जल के बिना जीवन संभव नहीं है। मगर पानी आया कहां से ? इस स्रोत का आज तक पता नहीं लग सका है। यह धारणा दशकों से रही है कि पृथ्वी पर पानी का एकमात्र स्रोत धूमकेतु ही हो सकता है। मगर इसके ठोस सबूत आजतक नहीं मिले हैं।

मगर नया शोध बताता है कि पृथ्वी के निकट की 60 प्रतिशत वस्तुएं काले धूमकेतु हो सकती हैं। काले धूमकेतु रहस्यमय क्षुद्रग्रह



काले धूमकेतु की तस्वीर।

हैं जो हमारे सौर मंडल में सूर्य की परिक्रमा करते हैं। उनमें संभवतः या पहले बर्फ मौजूद थी और वे पृथ्वी पर पानी पहुंचाने का एक मार्ग हो सकते थे। विज्ञान पत्रिका पीयर-रिव्यू जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन के प्रमुख लेखक हैं। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति व मंगल के बीच सौर मंडल में अधिकांश चट्टानी क्षुद्रग्रह शामिल हैं । जिसकी उपसतह बर्फ की है। यहीं से पृथ्वी पर बर्फ पहुंचने का एक संभावित मार्ग नजर आता है। इस मार्ग से पूर्व में धूमकेतु पृथ्वी से टकराए होंगे और भरपूर पानी बर्फ के रूप में पृथ्वी तक पहुचा होगा।

### क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं के बीच अंतर

काले धूमकेतु क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं दोनों की विशेषताओं को मिलाते हैं। क्षुद्रग्रह बिना बर्फ वाले चट्टानी पिंड हैं, जो सूर्य के करीब परिक्रमा करते हैं, आमतौर पर जिसे बर्फ रेखा कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि वे सूर्य के इतने करीब हैं कि क्षुद्रग्रह अपने साथ ले जा रही किसी भी बर्फ को वाष्पित कर सकता है। या फिर ठोस बर्फ से सीधे गैस में बदल सकता है।

### पुराणों मे भी है धूमकेतुओं का जिक्र

धूम का अर्थ धुआं और केतु का अर्थ पताका यानि आसमान में धुंए की पताका। धूमकेतु को पुछल्ल तारा भी कहा जाता है। अथर्वेद में धूमकेतु का जिक्र है, महाभारत के भीष्मपर्व में कहा गया है धूमकेतुर्महाघोर : पुष्य चाक्रमय तिष्यति महाभयंकर धूमकेतु जब पुष्य नक्षत्र के पार पहुँचेगा तब भीषण युद्ध आरंभ होगा। देश के बड़े ज्योतिषी ने बृहत्संहिता ग्रन्थ के केतुचार अध्याय में धूमकेतुओ के बाबत विस्तार से लिखा है और इसके शुभ फलों का ही जिक्र किया। वर्तमान समय में हम धूमकेतु के प्रकट होने के बाद उसके आकाश मार्ग व सूर्य के समीप पहुँचने की सटीक भविष्यवाणी करने में समर्थ है। चीन में प्राचीन काल से ही धूमकेतुओं का लेखा-जोखा रखने की परंपरा रही है। वहां 613 ई .पू. से अब तक धूमकेतु के देखे जाने का विवरण मिलता है।

## फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इजराइल की उपस्थिति अवैध : आईसीजे

**हेग (नीदरलैंड्स)।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने कहा है कि फिलिस्तीनी कब्जे वाले क्षेत्रों में इजराइल की उपस्थिति गैरकानूनी है और इसे समाप्त करने का आह्वान किया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने शुक्रवार को जारी अपनी गैर-बाध्यकारी राय में कहा कि इजराइल ने पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम में कब्जा करने, स्थायी नियंत्रण लगाने और बस्तियां बनाने की नीतियों को लागू करके, वहां कब्जा करने वाली शक्ति के रूप में अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया है। उसने कहा कि इस तरह की हरकतें कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजराइल की मौजूदगी को गैरकानूनी बनाती हैं। संयुक्त राष्ट्र के निकाय ने कहा कि उसकी (इजराइल की) निरंतर मौजूदगी अवैध है।

# एक और प्रमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने घोषणा की

चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने सामरिक मिसाइल बल के एक और प्रमुख के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने की घोषणा की है। मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मीडिया ने बताया कि पहले भी इस बल के शीर्ष अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोपों और जांच के घेरे में आए थे। इससे पहले पूर्व रक्षामंत्री जनरल ली शांगफु और 2022 में बल के कमांडर का कार्यभार संभालने वाले उनके उत्तराधिकारी जनरल ली युचाओ को भ्रष्टाचार के आरोपों की वजह से बर्खास्त कर दिया गया था और उनके खिलाफ जांच शुरू की गई थी। जनमुक्ति सेना (पीएलए) के सामरिक मिसाइल बल की स्थापना नौ साल पहले की गई थी जिसके पास परमाणु हथियार और मिसाइलों की कमान है।

ली शांगफु रक्षा मंत्री बनने से पहले रॉकेट (मिसाइल) बल के प्रमुख थे और उन पर भ्रष्टाचार का मुकदमा चलाया जा रहा है। ली युचाओ सामरिक बल के सदस्य थे और उन्हें भी शांगफु के साथ बर्खास्त कर दिया गया था। कम्युनिस्ट पार्टी की पूर्ण बैठक में गुरुवार को जनरल ली शांगफु और जनरल ली युचाओ को बर्खास्त करने के पोलित ब्यूरो के पूर्व में लिए गए निर्णय की पुष्टि की गई।